www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 16 जून 2025 । वर्ष – 67 । अंक –61 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59



यूएन में गाजा पर मतदान से भारत की दूरी चिंता की बात : पवन खेड़ा पृष्ठ 2

■ इजराइल दुनिया को एक बड़े युद्ध में झोंकने की तैयारी में!
■ 'स्टार्टअप्स' के लिए जरूरी है, समझ की तब्दीली पृष्ठ 6

■ अमेरिका इजरायल को हवाई स्पेस का उल्लंघन करने से रोके : इराक
■ अगर हम पर हमला हुआ, तो अमेरिकी सेना पूरी ताकत के साथ टूट पड़ेगी : ट्रंप पृष्ठ 7

क्रिकेट हमारे और देश के लोगों के लिए बहुत मायने रखता है : कॉनराड पृष्ठ 11

## उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना, सात की मौत

■ केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह हुआ हादसा
■ हादसे के बाद चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस रोकी गई
■ श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से उड़ान भरी थी



**रूद्रप्रयाग/देहरादून**, 15 जून (देशबन्धु)। केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5:20 बजे हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई। मरने वालों में महाराष्ट्र का 2 साल का बच्चा भी शामिल है हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि घाटी में बादल थे और विजिबिलिटी ठीक नहीं थी, फिर भी हेलीकॉप्टर उड़ाया गया। यह आर्यन एविएशन कंपनी का था।

**सख्त नियम बनाए जाएंगे**

हादसे के बाद चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य होगा। इधर, जंगलचट्टी के पास खड्ड में मलबा और पत्थर गिरने से श्री बाबा केदारनाथ धाम जाने वाला रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम जाने वाले रूट को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। हेलीकॉप्टर में यूपी-महाराष्ट्र के 2-2 और उत्तराखंड, गुजरात के 1-1 यात्री ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटा, 6 की मौत, कई बहे

**पुणे**। महाराष्ट्र के पुणे जिले के मावल तहसील के कुंडमाला गांव के पास में रविवार को दोपहर 3:30 बजे इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के मुताबिक 38 लोग लापता हैं। हादसे में 6 लोगों की मौत की खबर है। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कई लोग नदी के तेज बहाव को देखने के लिए खड़े थे। पुणे से कुंडमाला की दूरी 30 किमी है। यह जगह मुंबई ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢



## कोंडागांव में 308 करोड़ की लागत से बनेगा फोर-लेन केशकाल बाईपास

**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा 307.96 करोड़ रुपए की लागत से पेव्ड शोल्डर मानक के साथ 4 लेन में केशकाल बाईपास निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रदेशवासियों विशेषकर बस्तर अंचल की जनता की ओर से हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह बाईपास केशकाल घाट खंड में यातायात बाधाओं को दूर कर सुगम, सुरक्षित व निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार में तेजी से बस्तर अंचल का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित विकास नीति का परिणाम है, जो बस्तर जैसे जनजातीय अंचल को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और ठोस कदम है। इस

■ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर दी जानकारी
■ डबल इंजन सरकार में तेजी से हो रहा है बस्तर का विकास: मुख्यमंत्री

ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की दूरदृष्टि और पहल के लिए आभार जताते हुए इसे बस्तर के विकास के लिए निर्णायक कदम बताया है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (नया ह॥-30) पर केशकाल घाट खंड को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए 307.96 करोड़ रुपए की लागत से 11.380 किलोमीटर लंबा 4-लेन बाईपास निर्माण अपग्रेड की स्वीकृति दी गई है। यह बाईपास पेव्ड शोल्डर मानक के अनुरूप होगा और इसके बनने से बस्तर अंचल में कनेक्टिविटी को नया आयाम मिलेगा। यह परियोजना विशेष रूप से केशकाल घाट के कठिन भौगोलिक खंड को पार करने में सहूलियत प्रदान करेगी। बाईपास के निर्माण से न केवल वैकल्पिक ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

### सार संक्षेप

#### केरल हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा विमान

**नई दिल्ली**। ब्रिटेन की नौसेना के शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 को शनिवार देर रात केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। उधर वायु सेना ने आपात स्थिति में इसे सामान्य घटना बताया है। सूत्रों के अनुसार ब्रिटिश नौसेना के इस लड़ाकू विमान ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में तैनात ब्रिटेन के एक विमान वाहक पोत से शनिवार रात नियमित उडान भरी थी लेकिन खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण विमान ने भारत में उतरने की अनुमति मांगी।

#### डोडा से आप विधायक ने नेकां से समर्थन वापस लिया

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर में डोडा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक मेहराज मलिक ने सत्तारुढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) से अपना समर्थन वापस ले लिया है। मलिक ने कहा कि समर्थन वापस लेने का फैसला जम्मू-कश्मीर के लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया गया है।

#### देश में कोरोना के सक्रिय मामलों में गिरावट, 10 की मौत

**नई दिल्ली**। भारत में कोविड-19 के कुल सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार इस संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 97 हो गई हैं।

#### बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**प्रयागराज**। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक ही परिवार के 4 लोग मारे गए हैं। जिले के बारा थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव में देर रात आकाशीय बिजली गिरी। परिवार के चार सदस्य इसकी चपेट में आए और मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे, जिनमें पति-पत्नी के अलावा दो बच्चियां शामिल हैं।

#### गोदावरी नदी में डूबे एक ही परिवार के पांच युवक, मौत

**हैदराबाद**। तेलंगाना के निर्मल जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां गोदावरी नदी में नहाने गए पांच युवक डूब गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना मंदिर नगर बसर में हुई, जब पांचों युवक गोदावरी नदी में पवित्र स्नान के लिए गए थे। जानकारी के अनुसार, मृतक एक ही परिवार के थे और हैदराबाद के चिंतल में रहते थे।

### भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच

## रायपुर में खेला जाएगा वनडे और टी 20 मुकाबला

**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए गुड न्यूज़ है। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में टी20 और वनडे मैच का आयोजन होने वाला है। जिसके लिए बीसीसीआई ने वेन्यू फाइनल कर लिया है।

बीसीसीआई द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच टी 20 मैच 23 जनवरी 2026 को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले वीर नारायण सिंह स्टेडियम में दक्षिण आफ्रीका और टीम इंडिया के बीच तीन वनडे और दो टी20 सीरीज खेला जाएगा। वहीं सीजरी का दूसरा वन डे मैच 3 दिसंबर को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम में ही खेला जाएगा है।

### अहमदाबाद विमान हादसा

## विजय रूपाणी के शव की पहचान हुई

**अहमदाबाद**, 15 जून (एजेंसियां)। अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 230 परिवारों से अबतक संपर्क किया जा चुका है। आज सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, रविवार सुबह करीब 11:10 बजे उनका डीएनए मैच हो गया। विजय रूपाणी का डीएनए मैच होने की जानकारी मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने उनके परिजनों को दी। विजय रूपाणी के आवास पर मौजूद विधायक रीटा पटेल ने कहा, विजय रूपाणी के परिजन तीन दिन से इंतजार कर रहे थे। रीटा पटेल ने बताया कि विजय रूपाणी के पार्थिव शरीर को राजकोट ले जाया ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢



■ राजकोट में आज होगा अंतिम संस्कार
■ अब तक 31 शवों की शिनाख्त की गई
■ मरने वालों का आंकड़ा 275 तक पहुंचा

### अब वेटिंग टिकट को लेकर नहीं रहेगी चिंता

## रेलवे 24 घंटे पहले ही बता देगा टिकट कन्फर्म है या नहीं

**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। ट्रेन से सफर करने वालों के लिए राहत की खबर है। रेलवे ने एक नई व्यवस्था शुरू की है, जिसके तहत अब वेटिंग टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं, इसकी जानकारी ट्रेन रवाना होने से ठीक 24 घंटे पहले ही दे दी जाएगी।

अब तक यात्रियों को यह अपडेट सिर्फ 4 घंटे पहले मिलता था, जिससे उन्हें आखिरी वक्त तक असमंजस में रहना पड़ता था। लेकिन इस नई सुविधा से यात्री पहले से तय कर सकेंगे कि उन्हें यात्रा करनी है या दूसरा विकल्प चुनना है।

बीकानेर डिवीजन में इस सिस्टम का ट्रायल शुरू हो चुका है और अब तक इसके नतीजे सकारात्मक रहे हैं। जल्द ही यह व्यवस्था देशभर में लागू की जा सकती है, खासकर उन रूट्स पर जहां वेटिंग टिकट का दबाव ज्यादा होता है, जैसे दिल्ली, मुंबई, बिहार और बंगाल रूट प्रमुख है।

## कांग्रेस ने कभी आतंकवाद का समर्थन नहीं किया : राजीव शुक्ला

### भारत-पाक मैच पर अभी निर्णय नहीं



**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस के आतंकवाद को समर्थन दिए जाने से इंकार करते हुए राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि पार्टी ने कभी आतंकवाद का समर्थन नहीं किया।कांग्रेस स्वयं आतंकवाद की सबसे बड़ी शिकार रही है। कांग्रेस ने अपने बड़े-बड़े नेता खोए हैं।कोई अगर कहता है कि कांग्रेस आतंकवाद के साथ है, तो इसके बड़ा मजाक कुछ नहीं।

रायपुर पहुंचे बीसीसीआई के अंतरिम अध्यक्ष और कांग्रेस से राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने बताया कि सीसीपीएल (छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग) का आज समापन है। उसमें शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हम लगातार क्रिकेट को बढ़ावा दे रहे हैं।लगातार काम कर रहे हैं. छत्तीसगढ़ को 2 इंटरनेशनल क्रिकेट मैच की सौगात मिली है।

वहीं इंडिया-पाकिस्तान के मैच को लेकर राजीव शुक्ला ने कहा कि इंडिया-पाकिस्तान के मैच का अभी कोई फाइनल शेड्यूल नहीं हुआ है। ना कोई इसमें निर्णय लिया गया। इसलिए अभी कुछ बताया नहीं जा सकता।

वहीं 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे से जुड़े सवाल पर राजीव शुक्ला ने कहा कि नक्सलवाद एक ऐसी समस्या है, जिसे सब सरकारें मिलकर लड़ रही हैं. चाहे वह मनमोहन सिंह की सरकार हो, या मोदी की सरकार हो। जब भूपेश बघेल की सरकार थी, तब बहुत कुछ ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## ईरान ने इजराइली रिफाइनरी पर मिसाइलें दागीं

**तेल अवीव**, 15 जून (एजेंसियां)। ईरान और इजराइल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। दोनों देशों के बीच बीते 3 दिनों से संघर्ष जारी है। इजराइली डिफेंस फोर्स ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। आईडीएफ के कर्नल अविचय अद्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजराइल ने ईरान के तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत कई ठिकानों पर हमले किए हैं।

**ईरान के 138 लोग मारे गए**

इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को भी निशाना बनाया है। पिछले तीन दिनों के दौरान इजराइली हमले से ईरान में 138 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हैं।



**कुछ कश्मीरी छात्र घायल**

इजराइल ने रविवार दोपहर तेहरान के हुजत दोस्त अली हॉस्टल पर हमला किया, जिसमें कुछ कश्मीरी छात्र घायल हुए हैं। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इसमें 14 इजराइली मारे गए हैं और 380 घायल हैं। इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने रात भर हुए ईरानी मिसाइल हमलों में जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख जताया है। इजरायली डिफेंस फोर्स ने पुष्टि की है कि होम फ्रंट कमांड के सर्च एंड रेस्क्यू ब्रिगेड के सैनिक ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों से प्रभावित स्थलों में बचाव अभियानों में जुटे हुए हैं। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को इन हमलों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

#### डोनाल्ड ट्रंप का ने किया दावा भारत-पाकिस्तान की तरह ईरान-इजराइल जंग रुकवाउंगा

**वाशिंगटन**। ईरान-इजरायल के बीच जंग जारी है। इसके चलते ईरान ने ओमान की राजधानी मस्कट में अमेरिका के साथ होने वाली न्यूक्लियर वार्ता भी रद्द कर दी। इस युद्ध के लिए ईरान सीधे तौर पर अमेरिका को जिम्मेदार मान रहा है। इसी बीच रविवार को डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा करते हुए कहा कि ईरान और इजरायल को एक समझौता करना चाहिए और वे समझौता करेंगे। ठीक वैसे ही जैसे मैंने भारत और पाकिस्तान के साथ किया। उस मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार का इस्तेमाल करके दो बेहतरीन नेताओं के साथ बातचीत में तर्क, सामंजस्य और विवेक लाया जा सकता है।

## साइप्रस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली**, 15 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की विदेश यात्रा पर हैं। रविवार को साइप्रस से उन्होंने अपने विदेश दौरे की शुरुआत की। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भव्य स्वागत के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति का आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, साइप्रस पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में।



**आतंकवाद के मुद्दे को उठाएंगे : मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।

## क्रूजर वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलटा

### मौके पर दो महिलाओं की मौत और रायपुर रिफर के दौरान एक पुरुष ने दम तोड़ा



**फरसगांव**, 15 जून (देशबन्धु)। बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र के ग्राम भूमका के पास दिगानार मोड़ पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। 14 जून शनिवार की रात करीब 9 बजे एक क्रूजर वाहन अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए। सभी बोर ई कोटपारा और छोटे मालगांव के निवासी थे।

मृतकों की पहचान मंगलीबाई समरथ और बुधयारिन नेताम के रूप में हुई है, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके अलावा, संग्राम समरथ की रायपुर रिफर के दौरान मौत हो गई। सभी घायलों को फरसगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल रोहित समरथ को रायपुर और रामजी नेताम और संतु राम यादव को कोंडागांव जिला अस्पताल रिफर किया गया है। फरसगांव थाना प्रभारी संजय सिंधे ने बताया कि क्रूजर वाहन क्र.सीजी-17-केएल-0783 में सवार लोग सगा दिखाने के लिए ग्राम दिगानार गए थे और वापसी के दौरान यह हादसा हुआ। सूत्रों के हवाले पता चला कि वाहन चालक शराब के नशे में था जिसका मेडिकल करवाया गया रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मणिपुर में हथियारों की बड़ी खेप बरामद

**इंफाल**, 15 जून (एजेंसियां)। मणिपुर पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने 328 हथियारों की बड़ी खेप बरामद करने के बाद दो क्षेत्रों में अभियान जारी रखा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान थौबल जिले के खोंगजोम-पीएस के अंतर्गत टेंथा समुचिंग क्षेत्र से .303 राइफल के साथ मैगजीन, 7.62 एमएम एसएलआर राइफल के साथ मैगजीन, जिंदा कारतूस तथा आंसू गैस के गोले आदि बरामद किए गए। इनमें सेल्फ लोडिंग राइफल्स और इंसास जैसी राइफलें शामिल हैं। काकचिंग जिले के वांगू-पीएस के अंतर्गत चारेल खुनौ हिल रेंज की तलहटी से एसएलआर, 9 एमएम कार्बाइन, एसबीबीएल गन, .22 राइफल के साथ मैगजीन, 7.62 एमएम एलएमजी, विस्फोटक (500 ग्राम), डेटोनेटर के साथ वायर, आईईडी आदि बरामद किए गए।

### विरोध — अमेरिका के सभी 50 प्रांतों में विरोध-प्रदर्शन हो रहे, सभी प्रमुख शहरों में बड़ी रैलियां आयोजित की गई

## ट्रंप की आव्रजन नीति के खिलाफ सभी प्रांतों में प्रदर्शन


**वाशिंगटन, 15 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आव्रजन नीतियों के खिलाफ अमेरिका के सभी 50 प्रांतों में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रामीण समुदायों में छोटे समूहों के एकत्र होने से लेकर न्यूयॉर्क, फिलाडेल्फिया और शिकागो जैसे प्रमुख शहरों में बड़ी रैलियां आयोजित की गईं।**

*समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप के लॉस एंजिल्स में सेना तैनात करने के फैसले के विरोध में पहले से ही बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो चुके हैं। इसी बीच उनकी आव्रजन संबंधी नीतियों को लेकर शनिवार को पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन हुए। अमेरिकी सेना का शनिवार को 250वां वर्षगांठ था। इस अवसर पर वाशिंगटन में ट्रंप ने एक सैन्य परेड आयोजित किया था। ट्रंप ने शनिवार को अपना 79वां जन्मदिन मनाया। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कई समूहों के द्वारा 'नो किंग्स' के नारे लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया गया। ये उन्हीं समूहों का गठबंधन है, जिन्होंने 5 अप्रैल को 'हैंड्स ऑफ' बैनर के तले ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया था।*



*गठबंधन ने शनिवार को ट्रंप और उनके सहयोगियों द्वारा 'सत्तावादी अतिक्रमण' के विरोध में हुए प्रदर्शन को 'अवज्ञा का दिन' के रूप में भी प्रचारित किया। इस कार्यक्रम की योजना लॉस एंजिल्स और अन्य शहरों में संघीय आव्रजन छापों के विरोध-प्रदर्शनों से पहले से ही चल रही थी। वाशिंगटन में शनिवार को सैन्य परेड का आयोजन था। इसलिए वहां विरोध-प्रदर्शन नहीं किया गया। ट्रंप ने एक बयान में कहा था कि वाशिंगटन में विरोध-प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। अटलांटा में प्रदर्शनकारी लिबर्टी प्लाजा में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ संदेश वाले पोस्टर* ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢


श्री महेन्द्र साहू जी
पूर्व मंडल अध्यक्ष संडी
श्री तेजराम वर्मा जी
जिला उपाध्यक्ष भाजपा ब.बा.
पूर्व अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा
मान श्री
गौरीशंकर अग्रवाल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई ... एवं
शुभकामनाएं
16 जून
Tuka Art's Pallari
श्रीमती मिथलेश मुकेश साहू
अध्यक्ष
भाजपा मण्डल संडी
कृष्णकुमार फेकर
समिति प्रबंधक
प्रा.कृषि साख सहकारी समिति सिसदेवरी
नंद चन्द्राकर
प्राधिकृत अधिकारी
प्रा.कृषि साख सहकारी समिति सिसदेवरी
विनीत
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिसदेवरी


श्री महेन्द्र साहू जी
पूर्व मंडल अध्यक्ष संडी
श्री तेजराम वर्मा जी
जिला उपाध्यक्ष भाजपा ब.बा.
पूर्व अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा
मान श्री
गौरीशंकर अग्रवाल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई ... एवं
शुभकामनाएं
16 जून
Tuka Art's Pallari
श्रीमती मिथलेश मुकेश साहू
अध्यक्ष
भाजपा मण्डल संडी
प्रवीण कुमार सोनवानी
प्रभारी समिति प्रबंधक
प्रा.कृषि साख सहकारी समिति तेलासी
विनीत
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति तेलासी


16 जून
मान. डॉ. सनम जांगड़े जी
पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बलौदाबाजार
मान. श्री आनंद यादव जी
जिला अध्यक्ष भाजपा बलौदाबाजार
मान. श्री यशवर्धन (मोनू) वर्मा जी
पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी
Tuka Art's Pallari
मान. श्री गौरीशंकर अग्रवाल जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
BJP
मान. श्री सेवक वर्मा जी
जिला कोषाध्यक्ष ब.बा.
मान. श्री पवन वर्मा जी
अध्यक्ष भाजपा मंडल पलारी
मान. श्रीमती सविता भीम यादव जी
अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी

# देश

उवाच

हर साल केदारनाथ यात्रा में हादसे क्यों, केंद्र सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा में इतनी लापरवाह क्यों है। सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर का प्रयोग बंद क्यों नहीं होता। केंद्रीय उड्डयन मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। श्रद्धालु कोई आम यात्री नहीं होते, वो आस्था का प्रतीक हैं।

-डॉ. इरफान अंसारी



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 30.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# यूएन में गाजा पर मतदान से भारत की दूरी चिंता की बात : पवन खेड़ा

■ कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरे पर भी उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में गाजा में संघर्ष विराम के लिए प्रस्ताव पर मतदान से भारत की दूरी बनाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर वोटिंग में दूरी बनाना हमारी विदेश नीति और सरकार के नैतिक पतन का एक जीता-जागता उदाहरण है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने रविवार को कहा कि यह हैरानी और चिंता की बात है। जिस देश की विदेश नीति का पूरा विश्व लोहा मानता है, उस देश ने इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर किस तरह से वोटिंग में भाग तक नहीं लिया। यह हमारी विदेश नीति और सरकार के नैतिक पतन का एक जीता-जागता उदाहरण है। इस दौरान पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे पर कहा है कि हम पिछले 11 साल से देख रहे हैं, पीएम मोदी कहते हैं कि कभी इधर गए, कभी उधर गए, आए तो खाली हाथ। विदेश नीति कोई फैंसी ड्रेस की प्रतियोगिता नहीं है। जहां जाकर अलग-अलग कपड़ों में गले मिल रहे हैं, कभी किसी से हाथ मिला रहे हैं, टेलीप्रॉम्प्टर के आगे नई-नई भाषाओं में बोल रहे हैं। इस तरह से विदेश नीति नहीं चलती है। डायस्पोरा इवेंट में भी अपनी जय-जयकार करवाने जा रहे हो, आपको अपनी जय-जयकार नहीं करने जाना है, वहां पर देश की जय-जयकार करने जाना है। आप सोचते हैं कि आप ही देश हैं, इसलिए आज हमारी विदेश नीति का खामियाजा पिछले 10 साल में हम लोग भुगत रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के वक्त और पहलगाम आतंकी हमले से पहले भुगता है।



हम पिछले 11 साल से देख रहे हैं मोदी कहते हैं कि कभी इधर गए, कभी उधर गए, आए तो खाली हाथ : पवन खेड़ा

### ईरान में 15 सौ बच्चे फंसे व मदद की लगा रहे गुहार

इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि ईरान में 1,500 बच्चे फंसे हुए हैं और मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन भारतीय दूतावास ने सिर्फ अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस मामले को प्रचारित किया और फिर गायब हो गया। यहां उनके माता-पिता चिंतित हैं, हर कोई चिंतित है, लेकिन भारत सरकार कार्रवाई से गायब है। उन्होंने केदारनाथ हवाई हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवा बंद कर दी गई, लेकिन यह बार-बार क्यों हो रहा है, यह एक जांच का विषय है। अभी कुछ दिन पहले हाईवे पर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग हुई थी, इन सबकी जांच होनी चाहिए।

### अहमदाबाद हवाई हादसे में लोग चाहते हैं जवाबदेही तय हो : कांग्रेस

अहमदाबाद हवाई हादसे पर कांग्रेस नेता ने कहा कि लोग बहुत सहमे हुए हैं। लोगों के मन में बहुत सवाल हैं, लोगों को सरकार से भी शिकायतें हैं। डॉक्टर वहां बहुत विषम परिस्थितियों में मरीजों का उपचार कर रहे हैं, लेकिन लोगों को लगता है कि सरकार इस पर और संवेदनशील हो सकती थी। जिस तरह से गृह मंत्री अमित शाह ने टिप्पणी दी और मोदी जिस तरह से पेश आए, लोगों को अच्छा नहीं लगा। लोग चाहते हैं कि जवाबदेही तय होनी चाहिए। अब सब इंतजार कर रहे हैं कि ब्लैक बॉक्स से क्या जानकारी निकलकर आती है, जिससे मालूम पड़ सके कि क्या कारण थे, जिससे प्लेन क्रैश हुआ।

## जब पुल जर्जर था तो बंद क्यों नहीं किया गया : आनंद दुबे

**मुंबई,** 15 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे ब्रिज हादसे को लेकर सियासत तेज हो गई है। शिवसेना (यूबीटी) ने इसके लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने पूछा कि जब ब्रिज जर्जर था और उसे बंद कर दिया गया था, तो वहां प्रशासन क्यों नहीं था। शिवसेना (यूबीटी) नेता और प्रवक्ता आनंद दुबे ने ब्रिज हादसे के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि पुणे के इंद्रायणी नदी पर बने पुल के गिर जाने से कई लोग बह गए हैं और दो लोगों की मौत हो गई है। लापता लोगों को बचाने के लिए एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। मगर एक सवाल यह उठता है कि जब ब्रिज जर्जर था और उसे बंद कर दिया गया था तो वहां प्रशासन क्यों नहीं था। वहां पुलिसकर्मी क्यों नहीं थे और उसे बनाया क्यों नहीं गया। क्या जानबूझकर लोगों को वहां इकट्ठा इसलिए किया गया, ताकि वे मर जाएं। क्या यह सब साजिश चल रही है। क्या इसलिए हम सरकार को चुनते हैं। उन्होंने कहा कि हम इस पर राजनीति नहीं करेंगे, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि राज्य में किसी भी पार्टी की सरकार हो और कोई भी प्रशासन क्यों न हो, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ क्यों। न वायु मार्ग सुरक्षित है, न जलमार्ग सुरक्षित है और न ही हेलीकॉप्टर सुरक्षित है। हमारे देश में सुरक्षित क्या है। बारिश के सीजन में जब लोग नदी किनारे इंजॉय करना चाहते हैं तो उस दौरान उनकी जिंदगी से कौन खेल रहा है। इसके बावजूद वहां के सांसद और लोग कह रहे हैं कि ब्रिज जर्जर था, और लोग जानबूझकर ही वहां जाते हैं। मैं पूछता हूं कि जो सिस्टम खराब हो गया है, उसे ठीक क्यों नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मांग है कि दोषियों पर कार्रवाई हो। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने हादसे पर दुख जताया।



■ शिवसेना यूबीटी ने हादसे के लिए प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार

## अगले साल मार्च तक नक्सलवाद पूरी तरह हो जाएगा मुक्त : अमित शाह

**लखनऊ,** 15 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भरोसा दिलाया कि अगले साल 31 मार्च तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के मौके पर उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है, और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है।

पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। शाह ने उत्तर प्रदेश सरकार की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न शिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई। अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती रही थी, लेकिन 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद यूपी पुलिस ने नई बुलंदियों को छूना शुरू किया।



■ डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

## सार संक्षेप

### तमिलनाडु-पुद्दुचेरी के दौरे पर पहुंचे धनखड़

**चेन्नई।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को यहां पहुंचे। चेन्नई हवाई अड्डे पर राज्यपाल आर एन रवि, आदि द्रविड़ और कल्याण मंत्री एम मथिवेंथन, चेन्नई की महापौर आर प्रिया, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद एन.आर. इलांगो और कनिमोझी सोमू तथा मुख्य सचिव एन मुरुगनंदम ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह रात भर ठहरने के लिए राजभवन चले गए। वह मंगलवार को पुद्दुचेरी का दौरा करेंगे।

### कटरा शराब मामले में पुलिस के सामने पेश नहीं हुए ओरी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में रियासी जिले के त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा स्थित एक होटल में शराब पीने का मामले में फैशन ऑइकान एवं बॉलीवुड हस्ती ओरहान अवतरमणि (ओरी) लगभग तीन महीने बाद भी कटरा पुलिस के सामने पेश नहीं हुए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 15 मार्च को कटरा के एक होटल में शराब पीने के लिए ओरी और उसके दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अब तक प्राथमिकी में नामित व्यक्तियों, जिसमें ओरी भी शामिल हैं, को दो नोटिस जारी किए गए हैं। उनमें से कुछ व्यक्तिगत रूप से पुलिस के सामने पेश हुए लेकिन ओरी अभी तक पेश नहीं हुए हैं।

### उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर जताया शोक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उत्तराखंड के गौरीकुंड के पास हुए हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सात लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। फडणवीस ने जानमाल के नुकसान, विशेषकर महाराष्ट्र के तीन पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अपने संदेश में लिखा केदारनाथ से गुप्तकाशी जाते समय रविवार सुबह उत्तराखंड के गौरीकुंड के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटना में यात्रियों की जान जाने की दुखद घटना से दुखी हूं। पीड़ितों में महाराष्ट्र के भी श्रद्धालु शामिल हैं।

### सीवर टैंक में गिरने से बालिका की मौत

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी शहर की एक मल्टी स्टोरी कॉलोनी में खेलते समय सीवर टैंक में गिर जाने से एक बालिका की मृत्यु हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर की संतुष्टि नाम की कॉलोनी की निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह भदोरिया की पुत्री उत्सविका रात खेलते समय लगभग 15 फीट गहरे सीवर टैंक में गिर गई थी। जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचे और टैंक का पानी खाली करने का काम शुरू किया गया। रात को लगभग एक बजे बालिका का शव टैंक से

## तेलंगाना में जल्द होंगे स्थानीय निकाय चुनाव : रेड्डी

**खम्मम/तेलंगाना,** 15 जून (एजेंसियां)। तेलंगाना के राजस्व, आवास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मैदान तैयार है। रेड्डी ने कहा कि चुनाव के लिए अधिसूचना जून के अंत तक जारी होने की उम्मीद है। कार्यक्रम पर कैबिनेट का फैसला 16 जून को लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले मंडल परिषद प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र (एमपीटीसी) और जिला परिषद क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र (जेडपीटीसी) चुनाव होंगे, उसके बाद सरपंच और नगरपालिका चुनाव होंगे। खम्मम जिले के कुसुमांची विधायक शिविर कार्यालय में पार्टी नेताओं से बात करते हुए रेड्डी ने स्थानीय नेताओं के बीच एकता की आवश्यकता पर जोर दिया और उनसे सार्वजनिक मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों का चयन आरक्षण और उनकी जीत की संभावनाओं के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पलेरू निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्यक्रमों के एक हिस्से के रूप में एरुवाका समारोह में भाग लिया और किसानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इंदिराम्मा सरकार की योजना के तहत सभी पात्र किसानों को 16 जून से प्रति एकड़ 12,000 रुपए का रयथु भरोसा मिलेगा, जो पहले 10,000 रुपए था।

■ अधिसूचना जून के अंत तक जारी होने की उम्मीद

# कुशासन का अंत तुरंत मांग रहा बिहार : तेजस्वी

■ राजद नेता ने नीतीश कुमार के 20 साल के कार्यकाल पर उठाए सवाल

**पटना,** 15 जून (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के 20 साल के कार्यकाल पर सवाल उठाया। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा कि बिहार को अब 20 साल पर पुरानी सरकार नहीं है। सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास रूक सा गया है। विकास संकेतकों में सबसे नीचे है। नीति आयोग की सूची का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमें दुख होता है जब बिहार नीति आयोग के सभी सूचकांकों में सबसे फिसड्डी निकलता है। उन्होंने कहा कि बिहार देश में सबसे गरीब राज्य है। सबसे अधिक पलायन बिहार से है। बेरोजगारी सबसे ज्यादा बिहार में ही है। 20 साल से नीतीश कुमार जी मुख्यमंत्री है, 11 साल से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं लेकिन बिहार का क्या मिला, क्या विकास हुआ।



नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का विकास रूका : तेजस्वी यादव

### 20 सालों का अंधकार युग इस साल होगा खत्म

तेजस्वी यादव ने दावा कि आगामी चुनाव के बाद एनडीए के दो दशक यानी 20 सालों का अंधकार युग इस साल खत्म हो जाएगा। सीएम नीतीश कुमार के 20 साल के शासनकाल को उन्होंने अंधकार युग बताया। कहा कि पिछले 20 साल में नीतीश सरकार में बिहार को भ्रष्टाचार, अपराध, पलायन, बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य संकट, शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त, गिरते पुल, शराबबंदी, पेपरलीक, युवाओं पर लाठीचार्ज, किसानों की अनदेशी, आरक्षण चोरी, रोजगार घोटाला मिला। इसलिए बिहार अब कुशासन का अंत तुरंत मांग रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अचेत अवस्था में बिहार संभाल रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं परिवारवाद के पोषक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेएनडीए के सहयोगी दलों के साथ मिलकर बिहार में जमाई आयोग का गठन किया है, जिसमें स्व. रामबिलास पासवान के दामाद, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के दामाद और बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी जी के दामाद को जगह दी गई है।

### मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचीं भ्रष्टाचार की जड़ें : यादव

तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को अचेत अवस्था में मुख्यमंत्री बताते हुए कहा कि बिहार में सब कुछ बिगड़ चुका है। अपराध बेलगाम हैं, भ्रष्टाचार की जड़ें मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच चुकी हैं। सरकार अब जनता की नहीं, कुछ खास अफसरों की सेवा में लगी है। एनडीए के नेताओं के द्वारा अक्सर लालू प्रसाद यादव पर परिवारवाद कहकर हमला करते रहे हैं। तेजस्वी यादव ने इसी पर पलटवार करते हुए जमाई आयोग का गठन करने की बात कही है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगते हुए कहा कि जनता दल यूनाइटेड ने सत्ता का फायदा उठाकर अपने नजदीकी लोगों को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार वाकई पारदर्शी है, तो 'समर्पित जमाई आयोग' का गठन कर दे।

## मणिपुर में कृषि गतिविधियां रूकी

■ संघर्ष रोकने के लिए सुरक्षा बल किया तैनात

**इंफाल,** 15 जून (एजेंसियां)। इंफाल पूर्व जिले के लीतानपोकपी में धान के खेत की जुताई करने ट्रैक्टर लेकर पहुंचे कुछ किसानों को कुकी जनजातीय समुदाय के लोगों ने रोक लिया जिसके बाद वहां तनाव की स्थिति निर्मित हो गयी है। मणिपुर पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि कुकी जनजातीय समुदाय के लोगों का कहना है कि जो व्यक्ति खेत जोतने आया था, वह जमीन का मालिक नहीं था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सुरक्षा बल और अन्य केंद्रीय बल पहले से ही घटनास्थल पर मौजूद हैं और स्थिति को नियंत्रित

# झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में विवाद



■ तीन में से दो उम्मीदवारों के पर्चे रद्द

**रांची,** 15 जून (एजेंसियां)। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस पद के लिए दावेदारी कर रहे तीन में से दो नेताओं, अभय कुमार सिंह और सदाकत हुसैन, अंसारी के नामांकन का पर्चा रविवार को स्क्रूटनी के दौरान चुनाव पदाधिकारी ने रद्द कर दिया। इसके बाद प्रदेश कार्यालय में भारी हंगामे की स्थिति पैदा हो गई और चुनाव पदाधिकारी को पुलिस बुलानी पड़ी। पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया रद्द करने की मांग को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के पास शिकायत की जाएगी। बहरहाल, इस पद के लिए एकमात्र प्रत्याशी मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव रह गए हैं। ऐसे में उनका फिर से चुना जाना तय माना जा रहा है। संजय कुमार सिंह यादव पलामू जिले की हुसैनाबाद विधानसभा सीट से विधायक भी हैं। पर्चा रद्द करने की जानकारी मिलते ही अभय सिंह और उनके समर्थकों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सदाकत हुसैन अंसारी ने भी गलत तरीके से पर्चा रद्द करने का आरोप लगाया।

### नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा 19 को

चुनाव के तय शेड्यूल के अनुसार, नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा 19 जून को होनी है। चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए निर्वाची पदाधिकारी बनाए गए गिरधारी गोप ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 14 जून को तीन लोगों संजय कुमार सिंह यादव, अभय सिंह और सदाकत हुसैन अंसारी ने पर्चा दाखिल किया था। स्क्रूटनी के दौरान पाया गया कि अभय सिंह और सदाकत हुसैन अंसारी के नामांकन प्रपत्र में प्रस्तावक के रूप में राज्य परिषद के किसी सदस्य का हस्ताक्षर नहीं है, जबकि पार्टी के नियमों के अनुसार यह अनिवार्य है। इस त्रुटि की वजह से इन दोनों के नामांकन अमान्य हैं।

## शिरडी में बस-ट्रक की टक्कर से तीन लोगों की मौत

**पुणे,** 15 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में अहिल्यानगर जिले में शिरडी के निकट कोल्हार-घोटी राजमार्ग पर रविवार को निजी लक्जरी बस और ट्रक के बीच टक्कर से तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई तथा सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अहिल्यानगर पुलिस नियंत्रण कक्ष के सूत्रों के अनुसार घटना उस समय हुई जब शिरडी जा रही निजी बस सुबह कोल्हार-घोटी राजमार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। घटना में तीन यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से दो-तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## त्रिपुरा में विकास परियोजनाओं को 14.22 करोड़ आवंटित

**अगरतला,** 15 जून (एजेंसियां)। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) ने त्रिपुरा में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए 14.22 करोड़ रुपएसे अधिक आवंटित किए हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी। परियोजनाओं में पर्यटन, कृषि, उद्योग, मानव संसाधन विकास, परिवहन एवं संचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सिंचाई, जल प्रबंधन तथा संस्कृति एवं विरासत संरक्षण शामिल हैं।

एनईसी ने परियोजना का बेहतर प्रबंधन एवं कार्यान्वयन के लिए क्षेत्र-विशिष्ट घटकों की पहचान की है। प्रेस वक्तव्य में कहा गया, खोवाई जिले में सुअर प्रजनन फार्म स्थापित करने के लिए 10,71,451 रुपए की राशि आवंटित की गई है। धलाई जिले के गंगानगर ब्लॉक में वितरण परियोजना के लिए 1,10,49,864 रुपए और रायश्याबारी आरडी ब्लॉक के लिए 1,54,43,543 रुपये निर्धारित किए गए। मछली उत्पादन बढ़ाने हेतु तालाबों की खुदाई और छोटे जल निकायों के जीर्णोद्धार के लिए 1,00,37,400 रुपये आवंटित किए गए। त्रिपुरा में छह एकीकृत बीज प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना के लिए दो करोड़ रुपए, दो आधुनिक कृषि बाजार अवसंरचना के विकास के लिए तीन करोड़ रुपये निर्धारित किए गए। धलाई जिले में एकीकृत पैक हाउस के निर्माण के लिए 80,00,000 रुपये आवंटित किए गए।



■ एनईसी ने की क्षेत्र-विशिष्ट घटकों की पहचान

कवायद | पहलगाम हमले के बाद पर्यटन क्षेत्र में लौट रही रौनक

# लाल चौक गुलजार पर डल के शिकारों को पर्यटकों का इंतजार

**श्रीनगर,** 15 जून (एजेंसियां)। लाल चौक पर कश्मीर घूमने आए पर्यटक सेल्फी न खिंचाएं, ऐसा बहुत कम ही होता है। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद कुछ समय के लिए पर्यटकों की आमद थम गई थी, लेकिन हालात शांत होते ही श्रीनगर फिर से गुलजार हो गया है। लाल चौक पर बहार है। मगर डल में शिकारों को अभी सैलानियों का इंतजार है।

लाल चौक दिनभर रौनक से भरा रहता है। दोपहर की तेज धूप पर्यटकों के उत्साह को थोड़ा प्रभावित जरूर करती है, लेकिन शाम होते-होते चहल-पहल फिर लौट आती है। पर्यटक यहां सेल्फी लेते, फोटो खिंचवाते और आइसक्रीम का आनंद लेते नजर आते हैं। श्रीनगर का यह प्रमुख बाजार होने के कारण यहां स्थानीय खरीदारों के साथ-साथ पर्यटक भी बड़ी संख्या में कश्मीर की यादगार चीजें खरीदते दिखाई देते हैं। यहां के दुकानदार रऊफ अहमद ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद पर्यटक आने बंद हो गए थे। अल्लाह का शुक्र है कि सीमा पर हालात सुधरे और सैलानी फिर लौटने लगे हैं। इस समय दक्षिण भारत से आए पर्यटक ज्यादा हैं। कुछ पर्यटक वही हैं जिन्होंने पहले से यात्रा की योजना बना रखी थी और अब अमन कायम होते ही आ पहुंचे हैं। नए पर्यटक फिलहाल कम ही हैं, लेकिन श्रीनगर की रौनक जरूर लौट रही है। डल झील के शिकारे अब भी सैलानियों की बाट जोह रहे हैं।



■ पहलगाम हमले के बाद पर्यटकों का आना हो गया था बंद

एक शिकारा संचालक ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में पहले यहां पैर रखने की जगह नहीं होती थी, लेकिन अब दिनभर में मुश्किल से 20-25 पर्यटक या परिवार आते हैं। हम दुआ करते हैं कि पर्यटक आएं ताकि जिंदगी और कारोबार फिर से पटरी पर लौटे। वहीं दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को करीब डेढ़ महीना बीत चुका है, लेकिन घाटी की फिजा में अब भी सन्नाटा पसरा हुआ है। पहलगाम की सड़कों पर चहल-पहल नदारद है, होटल खाली पड़े हैं और दुकानों पर बैठे लोग किसी आने वाले सैलानी की राह तकते नजर आते हैं। हमले के बाद पर्यटकों के आगमन में 90 फीसदी तक गिरावट आई है और इसका सीधा असर स्थानीय पर्यटन व्यवसाय पर पड़ा है।

पहलगाम पहुंचने पर रंगबिरंगे अक्षरों में सजे 'पहलगाम' बोर्ड के पास कुछ पर्यटक जरूर तस्वीरें खींचते दिख जाते हैं, लेकिन जैसे ही बाजार की ओर बढ़ते हैं, सुनसान सड़कें दिखती हैं। स्थानीय दुकानदार सालिक मोहम्मद मायूस स्वर में कहते हैं कि क्या करें, यह हमारी बदकिस्मती है। आतंकियों ने जो दाग लगाया है, उसे मिटाने में न जाने कितना वक्त लगेगा। हम विरोध में सड़कों पर भी उतरे, लेकिन विश्वास बहाली में वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि यहां कुछ पर्यटक आ रहे हैं, लेकिन रात में बहुत कम रुक रहे हैं। दिन में करीब 100-200 लोग आते हैं, जिनमें कुछ स्थानीय भी होते हैं। स्थानीय लोग अपील कर रहे हैं कि पर्यटक कश्मीर आएं और इस मुश्किल घड़ी में साथ दें।

### टेलीविजन जगत की मशहूर जोड़ी कुशाल टंडन और शिवांगी जोशी का ब्रेकअप कंफर्म

**मुंबई।** टेलीविजन जगत की मशहूर जोड़ी कुशाल टंडन और शिवांगी जोशी के बीच अलगाव हो चुका है। कुशाल ने ब्रेकअप की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने बताया कि दोनों अब साथ नहीं हैं। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर अभिनेता ने लिखा कि मेरे चाहने वालों, मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं और शिवांगी जोशी अब साथ नहीं हैं। हमारा रिश्ता पांच महीने पहले खत्म हो चुका है। हालांकि, बाद में कुशाल ने यह पोस्ट हटा दी। कुशाल और शिवांगी के रिश्ते की शुरुआत उनके शो 'बरसातें - मौसम प्यार का' के सेट पर हुई थी। दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। पिछले साल अक्टूबर में कुशाल ने अपने रिश्ते की पुष्टि करते हुए कहा था कि उनके माता-पिता अब उनके लिए दुल्हन की तलाश बंद कर चुके हैं।

# मधुमेह के मरीजों का खास दोस्त 'इंसुलिन प्लांट'

■ पौष्टिक आहार लेना, रोजाना थोड़ी कसरत करना जैसे बदलाव दिनचर्या में करने होंगे ■ इंसुलिन प्लांट का इस्तेमाल करने से पहले अपने ब्लड शुगर की जांच करें

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। मधुमेह जितना सरल और मीठा नाम, उतनी ही खतरनाक है यह बीमारी। कहते हैं कि इस पर ध्यान न दिया जाए तो यह शरीर को अंदर ही अंदर खोखला कर देती है। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देती है, जिससे कई तरह की बीमारियां शरीर को अपनी चपेट में ले लेती हैं। लेकिन, कई ऐसी जड़ी-बूटियां हैं, जिनके सेवन से इसकी समस्याओं में राहत पाया जा सकता है। ऐसे ही एक प्लांट का नाम है 'इंसुलिन प्लांट' जो मधुमेह के मरीजों के लिए विशेष तौर पर लाभप्रद है, साथ ही यह अन्य समस्याओं में भी राहत देता है।

सेलिब्रिटी न्यूट्रीशनिस्ट पूजा मखीजा ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर मधुमेह (डायबिटीज), इंसुलिन प्रतिरोध, पीसीओएस और वजन कम करने में दिक्कत वाले लोगों के लिए प्राकृतिक उपाय की जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि यह उपाय न सिर्फ मधुमेह के मरीजों के लिए, बल्कि उन लोगों के लिए भी फायदेमंद है, जिन्हें इंसुलिन का सही इस्तेमाल न होने, पीसीओएस (महिलाओं में हार्मोन की समस्या) या वजन कम करने में मुश्किल होती है। पूजा मखीजा के मुताबिक, इन समस्याओं में 'इंसुलिन प्लांट' बड़े काम का है। उनका मानना है कि इस पौधे के अच्छे और लगातार नतीजे पाने के लिए अपनी दिनचर्या में भी कुछ बदलाव करने होंगे। जैसे पौष्टिक और संतुलित आहार लेना, रोजाना थोड़ी कसरत करना, अच्छी नींद लेना और पर्याप्त पानी पीना। इसके साथ ही तनाव कम लेना और इसके लिए योग या ध्यान करना।



इंसुलिन पौधा डायबिटीज में कितना कारगर है, इस पर उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इंसुलिन प्लांट, जिसका वैज्ञानिक नाम कोस्टस इग्नेसस है, जो ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इसके पत्तों में क्लोरोजेनिक एसिड नामक तत्व होता है, जो कोशिकाओं को ग्लूकोज बेहतर ढंग से अवशोषित करने में मदद करता है और इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाता है। इससे ब्लड शुगर का स्तर कम हो सकता है। साथ ही, यह पौधा पैनक्रियास की बीटा कोशिकाओं (जो इंसुलिन बनाती हैं) को स्वस्थ रखने में भी सहायक हो सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि इसका इस्तेमाल कैसे करें? इसके लिए सुबह खाली पेट 1-2 पत्ते चबाकर खाएं और इसके कुछ देर बाद तक कुछ भी न खाएं। कुछ स्टडी से पता चला है कि यह ब्लड शुगर को कम करने में मदद करता है। अगर आप पहले से डायबिटीज की दवाइयां ले रहे हैं, तो इंसुलिन प्लांट का इस्तेमाल करने से पहले अपने ब्लड शुगर की नियमित जांच करें, क्योंकि यह हाइपोग्लाइसीमिया (ब्लड शुगर का बहुत कम होना) का खतरा बढ़ा सकता है। नीम और तुलसी की तरह यह पौधा भी डायबिटीज के लिए पूरक (सेकेंडरी) उपचार के रूप में उपयोगी हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि खास बात है कि यह पौधा नर्सरी में आसानी से उपलब्ध है और इसे घर पर उगाना भी आसान है।

# मेरी गुनगुनाहट से ही एआर रहमान ने बना लिया था पूरा गाना : जोनिता गांधी

**मुंबई,** 15 जून (एजेंसियां)। प्लेबैक सिंगर जोनिता गांधी ने ऑस्कर और ग्रैमी विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान के साथ काम करने के अनुभव को बताया कि एक बार उन्होंने रहमान के एक गाने के लिए रिकॉर्डिंग से पहले केवल रिहर्सल के तौर पर कुछ पंक्तियां गुनगुनाई थीं। लेकिन यह साधारण-सी गुनगुनाहट ही रहमान को इतनी पसंद आई कि उन्होंने उसी को असली गाने में शामिल कर लिया।

जोनिता गांधी ने बताया कि मैंने उनके साथ कुछ ऐसे गाने पर काम किया है, जिन्हें पहले से ही किसी गायक ने गाया हुआ था। ऐसे में मुझे उन गानों में बस अपने अंदाज में गाना होता था। यह काम करने का सबसे सीधा तरीका होता है। लेकिन जब गाने को बनाने की बात आती थी, तो कुछ चीजें अव्यवस्थित होती थीं। मजेदार किस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि जब फिल्म 'हाईवे' का म्यूजिक रिलीज हो रहा था, तो उन्होंने 'कहां हूं मैं' गाना गाया था। लेकिन बाद में जब एल्बम आई, तो मुझे पता चला कि एक और गाने में मेरा नाम दिया गया है, जबकि वह गाना मैंने गाया ही नहीं था। जोनिता ने बताया कि इससे वह थोड़ी परेशान और उलझन में आ गईं। उन्हें लगता है कि कहीं गलती से उनका नाम तो नहीं जोड़ दिया गया या कोई गलतफहमी तो नहीं हुई। जोनिता ने आगे कहा कि जब मैंने एल्बम की लिस्ट देखी, तो उसमें एक और गाना था- इम्प्लोसिव साइलेंस, और उसमें सिंगर के तौर पर नाम जोनिता गांधी लिखा था। मैं हैरान रह गई। मैंने टीम से कहा, यह मैं ही हूं, लेकिन मैंने यह गाना नहीं गाया है। मैंने सिर्फ कहां हूं मैं गाना रिकॉर्ड किया था। फिर टीम ने मुझे बताया कि इस गाने में उन्होंने मेरी आवाज का इस्तेमाल किया है, वह असल में उसी गाने की रिकॉर्डिंग से ली गई है जब मैं कहां हूं मैं की धुन सीख रही थी।

उन्होंने आगे बताया कि मैं उस समय सिर्फ गुनगुना रही थी, लेकिन ए.आर. रहमान ने उसी रिकॉर्डिंग से एक नया गाना बना दिया। रहमान के साथ ऐसा अक्सर होता है, वह एकदम अचानक किसी चीज को लेकर कुछ भी बना सकते हैं। यही उनकी रचनात्मकता की खासियत है।



## 'फादर्स डे' पर बॉलीवुड सितारों ने शेयर किए अपने पिता के साथ बिताए खूबसूत पल

**मुंबई,** 15 जून (एजेंसियां)। 'फादर्स डे' पर आम लोगों के साथ बॉलीवुड सितारे भी अपने पिता के लिए भावुक पोस्ट शेयर कर रहे हैं। अर्जुन कपूर, अनुपम खेर, सनी देओल, काजोल और कियारा आडवाणी ने भी सोशल मीडिया के जरिए अपने पिता के साथ बिताए हुए पलों को याद किया।



अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर पूरे परिवार के साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि बोनी कपूर अपने लोगों के लिए हमेशा खड़े रहते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए समर्थन देते हैं, और वह उनके इस गुण का सम्मान करते हैं।

अनुपम खेर ने भी इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह कैमरे में बात करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने आज फादर्स डे पर बहुत कुछ खोजने की कोशिश की, लेकिन कोई भी कविता यह साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है कि मेरे पिता मेरे लिए क्या मायने रखते थे। मैं कहूंगा कि वह दुनिया के सबसे अच्छे पिता और मेरे प्रशंसक थे। वह मेरी सबसे खराब फिल्में देखने के बाद भी मेरी तारीफ करते थे। मेरे पिता ने मुझे और मेरे भाई को आज तक नहीं डांटा। पिता जी ने मुझे आज तक सिर्फ असफलता का महत्व सिखाया, मुझे बताया कि असफलता एक घटना है, इससे सीखना चाहिए। मैं आज भी उसी के अनुसार जीता हूं। अभिनेता ने कैप्शन में एक नोट लिखा कि मेरे पिता पुष्करनाथ एक साधारण व्यक्ति थे। लेकिन पिताजी असाधारण थे। 'मृत्यु' की शय्या पर, उन्होंने मुझे 'जीवन' का सबसे बड़ा ज्ञान दिया। आप सभी को 'फादर्स डे' की शुभकामनाएं। दुनिया के सभी अच्छे पिताओं को सलाम।

अभिनेता सनी देओल ने अपने पिता के बताए गए रास्तों पर चलने पर गर्व व्यक्त किया और उनका बेटा होने पर खुद को भाग्यशाली बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने प्यारे पिता के साथ तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा कि हैप्पी फादर्स डे, पापा। आपकी शक्ति, आपके प्यार और आपके बताए गए रास्तों ने मुझे आज एक अच्छा व्यक्ति बनाया है। मुझे आपका बेटा होने पर गर्व है - हमेशा आपके बताए हुए रास्तों पर चलता रहूंगा। आपसे हमेशा प्यार करता रहूंगा। 'कुछ कुछ होता है' की अभिनेत्री काजोल ने भी अपने पिता के लिए एक मार्मिक नोट लिखा। उन्होंने अपने पिता के आत्मविश्वास को याद करते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें साहसी, गर्वित और बेबाक तरीके से खुद को पेश करना सिखाया। काजोल ने यह भी याद किया कि कैसे उनके दिवंगत पिता उन्हें प्यार से अपनी 'शेरनी' कहते थे और उन्हें बिना किसी 'फिल्टर' के जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करते थे। अपने पिता को शुभकामनाएं देते हुए 'भूल भुलैया 2' की अभिनेत्री कियारा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, हैप्पी फादर्स डे उन्हें, जिन्होंने मुझे इतने प्यार से पाला।

# खाली पेट योगासन करना न केवल शरीर को फुर्तीला, बल्कि देता है भरपूर ऊर्जा

■ योग आसनों के लिए जरूरी लचीलापन और एकाग्रता प्रभावित
■ खाना खाने के बाद 5 से 10 मिनट वज्रासन जरूर करना चाहिए

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। सुबह की पहली किरण के साथ योगासन करने की सलाह तो आपने कई बार सुनी होगी, लेकिन क्या आपने कभी सोचा कि योगासन के लिए खाली पेट रहना क्यों जरूरी है? योग विशेषज्ञों और स्वास्थ्य गुरुओं का मानना है कि खाली पेट योगासन करना न केवल आपके शरीर को फुर्तीला बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और भरपूर ऊर्जा भी देता है।

योगा ट्रेनर कविता अरोड़ा ने बताया कि योगासन के समय खाली पेट क्यों रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि योगासन करते समय पेट पर दबाव पड़ता है और अगर आपने खाना खाने के बाद योग किया तो इस प्रेशर के कारण ग्रासनली से खाना ऊपर की ओर आने लगता है और शरीर में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। जैसे गैस्ट्रिक समस्याएं, एसिडिटी, खट्टी डकार आदि।

उन्होंने आगे बताया कि भोजन करने के तुरंत बाद योगासन करने से न केवल पाचन प्रक्रिया बाधित हो सकती है बल्कि इसके कारण कई समस्याएं भी हो सकती हैं। यह प्राइमरी रूल है कि खाना खाने के बाद शरीर की ऊर्जा पाचन क्रिया पर लगती है। लेकिन, खाने के बाद यदि हम एक्सरसाइज करने लगें तो वही एनर्जी योग पर लग जाती है, जिसका प्रभाव नकारात्मक हो सकता है। खाना खाने के बाद योगासन नहीं करना चाहिए, इसके पीछे एक और वजह यह भी है कि जब पेट भरा रहता है तो आप बहुत सारे आसन को अच्छे से नहीं किया जा सकता।

आयुर्वेद और योग के जानकारों का मानना है कि जब हम खाना खाते हैं, तो शरीर की ऊर्जा पाचन में लग जाती है। ऐसे में योग आसनों के लिए जरूरी लचीलापन और एकाग्रता प्रभावित होती है। खाली पेट योगासन करने से शरीर की सारी ऊर्जा आसनों और प्राणायाम में लगती है, जिससे रक्त संचार बेहतर होता है और अंगों को ऑक्सीजन मिलता है।वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी खाली पेट योगासन के फायदे साफ हैं। खाना खाने के बाद पेट में रक्त प्रवाह पाचन के लिए केंद्रित होता है। अगर इस दौरान योग या आसन करते हैं, तो पेट पर दबाव पड़ सकता है, जिससे अपच, जी मचलना या असहजता हो सकती है। खाली पेट योग करने से शरीर हल्का रहता है और यह लचीलापन और मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाता है।

हालांकि, एक्सपर्ट का मानना है कि खाना खाने के बाद 5 से 10 मिनट वज्रासन जरूर करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि कम से कम तीन से साढ़े तीन घंटे का गैप रखना चाहिए। उदाहरण के लिए अगर आपने दोपहर दो बजे लंच किया है तो शाम पांच से छह बजे के बीच योग कीजिए। फिर इससे कोई मुश्किल नहीं होगी। इससे पाचन प्रक्रिया पर भी असर नहीं पड़ेगा।



# मुझे पसंद है आशुतोष का काम, वह हर किरदार को लगन व प्रतिभा के साथ निभाते हैं : रेणुका शहाणे

**मुंबई,** 15 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री और फिल्म निर्माता-निर्देशक रेणुका शहाणे नई स्क्रिप्ट पर काम कर रही हैं और इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि वह अभिनेता, पति आशुतोष राणा की फैन हैं। शहाणे का मानना है कि वह लगन के साथ काम करते हैं, जिसे देखकर उन्हें गर्व होता है। रेणुका ने कहा कि मैं एक स्क्रिप्ट लिख रही हूं। उम्मीद है, एक दिन मैं कैमरे के पीछे और आशुतोष उसके सामने होंगे।



रेणुका ने हालिया फिल्म 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में आशुतोष के निभाए किरदार की तारीफ की। राणा ने चंद बरदाई की भूमिका निभाई थी। रेणुका ने उनकी एक्टिंग को सराहते हुए कहा कि मुझे आशुतोष का काम पसंद है। वह एक गजब के अभिनेता और व्यक्तित्व हैं। वह हर किरदार को पूरी लगन और प्रतिभा के साथ निभाते हैं। मुझे उनकी एक्टिंग देखना हमेशा अच्छा लगता है। उनकी पत्नी होने के नाते मैं बहुत गर्व महसूस करती हूं। उन्होंने कहा कि 'चंद बरदाई' का किरदार एक कथावाचक की तरह है, जो कहानी का हिस्सा होने के बजाय उसे बयां करता है।

रेणुका को उनका लुक और अभिनय बहुत पसंद आया। आशुतोष ने भी एक हालिया इंटरव्यू में बताया था कि वह रेणुका के साथ ऑन-स्क्रीन काम करना चाहते हैं, लेकिन खास तौर पर उनके निर्देशन में। 'संघर्ष' फेम अभिनेता ने कहा था, 'अब तक लोग हमें केवल पति-पत्नी के रूप में देखते आए हैं। मैं चाहता हूं कि रेणुका मुझे निर्देशित करें, क्योंकि वह एक शानदार अभिनेत्री, लेखिका और निर्देशक हैं। मैं उनके निर्देशन में अभिनय करने के लिए उत्सुक हूं।' रेणुका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके निर्देशन में तैयार मराठी एनिमेटेड शॉर्ट फिल्म 'लूप लाइन' का न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में 21 जून को प्रीमियर होगा। यह फिल्म पारंपरिक, पितृसत्तात्मक परिवारों में भारतीय गृहिणियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उपेक्षा को दिखाती है।

# 'दिल चीज क्या है आप मेरी जान' लिखने वाले शायर शहरयार

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। 'सीने में जलन, आंखों में तूफान सा क्यों है, इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यों है।' इन पंक्तियों में छुपी गहरी संवेदना और आधुनिक जीवन की जटिलताओं को उकेरने की कला अखलाक मुहम्मद खान 'शहरयार' की शायरी की पहचान है। आधुनिक युग की उर्दू शायरी के इस सितारे ने अपनी सादगी, गहन विचारों और भावनाओं की सहजता से न केवल उर्दू अदब को समृद्ध किया, बल्कि हिंदी सिनेमा के गीतों के माध्यम से लाखों दिलों को भी छुआ। शहरयार की शायरी जिंदगी के दुख-दर्द, प्रेम और मानवीय संवेदनाओं को इस तरह पेश करती है कि वह हर किसी के दिल में उतर जाती है। उनकी कलम का जादू जटिल भावनाओं को सरल शब्दों में ढाल देता था। ज्ञानपीठ और साहित्य अकादमी जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित शहरयार उर्दू शायरी के उन रचनाकारों में से हैं, जिन्होंने आधुनिकता और परंपरा का अनूठा संगम रचा।



शहरयार के नाम से पहचान पाने वाले अखलाक मुहम्मद खान का जन्म 16 जून 1936 को उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के आंवला में एक मुस्लिम परिवार में हुआ। उनके पिता अबू मुहम्मद खान एक पुलिस अधिकारी थे और वे चाहते थे कि उनका बेटा भी उनकी तरह पुलिस अफसर बने। लेकिन शहरयार का रुझान साहित्य और शायरी की ओर था। शुरुआती शिक्षा हरदोई में पूरी करने के बाद वह 1948 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) चले गए, जहां उन्होंने 1961 में उर्दू में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की।

हालांकि, शहरयार ने 1960 के दशक में ही शायरी शुरू कर दी थी। वह जल्द ही अपनी अनूठी शैली के लिए पहचाने गए। उनकी शायरी में मौजूद उदासी और विडंबना का मिश्रण उस समय की उर्दू शायरी में एक नया रंग लेकर आया। मशहूर शायर खलील-उर-रहमान आजमी के सान्निध्य में उनकी शायरी निखरी और उन्होंने 'शहरयार' तखल्लुस अपनाया। इसी दौरान उनकी पहली किताब 'इस्म-ए-आजम' (1965) आई, लेकिन 'ख्वाब का दर बंद है' (1987) ने उन्हें पहचान दिलाई, जिसके लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला। शहरयार, फिराक गोरखपुरी, कुर्रतुलऐन हैदर और अली सरदार जाफरी के बाद चौथे ऐसे उर्दू साहित्यकार हैं, जिन्हें ज्ञानपीठ सम्मान भी मिला।

यही नहीं, शहरयार ने हिंदी सिनेमा में भी अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने साल 1981 में आई फिल्म 'उमराव जान' के गीत 'इन आंखों की मस्ती के मस्ताने हजारों हैं', 'दिल चीज क्या है, आप मेरी जान लीजिए', 'जुस्तजू जिसकी थी, उसको तो न पाया हमने' ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई।

इसके अलावा, गमन (1978) और अंजुमन जैसी फिल्मों के लिए लिखे उनके गीतों ने उनकी संवेदनशीलता और शब्दों की सुंदरता को दर्शाया। हालांकि, शहरयार खुद को फिल्मी शायर नहीं मानते थे। उन्होंने फिल्मी गीत अपने निर्देशक दोस्त मुजफ्फर अली के कहने पर लिखे थे। फिल्मों में गीत लिखने के साथ-साथ शहरयार ने उर्दू शायरी के पारंपरिक रंग को बरकरार रखते हुए आधुनिक जीवन की समस्याओं, जैसे अकेलापन, तनाव और सामाजिक बदलाव को अपनी शायरी में जगह दी। उनकी शायरी में प्रेम की मासूमियत और दुख की गहराई एक साथ मिलती है।

# हर स्त्री के लिए आयुर्वेद का वरदान शतावरी

■ शतावरी रेसमोसस लिलिएसी परिवार से संबंधित
■ अल्सर के इलाज और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए भी उपयोगी

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। आज के दौर में जहां अनियमित माहवारी, हार्मोनल असंतुलन और बांझपन जैसी समस्याएं सामान्य होती जा रही हैं, ऐसे में शतावरी महिलाओं के लिए किसी प्राकृतिक औषधीय वरदान से कम नहीं। संस्कृत में इसका अर्थ है 'सौ पतियों वाली', जो प्रजनन स्वास्थ्य पर प्रभावशीलता को दर्शाता है। शतावरी, आयुर्वेद में महिलाओं की 'रानी औषधि' कही जाती है।

इसके चमत्कारी गुण न केवल हार्मोन संतुलन को बढ़ाते हैं बल्कि शरीर को समग्र रूप से पोषण भी देते हैं। यह देखने में झाड़ीदार पौधा होता है और मुख्य रूप से इसकी जड़ का उपयोग किया जाता है। सुश्रुत संहिता के अनुसार, यह एक रसायन औषधि मानी जाती है और इसका उपयोग विभिन्न रूपों में किया जाता है। ज्यादातर इसका उपयोग स्तनपान को बढ़ावा देने, गर्भाशय को स्वस्थ रखने और रजोनिवृत्ति के लक्षणों को कम करने के लिए किया जाता है।

चरक संहिता में, शतावरी के कुछ हिस्सों को सब्जी की तरह खाने के बारे में बताया गया है। एनआईएच की रिपोर्ट के अनुसार, शतावरी रेसमोसस लिलिएसी परिवार से संबंधित है और आम तौर पर सतावर, सतमुली, सतावरी के नाम से जाना जाता है जो पूरे भारत में कम ऊंचाई पर पाया जाता है। पौधे की सूखी जड़ों का प्रयोग औषधि के रूप में किया जाता है। शतावरी को पाचन में सुधार, अल्सर के इलाज और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए भी उपयोगी माना जाता है। आधुनिक शोध शतावरी को महिला प्रजनन स्वास्थ्य, हार्मोन संतुलन और मासिक धर्म चक्र को नियंत्रित करने में काम करता है। आयुर्वेद के अनुसार, शतावरी में एडाप्टोजेनिक गुण होते हैं, जो शरीर के तनाव को अनुकूल बनाने में मदद करते हैं और इसका सेवन करने से मोनोपॉज के दौरान होने वाले हार्मोनल असंतुलन को संतुलित करने में मदद मिलती है।



शतावरी के बने काढ़े के इस्तेमाल से तनाव दूर होता है और अनिद्रा की समस्या भी खत्म होती है। आयुर्वेद में शतावरी एनीमिया को भी ठीक करने में लाभकारी होता है। शतावरी का आयुर्वेद में वर्णन मिलता है। शतावरी में फाइबर, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन के, विटामिन ई और विटामिन-सी, आयरन, कैल्शियम, मैंगनीज और सेलेनियम, जिंक, एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। शतावरी का सेवन सर्दी-जुकाम, बवासीर, बुखार के इलाज में वरदान है। शतावरी की जड़ से बने काढ़े के सेवन से लाभ मिलता है। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याओं में भी इसके सेवन से लाभ मिलता है। पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द, पेट के तनाव और ऐंठन में भी इससे राहत मिलती है।

रायपुर, सोमवार 16 जून 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## सरकार की लापरवाही से यात्राओं में जोखिम

देश में यात्रा करना कितना जोखिम भरा हो चुका है, इसका एक दर्दनाक उदाहरण अहमदाबाद में 12 जून को हुआ विमान हादसा है। जिसमें विमान सवार यात्रियों में एक को छोड़ बाकी सभी 241 लोगों की जान चली गई और जिस बी जे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर विमान गिरा, वहां और आसपास की सड़कों पर मौजूद कई लोग इसमें मारे गए। कम से कम 279 लोगों की मौत बताई जा रही है, हालांकि आंकड़ा और बढ़ सकता है। मृतकों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण का सहारा लिया जा रहा है। फिलहाल विमान का ब्लैक बॉक्स मिल गया है तो हादसे के सही कारण की पड़ताल हो रही है। इस बीच सरकार ने एक जांच समिति गठित की है। लेकिन इस समिति के जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, क्या उनसे भविष्य के लिए कोई सबक लिया जाएगा, यह विचारणीय है। क्योंकि उत्तराखंड में रविवार सुबह एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट समेत सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। जब से चारधाम यात्रा शुरु हुई है, उत्तराखंड में इस तरह के कम से कम पांच हादसे हो चुके हैं। 8 मई को हुए ऐसे ही एक हादसे में 6 लोगों की जान गई थी। ये भी सरकार की लापरवाही का नतीजा है कि उड़ान के नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया जाता। इधर 9 जून को मुंबई में लोकल ट्रेन में भीड़ अधिक होने से कम से कम पांच लोग पटरी पर गिरकर मर गए। सड़क दुर्घटनाओं का तो कोई ओर-छोर ही नहीं है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग या तो मारे जाते हैं या फिर बुरी तरह घायल होते हैं। जो पैदल चलते हैं, सड़कें उनके लिए भी सुरक्षित नहीं हैं।

इन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की जगह सरकार की पूरी दिलचस्पी फोटो खिंचाने और बड़े-बड़े दावे करने में दिखाई देती है। अहमदाबाद हादसे के अगले दिन ही प्रधानमंत्री मोदी की कई तस्वीरें आई हैं, एक तस्वीर में ऊपर विमान का हिस्सा लटका हुआ है, श्री मोदी सिर उठाकर उसे देख रहे हैं और ये तस्वीर से नीचे से ऊपर खींची गई है, यानी इसके लिए फोटोग्राफर को लगभग लेट कर फोटो खींचनी पड़ी होगी। इसे देखकर लगा कि प्रधानमंत्री के लिए हर हाल में अलग-अलग एंगल से फोटो खिंचवाना कितना जरूरी है। वे चाहे गुफा में ध्यान लगाएं, विवेकानंद मेमोरियल में मौन चिंतन करें, केदारनाथ के दर्शन के लिए चढ़े या विमान हादसे का मुआयना करें, तस्वीरों में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। और जहां तक दुर्घटनाओं का सवाल है तो गृहमंत्री अमित शाह कह ही चुके हैं कि दुर्घटनाओं को रोका नहीं जा सकता। लेकिन क्या गृहमंत्री ब्रिटेन को भी ऐसा ही बोल सकते हैं, क्योंकि वह भी अपने नागरिकों की मौत की जांच करना चाहता है। ब्रिटेन तो सवाल करेगा कि जब दुर्घटनाओं पर आपका बस नहीं है तो फिर उड़ान के नियम, कानून, सुरक्षा मानक, आपदा प्रबंधन ये सब क्या दिखावे के लिए भारत में बने हैं। जब आपको कोई जिम्मेदारी लेनी ही नहीं है तो फिर मंत्रालय का गठन भी क्यों किया गया है, क्या केवल इसलिए कि मंत्रालय बताए कि सरकारी उड़ान सेवाओं में घाटा है और इस तरह सभी चीजों का निजीकरण कर दिया जाए। लगभग सारे विमानतल और बंदरगाह अडानी समूह के हवाले हो ही चुके हैं, जो थोड़ी बहुत सरकारी संपत्ति और प्रतिष्ठान बचे हैं, उन्हें भी अपने लोगों में बांटने का सिलसिला चल ही रहा है। अभी दिल्ली के चिड़ियाघर तक को अंबानी के हवाले करने की योजना बना ली गई है। पहाड़, खदानें, जंगल, तालाब, रेल, हवाई क्षेत्र, समुद्री इलाके सब व्यापारियों के हवाले कर दिया जाए तो फिर सरकार क्या केवल तस्वीर खिंचाने के लिए बनाई गई है, यह सवाल अब देशवासियों को उठाना होगा।

विपक्ष तो काफी अरसे से इन सवालों को उठा रहा है। लेकिन हर बार देश दुख में है, जैसे बहाने से सरकार सवालों को टालती है। इधर अनाप-शनाप खबरों को ट्रेंड करवा कर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। इस हादसे में एक व्यक्ति रमेश विश्वासकुमार की जान बची, तो इस पर बेतुके सवाल होने लगे कि जब प्लेन गिर रहा था तो वे बाहर कैसे कूदे। इसी तरह आर्यन असारी नाम के छात्र ने विमान का गिरते हुए वीडियो बनाया तो उसे भी पुलिस पूछताछ के लिए ले गई, जबकि वह अपने गांव से पढ़ने आया था और हवाई जहाजों के वीडियो बनाकर अपने दोस्तों को दिखाना चाहता था। इस हादसे पर बाबा रामदेव ने कहा कि मुझे पता चला है कि विमान के रखरखाव और सेवा का काम तुर्की की एक एजेंसी करती थी। इस बेकार के इल्जाम पर अब तुर्की की कंपनी ने स्पष्टीकरण जारी किया है कि टर्किश टेक्निक ने कभी भी एअर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का रखरखाव नहीं किया। टर्किश टेक्निक का एअर इंडिया के साथ रखरखाव समझौता है, लेकिन यह बोइंग 777 वाइड-बॉडी विमान तक ही सीमित है और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को कवर नहीं करता है।

रामदेव के एक बेतुके आरोप ने भारत की जबरन किरकिरी करा दी। बहुत से लोग इस हादसे में कांग्रेस को दोषी ठहरा रहे हैं कि ये विमान कांग्रेस सरकार के वक्त खरीदा गया था और तब ऐसे कई घोटाले हुए थे। अगर ऐसा है तो भी 11 सालों में मोदी सरकार ने ऐसे घोटालों और पुराने विमानों की जांच क्यों नहीं की। उधर हिंदुत्व का खेल भी शुरु हो गया है कि इस हादसे में एक भगवतगीता बच गई। आज तक की पत्रकार श्वेता सिंह तो बाकायदा उसे प्रणाम करते दिखीं। अच्छी बात है कि एक किताब नहीं जली, लेकिन क्या ये सूचना उन दुखद कहानियों से बढ़कर है जो कम से कम दो सौ परिवारों का सच बन चुकी है।

शायद गंभीर हादसों पर हमारा लापरवाह रवैया दुखद कहानियों में नए पन्ने जोड़ता जा रहा है। बहरहाल अब देखना है कि मोदी सरकार इस हादसे को लेकर कोई बड़ा फैसला करती है या नहीं, ये बात भाजपा याद रखे कि इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी जान गई है।

# इजराइल दुनिया को एक बड़े युद्ध में झोंकने की तैयारी में!

विज्ञान और तकनीक में प्रगति इंसान की बेहतरी के लिए। मगर आज लग रहा है कि वह विनाश के लिए है। पूरी मानवता के विनाश के लिए। कुछ देशों ने उसका ऐसा ही विकास किया है।

एक समय था जब स्कूल में फिर कालेज में भी वाद-विवाद में यह विषय जरूर होता था कि विज्ञान वरदान या अभिशाप! वह समय नेहरू के साइंटिफिक टेंपर (वैज्ञानिक मिजाज) के बाद का था और देश में ही नहीं विदेशों में भी विज्ञान इंसान की जिन्दगी को आसान और खुशहाल बना रहा था।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया शांति की तलाश में थी और विज्ञान के जरिए उस शांति में सुख समृद्धि लाना चाहती थी। उसी दौर में हिटलर के अत्याचारों से एक पूरी कौम के नष्ट हो जाने की आशंका को देखते हुए दुनिया ने यहूदियों को जर्मनी से निकालकर अरब देशों के बीच एक सुरक्षित ठिकाना दिया। इजराइल नाम का एक नया देश बना। लेकिन जो पीड़ित था वह बाद में खुद दूसरों के लिए इतनी बड़ी समस्या बन जाएगा कि एक और बड़े युद्ध की आशंका दुनिया को डराने लगेगी यह किसी ने नहीं सोचा था।

पहले गजा में नरसंहार। दो साल होने जा रहे हैं। करीब 60 हजार फिलीस्तिनियों को इजराइल ने मारा। जिनमें बड़ी तादाद में बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ जो संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है बच्चों के लिए काम करने वाली, उसके आंकड़ों के मुताबिक जख्मी और मारे गए बच्चों की तादाद 50 हजार के करीब है। इजराइल ने गजा पहुंचने वाली सारी रसद दूध, दवाइयां बंद कर रखी है जिसकी वजह से मौत की संख्या रोज बढ़ रही है।

एक छोटा सा देश इजराइल जो चारों तरफ से अरब देशों से घिरा हुआ है किस तरह इतना अत्याचार कर पा रहा है। एक अमेरिका के समर्थन तो है मगर जिस तरह उसने नए-नए हथियार बना लिए हैं, सुरक्षा सिस्टम जिसे आयरन डोम कहा जाता है उससे वह खुद को अजेय और पूरी तरह सुरक्षित समझ रहा है।

इसी भ्रम में उसने ईरान पर हमला बोल दिया। लेकिन ईरान के जवाबी हमले ने उसके आयरन डोम से सुरक्षा की खुशफहमी को तोड़ दिया। मीडिया सारा पश्चिमी है। वह मुख्यत: इजराइल का साथ दे रहा है। इजराइल के हमले से ईरान को कितना नुकसान हुआ यह तो बढ़ा चढ़ाकर बता रहा है। मगर ईरान ने उसका कितना नुकसान किया इस पर कहता है कि ईरान के दावे हैं मगर इजराइल खंडन करता है।

यह मीडिया रुस-युक्रेन युद्ध में युक्रेन को उकसा रहा था। भारत से भी सारे न्यूज चैनलों को युक्रेन ले जाया गया था। यह पश्चिमी मीडिया अमेरिका के हितों को देखकर काम करता है। हमारे यहां भी लोग इसके प्रभाव में आ जाते हैं।

मगर भारत-पाक के बीच अभी हुए सीमित युद्ध में हम लोगों को इस पश्चिमी मीडिया ने झटका दिया। चूंकि अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा था तो उसका मीडिया भी पाकिस्तान के पक्ष में प्रचार कर रहा था।



शकील अख्तर

> समय आ गया है बदलाव का। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, इराक, कुवैत, कतर सब तेल के पैसों से बहुत अमीर देश हैं। मगर इजराइल की गुंडागर्दी का मुकाबला नहीं कर पाते। दुनिया के सारे आविष्कार, पैसा, अमेरिका, पश्चिमी देशों और इजराइल के पास। और इसी दम पर यह सब मिलकर 57 इस्लामिक मुल्कों को कुछ नहीं समझते।

हमें अपनी विदेश नीति देश हित के अनुरूप रखना चाहिए। मगर मोदी जी द्वारा इसे अपनी व्यक्तिगत छवि बनाने के लिए उपयोग करने से दुनिया में हम अकेले पड़ गए। सच को सच कहने के साहस की वजह से विश्व में हमारा सम्मान था। मगर अब हम बचने लगे। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा में गजा में संघर्ष विराम के लिए हुई वोटिंग से हम दूर हट गए। मतलब हमने संघर्ष विराम के पक्ष में वोटिंग नहीं की। संदेश गया कि भारत शांति नहीं चाहता। 193 सदस्यीय महासभा में युद्ध विराम के पक्ष में 149 वोट पड़े। विरोध में केवल 12 और 19 देश जिनमें भारत भी था ढुलमुल। भारत ऐसा कभी नहीं था। वह तो इनमें से 120 देशों का नेतृत्व करता था। गुटनिरपेक्ष आंदोलन। नेहरू इसके नेता थे।

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने बहुत तगड़ा हमला किया। पूछा कि क्या आज युद्ध और नरसंहार के खिलाफ भी खड़े होने की मोदी सरकार में हिम्मत नहीं है? कांग्रेस ने कहा यह शर्मनाक है। भारत हमेशा शांति न्याय और मानवीय गरिमा के पक्ष में खड़ा रहा है।

मोदीजी भूल रहे हैं कि पिछले दिनों बिहार चुनाव के समय उन्होंने जिन दिनकर को याद किया था। उन्होंने लिखा था कि 'जो तटस्थ हैं समय लिखेगा उनके भी अपराध!' और उनके ही गुजरात सूरत के शायर वसीम मलिक ने इसे और आगे बढ़ाते हुए कहा है कि - -

'इसलिए जिन्दा हूं कि मैं बोल रहा हूं
दुनिया किसी गूंगे की कहानी नहीं लिखती!'

खैर मोदी जी को कौन समझा सकता है। अचानक सीज फायर पर तो भाजपा और संघ भी उन्हें नहीं समझा पाए। अब तो वक्त ही उन्हें समझाएगा। मगर बात हम कुछ दूसरी कर रहे थे। लेकिन आजकल आप बात कोई करो मोदी जी ने इतना निराश कर दिया है कि बात उन तक आ ही जाती है।

बात थी दुनिया पर मंडराते एक बड़े युद्ध के खतरे की। जिसे इजराइल ने शुरू किया है। जिस देश से सीमा नहीं मिलती, बीच में कई देश आते हैं, ढाई हजार किलोमीटर दूर है उस पर हवाई हमले करके। उसकी आबादी केवल 90 लाख है। ईरान की 9 करोड़। भूभाग इजारइल का केवल 22 हजार वर्ग किलोमीटर है और ईरान का 16 लाख वर्ग किलोमीटर से ज्यादा। मतलब 70 गुना ज्यादा क्षेत्रफल और 10 गुना ज्यादा आबादी।

और एक तथ्य बताते हैं इजराइल चारों तरफ से अरब देशों से घिरा हुआ है। और दुनिया में 57 इस्लामिक कंट्री हैं। जो खुद को फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थक बताते हैं। इनका एक संगठन भी है इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) लेकिन गजा में नरसंहार के दो साल होने जा रहे हैं यह संगठन अभी तक इसे रोकने की कोई ठोस पहल नहीं कर पाया। इसमें सउदी अरब जैसे अमेरिका के कई निकटतम मित्र देश हैं। मगर अमेरिका गजा में युद्ध विराम नहीं होने देता और उसके साथ बहुत मधुर संबंध रखने वाले इस्लामिक देश जिनमें पाकिस्तान भी शामिल है उससे कुछ नहीं कह पाते।

समस्या क्या है? वही, जो हमने शुरू में कही। विज्ञान और तकनीक का उपयोग तरक्की के लिए करना। इस्लामिक देशों ने इस नजरिए से कभी सोचा ही नहीं। मार्डन एजुकेशन साइंस और टेक्नोलाजी में वे इजराइल से बहुत पीछे रह गए। इसलिए इतना छोटा देश अपने जन्म के बाद से इस्लामिक मुल्कों को लगातार चैंलेज कर रहा है। हमने ऊपर ही लिखा कि विज्ञान को विनाश तक ले जाने के बहुत दुष्परिणाम होंगे। इजराइल वही कर रहा है।

ईरान परमाणु शक्ति सम्पन्न देश है। ढाई हजार किलोमीटर जाकर उस पर हमला करने को वह या कोई भी देश स्वीकार नहीं कर सकता। और वह भी उससे आबादी और क्षेत्रफल दोनों में बहुत छोटा।

मगर ईरान सहित दूसरे सभी इस्लामिक मुल्क जिन्हें इजारइल लगातार 1948 से अपनी स्थापना के बाद से चैलेंज कर रहा है इसलिए उससे अभी तक नहीं जीत सके कि साइंस टेक्नालाजी एजुकेशन अर्थव्यवस्था किसी में भी वह सब मिलकर भी इजराइल के बराबर नहीं हैं।

समय आ गया है बदलाव का। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, इराक, कुवैत, कतर सब तेल के पैसों से बहुत अमीर देश हैं। मगर इजराइल की गुंडागर्दी का मुकाबला नहीं कर पाते। दुनिया के सारे आविष्कार, पैसा, अमेरिका, पश्चिमी देशों और इजराइल के पास। और इसी दम पर यह सब मिलकर 57 इस्लामिक मुल्कों को कुछ नहीं समझते। बस इनके शेख अमेरिका के राष्ट्रपति से मिलकर उन्हें दुनिया के महंगे जहाज से लेकर और दूसरे महंगे-महंगे तोहफे देकर खुश हो जाते हैं।

लेकिन यह नहीं समझते कि इजराइल के मुकाबले अमेरिका इन्हें कभी बचाएगा भी नहीं। मार्डन एजुकेशन, साइंस, टेक्नालाजी में पैसा खर्च करें। तड़क-भड़कदिखाने में नहीं। इस समय सब आपसी विवाद भूलकर साथ खड़े होने का मौका है।

गजा में पूर्ण युद्ध विराम और ईरान पर हमले रोकना तत्काल जरूरी है। और अगर सारे इस्लामिक कंट्री साथ खड़े हो जाएं तो अमेरिका को यह करना पड़ेगा। बेवकूफियों में इन्होंने बहुत बर्बाद कर दिया है। और ईरान पर हमले के बाद भी नहीं चेते तो फिर कोई इज्जत नहीं बचेगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# 'स्टार्टअप्स' के लिए जरूरी है, समझ की तब्दीली

■ अरविंद सरदाना

हाल ही में केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक मीटिंग में भारत के स्टार्टअप्स को फटकार लगाते हुए कहा कि भारत के स्टार्टअप दुकानदारी-नुमा नवाचार कर रहे हैं। मेहनती हैं, किन्तु केवल बाज़ार व्यवस्था में खरीदने-बेचने के नए तरीके के ही प्रयोग कर रहे हैं। इसकी तुलना में चीन में अधिकांश स्टार्टअप तकनीकी क्षेत्र में प्रयोग करते हुए प्रगति की राह पर चल रहे हैं। मंत्री जी का यह कथन सही है, लेकिन क्या इसमें स्टार्टअप का दोष है या सरकारी नीतियों की कमी और उनकी दूरदृष्टि का अभाव?

भारत में किसी भी स्टार्टअप के मूल में दो बातें देखी जाती हैं ‌ एक, नवाचार और दूसरी, बाज़ार में सफलता! नवाचार की दृष्टि से यह परखा जाता है कि उस विचार में कितना दम है, क्या यह प्रयोग करने योग्य है? साथ-ही-साथ यह प्रश्न भी पूछा जाता है कि क्या यह बाज़ार में चल पायेगा?

> टेक्नालॉजी में शोध की नींव कमज़ोर है तो स्टार्टअप हवा से प्रकट नहीं होंगे। शोध में निवेश करना सरकार का काम है। कई दशकों से चीन इस दिशा में बड़ी मात्र में निवेश कर रहा है। वर्तमान उदाहरण ही लें तो इस समय चीन का रिसर्च और डेवलपमेंट का बजट 715 अरब डॉलर है जो भारत से दस गुना अधिक और कई सुनियोजित प्लानिंग के साथ किया गया है।

हम यह भूल रहे हैं कि बाज़ार का आकलन बहुत दूरदृष्टि का नहीं हो सकता। एक विचार जो पुख्ता है, लेकिन उसके बाज़ार में टिकने की सम्भावना नहीं है, ऐसे स्टार्टअप को वित्तीय मदद कौन करेगा? टेक्नालॉजी में अधिकांश नए विचार शोध के क्षेत्र में होते हैं जो विश्वविद्यालयों या विशेष शोध-संस्थानों में किए जाते हैं। इनमें से कई विचारों को बाजार में उतरने में कई बरस या दशक लग जाते हैं तब जाकर स्टार्टअप की कल्पना की जा सकती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि विज्ञान एवं टेक्नालॉजी में शोध करने वाले कई असफलताओं से गुज़रकर ज्ञान के भंडार को पुख्ता करते हैं।

यदि टेक्नालॉजी में शोध की नींव कमज़ोर है तो स्टार्टअप हवा से प्रकट नहीं होंगे। शोध में निवेश करना सरकार का काम है। कई दशकों से चीन इस दिशा में बड़ी मात्र में निवेश कर रहा है। वर्तमान उदाहरण ही लें तो इस समय चीन का रिसर्च और डेवलपमेंट का बजट 715 अरब डॉलर है जो भारत से दस गुना अधिक और कई सुनियोजित प्लानिंग के साथ किया गया है।

हमारे एक विज्ञान के साथी ने एक घटना सुनाई जो इस बात को दर्शाती है। दो दशक पहले जब वे जर्मनी के एक लैब में अपना पोस्ट-डॉक्टरेट काम कर रहे थे तो उनके जैसे कई स्टूडेंट चीन से थे, पर खास बात यह थी कि चीन के छात्रों के साथ उनकी मदद करने वाले एक सीनियर वैज्ञानिक भी थे जो इस बात का भी आकलन कर रहे थे कि हम यह लैब चीन में कैसे बना सकते हैं। उन्होंने चीन सरकार को इसकी रिपोर्ट पेश की और एक दशक बाद चीन की यूनिवर्सिटी से उस प्रकार के उच्चतम स्तर के शोधपत्र निकल रहे थे जो इस बात को सिद्ध करता था कि उनके देश में उस प्रकार के लैब बन गए थे।

इसे एक अन्य उदाहरण से भी समझा जा सकता है। चीन के बाद भारत मोबाइल फ़ोन का सब से बड़ा निर्यातक है, पर दोनों में खास अंतर है। चीन में जब मोबाइल फ़ोन बनता है तो उसका लगभग 90 फीसदी तकनीकी हिस्सा चीन में ही बनाया जाता है। भारत में बनने वाले मोबाइल फ़ोनों के 75 फीसदी तकनीकी पार्ट्स बाहर से आयात किए जाते हैं। इस प्रकार के तकनीकी उद्योग जो मोबाइल फ़ोन के अलग-अलग खास पार्ट्स बना पाएं, उनको भारत सरकार एक इको-सिस्टम में नहीं ढाल पाई। तकनीकी उद्योग की नींव में जो शोध होना चाहिए वह भी नहीं बन पाया है।

इसका एक कारण है कि हमने इंफ्रास्ट्रक्चर को केवल सड़क, पानी और बिजली तक सीमित रखा है। ये सब उपलब्ध हों तो निजी उद्यमी अपने आप उद्योग का निर्माण करेंगे, किन्तु आज के समय के लिए यह समझ अधूरी है। इंफ्रास्ट्रक्चर का अहम हिस्सा है तकनीकी ज्ञान भंडार और उसमें कुशल मानव संसाधन। यदि यह देश में उपलब्ध नहीं है तो सरकार का काम है उसे उपलब्ध करवाए। इसमें सरकार की कई भूमिकाएं हैं - खुद कारखानों में निवेश करना व चलाना, शोध के लिए विशेष कदम उठाना और उन विदेशी कम्पनियों को लाना जिनके पास यह टेक्नालॉजी है। इन क़दमों के बिना इस प्रकार के उद्योग नहीं लग सकते। तकनीकी ज्ञान आपको आसानी से कोई नहीं देगा।

हम 'मेक इन इंडिया' करना चाहते हैं। नारा सही है, पर उसकी कारगर नीति नज़र नहीं आती। उद्योग के लिए ज़रूरी है नए कारखाने लगें और एक तरह का जाल या आपसी सम्बन्ध बने जहां एक का सामान दूसरा उपयोग करता हो। देश के लिए औद्योगीकरण में गहराई तभी बनती है, जब किसी भी सामान को बनाने के अधिकांश पार्ट्स हम देश में बना सकते हैं। यहां विस्तृत योजना की ज़रूरत है। कुछ क्षेत्रों में सरकार को खुद निवेश करना होगा।

वर्तमान समय के अध्ययन बताते हैं कि हम कारखानों के लिए ज़रूरी सामान का बड़ा हिस्सा आयात कर रहे हैं। अधिकांश चीन पर निर्भर हैं। प्राइवेट सेक्टर को जब तक सस्ता आयात करने का अवसर रहेगा तब तक वह इस दिशा में निवेश नहीं करेगा। उसकी सोच 'दुकानदारी' की होती है, दूरगामी नहीं। उदाहरण के लिए हम दवा उद्योग के क्षेत्र में अव्वल हैं, परन्तु इसका बहुत सारा ज़रूरी सामान चीन से आयात होता है। यदि यही सामान देश में बनाना है तो सरकार को खुद निवेश करना होगा और उसका तकनीकी ज्ञान हासिल करना होगा। हम इस नारे में फंस गए हैं कि सरकार को कारखाने नहीं लगाने चाहिए। नतीजे में ज़रूरी बुनियादी उद्योग की अवधारणा को भूलकर नेहरूवादी आद्योगिकीकरण को नकारा बताने की निरर्थक बहस में मशगूल हो गए हैं।

इन सभी कारणों को मिलाकर देखें तो दुकानदारी-नुमा स्टार्टअप का बनना हमारे वातावरण की उपज है। हमने ऐसा माहौल तैयार नहीं किया है जहां सरकार तकनीकी शोध में अधिक निवेश करती हो, जहाँ 'सार्वजनिक क्षेत्र' के उद्योगों द्वारा बुनियादी क्षेत्र में निवेश किया जा रहा हो या फिर विशेष कम्पनियों को टेक्नालॉजी ट्रान्सफर के लिए सरकारी कम्पनी के साथ अनुबंध किया जाए। हमारी नीतियां बाज़ार व्यवस्था में प्रोत्साहन देने पर टिकी हैं जिससे वातावरण बन जायेगा और निजी क्षेत्र स्वाभाविक रूप से तकनीकी ज्ञान की भरपाई कर लेगा। इस सोच को बदलने की ज़रूरत है।

**(लेखक 'एकलव्य फॉउन्डेशन' के पूर्व-निदेशक हैं।)**

## आपके पत्र

### जनसंख्या का समीकरण कमजोरी या ताकत?

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा, अब समय आ गया है जब देश की सरकार और समूचे जनसंख्या प्रबंधन की इकाइयों को सक्रिय होकर बढ़ती जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के बीच सामयिक संतुलन बनाकर बड़ी जनसंख्या को बोझ न मानकर एक शक्ति के रूप में स्थापित इसका सर्वाधिक दोहन राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए निहित करे, निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है कि हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम सही तरीके से विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर इसे राष्ट्र के विकास के श्रोत की तरह विकसित करें। भारत की युवा और दिवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नालॉजी, मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चीन 145 (अनुमानित) करोड़ की आबादी वाला देश है। भारत में युवा जनसंख्या 55 फीसदी से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्तियुक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद। ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन 'परिवार नियोजन मानव का अधिकार' रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा।

कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं।

-संजीव ठाकुर



## ललित सुरजन की कलम से

### जनतांत्रिक शक्तियों की विजय

*'हमारी चुनाव प्रणाली में जिसे सबसे ज्यादा वोट मिले वह जीत जाता है। इसमें वोट प्रतिशत की बात गौण हो जाती है। जब जीतने वाली पार्टी का वोट प्रतिशत आधे से कम हो तथा उससे सबक लेकर सारे विपक्षी एकजुट हो जाएं तो यही तत्व अपने आप महत्वपूर्ण हो जाता है। अतीत में हमने देखा है कि जब-जब गैरकांग्रेसी दल एकजुट हुए हैं कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ा। इस बार बिहार में भाजपा-विरोधी तीन दल एकजुट हो गए तो समीकरण बदल गए और भाजपा के हिस्से ऐसी शोचनीय पराजय आई। भाजपा ने महागठबंधन को तोडऩे और कमजोर करने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं रखी। उसने जदयू के दागी नेताओं को टिकट दिए, दलबदल को बढ़ावा दिया, ओवैसी को प्रच्छन्न समर्थन दिया, मुलायम सिंह के साथ भी गुपचुप दोस्ती की लेकिन उसकी कोई भी युक्ति कारगर नहीं हो सकी।'*

**(देशबन्धु में 09 नवंबर 2015 को प्रकाशित विशेष सम्पादकीय)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/11/blog-post_8.html

## गुरवाणी विचार

### नानक दास संत पाछै परिओ सरण लेहो ऐह बारी

लोभ लहरि उठी नीझर बाजै काइआ डूबे केसवां
संसार समुंदे तारि गोबिंदे तारि लै बाप बीठला
अनिल बड़ा हौ खेविन न साकौ तेरा पार न पाइआ बीठना
होय दिआल सतगुरु मेलि तूं मोको पार उतारे केसवा
नामा कहे हौं तर भी न जानों मोको बाहि दे बांहिदे बीठला।

भक्त नामदेव की वाणी की इन पंक्तियों द्वारा प्रभु परमात्मा के अरदास बिनती कर रहे हैं कि हे केशव परमात्मा संसार के सारे जीव संसार रूपी समुंद्र में लोभ, मोह अहंकार काम, क्रोध की लहरे हर वक्त बड़ी जोर-जोर से उठती रहती है। ऐसा लगता है कि सारे संसार समुद्र का पानी बड़े उछल रहा है और इन लहरों भर समुद्र में मेरी जीवनरूपी नौका डूबते जा रही है लोभ मोह हर वक्त मेरे जीवन को ग्रसते जा रहा है जिसकी वजह से मेरी जीवन रूपी नैया डूबती जा रही है। लोभ के अधीन रहने के कारण मेरा मन आप की सिमरन बंदगी में लग नहीं पा रहा है। वह हर वक्त विषय विकारों, सांसारिक मोह माया में ही गलतान रहता है। इस तरह की व्यथा वह अपनी इस शब्द में प्रकट कर रहे हैं और प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि आप ही मुझ पर कृपा दृष्टि डालो ताकि मैं आपकी सिमरन बंदगी में लग सकूं। मेरा मन सांसारिक मोह माया से परे विषय विकारों से परे आपकी सिमरन बंदगी में लग जाऊं। जीवन रूप नैया को खेकर सुचारू रूप से आपके लोक में जा सकूं। आपरके सांची दरबार में स्थान पा सकूं अतएव ऐ मेरे बीठल पिता, माया मोह में निर्लेप परमपिता इस लोभ से भरे संसार पार उतार लो। जिस तरह समुद्र में तूफान आते हैं हर नाव को चप्पू चलाकर इन तूफानों पार उतारना बड़ा मुश्किल होता है। प्रभु की विशेष कृपा हो जाने पर ही सुचारू रूप से पार उतारा जा सकता है ठीक उसी तरह हर इंसान की जीवन नौका लोभ. मोह, विषय विकारों के भंवर में फंसी हुई हैजिसके कारण इसका मन सांसारिक मोह माया में ज्यादा फंसा रहता है और अपने जनक परमात्मा को भुला बैठा है।

प्रभु प पर हीरमात्मा की रहमते नजर पड़ने पर ही वह प्रभु सिमरन बंदगी में लग सकता है, सिमरन बंदगी में लगकर ही अपने पुण्य का बैंक बैलेंस बढ़ा सकता है और पुण्य का खाता हढ़ने पर ही इसे धर्मराज की कचहरी में पेश होने पर प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्राप्त हो सकता अत: हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए-

तुम करो दया मेरे सांई
ऐसी बुद्धि करो परगासा
सदा सदा तुध धिआई।

हर इंसान को भक्त नामदेव की तरह प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए। ताकि वह सांसारिक मोह माया के जाल से बचा रह सके। हाथ-पैर से दैनिक कार्य करते हुए मन सदा निरंकार के साथ जुड़ा रहे तभी वह प्रभु के सांचे दरबार में स्थान प्रात कर सकता है। अत: हर वक्त प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करता रहे-

सद बरबसंद सदा मेहरबाना, सभना देह आधारी
नानक दास संत पाछै परिओ सरण लेहो ऐह बारी।

-इंदर सिंह आहूजा

# देश विदेश

## मध्य वियतनाम में वुटिप तूफान से छह लोगों की मौत

**हनोई,** 15 जून (एजेंसियां)। वियतनाम में वुटिप तूफान के कारण हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य लापता है। आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने रविवार को कहा देश के मध्यवर्ती भाग के क्विंग बिन्ह और क्वांग त्रि प्रांतों में छह लोगों की मौत की खबर है, जबकि क्वांग बिन्ह में बाढ़ के पानी में बह जाने के बाद एक व्यक्ति लापता है। तूफान के कारण 47 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस क्षेत्र के 58,000 हेक्टेयर खेतों में पानी भर गया जिसमें धान और अन्य फसलें लगी हुई थीं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, जनवरी से मई तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण देश भर में 40 लोग मारे गए या लापता हो गए हैं।

### इराक ने अमेरिका को याद दिलाई जिम्मेदारी, कहा

# इजरायल को हवाई स्पेस का उल्लंघन करने से रोके

■ **इराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्तुत की आधिकारिक शिकायत**



**बगदाद,** 15 जून (एजेंसियां)। इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इराकी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबा अल-नुमान ने शनिवार को कहा कि इराकी सरकार ने अमेरिका से इस तरह के उल्लंघन को रोकने के लिए द्विपक्षीय समझौतों और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने का आह्वान किया है।

बयान में कहा गया कि इराकी सरकार ने इराकी हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन या ईरान या किसी अन्य पड़ोसी देश के खिलाफ इजरायल द्वारा सैन्य हमलों के लिए इसके उपयोग की अपनी दृढ़ और स्पष्ट अस्वीकृति दोहराई।

इराक ने संकट को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक समाधानों की उम्मीद में अधिकतम संयम दिखाया है। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत इराक को किसी भी पक्ष द्वारा अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के उल्लंघन का जवाब देने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करने का अधिकार है।

शुक्रवार को इराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आधिकारिक शिकायत प्रस्तुत की, जिसमें सैन्य अभियान चलाने के लिए अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के लिए इजरायल की निंदा की गई।

इराकी समाचार एजेंसी ने एक सरकारी सूत्र के हवाले से बताया कि इराक ने अमेरिका से अनुरोध किया है कि वह रणनीतिक रूपरेखा समझौते के अनुसार इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोकने में अपनी भूमिका निभाए। सूत्र ने इराक की संप्रभुता और हवाई क्षेत्र की अखंडता के सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि आईएसआईएस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गठबंधन का नेतृत्व करने वाले देश के रूप में अमेरिका की जिम्मेदारी है कि वह इराकी संप्रभुता से समझौता करने या उसकी सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी उल्लंघन को रोके।

**इराक ने संकट को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक समाधानों की उम्मीद में अधिकतम संयम दिखाया है : सबा अल-नुमान**

इजरायल ने शुक्रवार को तड़के ईरानी क्षेत्र पर कई हमले किए, जिसमें परमाणु और मिसाइल प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया, जिसमें वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए। ईरान के संयुक्त राष्ट्र दूत द्वारा पहले घोषित आंकड़ों के अनुसार हमलों की लहर जारी है और इसके परिणामस्वरूप कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई तथा 320 अन्य घायल हो गए।

## अगर हम पर हमला हुआ, तो अमेरिकी सेना पूरी ताकत के साथ टूट पड़ेगी : ट्रंप



■ **अमेरिका ने ईरान में हालिया हमलों में कोई हाथ होने से किया इनकार**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच रविवार को ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका का हालिया हमलों में कोई हाथ नहीं है। इसके साथ ही ट्रंप ने चेतावनी दी कि अमेरिकी हितों के खिलाफ किसी भी उकसावे का करारा जवाब दिया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर ट्रंप ने लिखा कि ईरान पर हुए हमले से अमेरिका का कोई लेना-देना नहीं है। अगर ईरान का हम पर किसी भी तरह से हमला किया जाता है, तो अमेरिकी सशस्त्र बल पूरी ताकत से आप पर हमला करेंगे। हालांकि, हम आसानी से ईरान और इजरायल के बीच समझौता करवा सकते हैं और इस खूनी संघर्ष को समाप्त कर सकते हैं। ईरान और इजरायल के बीच आपसी हमलों की एक सीरीज के बाद मिडल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। रविवार को, इजरायली सेना ने ईरानी सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला करने की पुष्टि की है, जिसमें ईरानी रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय और एसपीएनडी, एक प्रमुख न्यूक्लियर रिसर्च फैसिलिटी शामिल है।

इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के अनुसार, इस ऑपरेशन में उस जगह को भी निशाना बनाया गया, जहां ईरान ने कथित तौर पर अपने न्यूक्लियर परिसंपत्तियों को छिपाया था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने इजराइल के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर और जेट फ्यूल प्रोडक्शन फैसिलिटी पर जवाबी हमले की जिम्मेदारी ली है। यरुशलम और तेल अवीव सहित प्रमुख इजरायली शहरों में हवाई हमले के सायरन बजने की सूचना मिली है। सायरन की यह आवाजें ईरानी हमलों की गंभीरता को बयां करती हैं।

## सुडोकू 6945

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 8 | 1 | | | | 3 |
| | | | 4 | | | 5 | 1 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| 5 | | | | 3 | 9 | 4 | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 16 जून, 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आज का दिन आप के लिए लाभदायी है। व्यापार में भी अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना अधिक है। आय की वृद्धि होगी। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक कार्यक्रम में आप दिनभर व्यस्त रह सकते हैं।

वृषभ - आज आप व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाओं से व्यवसाय में आपको लाभ होगा। हालांकि सफलता में विलंब हो सकता है। दोपहर के बाद व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण बनेगा।

मिथुन - नेगेटिव विचारों को मन से दूर रखें। खान-पान में ध्यान रखें। वाहन चलाते समय आज बहुत सावधानी रखें। आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। किसी कारण से बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

कर्क - स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होने से आज मन खुश रहेगा। नए वस्त्र खरीदने की योजना बना सकते हैं। आर्थिक मामलों में आपका दिन अच्छा रहेगा। दोपहर बाद किसी बात को लेकर डिसीजन नहीं ले पाएंगे।

सिंह - आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। व्यापार में धन की योजना पूरी कर पाएंगे। उचित कारणों पर धन खर्च होगा। विदेश के कामों से लाभ होने की संभावना है। आय की वृद्धि होने से धन की कमी नहीं रहेगी।

कन्या - आज का आप का दिन सुख-शांति से गुजरेगा। आभूषणों की खरीदारी करेंगे। कला और संगीत में भी आज रुचि रहेगी। व्यापार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा दिन है। धन के मामलों में सरलता रहेगी।

तुला - आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक ताज़गी और मानसिक प्रसन्नता का अभाव रहेगा। परिवार में उग्र वातावरण रह सकता है। सामाजिक जीवन में मानहानि का प्रसंग बन सकता है। वाणी पर कंट्रोल रखें।

वृश्चिक - आज संपत्ति के कामों में बहुत ध्यान रखना होगा। व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल है। भाई-बंधुओं का व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। विरोधी परास्त होंगे।

धनु - आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आज का दिन आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लिए बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। दोपहर के बाद स्थिति अनुकूल रहेगी।

मकर - आज धार्मिक कामों में आपकी रुचि रहेगी। व्यापार के लिए वातावरण अनुकूल रहेगा। आप के हर काम सरलता से पूरे कर सकेंगे। जीवन में भी आनंद बढ़ जाएगा।

कुंभ - धार्मिक और सामाजिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। सम्बंधियों और मित्रों के साथ विवाद हो सकता है। वाहन चलाने या नया कोई इलाज शुरू करने में आपको सावधानी रखना होगी।

मीन - व्यापार के लिए आज का दिन लाभप्रद रहेगा। नया कोई रिश्ता भी बन सकता है। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। प्रवास-पर्यटन होगा। मित्रों से उपहार मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूएई ने की पश्चिमी एशिया में तनाव पर फ्रांस व इटली के नेताओं से चर्चा



**अबू धाबी,** 15 जून (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने पश्चिमी एशिया में हाल के घटनाक्रमों, खासकर ईरान पर इजरायली हमलों के बाद स्थिति पर चर्चा करने के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ अलग-अलग टेलीफोन पर बातचीत की।

एमिरेट्स न्यूज़ एजेंसी ने शनिवार को बताया कि बातचीत के दौरान नेताओं ने बढ़ते तनाव पर चर्चा की और अधिकतम संयम बरतने पर जोर दिया। उन्होंने तनाव को और बढ़ने से रोकने और विवादों को कूटनीतिक तरीकों से सुलझाने की आवश्यकता बतायी ताकि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनी रहे। बातचीत में यूएई के फ्रांस और इटली के साथ रणनीतिक संबंधों को भी रेखांकित किया गया और आपसी हितों के लिए सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई गई।

## कंबोडिया ने संरा न्यायालय से थाईलैंड के साथ सीमा विवादों के लिए समाधान का किया अनुरोध



**नोम पेन्ह,** 15 जून (एजेंसियां)। कंबोडिया ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) न्यायालय से थाईलैंड के साथ सीमा विवादों के लिए समाधान का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री हुन मानेट ने कहा कि कंबोडिया ने रविवार को संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) को एक आधिकारिक पत्र प्रस्तुत कर थाईलैंड के साथ चार विवादित सीमा क्षेत्रों के लिए न्यायालय से समाधान का अनुरोध किया।

श्री मानेट ने कहा कि कंबोडिया को पड़ोसी देशों के साथ अपनी सीमा रेखा निर्धारित करने में केवल न्याय, निष्पक्षता और स्पष्टता की आवश्यकता है ताकि भविष्य की पीढ़ियों को एक-दूसरे के साथ अंतहीन मुद्दे न हों। यह कदम 28 मई को दोनों देशों के सैनिकों के बीच कुछ देर के लिए हुई गोलीबारी के बाद उठाया गया। इस गोलीबारी में कंबोडिया के एक सैनिक की मौत हो गई।

## ऑस्ट्रेलिया से आने वाले चीन के यात्रियों को न्यूजीलैंड में वीजा छूट की सुविधा



**वेलिंगटन,** 15 जून (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड सरकार ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया से यात्रा करने वाले चीन के नागरिकों के लिए वीज़ा छूट नीति की घोषणा की। इमिग्रेशन न्यूज़ीलैंड के अनुसार नवंबर 2025 से ऑस्ट्रेलिया में वैध वीजा रखने वाले चीन के पासपोर्ट धारकों को वीज़ा के बजाय न्यूज़ीलैंड इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल अथॉरिटी (एनजेडईटीए) के जरिये तीन महीने तक न्यूजीलैंड आने की अनुमति दी जाएगी। यह छूट केवल ऑस्ट्रेलिया में रुकने वाले चीन के नागरिकों के लिए है, आवागमन करने वाले यात्रियों पर लागू नहीं होगी। आवेदकों को अभी भी एनजेडईटीए के लिए मानदंड पूरा करना होगा। आज वीज़ा छूट की घोषणा 12 महीने के लिए एक परीक्षण नीति है जिसका उद्देश्य चीनी पर्यटकों के लिए न्यूजीलैंड को अधिक आकर्षक बनाना है।

## शुल्क विवादः यूरोपीय संघ अमेरिका से उत्तम व्यापार के लिए प्रतिबद्ध

■ **अमेरिका की ओर से स्टील व एल्युमिनियम आयात पर शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लागू**

**ब्रुसेल्स,** 15 जून (एजेंसियां)। यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर हुई बातचीत में कहा कि ईयू नौ जुलाई से पहले उनके साथ एक 'उत्तम' व्यापार समझौता करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ईयू अध्यक्ष ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रपति श्री ट्रम्प के साथ उनकी बातचीत अच्छी रही। इस बीच अमेरिका की ओर से स्टील और एल्युमिनियम आयात पर शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लागू हो गया है(

## ट्रम्प प्रशासन ने आप्रवासियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाई : रिपोर्ट



■ **आव्रजन एजेंटों को खेतों, रेस्तरां व होटलों में गिरफ्तारी बंद करने का दिया निर्देश**

**न्यूयॉर्क,** 15 जून (एजेंसियां)। अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने आव्रजन एजेंटों को खेतों, रेस्तरां और होटलों में गिरफ्तारी बंद करने का निर्देश दिया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह नीतिगत बदलाव इस चिंता के बीच किया गया है कि हालिया आव्रजन कार्रवाई से इन उद्योगों को नुकसान हो सकता है। शनिवार को नाम न बताने की शर्त पर सूत्रों के हवाले से कहा गया कि ये उद्योग बड़े पैमाने पर अप्रवासियों के श्रम पर निर्भर हैं, जिनमें से कई अवैध रूप से अमेरिका में हैं।

यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करने एवं निर्वासित करने के लिए पूरे देश के कार्यस्थलों पर छापेमारी तेज कर दी है।

आईसीई एजेंटों द्वारा प्रवासियों को खेतों और कार वॉश में हिरासत में लेने की घटनाएं पिछले सप्ताह सुर्खियों में रही हैं। प्रवासियों पर कार्रवाई के बाद लॉस एंजेलिस और न्यूयॉर्क सहित कई अमेरिकी शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है।

## वर्ग पहेली 6945

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. हिमाकत, हानिकर या अनुचित, साहस,धृष्टता
३. कानूनी,विधिसम्मत
५. अवहेलना, अवमान
६. खुशामद बसंद (उर्दू)
७. देखना
९. एक तीक्ष्ण गंध वाला खनिज जिससे बारूद आदि बनाया जाता है
१०. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१२. बढ़िया,श्रेष्ठ
१३. वगैरह
१४. फैलाना
१६. पर्यन्त
१८. वरयात्रा
२०. निषेध
२१. रुचि के अनुकूल
२३. श्रीकृष्ण, शिव

**ऊपर से नीचे:-**
१. अपशब्द, गाली
२. आक्रमणकारी
३. विज्ञान संबंधी, विज्ञान का ज्ञाता
४. झरना
५. एक पौधा, जिसकी जड़ दवा के काम आती है
८. नाना का पिता
१०. पुत्री का पुत्र
११. भेड़ या बकरी का बच्चा
१२. उगा हुआ
१३. ठेका, पट्टा, एकाधिकार
१४. मशविरा
१५. जिसमें खून न हो
१७. दाग, धब्बा
१८. एक प्रकार का खाद्यान्न
१९. वृक्ष, पेड़
२२. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6944

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ह | स्त | २ मि | ला | ३ प | ■ | ४ बे | गु | ५ ना | ह |
| त | ■ | थ्या | ■ | ६ रि | हा | ई | ■ | खु | ■ |
| ७ प्र | स | व | ■ | ण | ■ | ८ मा | ल | दा | ९ र |
| भ | ■ | च | ■ | १० ग | र्ज | न | ■ | ■ | क्त |
| ■ | ११ ज | न | १२ ही | न | ■ | ■ | १३ शै | श | व |
| ■ | ल | ■ | न | ■ | १४ शि | थि | ल | ■ | र्द्ध |
| १५ स | ज | १६ ग | ता | ■ | क | ■ | १७ जा | १८ त | क |
| रे | ■ | त | ■ | १९ आ | वा | २० ज | ■ | र्ज | ■ |
| २१ आ | वा | रा | ■ | क्षे | ■ | २२ ग | जा | न | २३ न |
| म | ■ | २४ ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | बी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1606–जहाँगीर के शासनकाल में गुरु अर्जुन देव को लाहौर (पाकिस्तान) में भयंकर यातना देकर मार डाला गया।
1858–प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोरार की लड़ाई लड़ी गई।
1903–फोर्ट मोटर कंपनी चालू हुई।
1911–न्यूयार्क में आईबीएम कंपनी की स?थापना। पहले इसका नाम कंप्यूटिंग टैब्यूलेटिंग रिकार्डिंग कंपनी था।
1920–हिन्दी फ़िल्मों के पार्श्वगायक और संगीतकार हेमन्त कुमार का जन्म।
1925–महान स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का निधन।
1944–भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रफुल्ल चंद्र राय का निधन। उन्हें %रसायन विज्ञान का जनक% माना जाता है।
1950–हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का जन्म।
1963–रूस की 26 वर्षीय अंतरिक्ष यात्री लेफ्टिनेंट वैलेनटीना तेरेशकोवा ने वोस्तोक 6 के जरिए अंतरिक्ष की उड़ान भरी। वह अंतरिक्ष की अथाह गहराइयों की ओर रवाना हुई विश्व की पहली महिला थीं।
1976–भारत के एक प्रसिद्ध चिकित्सा वैज्ञानिक रोहित श्रीवास्तव का जन्म।
1983–छत्तीसगढ़ के %गुरु घासीदास विश्वविद्यालय% की स्थापना हुई।
2001–अमेरिकी राष्टपति बुश की पांच दिवसीय यूरोप यात्रा रूस में समाप्त, पुतिन ने अमेरिकी प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम का विरोध किया।
2006–नेपाल में माओवादी अंतरिम सरकार में शामिल होने पर सहमत।
2007–सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में लगातार सबसे लम्बे समय तक रहने वाली महिला बनीं। एड्स पर जागरूकता फैलाने के लिए शिल्पा को सिल्वर स्टार अवार्ड से नवाजा गया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटना...**

थे। पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर, राजस्थान के रहने वाले थे। आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने बताया कि आग में झुलसने की वजह से डेड बॉडी को आईडेंटिफाई करने में मुश्किल हो रही है। मृतकों का डीएनए टेस्ट होगा, उसके बाद ही शव परिजन को सौंपेंगे।

हादसे में जान गंवाने वालों में पायलट राजवीर सिंह (जयपुर, राजस्थान), विक्रम सिंह रावत (ऊखीमठ, उत्तराखंड), विनोद देवी और तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश), राजकुमार सुरेश (गुजरात), श्रद्धा राजकुमार जायसवाल और काशी (महाराष्ट्र) शामिल है।

हवाई सेवा के बाद पैदल यात्रा भी स्थगित

जंगलचट्टी के पास गधेरे में मलबा पत्थर गिरने से केदारनाथ धाम जाने वाला मार्ग टूट गया है। इसके बाद प्रशासन ने सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम तक का मार्ग अगली सूचना तक बंद कर दिया है। इससे केदारनाथ पैदल यात्रा अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे जहां हो उसके पास सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

**पुणे में इंद्रायणी नदी पर...**

के रास्ते में एक्सप्रेसवे में एंट्री करने से पहले स्थित है। वीकेंड पर यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं।

जर्जर अवस्था में था पुल-शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह पुल पहले से ही बहुत खराब और जर्जर स्थिति में था। हादसे के समय पुल पर क्षमता से अधिक पर्यटक मौजूद थे। लोग टू-व्हीलर और मोटरसाइकिल ले जा रहे थे। इसी वजह से पुल भार सहन नहीं कर सका। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, ग्रामीण और आपदा राहत कर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। स्थानीय निवासी रघुविर शेलार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि करीब 100 से अधिक पर्यटक पुल पर घूमने के लिए आए थे, जिनमें से 20 से 25 लोगों को स्थानीय निवासियों ने रेस्क्यू किया है।

**कोंडागांव में 308 करोड़ की ...**

मार्ग उपलब्ध होगा, बल्कि वाहन चालकों को तेज, सुगम और निर्बाध यात्रा का अनुभव भी मिलेगा। बाईपास निर्माण से शहरी क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को जाम और दुर्घटना की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही प्रदूषण के स्तर में भी गिरावट आएगी, जिससे पर्यावरणीय संतुलन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**विजय रूपाणी के शव की ...**

जाएगा, जहां अंतिम संस्कार होगा। राज्यभर के कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने आएंगे।

22 शव परिजन को सौंपे गए-इनमें से 31 की शिनाख्त हो गई है, 22 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है।

कांग्रेस के आतंकवाद को समर्थन दिए जाने से इंकार करते हुए राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि पार्टी ने कभी आतंकवाद का समर्थन नहीं किया।कांग्रेस स्वयं आतंकवाद की सबसे बड़ी शिकार रही है। कांग्रेस ने अपने बड़े-बड़े नेता खोए हैं।कोई अगर कहता है कि कांग्रेस आतंकवाद के साथ है, तो इसके बड़ा मजाक कुछ नहीं।

**कांग्रेस ने कभी आतंकवाद का ...**

खत्म हुआ है।बहुत कुछ खत्म हुआ, जब केंद्र और राज्य सरकार ने सहयोग किया।

नक्सलवाद के खिलाफ निरंतर सरकारों ने काम किया है-उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के सहयोग से मौजूदा सरकार ने जो किया, यह निरंतर चलने वाली गतिविधियां हैं। समाज को समस्याओं के निवारण के लिए, और जो लोग हिंसा में जुड़े हैं, जिनके खिलाफ भी पूर्व सरकारों के द्वारा कार्रवाई की जारी रही है।इसमें भूपेश बघेल की सरकार हो या विष्णुदेव साय की सरकार हो, दोनों ने काम किया है।

नक्सली बात करें तो इससे बढ़िया कुछ नहीं-वहीं तेलंगाना में नक्सलियों से शांतिवार्ता करने को सरकार तैयार है क्या? छत्तीसगढ़ में यह पहल होनी चाहिए? इस सवाल पर सांसद शुक्ला ने कहा कि अगर वह बातचीत करना चाहते हो तो इससे बढ़िया कुछ नहीं है। अगर बातचीत करने को तैयार नहीं है, तो सरकार को सशस्त्र बलों का सहारा लेना पड़ता है।

छग के सवाल सबसे ज्यादा मैं उठाता हूं-छत्तीसगढ़ सांसद के तौर पर संसद में प्रदेश के मुद्दे उठाए जाने के सवाल पर राजीव शुक्ला ने कहा कि सबसे ज्यादा विषय छत्तीसगढ़ के मैं ही संसद में उठता हूं। आप लगातार प्रश्न देखिए। स्पेशल मेंशन देख लिजिए, जीरो अवर देखिए। जरूरत पड़ती है, उस हिसाब से मैं आता हूं। कहने को कोई भी आलोचना करता रहे।

**ट्रंप की आव्रजन नीति के...**

लेकर एकत्रित हुए थे। भीड़ ने क्लासिक धुन 'टेक मी आउट टू द बॉल गेम' का विरोध संस्करण 'टेक ट्रंप आउट ऑफ द व्हाइट हाउस' के रूप में गाया। नैशविल में टेनेसी स्टेट कैपिटॉल के पास 1,000 से अधिक लोग एकत्र हुए। इन लोगों ने निष्ठा की प्रतिज्ञा ली, जो देशभक्तिपूर्ण कविता है और अमेरिका तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति निष्ठा का वादा करती है।

**पुलिस द्वारा कोई गिरफ्तारी नहीं की गई**

पुलिस के अनुमान के मुताबिक, न्यूयॉर्क शहर में लगभग 50 हजार लोग सड़कों पर उतरकर नारे लगा रहे थे, हमें क्या चाहिए? कोई आईसीई नहीं, हमें कब चाहिए? अभी। भीड़ ने जो बैनर लहराए, उस पर लिखा था, 'कोई निर्वासन नहीं', 'ट्रंप को जाना चाहिए', 'कोई न्याय नहीं, कोई शांति नहीं'।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, पुलिस द्वारा कोई गिरफ्तारी नहीं की गई।

## दुनिया को जानें

# एक्सिओम-4 मिशन 19 जून को होगा लांच

**नई दिल्ली,** 14 जून (एजेंसियां)। एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग पर ताजा अपडेट आया है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि 19 जून को एक्सिओम-4 मिशन लॉन्च होगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्च तारीख अब 19 जून 2025 के लिए फिर से निर्धारित की गई है। साथ ही स्पेस एक्स टीम ने पुष्टि की है कि लॉन्च को पहले स्थगित करने वाले सभी मुद्दों पर पूरी तरह से काम किया गया है।

भारत के लिए एक्सिओम-4 मिशन काफी अहम है, क्योंकि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के रूप में पहला भारतीय अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाएगा। 39 वर्षीय शुभांशु शुक्ला को जून 2006 में भारतीय वायुसेना में कमीशन मिला। उन्हें 2000 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव हासिल है। वे सुखोई-30 एमके 1, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर और एएन-32 जैसे फाइटर जेट्स को उड़ा चुके हैं।

# देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा धर्मनगरी राजिम में 20 लाख की लागत से ले रहा आकार

## साई मंदिर के सामने एन एच 130 सी चौबेबांधा तिराहा पर बनाया जा रहा अटल चौक



**राजिम,** 15 जून (देशबन्धु)। भारत रत्न, देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा धर्म नगरी राजिम में भी स्थापित होने जा रही है। इसे साई मंदिर के पास आकर्षक लुक में बनाया जा रहा है जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के पिछले कार्यकाल के सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया था जिसके मुताबिक संत कवि पवन दीवान और देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाकर चौंक बनाने की सहमति बनी थी। नगर पंचायत ने शासन तक अपनी बात पहुंचाई और प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति भी मिल गई। काम भी शुरू हो गया है और चबूतरा के बाद एक और चबूतरा जिसमें चढ़ने के लिए सिढ़ी बनाया जा रहा है। प्रतिमा के पीछे की ओर दीवाल गढ़ी जा रही है। हर संभव इसे आकर्षक लुक देने में लगे हुए हैं। इनके बन जाने से धर्म नगरी की शोभा में चार चांद लगेगी। यह सीधे चौबेबांधा तिराहा राष्ट्रीय राजमार्ग का क्रमांक 130 सी पर है। उल्लेखनीय है कि इस नगरी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं आदिकवि पंडित सुंदरलाल शर्मा की प्रतिमा का लोकार्पण सन 1984 में देश के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने किया था तब से इस चौंक का पंडित सुंदरलाल शर्मा चौंक पड़ा है। इसी तरह से गायत्री मंदिर के पास भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी एवं बड़े नेता सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा लगी हुई है जिसके चलते इसे भी सुभाष चंद्र बोस चौंक कहा जाता है। वीआईपी मार्ग पर अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल के आदमकद प्रतिमा लगे हुए हैं। इस स्थान को भी पंडित श्यामाचरण शुक्ला चौंक के नाम से जाना जाता है। हाल ही में कुछ महीने पहले छुरा एवं गरियाबंद सड़क मार्ग तिराहे पर राजिम भक्तिन माता चौंक बनाया गया है। इसके लिए पूर्ववर्ती सरकार ने राशि स्वीकृत किया था। यह बनकर तैयार हो गया है और इनका लोकार्पण भी हो चुका है। यह चौराहा अपनी आकर्षक से लोगों को प्रभावित कर रही है जिसके चलते यहां रुकने वाले यात्रीगण सेल्फी लेना नहीं भूलते हैं। जानकारी के अनुसार शहर में अटल जी की प्रतिमा स्थापित होने के बाद प्रतिमा वाले यह पांचवां चौंक होगा। इस संबंध में नगर पंचायत के सीएमओ मनीष गायकवाड ने बताया कि इसके लिए नगर पंचायत को 20 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

### सन् 2015 में मिला अटल को भारत रत्न

अटल बिहारी वाजपेयी देश के दसवें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने प्रधानमंत्री का पद तीन बार संभाला। वह पहले 13 दिन के लिए 16 मई 1996 से 1 जून 1996 तक प्रधानमंत्री बने। दूसरी बार 8 महीने के लिए 19 मार्च 1998 से 13 अक्टूबर 1999 तथा तीसरी बार 13 अक्टूबर 1999 से 22 मई 2004 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। वह हिंदी कवि, पत्रकार व एक प्रखर वक्ता थे। भारतीय जन संघ के संस्थापकों में एक थे और 1968 से 1973 तक उनके उपाध्यक्ष भी थे। उन्होंने लंबे समय तक राष्ट्र धर्म पांचजन्य पत्र और वीर अर्जुन आदि राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत अनेक पत्र पत्रिकाओं का संपादन भी किया। अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न सन् 2015 में मिला। उन्हें यह सम्मान सर्वोच्चमुखी विकास के लिए दिया गया।

# पांच वर्षों से रक्तदान करते आ रहे युवक का भिलाई में किया गया सम्मान



**बागबाहरा,** 15 जून (देशबन्धु)। अंचल के ग्राम पंचायत कुम्हारीमुड़ा तेन्दूकोना के जागरूक युवक संतोष कुमार सेन के द्वारा लगातार 5 वर्षों से रक्तदान करने पर सुपेला भिलाई के कार्यक्रम में उन्हें मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके कारण क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को मां कर्मा भवन सुपेला, भिलाई में रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन रेड ड्रॉप्स फ्रेंड्स क्लब भिलाई द्वारा किया गया। जिसमें मां महामाया रक्तदाता सेवार्थ समिति महासमुंद की सेवा 10 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू के हाथों सम्मानित किया गया। जिसमें संस्था के सदस्य रवि साहू, इंद्रजीत सोनवानी, राहुल साहू, ओमप्रकाश साहू आदि सम्मिलित हुए।

ग्राम पंचायत कुम्हारीमुड़ा तेन्दूकोना के 27 वर्षीय युवक संतोष कुमार सेन ऐसे ही एक शख्स है। जो स्वयमेव होकर लगातार 5 वर्षों से रक्तदान करते आ रहे हैं। उनके दान किए हुए रक्त से अनेक लोगों की जान बची है। जिसकी क्षेत्र में जमकर प्रशंसा की जा रही है। वे एक ऐसे शख्स हैं, जिनको रक्तदान कर दूसरे के जिंदगी को बचाने में लगे हुए हैं। जिसकी जितनी भी सराहना की जाए, बहुत ही कम है। रक्तदान करने के क्षेत्र में युवाओं को वे हमेशा प्रेरित करते रहते हैं। ताकि उनके खून से किसी की जिंदगी को बचाया जा सके।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया है कि इस क्षेत्र में बढ़ते कदम को आगे बढ़ाने का भरपुर प्रयास करें। ताकि रक्तदान करने वालों के कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

# केसदा के संभव स्पंज उद्योग जन सुनवाई का विरोध



**कोहका नेवरा,** 15 जून (देशबन्धु)। बलौदा बाजार जिला सिमगा ब्लांक के ग्राम केसदा जो कि तिल्दा-नेवरा शहर से करीब 10 किमी की दूरी पर है, वहां पर संभव स्पंज उद्योग प्रस्तावित है, जिनका पर्यावरण स्वीकृति जनसुनवाई 16 जून 2025 को होना है। इस जनसुनवाई को लेकर जहां ग्रामीणों के विरोधी स्वर मुखर हो रहे हैं, पता चला है वहीं पर ह्व्ह्ष्ट को लेकर ग्राम पंचायत पर उंगली उठ रही है। सूत्रों का माने तो पंचायती राज अधिनियम धारा 40 के तहत नियम के विपरित प्रस्तावित उद्योग को ह्व्ह्ष्ट प्रदान किया गया है। जो ग्रामीणों के संज्ञान में भी नहीं था, जिसके चलते ग्रामीणों के मध्य नाराजगी व्याप्त है। कहा जा रहा है कि कथित प्रस्तावित उद्योग का पूर्व से तीन यूनिट संचालित है, कहा जा रहा है कि तीनों यूनिट का उद्योग स्थापित करने के पहले मैनेजमेंट के द्वारा बड़े बड़े वादा किये गये थे, लेकिन वह वादा महज कागजों एवं जुबां तक ही सीमित रहा। जिसके चलते संचालित क्षेत्र के ग्रामीणों में पछतावा व आक्रोश बहुत ज्यादा व्याप्त है। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में किसी भी उद्योग को विकास की कुछ शर्तों के आधार पर मंजूरी दी जाती है, लेकिन अब सवाल यह उठता है कि जब इस उद्योग का तीन यूनिट पूर्व से संचालित हो रही है और वह ग्रामीणों के साथ किये गये वादों पर खरा नहीं उतरा है, सिर्फ लाली पाप दे दिया जाता है तो फिर इस क्षेत्र में उद्योग लगने से क्षेत्र की क्या दुर्दशा होगी सोचने का विषय है। जानकारी में आया है कि ग्रामीणों का आक्रोश इस तरह फूट पड़ा है, कि पर्यावरण स्वीकृती जनसुनवाई हेतु लगाई गई पंडाल को प्रभावित किया गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्रामीणों का नाराजगी कितने चरम सीमा पर है। जिसको लेकर दास जी साहू ट्ठ राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के प्रदेश महासचिव एवं जिला अध्यक्ष रायपुर, बलौदाबाजार जिला के जिला अध्यक्ष गोपी साहू, तहसील अध्यक्ष मोहन साहू, तहसील अध्यक्ष ममता पैकरा, तहसील अध्यक्ष श्रीमती अनिता संतोष कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष दानेश्वरी संतोष नायक, जिला अध्यक्ष अंजली आलोक दुबे, जिला उपाध्यक्ष राधा देवनाथ, जिला उपाध्यक्ष तखत राम साहू पुर्व सरपंच, तहसील अध्यक्ष मोहन साहू, तहसील महामंत्री जुड़ावन साहू, तहसील महामंत्री गोविंद राम कुंवर दादर, तहसील उपाध्यक्ष अरविंद नायक, तहसील उपाध्यक्ष पंडित संतोष जोशी, ग्राम अध्यक्ष दारा सिंह जोशी, ग्राम अध्यक्ष जनक लाल जोशी, जिला अध्यक्ष रमेश साहू, तहसील अध्यक्ष कुंज राम यदु, शहर अध्यक्ष भावेश साहू, मिडिया प्रभारी किशोर साहू, जिला महामंत्री दुर्गेश देवांगन, प्रदेश सचिव जगन्नाथ देवांगन, श्रवण कुमार देवांगन, मुस्लिम मंच के तहसील अध्यक्ष शब्बीर अहमद खान, प्रदेश महामंत्री सिद्धि नाथ देवांगन, प्रदेश महामंत्री डॉ गोपा शर्मा।

# भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए विश्व को अपनी ताकत दिखा दी : बृजमोहन



**महासमुंद,** 15 जून (देशबन्धु)। रायपुर सांसद व प्रदेश के पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को यहाँ एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये विश्व को अपनी ताकत दिखा दी। चीन और अमेरिका भी हतप्रभ हैं। उन्हें लगा कि भारत की इतनी बड़ी सैन्य शक्ति को नहीं रोका गया तो पाकिस्तान खत्म हो जाएगा। और ऐसा हुआ तो विश्व में असंतुलन की स्थिति बन जाएगी। हमारा देश वसुधैव कुटुम्बकम को मानने वाला देश है। पाकिस्तान ने घुटने टेककर युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा तब भारत ने युद्ध विराम किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध नहीं रूकवाया। श्री अग्रवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल की उपलिब्धयाँ भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों को बताया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुये कहा गया है कि विकसित भारत के अमृतकाल के 11 वर्ष तब पूरे हो रहे हैं जब ऑपरेशन सिंदूर का डंका बज रहा है। इस पर उनसे सवाल किया गया कि ट्रम्प के कहने पर सीज फायर क्यों किया गया, पाकिस्तान के 4 टुकड़े क्यों नहीं किए गए, इस पर उन्होंने उपरोक्त जवाब दिया। इसी तरह मोदी सरकार के कार्यकाल में 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आने की जानकारी भी दी गई है। इस पर यह सवाल पूछा गया कि ऐसा है तो 80 करोड़ लोगों को आज भी मुफ्त सस्ता अनाज देने बात कही जा रही है। यह आंकड़ों की विसंगति है क्या, श्री अग्रवाल ने कहा कि गरीबी रेखा से बाहर आने के बाद भी उन्हें मुफ्त सस्ता अनाज देने का उद्देश्य उनका जीवन स्तर ऊँचा उठाना है। इससे जो पैसे बचेंगे उसे वे बच्चों की पढ़ाई, घर निर्माण या अन्य जरूरतों पर खर्च करेंगे। इससे उनका जीवन स्तर ऊँचा उठेगा।

### मोदी है तो मुमकिन है

श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल की उपलिब्धयों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि मोदी है तो मुमकिन है यह केवल नारा नहीं है। वरन एक जमीनी सच्चाई है। 75 साल के इतिहास में अन्य राजनीतिक दल या प्रधानमंत्री जो नहीं कर पाये वो श्री मोदी ने कर दिखाया। 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी। लेकिन, अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं। पहले सरकारी योजनाओं के पैसे बिचौलिये खा जाते थे। लेकिन, डीबीटी के माध्यम से सीधे अब जनता के अकाउंट में पैसे पहुँच रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है। पहले हम इम्पोर्ट पर आश्रित थे, आज मेक इन इंडिया की ताकत से एक्सपोर्ट में लीड कर रहे हैं। पहले हम दुनिया की अस्थिर अर्थव्यवस्था में आते थे, आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

### बदलते भारत की तस्वीर

ऑपरेशन सिंदूर सिर्फएक सैन्य मिशन नहीं है ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त कर यह दिखा दिया कि अब मोदी का यह नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि, घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है। पूरे विश्व को प्रधानमंत्री मोदी जी ने स्पष्ट कर दिया कि भारतीय धरती पर किसी भी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। जेम पोर्टल से खरीद में भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त हो चुका है। डीबीटी की शुरुआत कर 44 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचाना शुरू कर दिया। जिससे दलालों की भूमिका खत्म हो गई और भ्रष्टाचार कम हो गया। व्यापार को आसान बनाने वाली नीतियों के परिणामस्वरूप 2023.24 में 1.80 लाख से अधिक नई कंपनियां भारत में रजिस्टर हुई। नई कर व्यवस्था के तहत 12.75 लाख तक की आय पर टैक्स छूट है। 2024 में चंद्रयान.3 की सफलता और अब गगनयान की तैयारी चल रही है।

### 99 प्रतिशत गांव सड़कों से जुड़े

99 प्रतिशत गाँव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं, प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है। रेलवे बजट को 9 गुना बढ़ाया गया, 136 वंदे भारत ट्रेनें चल रही है। 103 अमृत भारत स्टेशन पुनर्निर्मित किए गए। कृषि बजट को रिकार्ड 5 गुना बढ़ाया गया है। 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख करोड़ दिए, 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बने, 15 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचा। 93000 करोड़ से 112 सिंचाई परियोजनाएं शुरू हुई हैं। एम्स की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। 8 नए आईआईएम, 7 नए आईआईटी और 490 नई यूनिवर्सिटी स्थापित की गई है। 16 करोड़ युवाओं को ट्रेनिंग मिली है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना और 1.6 लाख से ज्यादा स्टार्टअप्स ने 17.6 लाख से अधिक नौकरियां दी।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत




**गरियाबंद,** 15 जून (देशबन्धु)। 16 जून से जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुवात होगी। अभियान के तहत जिले के कुल 334 गांवों में 31 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत शनिवार सुबह कलेक्टर बी.एस उइके ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। यह रथ गांवों में जागकर धरती आबा अभियान के संबंध में लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने प्रेरित करेगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री उइके ने बताया कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के सर्वागीण विकास तथा अंतिम व्यक्ति को पात्रता अनुसार व्यक्तिगत लाभों से संतृप्त किया जाना है। इसके तहत जिले में 30 जून तक कुल 31 शिविरों का आयोजन किया जायेगा। 16 जून को ग्राम पंचायत भवन मुड़ागांव एवं कोसमबुड़ा में शिविर लगेगी। मुड़ागांव के शिविर में क्लस्टर के आठ ग्राम पंचायतों परसदाखुर्द, नवापारा भ, कसेकेरा, बोडराबांधा ब, अकलवारा, अमेठी, अमलोर एवं मुड़ागांव के ग्रामीणजन शामिल होंगे। इसी प्रकार कोसमबुड़ा के शिविर में नागाबुड़ा, बारूला, भुंजियामुड़ा, कोसमबुड़ा, पंडरीपानी, गुजरा, हाथबाय एवं तेंदूबाय ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे। शिविर के लिए चिन्हांकित गांवों में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है।

**कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया जागरूकता रथ**

कलेक्टर उइके ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जनजाति बाहुल्य कुल 334 ग्राम का चयन किया गया है। जिसमें विकासखंड-गरियाबंद अंतर्गत 126 ग्राम, मैनपुर अंतर्गत 144 ग्राम, छुरा अंतर्गत 50 ग्राम, फिंगेश्वर अंतर्गत 05 ग्राम एवं देवभोग अंतर्गत 09 ग्राम चयनित किया गया है। इन ग्रामों के ग्राम पंचायत मुख्यालयों में कुल 31 संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए जिला अधिकारियों को शिविर हेतु नोडल अधिकारी बनाया गया है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 17 मंत्रालयों के 25 योजनाओं से हितग्राहियों को संतृप्त किया जायेगा। इसके तहत लोगों को आवास, संपर्क सड़के, जल आपूर्ति, विद्युतीकरण, नई सौर उर्जा योजना और ऑफ ग्रिड सोलर, मोबाईल चिकित्सा इकाइयां आयुष्मान कार्ड, एलपीजी कनेक्शन आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

# आज से बारनवापारा अभयारण्य पर्यटकों के लिए रहेगा बंद



**बलौदाबाजार,** 15 जून (देशबन्धु)। बारनवापारा अभयारण्य 16 जून 2025 से आगामी पर्यटक सीजन अक्टूबर 2025 तक प्रतिवर्ष के भाँति अभ्यारण्य प्रबंधन हेतु पर्यटकों के लिये बंद रहेगा। गत वर्ष बारनवापारा अभयारण्य 15 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए पुन: प्रारम्भ किया गया था।

वनमंडल अधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील ने बताया कि आगामी सीजन में बारनवापारा प्रबंधन द्वारा सभी सफारी गेट में पर्याप्त वाहन उपलब्ध कराने के लिए आस-पास के बेरोजगार युवाओं को ऋण के माध्यम से सफारी वाहन जल्द ही उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही पर्यटकों के लिए अन्य सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा।

**आगामी सीजन में पर्यटकों की सुविधा में होगा विस्तार**

विशेष आकर्षण लेपर्ड सफारी -बारनवापारा अभयारण्य पर्यटकों के लिए लेपर्ड सफारी हेतु विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अभयारण्य में तेंदुए के साथ-साथ गौर, भालू, चीतल और 150 से अधिक प्रजाति के पक्षियां पाई जाती हैं।

## हथबंध की शिक्षिका ऋतु वर्मा सम्मानित

**खरोरा,** 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से 36 सक्रिय नवाचारी शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित नवाचारी क्रियाकलापों की पुस्तक उदीम सीखने-सिखाने का एक प्रयास का विमोचन लेखक व शिक्षकों का सम्मान रायपुर के वृंदावन हाल में पूर्व सांसद एवं दक्षिण विधायक सुनील सोनी के मुख्य आतिथ्य में किया गया, जिसमें विकास खंड सिमगा के ग्राम हथबंध के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला की नवाचारी शिक्षिका एवं लेखिका ऋतु वर्मा का सम्मान किया गया। इस मौके पर शिक्षिका ऋतु वर्मा ने कहा कि उदीम एक अनुपम संग्रह है। यह पुस्तक 2020 राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सक्रिय, भागीदारीपूर्ण एवं समावेशी शिक्षा की भावना को मूर्त रूप देने की एक पहल है।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SURAJ KUMAR YADAV S/O RAMESHWAR YADAV resident of WARD NO 05 MONET ROAD NEAR TOWER SAI COLONY MANDIRHASAUD RAIPUR (C.G.) have changed my old name SURAJ KUMAR YADAV S/O RAMESHWAR YADAV so in future I should be recognized by my new name that is SURAJ YADAV S/O RAMESHWAR YADAV in all Government and other documents.

**SURAJ YADAV**
WARD NO 05 MONET ROAD
NEAR TOWER SAI COLONY
MANDIRHASAUD RAIPUR
(C.G.)

**(FOR CHANGE/CORRECTION NAME AND DOB DEPENDENTS)**

I, the deponent, Service No. 760255F, Ex. Sgt. RAJENDRA THAKUR, resident of House No. 121, Ward No. 18, Kirandul, Dantewada, Dakshin Bastar, Chhattisgarh - 494556, do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows:

(a) I reside at the above-mentioned address.

(b) I am Ex. Sgt. RAJENDRA THAKUR, and my daughter's name, KUMARI ANANNYA, and date of birth, 23 FEB 2007 (23/02/2007), as recorded in my service records in the Air Force, are erroneous and incorrect."

(c) That my daughter's name has been changed from KUMARI ANANNYA to ANANNYA THAKUR, and her Date of Birth has been corrected from 23 FEB 2007 (23/02/2007) to 23 FEB 2008 (23/02/2008), as per Aadhaar Card No. 5742 9267 9857 and Class 10th Certificate Serial No. 1235256/068, due to an inadvertent mismatch in my Service Records in the Air Force.

(d) I am producing this Affidavit No. 10AA 627831 (for change/correction of my daughter's name) and Affidavit No. 10AA 627832 (for change/correction of my daughter's date of birth) as evidence for her name and date of birth.

(e) Both names, KUMARI ANANNYA (23 FEB 2007) and ANANNYA THAKUR (23 FEB 2008), pertain to one and the same person.(f) I shall henceforth be known and referred to my daughter as ANANNYA THAKUR, born on 23 FEB 2008 (23/02/2008), in all records, deeds, writings, and proceedings, whether private or official.

(g) I declare that the above statements are true and correct to the best of my knowledge, information, and belief, and nothing material has been concealed.

**Deponent**
**760255F Ex Sgt**
**RAJENDRA THAKUR**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**
**ईशतहार**
**क्रमांक/229/वा-1/अविअ/2025**
**महासमुंद, दिनांक 02.06.2025**
**ग्राम-परसकोल, प.ह.नं. 41**
**हेमलता चन्द्राकर पति होरीलाल चन्द्राकर, जाति कुर्मी निवासी ग्राम मचेवा, तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) आवेदिका**
**विरुद्ध**
**छ.ग. शासन अनावेदक**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-परसकोल, प.ह.नं. 41 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका हेमलता चन्द्राकर पति होरीलाल चन्द्राकर, जाति कुर्मी निवासी ग्राम खैरा तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा ग्राम परसकोल, प.ह. नं. 41, तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 824/1 रकबा 0.200 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद व्यवसायिक प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईशतहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईशतहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**महासमुन्द**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 10**
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 10/04/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. श्री अनुपम शर्मा पिता स्व. विमल कुमार शर्मा 2 निर्मल कुमार पिता जगदीश प्रसाद निवासी नेहरू नगर भिलाई छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 77, 78/68, 256/4 रकबा कुल 1.0120 हे. का नक्शा, दुरूस्त स्थल जांच न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 01.04.2025 के परिपालन में दिनांक 19.06.2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त नक्शा, दुरस्त स्थल जांच में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 74 के डुमरतराई मे स्थित कार्यालय मे मय दस्तावेज सहित स्वंय अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा / आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

सील **राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर 10**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**
**ईशतहार**
**क्रमांक / / तह./वा./25**
**सिमगा, दिनांक 13/06/2025**
**रा.प्र.क्र.. .../ब-121/2024-25**
**ग्राम दरचुरा प.ह.नं. 10**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक भानु पिता श्रीचंद जाति सतनामी निवासी ग्राम कोटा तहसील तिल्दा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी परदादा महेत्तर पिता अमोलचंद का (मृत्यु) दिनांक 26/03/2011 को ग्राम दरचुरा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 27/06/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 13/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**
**ईशतहार**
**क्रमांक / / तह./वा./25**
**सिमगा, दिनांक 13/06/2025**
**रा.प्र.क्र..... /ब-121/2024-25**
**ग्राम दरचुरा प.ह.नं. 10**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक भानु पिता श्रीचंद जाति सतनामी निवासी ग्राम कोटा तहसील तिल्दा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के परदादा घसिया पिता अमोलचंद का (मृत्यु) दिनांक 07/09/2013 को ग्राम दरचुरा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 27/06/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 13/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**
**ईशतहार**
**क्रमांक / / तह./वा./25**
**सिमगा, दिनांक 13/06/2025**
**रा.प्र.क्र........./ब-121/2024-25**
**ग्राम दरचुरा प.ह.नं. 10**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक भानु पिता श्रीचंद जाति सतनामी निवासी ग्राम कोटा तहसील तिल्दा मृत्यु ग्राम दरचुरा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक के दादा रामरतन पिता जीरराखन का (मृत्यु) दिनांक 12/07/2015 को ग्राम दरचुरा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 27/06/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 13/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी गया।

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 2.27 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.01 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.51 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.17 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.27 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.16 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.99 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.92 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.84 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,359 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,07,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# पवन ऊर्जा क्षमता बढ़कर 51.5 गीगावाट हुई : जोशी

■ **भारत की सौर ऊर्जा क्षमता ने पिछले 11 वर्षों में लगाई बड़ी छलांग**

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को कहा कि भारत की पवन ऊर्जा क्षमता में पिछले साल के 46.42 गीगावाट के मुकाबले 10.5 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 51.5 गीगावाट हो गई है।

ग्लोबल विंड डे के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा कि 51.5 गीगावाट क्षमता के साथ, हम इनोवेशन, ग्रीन टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल प्रोग्रेस द्वारा संचालित एक आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। जोशी ने कहा कि इस ग्लोबल विंड डे पर, आइए भारत की स्वच्छ ऊर्जा वृद्धि को गति देने वाली पवन ऊर्जा की शक्ति का जश्न मनाएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी वृद्धि देखी गई है। मंत्री के अनुसार, सौर ऊर्जा से लेकर पवन ऊर्जा तक, हमारा देश एक उज्जवल और अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मई में कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता पिछले साल के इसी महीने के 193.58 गीगावाट से बढ़कर 226.74 गीगावाट हो गई, जो सालाना आधार पर क्षमता में 17.13 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता में से सौर ऊर्जा क्षमता मई 2024 में 84.28 गीगावाट से 31.49 प्रतिशत बढ़कर 110.83 गीगावाट हो गई। भारत की सौर ऊर्जा क्षमता ने पिछले 11 वर्षों में एक बड़ी छलांग लगाई है, यह 2014 में मात्र 2.82 गीगावाट थी। सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता की स्थापना में विस्तार को सौर सेल और वेफर्स के मजबूत घरेलू उत्पादन द्वारा सपोर्ट किया गया है, यह 2014 में लगभग न के बराबर था। भारत ने अब 25 गीगावाट के सौर सेल और 2 गीगावाट के वेफर उत्पादन के साथ एक मजबूत आधार तैयार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में देश के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए 2030 तक अक्षय ऊर्जा क्षमता के लिए 500 गीगावाट तक बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है।



सौर ऊर्जा से लेकर पवन ऊर्जा तक भारत एक उज्जवल व अधिक टिकाऊ भविष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है : प्रह्लाद जोशी

## अडाणी ग्रीन एनर्जी ने एनएसई के ईएसजी रेटिंग में हासिल की शीर्ष रैंक



**मुंबई।** अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) को एनएसई सस्टेनेबिलिटी एंड एनालिटिक्स द्वारा पावर सेक्टर के लिए ईएसजी में पहली रैंक मिली है। एनएसई सस्टेनेबिलिटी एंड एनालिटिक्स, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक सहयोगी कंपनी है। इसके अतिरिक्त एजीईएल नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों में ईएसजी रेटिंग में शीर्ष 5 कंपनियों में से एक है। सूचीबद्ध कंपनियों के लिए ईएसजी रेटिंग को हाल ही में एनएसई द्वारा लांच किया गया था। एनएसई की रेटिंग के अनुसार, एजीईएल का पर्यावरण, सामाजिक और शासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन है। कंपनी की पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं, जो सामाजिक रूप से जिम्मेदार प्रैक्टिस और प्रभावी शासन द्वारा समर्थित हैं। यह एक परिपक्व सस्टेनेबल एप्रोच को दिखाता है। एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड के अनुसार, एजीईएल को 74 का प्रभावशाली ईएसजी स्कोर मिला, जो पावर सेक्टर में सबसे अधिक है। यह सस्टेनेबल प्रैक्टिस के प्रति एजीईएल की प्रतिबद्धता और पर्यावरण, सामाजिक और शासन मानकों को बनाए रखने के इसके निरंतर प्रयासों को दिखाता है। गौतम अडाणी ने वित्त वर्ष 25 की वार्षिक रिपोर्ट में एजीईएल के शासन और स्थिरता के प्रति समर्पण को बताया है, जिसमें कहा गया है, हमारा शासन वैश्विक स्तर के मानकों का है और हमारा अनुपालन ढांचे मजबूत और गैर-हस्तांतरणीय हैं। कंपनी ने 73 का उच्च सामाजिक स्कोर भी अर्जित किया, जो दिखाता है कि कंपनी कर्मचारियों, ग्राहक सुरक्षा और सामुदायिक कल्याण पहलों के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा उपायों पर भी अपना ध्यान केंद्रित करती है।

## वित्त मंत्री ने लद्दाख में महिला उद्यमियों के साथ की मुलाकात

**झलेह,** 15 जून (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लद्दाख क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और स्थानीय उद्यमियों द्वारा स्थानीय हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की एक प्रदर्शनी का दौरा किया। उन्होंने कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएचजी और स्थानीय उद्यमियों के साथ बातचीत की, जिन्होंने अपने स्टॉल पर पारंपरिक शिल्प और हथकरघा वस्त्र का प्रदर्शन किया। वित्त मंत्री ने कारीगरों की उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता की सराहना की, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका के बारे में बताया। यह पहल महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए केंद्र की समावेशी विकास नीति का हिस्सा है। वित्त मंत्री लद्दाख के चार दिवसीय दौरे पर हैं। वह क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में क्रेडिट की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए एक क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्री लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल (एलएएचडीसी) के पार्षदों और लद्दाख प्रशासन के साथ बातचीत करेंगी। वह अपने दौरे के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगी। मोदी सरकार ने प्रमुख डीएवाई-एनआरएलएम गरीबी उन्मूलन योजना के तहत वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 90.76 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में 10.04 करोड़ से अधिक महिलाओं को संगठित करने में सफलता प्राप्त की है।




## सोना इस हफ्ते 1,900 रुपए से अधिक हुआ महंगा

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 1,900 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी का भाव 800 रुपए से अधिक बढ़ गया है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 99,058 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 97,145 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 1,913 रुपए की बढ़त को दर्शाता है।

22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 90,737 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 88,985 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 72,859 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 74,294 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 882 रुपए बढ़कर 1,06,167 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,285 रुपए प्रति किलो थी। चांदी अपने उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई है। 10 जून को चांदी ने 1,07,000 रुपए प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई बनाया था।



■ **चांदी 1.06 लाख रुपए के पार**

## 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के राह पर भारत : सोनोवाल

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इस तेज प्रगति का श्रेय पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और भ्रष्टाचार मुक्त शासन को दिया और कहा कि देश विकास में अजेय उछाल का अनुभव कर रहा है।

एनडीए सरकार की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर डिब्रूगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा कि भारत पॉलिसी पैरालिसिस और वंशवादी कुशासन के युग से आगे निकल चुका है और अब देश वेलफेयर-आधारित विकास, युवाओं द्वारा इनोवेशन और रिकॉर्ड-तोड़ इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर आए हैं, यह संख्या कई यूरोपीय देशों की जनसंख्या से भी अधिक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का चौथी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनना बस अभी शुरुआत मात्र है। 2029 तक भारत तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि हम विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के लिए एक मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं।



देश वेलफेयर-आधारित विकास, युवाओं द्वारा इनोवेशन व इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार से आगे बढ़ रहा है : सर्बानंद सोनोवाल

सोनोवाल ने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम पर भी प्रकाश डाला, जो 2014 में 30,000 स्टार्टअप से बढ़कर आज 1 लाख से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि 1.7 करोड़ से अधिक युवा अब देश के स्टार्टअप मूवमेंट का हिस्सा हैं। यह नया भारत है, जो सपने देखने वाले युवाओं और काम करने वालों से भरा हुआ है। पूर्वोत्तर के विकास के बारे में बात करते हुए सोनोवाल ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में इस क्षेत्र में काफी बदलाव आया है।

## सार संक्षेप

### लैरी एलिसन बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति

**नई दिल्ली।** ओरेकल कॉरपोरेशन के सह-संस्थापक और चेयरमैन लैरी एलिसन अब मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़कर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। 13 जून को ओरेकल की ओर से उम्मीद से मजबूत आय रिपोर्ट करने के बाद कंपनी के शेयर की कीमत 7 प्रतिशत का मजबूत उछाल देखने को मिला था, जिससे एलिसन की संपत्ति 259 अरब डॉलर के करीब पहुंच गई है। फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, एलिसन की कुल संपत्ति बढ़कर 258.8 बिलियन डॉलर हो गई, जिससे वह दुनिया के अमीरों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, मस्क 410.8 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। अप्रैल 2025 में जारी फोर्ब्स की एनुअल बिलेनियर इंडेक्स में एलिसन 192 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 696.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 06 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.2 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 696.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 587.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 1.6 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 85.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 10.2 करोड़ डॉलर चढ़कर 18.7 अरब डॉलर हो गया।

### गर्मी के बावजूद एसी की सेल्स ग्रोथ रही फीकी

**नई दिल्ली।** उत्तर और पूर्वी भारत में जून की तपती गर्मी ने रूम एयर-कंडीशनर की बिक्री में तेजी ला दी है। भीषण गर्मी के चलते लोग धड़ल्ले से एसी खरीद रहे हैं। हालांकि, देश के कई हिस्सों में बीच-बीच में हुई बारिश ने एसी कंपनियों के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। इस साल की गर्मी, जो एसी बिक्री का पीक सीजन मानी जाती है, कंपनियों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी नहीं उतरी। पहले 25-30 फीसदी की बिक्री बढ़ोतरी का अनुमान था, लेकिन अब कंपनियां इसे 10-15 फीसदी तक सीमित मान रही हैं। फरवरी और मार्च में गर्मी जल्दी शुरू होने से एसी की बिक्री अच्छी रही। कंपनियों ने इस दौरान जमकर माल स्टॉक भी किया। ब्लू स्टार के मैनेजिंग डायरेक्टर बी. थियागराजन ने कहा कि हमने 25-30 फीसदी ग्रोथ का प्लान बनाया था, लेकिन यह गर्मी निराश करने वाली रही।

# वैश्विक तनाव का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई,** 15 जून (एजेंसियां)। इजरायल और ईरान तनाव को लेकर निवेशकों के सुरक्षित गंतव्य का रुख करने से स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी फ़ेडरल रिज़र्व के नीतिगत निर्णय और मध्य-पश्चिम के भू-राजनीतिक तनाव का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1070.39 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81118.60 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 284.45 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24718.60 अंक पर बंद हुआ।

■ **सेंसेक्स 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81118.60 अंक रहा**
■ **निफ्टी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24718.60 अंक पर बंद**

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कम बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 415.23 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर 45681.28 अंक और स्मॉलकैप 69.97 अंक यानी 0.13 प्रतिशत कमजोर रहकर 53370.29 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और आखिर में बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।




शुरुआत में बाजार में तेजी रही क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार को लेकर बातचीत में सुधार की उम्मीद थी। लेकिन, इजरायल ने ईरान की परमाणु संयंत्रों पर हमला कर दिया, जिससे दुनिया भर में तनाव बढ़ गया और बाजार की हालत बिगड़ गई। इस वजह से निवेशकों ने सोना और अमेरिकी बॉन्ड जैसी सुरक्षित चीजों में पैसा लगाना शुरू कर दिया। वहीं, कच्चे तेल की कीमतें भी बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गईं, क्योंकि आपूर्ति में रुकावट की आशंका फिर से पैदा हो गई है।

स्थानीय स्तर पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई 75 महीने के निचले स्तर पर आ गई है, जो अच्छी खबर है। लेकिन, अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है, तो तेल की महंगाई फिर से देश में महंगाई बढ़ा सकती है। सेक्टर की बात करें तो ऑटो, रियल एस्टेट और बैंकिंग जैसे सेक्टरों में मुनाफा कमाया गया जबकि आईटी और फार्मा कंपनियों को रुपए की कमजोरी से फायदा हुआ।

अब निवेशकों की नजर अमेरिका के फेडरल रिजर्व की 17-18 जून को होने वाली अगली बैठक पर है। माना जा रहा है कि इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन फेड आगे क्या कदम उठाएगा, उस पर सभी की नजर रहेगी। ऊंची कीमतों और अंतरराष्ट्रीय तनाव के चलते निवेशकों को फिलहाल सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिनों की तेजी मंगलवार को थम गई। सेंसेक्स 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक रह गया वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 25104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस, टेक, आईटी, ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में हुई लिवाली के बल पर बुधवार को सेंसेक्स 123.42 अंक बढ़कर 82515.14 अंक पर और निफ्टी 37.15 अंक उठकर 25141.40 अंक पर रहा।

इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 823.16 अंक का गोता लगाकर 81,691.98 अंक और निफ्टी 253.20 अंक लुढ़ककर 24888.20 अंक पर आ गया।

## भारतीय स्टार्टअप्स ने इस हफ्ते जुटाया 184.75 मिलियन डॉलर का फंड

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। भारतीय स्टार्टअप्स लगातार निवेशकों को आकर्षित करने में कामयाब हो रहे हैं और इस हफ्ते 20 स्टार्टअप्स ने 184.75 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है। इन स्टार्टअप्स में पांच ने विकास-चरण और 14 ने प्रारंभिक-चरण में फंड जुटाया है, जबकि एक स्टार्टअप ने अपने फंडिंग की जानकारी सार्वजनिक नहीं करने का फैसला किया। इस सप्ताह फंडिंग की कैटेगरी में सीड फंडिंग का बोलबाला रहा। अन्य राउंड में सीरीज ए, प्री-सीड, प्री-सीरीज ए और यहां तक कि सीरीज जी जैसे लेट-स्टेज फंडिंग राउंड भी शामिल थे। इस हफ्ते सबसे ज्यादा बेंगलुरु के नौ स्टार्टअप्स ने फंडिंग जुटाई। उसके बाद दिल्ली-एनसीआर के पांच स्टार्टअप्स फंडिंग जुटाने में कामयाब रहे। इसके अलावा मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के भी स्टार्टअप ने निवेश हासिल किया। सेक्टर के हिसाब से, फिनटेक स्टार्टअप्स छह फंडिंग डील्स के साथ शीर्ष पर रहे। डीपटेक और ओटीटी सेक्टर में दो-दो डील्स हुई, जबकि एयरोस्पेस, फूडटेक, ई-कॉमर्स और स्पोर्ट्सटेक जैसे अन्य सेक्टर में भी सकारात्मक ट्रेंड देखने को मिला। इस हफ्ते सबसे ज्यादा फंडिंग कुणाल शाह के नेतृत्व वाली फिनटेक यूनिकॉर्न क्रेड ने हासिल की, जिसने लेथ इन्वेस्टमेंट, आरटीपी ग्लोबल, सोफिना वेंचर्स और क्यूईडी इनोवेशन लैब्स सहित निवेशकों से 72 मिलियन डॉलर जुटाए। वहीं, एमएसएमई पर केंद्रित एक फिनटेक प्लेटफॉर्म फ्लेक्सीलोन्स ने भी अपने सीरीज सी राउंड में 44 मिलियन डॉलर जुटाए।




## खाद्य तेल सस्ते, अधिकांश दालें महंगी व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल 1620 रुपए प्रति क्विंटल तक सस्ते हो गए जबकि मांग निकालने से अधिकांश दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 18 रिंगिट चढ़कर 3927 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.2 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 48.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान सरसों तेल में 182 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य सभी खाद्य तेलों के भाव गिर गए। मूंगफली तेल 330 रुपए, सूरजमुखी तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 365 रुपए, पाम ऑयल 1629 रुपए और वनस्पति तेल 1318 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 16666 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 15604 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 13773 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 12666 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 14433 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अधिकांश दालों के भाव गिर गए। मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 100 और उड़द दाल 100 दाल रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चना, दाल चना और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रही।

## आय वृद्धि में लार्जकैप ने स्मॉलकैप व मिडकैप कंपनियों से किया बेहतर प्रदर्शन : रिपोर्ट

**मुंबई,** 15 जून (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में लार्जकैप कंपनियों की आय वृद्धि दर स्मॉलकैप और मिडकैप कंपनियों की अपेक्षा बेहतर रही है। एक ब्रोकरेज फर्म की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 270 कंपनियों के विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई इक्विरस सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में बताया गया कि वैश्विक उतार-चढ़ाव के माहौल में लार्जकैप कंपनियों का प्रदर्शन मजबूत रहा है और आय एवं मुनाफा दोनों उम्मीद से अच्छे रहे हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि इक्विरस द्वारा ट्रैक किए गए कंपनियों के समूह का ईबीआईटीडीए और आय, विश्लेषकों के अनुमान से क्रमशः 4 प्रतिशत और 5 प्रतिशत अधिक रही। रिपोर्ट के अनुसार कंपनियों के ईबीआईटीडीए में 6 प्रतिशत और आय में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि आय वृद्धि उम्मीदों के अनुरूप रही, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक थी। इक्विरस सिक्योरिटीज के मुताबिक, लार्जकैप कंपनियों की आय वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, इस अवधि में मिडकैप कंपनियों की आय में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और स्मॉलकैप कंपनियों की आय में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की गिरावट हुई है।




रिपोर्ट में बताया गया कि अगर ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) को हटा दिया जाए तो वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में बाकी सेक्टर की कंपनियों के ईबीआईटीडीए और आय में क्रमशः 5 और 3 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।


■ **वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में रिटेल, फार्मा, कैपिटल गुड्स व कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का रहा अच्छा प्रदर्शन**

वहीं, अगर बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) को हटा दिया जाए तो वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में बाकी कंपनियों में ईबीआईटीडीए और आय में क्रमशः 7 और 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में रिटेल, फार्मा, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का प्रदर्शन अच्छा रहा। हालांकि, एफएमसीजी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, आईटी और ऑटो सेक्टर्स की वृद्धि दर चौथी तिमाही में कमजोर रही है।

# खेल जगत

## 21 साल की उम्र में मैंने अक्षत से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं देखा : अय्यर

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश लीग टी-20 में इंदौर पिंक पैंथर्स के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने युवा खिलाड़ी अक्षत रघुवंशी की जमकर तारीफ की। अक्षत ने लीग के पांचवें मैच में जबलपुर रॉयल लायंस पर छह रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अक्षत ने 46 गेंदों पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 76 रनों की शानदार पारी खेली। उसके बाद कप्तान ने उनकी काफी तारीफ की। 76 रनों की शानदार पारी की बदौलत इंदौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 183 रन बनाए। बल्लेबाज अर्पित गौड़ के जल्दी आउट होने के बाद अक्षत ने पारी को संभाला और कमजोर गेंदों पर खूब रन बनाए। इंदौर पिंक पैंथर्स के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने कहा कि आज का असली आकर्षण अक्षत की बल्लेबाजी थी। जिस तरह से उसने मैदान के चारों ओर शॉट खेले, 21 साल की उम्र में मैंने उससे अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी नहीं देखा।



## भारतीय टीम के लिए किसी भी टीम को चुनौती देने का शानदार मौका: वेंकटपति



■ यिशस्वी जायसवाल, बी साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल अपने पहले इंग्लैंड दौरे पर आ रहे है

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर वेंकटपति राजू ने कहा कि 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज युवा भारतीय टीम के लिए अपनी स्थिति मजबूत करने और फिर आत्मविश्वास के साथ दुनिया की किसी भी टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का एक मूल्यवान मौका है।

रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के टेस्ट से बाहर होने के साथ, इसका मतलब है कि अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी इकाई इंग्लैंड में एक कठिन चुनौती के लिए तैयार है, जो उनके 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की भी शुरुआत करती है। मौजूदा टीम के संदर्भ में, केवल केएल राहुल, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड में टेस्ट शतक लगाए हैं।

लोग हमेशा यही कहते हैं - कि आपको हमेशा अपने घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहिए। लेकिन फिर अगर आप देखें, तो इस बार बहुत सारे उलटफेर हुए हैं-जैसे, भारत का न्यूजीलैंड से हारना। किसी को उम्मीद नहीं थी कि भारत में ऐसा होगा। इसलिए, इस तरह, कभी भी कुछ भी बदल सकता है। यह एक बहुत ही युवा भारतीय टीम है जिसमें अच्छा संतुलन है। अगर आप इंग्लैंड की टीम को देखें, तो उनका गेंदबाजी आक्रमण भी अपेक्षाकृत बहुत नया है। जेम्स एंडरसन के रिटायर होने और फिर कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने के बाद आपके पास अनुभवी तेज गेंदबाज नहीं हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि भारतीय टीम में कुछ अनुभवी बल्लेबाज हैं जो उस गेंदबाजी को संभाल सकते हैं और यह बहुत ही बराबरी का मुकाबला होने वाला है।

राजू ने रविवार को सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क द्वारा आयोजित एक विशेष बातचीत में आईएएनएस को बताया कि अभी तक, इंग्लैंड कभी भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल में नहीं पहुंचा है और वे और भी गेम जीतने के लिए तैयार हैं। पांच टेस्ट मैच काफी लंबा समय है, लेकिन यह इस युवा भारतीय टीम को एक ऐसी टीम के रूप में स्थापित होने का बहुत अच्छा अवसर देता है, जहां वे दुनिया की किसी भी टीम को चुनौती दे सकते हैं और फिर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले संस्करण में जगह बनाने की कोशिश कर सकते हैं। यशस्वी जायसवाल, बी साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल अपने पहले इंग्लैंड दौरे पर आ रहे हैं, जबकि करुण नायर जैसे खिलाड़ी टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं और कप्तान शुभमन गिल को विदेशी परिस्थितियों में खुद को एक भरोसेमंद बल्लेबाज के रूप में साबित करना बाकी है।

### कुलदीप भारत के लिए आश्चर्यजनक मैच विजेता हो सकते हैं : वेंकटपति



**नई दिल्ली।** हालांकि कुलदीप यादव सात साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं, लेकिन यह थोड़ा आश्चर्य की बात है कि उन्होंने अब तक केवल 13 टेस्ट मैच ही खेले हैं। खराब फॉर्म, करियर के लिए खतरा बनी घुटने की चोट और अन्य स्पिनरों के साथ खेलने के कारण कुलदीप ने वास्तव में भारतीय टेस्ट टीम में खुद को स्थापित नहीं किया है। पिछली बार जब कुलदीप ने इंग्लैंड में टेस्ट मैच खेला था, तो 2018 में लॉर्ड्स में हरी पिच और बारिश से प्रभावित परिस्थितियों में उनका प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। उन्होंने नौ ओवरों में 44 रन दिए और दो विकेट लिए, जिससे भारत में उनका चयन दांव पर लग गया। अब रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद, भारत को अपनी स्पिन गेंदबाजी इकाई में उस धार की जरूरत है और सभी की निगाहें इस बात पर होंगी कि 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड में शुरू होने वाली सीरीज में कुलदीप इस पर खरे उतर पाते हैं या नहीं। भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर वेंकटपति राजू को निश्चित रूप से लगता है कि कुलदीप इंग्लैंड में आश्चर्यजनक मैच विजेता हो सकते हैं। कुलदीप जैसे किसी खिलाड़ी को पहचान पाना किसी नए बल्लेबाज के लिए बहुत मुश्किल है।

## क्रिकेट हमारे और देश के लोगों के लिए बहुत मायने रखता है : कॉनराड

■ दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल की नॉकआउट हार का सिलसिला खत्म किया



**लंदन,** 15 जून (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका द्वारा 2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के एक दिन बाद, मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा कि इस खेल को विजेता टीम के सभी सदस्यों के साथ-साथ इंद्रधनुषी राष्ट्र के लोगों द्वारा भी बहुत महत्व दिया जाता है। लॉर्ड्स में, दक्षिण अफ्रीका ने गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर डब्ल्यूटीसी गदा जीती और 27 साल की नॉकआउट हार का सिलसिला खत्म किया। सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम ने शानदार 136 रन बनाए और चौथे दिन लंच तक दक्षिण अफ्रीका को 83.4 ओवर में 282 रनों का पीछा करके जीत दिलाई। गौरतलब है कि दो महीने पहले कॉनराड ने अपने पिता सेडिक को खो दिया था, जो खुद एक प्रथम श्रेणी क्रिकेटर थे। रविवार को क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) के एक बयान में कॉनराड ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं पिता की भूमिका निभाता हूं, क्योंकि इनमें से ज्यादातर लोग मेरी उम्र के बच्चों के करीब हैं। वे मुझे जवान रखते हैं, क्योंकि वे मुझे सिरदर्द देते हैं। डेन पैटरसन जैसे लोग... वे ही कारण हैं कि अब मेरे बाल नहीं हैं। अगर वह बहुत लंबे समय तक चुप रहता है, तो आप जानते हैं कि वह कुछ अच्छा नहीं करने वाला है।

## मजबूत भारतीय दल बीजिंग 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के लिए रवाना

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। 16 सदस्यीय भारतीय पैरा पावरलिफ्टिंग दल 17-25 जून को चीन के बीजिंग में होने वाले प्रतिष्ठित बीजिंग 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम को पैरा-स्पोर्टिंग समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों और शुभचिंतकों की उपस्थिति में नई दिल्ली स्थित नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया (एनएससीआई) में आयोजित एक समारोह में भव्य विदाई दी गई। आईआरएस, पीआर अतिरिक्त महानिदेशालय के रंजीत कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित होकर एथलीटों को शुभकामनाएं दीं। पैरा पावरलिफ्टरों की असीम शक्ति और लचीलेपन से अभिभूत होकर उन्होंने कहा कि मैं इन एथलीटों की ताकत और दृढ़ संकल्प से वास्तव में अभिभूत हूं। यह एक विनम्र और प्रेरक अनुभव था। मैं उन्हें न केवल इस टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर एशियाई पैरालंपिक समिति की दक्षिण-पूर्व एशिया सदस्य डॉ. दीपा मलिक और भारतीय पैरालंपिक समिति के महासचिव जयवंत हम्नावर भी मौजूद थे।

## एमएलसी 2025 : वाशिंगटन फ्रीडम ने सिएटल ऑर्कस के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की

**नई दिल्ली,** 15 जून (एजेंसियां)। मेजर क्रिकेट लीग-2025 (एमएलसी) के चौथे मैच में वाशिंगटन फ्रीडम ने सिएटल ऑर्कस के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की। यह इस सीजन वाशिंगटन फ्रीडम की पहली जीत रही। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सिएटल ऑर्कस ने 20 ओवरों के खेल तक नौ विकेट खोकर 145 रन बनाए। काइल मेयर्स ने डेविड वॉर्नर के साथ पहले विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। वॉर्नर 17 गेंदों में 31 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मेयर्स ने इतनी ही गेंदों में 27 रन की पारी खेली। इनके अलावा कप्तान हेनरिक क्लासेन ने 17 रन का योगदान दिया। विपक्षी टीम की ओर से इयान हॉलैंड ने 19 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट झटके, जबकि जैक एडवर्ड्स को दो सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में वाशिंगटन फ्रीडम ने महज 13.3 ओवरों में ही जीत दर्ज कर ली। टीम को सलामी बल्लेबाज मिशेल ओवेन और रचिन रविंद्र ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच सिर्फ तीन ओवरों में ही 49 रन की साझेदारी हो गई। ओवन 25 के स्कोर पर पवेलियन लौटे, जिसके बाद रचिन ने एंड्रीस गूस (16) के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 रन जोड़े। रचिन रविंद्र 18 गेंदों में चार छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। उनके पवेलियन लौटने तक टीम 7.2 ओवरों में तीन विकेट गंवाकर 92 रन बना चुकी थी। जीत की पटरी पर नजर आ रही वाशिंगटन फ्रीडम की पारी को यहां से कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने संभाला। उन्होंने 20 गेंदों में नाबाद 38 रन की पारी खेलते हुए टीम को 6.3 ओवर शेष रहते ही जीत दिला दी। सिएटल की ओर से वकार सलामखेल ने सबसे ज्यादा दो विकेट अपने नाम किए।



■ सलामी बल्लेबाज मिशेल ओवेन और रचिन रविंद्र ने शानदार शुरुआत दिलाई

### सुडोकू 6945 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 |




# श्रमिक परिवारों के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए समर्पित हमारी सरकार: मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। हम श्रमिक परिवारों के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। आपका स्नेह और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और हम सब मिलकर एक विकसित, समृद्ध और सशक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में स्थान पाने वाले पंजीकृत श्रमिकों के 31 मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का वितरण कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत राज्य के 38 हजार 200 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत 19.71 करोड़ रूपए से ज्यादा की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की।




- मुख्यमंत्री के हाथों 31 मेधावी श्रमिक बच्चों को मिली 2-2 लाख की प्रोत्साहन राशि
- मुख्यमंत्री ने 38 हजार श्रमिकों के खातों में ऑनलाइन अंतरित किए 19.71 करोड़ की सहायता राशि

मुख्यमंत्री ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने वाले श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार श्रमिक परिवारों की आवश्यकताओं को भली-भांति समझती है और उनके समग्र कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज श्रमिक परिवार का बच्चा विदेश जाकर पढ़ना चाहे तो उसके लिए भी 50 लाख रुपए तक की सहायता का प्रावधान श्रम विभाग द्वारा किया गया है। साय ने कहा कि हम नवाचार के साथ कदमताल करते हुए ऐसी नीतियां बना रहे हैं, जिनसे प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मिले। प्रदेश की आकर्षक उद्योग नीति का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अब तक 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव राज्य सरकार को प्राप्त हो चुके हैं, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

श्री साय ने श्रम मंत्रालय में केंद्रीय राज्यमंत्री के रूप में अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि श्रमिकों से मेरा विशेष लगाव है और श्रमिकों के हित में कार्य करना हमेशा संतुष्टि देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रथम कार्यकाल में दो वर्षों तक श्रम मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली थी और उनके नेतृत्व में श्रम राज्यमंत्री के रूप में श्रमिकों के पेंशन सुधार की दिशा में हमने कई ऐतिहासिक कदम उठाए और न्यूनतम पेंशन की राशि सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्रमिकों को लेकर संवेदनशील है और उनके निर्देश पर ही श्रमिकों के प्रोविडेंट फंड में वर्षों से पड़ी लगभग 27 हजार करोड़ रुपए की अन्क्लेम्ड राशि का उपयोग उनके हित में करने का बड़ा निर्णय भी इस दौरान हमने लिया था। राज्यमंत्री के रूप में यूनिवर्सल पीएफ नंबर की शुरुआत हमारी सरकार ने की, जिससे श्रमिकों द्वारा बार-बार पीएफ राशि क्लेम करने की समस्या दूर हुई।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी से आग्रह करते हुए कहा कि श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी अन्य ज़रूरतमंदों तक अवश्य पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने श्रमिकों के लिए गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ ही प्रदेश में संचालित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि इन डेढ़ वर्षों में मोदी की गारंटी के तहत सभी वादों को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 38 हजार 2 सौ श्रमिकों को 19.71 करोड़ रुपये एवं प्रवीण्य सूची में चयनित 31 विद्यार्थियों को 62 लाख रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। देवांगन ने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत 17 जिलों के 46 केन्द्रों में श्रमिकों को 5 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है और भविष्य में इसे सभी उद्योग प्रधान जिलों में लागू किया जाएगा। इसके साथ ही श्रमिकों के बच्चों के लिए नि:शुल्क कोचिंग सुविधा प्रारंभ करने की जानकारी भी दी।

श्रम मंत्री ने कहा कि नई उद्योग नीति के तहत उद्योगों की स्थापना के लिए नियमों को सरल बनाया गया है , जिससे निवेश बढ़ा है एवं युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं।

# केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 39 करोड़ से अधिक के कार्यों का किया भूमिपूजन

- उप मुख्यमंत्री साव ने अतिरिक्त 10 करोड़ देने की घोषणा की
- बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मिली बड़ी सौगात



**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने आज सरकंडा खेल परिसर में आयोजित समारोह में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 39 करोड़ 04 लाख रुपए से अधिक लागत के 20 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री साव ने इन कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि अतिरिक्त देने की भी घोषणा की। इनमें इन प्रमुख रूप से कोनी मंगला में 24 करोड़ 27 लाख की लागत से लोधीपारा सरकंडा कोनी मार्ग के अरपा नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य और पौंसरा में पांच करोड़ 18 लाख की लागत से सेलर पौंसरा मार्ग में खारुन नदी पर उच्च स्तरीय पुल, सामुदायिक भवन सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल है। समारोह की अध्यक्षता स्थानीय विधायक सुशांत शुक्ला ने की।


केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर एक गारंटी को पूरा करने के लिए वचनबद्ध है। हमारी सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में लोगों की बेहतरी के लिए लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे लोगों का जीवन स्तर तेजी से सुधर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब के मकान का सपना साकार किया है। किसानों को सम्मान दिया। आयुष्मान कार्ड के जरिए लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है। ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर काम साय साय गति से पूर्ण हो रहे हैं । यह विष्णु का ही सुशासन है कि जनता को लगातार विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है। सबका विकास हो रहा है यही तो विष्णु का सुशासन है। महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रुपए हर महीना दे रहे हैं। महिलाएं सोची भी नहीं थी की राशि मिलेगी , लेकिन उनका सपना हमारी सरकार ने पूरा किया। एक तरफ जहां मोदी जी मुफ्त में चावल लोगों को दे रहे हैं वहीं विष्णु देव साय की सरकार महिलाओं को नगद सहायता कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी सेना ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यो ने रफ्तार पकड़ी है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया और विष्णु देव साय की सरकार इसे विकसित स्वरूप में गढ़ने का काम कर रही है। राज्य में गांव गरीबों किसानों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र तेज गति से विकास कर रहा है। यह ऐतिहासिक अवसर है जब करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली है।

विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन के संकल्प की प्रतिपूर्ति कैसी होती है यह राज्य में हुए विकास कार्यों को देखकर पता चलता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग का समान विकास हो रहा है। बेलतरा विधान सभा क्षेत्र में भी विकास की धारा बह रही है। यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी। हमारी सरकार की कथनी और करनी एक है। मोदी की गारंटी के रूप में हमने जो वादा किया था उसे पूरा किया है। उन्होंने सहयोग के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, नगर निगम के सभापति विनोद सोनी, जनपद पंचायत बिल्हा के अध्यक्ष राम कुमार कौशिक, कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, दीपक सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ सक्सेना और मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा ने किया।

# 'समर्थ' सीए के स्टूडेंट्स नेशनल में वर्चुअल शामिल हुए गडकरी

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर हो रहे इस राष्ट्रीय कांफ्रेंस कार्यक्रम में देशभर से करीब 2000 से अधिक सीए विद्यार्थी ने सहभागिता की है । इसमें कांफ्रेंस में वर्चुअल शामिल मुख्य अतिथि केंद्र मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी शुभकामना सन्देश आयोजको एवं उपस्थित छात्रों को दी एवं सफल आयोजन की सराहना की , यह आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ( आईसीएआई) की रायपुर शाखा, सिकासा रायपुर, भिलाई, बिलासपुर एवं रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, इस अवसर पर कांफ्रेंस का साफ्टवेयर का विमोचन मैनेजिंग कमिटी द्वारा किया गया जिसमे पुरे कांफ्रेंस की गतिविधियों को समाहित किया गया.



वर्क लाइफ बैलेंस और स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर विशेष सत्र डॉ तनुश्री नेरल द्वारा लिया गया ।ज्ञान सत्र में स्टार्ट अप और डायरेक्ट टैक्स के बारे में सीए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया । कौशल उन्नयन सत्र एक में भारतीय संविधान और राष्ट्र निर्माण विषय पर सी ए शुभम सिंघल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा सत्र दो में सी ए भंवर बोराना ने भविष्य में सीईओ या सीएफओ के रूप में सीए की जर्नी विषय पर मार्गदर्शन देते हुए अपने विचार रखे । अंत में रायपुर शाखा के अध्यक्ष सिए विकास गोलछा एवं स्टूडेंट्स कमिटी अध्यक्ष सिए ऋषिकेश यादव जी ने सभी का ह्रदय से आभार प्रकट किया एवं सभी स्पीकर्स, पेपर प्रजेंटर, वालंटियर्स को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गयी ।

**NECC**

| 16.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 505 | 83 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |

डिलीवरी 520 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

## हर बच्चे को मिले शिक्षा

छत्तीसगढ़ स्कूली शिक्षा बोर्ड का सोमवार से वर्ष 2025-26 का शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो रहा है। युक्तियुक्तकरण के बाद यह पहला सत्र है सो इससे कई तरह की उम्मीदें होनी स्वाभाविक हैं- राज्य सरकार के साथ जनता को भी। शासकीय शालाओं में पढ़ने वाले लाखों छात्र-छात्राओं के पालकों एवं अभिभावकों को आशा है कि इस लिहाज़ से 2025-26 का सत्र अलग होगा कि कोई भी ऐसी स्कूल नहीं होगी जो शिक्षकविहीन हो। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को निर्देश दिये हैं कि कोई भी बच्चा शालेय शिक्षा से वंचित न रहे। उनका सपना है कि व्यवस्था इतनी अच्छी हो कि 12वीं तक शालात्यागी बच्चों की दर शून्य हो। यानी कम से कम इस पायदान तक तो हर बच्चा पहुंचे। प्रदेश का शैक्षिक स्तर सुधारने के लिये यह बहुत ज़रूरी है। फिलहाल राज्य की शिक्षा का स्तर संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।

युक्तियुक्तकरण के फैसले से लगभग 10 हजार स्कूल प्रभावित हुए हैं। इसका उद्देश्य हर शाला में शिक्षकों की उपलब्धता तथा नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत राज्य की शिक्षा को बेहतर करना है। सरकार का दावा है कि युक्तियुक्तकरण के बाद कोई भी स्कूल ऐसा नहीं रह जायेगा जिनमें शिक्षक न हो। इससे शिक्षक-छात्र अनुपात भी सुधर सकेगा। अब सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हर स्कूल में सभी विषय पढ़ाने वाले शिक्षक उपलब्ध हों। प्राइमरी कक्षाओं तक तो उतनी दिक्कत नहीं आती क्योंकि ज्यादातर शिक्षक इस स्तर तक के बच्चों को विभिन्न विषय पढ़ा सकते हैं लेकिन ये बच्चे जैसे-जैसे उच्चतर कक्षाओं में जाते हैं, उन्हें विषयानुसार जानकार तथा प्रशिक्षित शिक्षकों की ज़रूरत पड़ती है। विशेष रूप से अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषयों को लेकर यह स्थिति बनती है। 10वीं तथा 12वीं की कक्षाओं में कामचलाऊ शिक्षक नहीं चल सकते। कॉमर्स, विज्ञान और कला विषयों के लिये पृथक शिक्षकों की आवश्यकता होती है वरना बच्चों तथा समग्र रूप से स्कूलों के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान अपने अनुपूरक बजट में राज्य सरकार ने विभिन्न सार्वजनिक संरचनाओं की मरम्मत के लिये बडी राशि आवंटित की थी। उम्मीद है कि स्कूल बन्द होने के बाद से अब तक के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान हर स्कूल को बच्चों के लिये सुविधाजनक बना दिया गया होगा। कई बार छतों एवं दीवारों पर से प्लास्टर उखड़कर बच्चों पर गिरने जैसी घटनाएं होती हैं। छतों से जल रिसाव होने, कक्षाओं में पानी भर जाने, चारदीवारी टूटने जैसी घटनाएं होती हैं जिनसे हादसे होते हैं। आशा है कि टंकी व कूलरों की सफाई, बिजली-पंखे आदि में सुधार जैसे काम भी हो चुके होंगे। शिक्षण सामग्री तथा यूनिफॉर्म आदि का वितरण भी तत्काल किया जाना चाहिये ताकि शिक्षक- विद्यार्थी प्रारम्भ से ही अध्ययन में जुट जायें।

उल्टा पुल्टा

गुरुजी- बच्चो, मुझे बताओ कि पहले जिस जगह का नाम मद्रास था, अब उसे किस नाम से जाना जाता है ?
एक बच्चा- चैन्नई
गुरुजी -बिलकुल सही जवाब। अब मुझे बताओ कि चैन्नई ये नाम क्यों रखा गया?
बच्चा- सर, वहा के लोग लुंगी पहनते हैं। और लुंगी में पेंट की तरह चैन नही होती, इसलिये (चैन नही) चैन्नई ये नाम रखा गया।

# मोदी सरकार ने 11 वर्षों में राष्ट्रहित के संकल्प को सिद्ध किया है : किरण देव

## मोदी सरकार के देशहित व जनकल्याणकारी कार्यों के साथ जनता के बीच जाएं कार्यकर्ता : विद्याशरण



**जगदलपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। केन्द्र में मोदी सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धी तक अभियान संपूर्ण देश में चला रही है। आगामी 25 जून तक संगठन स्तर पर विविध आयोजन कार्यकर्ताओं के साथ जनता के बीच भाजपा द्वारा आयोजित हो रहे हैं। शनिवार को पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाऊन हाल में भाजपा जगदलपुर मण्डल द्वारा संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव शामिल हुये। श्री देव ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के स्वर्णिम 11 साल के कार्यो को जन जन तक पहुंचाने आह्वान किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि बीते 11 वर्ष में केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने निरंतर कार्य करते हुये देश को विकसित, सशक्त बनाया है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता जनार्दन को मिल रहा है। मोदी सरकार में देश की सीमायें सुरक्षित हुई, भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, देश का समग्र विकास मूर्तरूप पा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के कार्यकाल के राष्ट हित व जन हित में किये गये असंख्य कार्यों को भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच लेकर जायें।

**भाजपा का संकल्प से सिद्धी तक अभियान**

**अब घर मे घुसकर दुश्मनों के दांत खट्टे करता है भारत : श्रीनिवास**

बेवरेजेस कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में भारत इतना शक्तिशाली हो गया है कि दुश्मनों के घर में घुसकर उनके दांत खट्टे कर सकता है। आपरेशन सिंदूर के ज़रिये भारत के सशक्त सैन्य शक्ति को सारी दुनिया ने देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है। मुख्य वक्ता विद्याशरण तिवारी ने कहा कि संकल्प से सिद्धी तक अभियान में भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता जनता के समक्ष पहुँच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल की उपलब्धियां बतायें। मोदी सरकार राष्ट को वैभव के शिखर पर पहुँचाने निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय व नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने भी संकल्प सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अतुल सिम्हा व आभार प्रदर्शन महामंत्री संजय चंद्राकर ने किया। संकल्प सभा में प्रमुख रूप से लच्छू राम कश्यप, योगेन्द्र पाण्डेय, गोदावरी साहू, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, सुरेश गुप्ता, सफीरा साहू, आर्येन्द्र आर्य, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, अविनाश श्रीवास्तव, योगेश शुक्ला, शशिनाथ पाठक, दशरथ गुप्ता, सूर्य भूषण सिंह, बृजेश शर्मा, आशा साहू, दिलीप झा आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षा व स्वास्थ्य को छोड़ साय सरकार शराब दुकान में व्यस्त : मंजू कवासी



**सुकमा,** 15 जून (देशबन्धु)। शनिवार को भारतीय महिला फेडरेशन छत्तीसगढ़ राज्य के सचिव मंजू कवासी ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि आज छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, महंगाई और अपराध जैसे सामाजिक संकटों से जूझ रहा है, लेकिन सबसे गंभीर समस्या बनकर उभरी है शराब की लत। यह राज्य की जनता के लिए विकराल रूप ले चुकी है, जिसका मुख्य कारण सरकार की जनविरोधी नीतियां और पूंजीपतियों के प्रति उसकी कठपुतली भूमिका है। वर्तमान भाजपा सरकार प्राकृतिक संसाधनों को अंग्रेजों की तरह लूट रही है। हसदेव में आदिवासियों को उजाड़कर कोयला निकाला जा रहा है, जिससे पर्यावरण और जनजीवन तबाह हो रहा है। दूसरी ओर, शराबखोरी अब घर-घर की समस्या बन चुकी है। अस्पतालों, पुलिस थानों, कोर्ट-कचहरियों और नशा मुक्ति केंद्रों में शराब के विनाशकारी प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा नई शराब दुकानें खोलने की नीति उनकी असंवेदनशीलता और पूंजीपति हितों के प्रति निष्ठा को दर्शाती है। एक आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद, जनता को शराब के नशे में धकेलकर उनका भविष्य तबाह किया जा रहा है।

**बीजेपी सरकार में लगातार महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहा है**

विडंबना यह है कि जहां राज्य में 10,463 स्कूल बंद किए गए हैं, वहीं शराब की दुकानें खोलने पर जोर दिया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और रोजगार जैसी बुनियादी जरूरतों के बजाय सरकार का उद्देश्य शराब बेचकर खजाना भरना और जनता के अधिकारों को कुचलना प्रतीत होता है। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी सरकार के इशारों पर नाच रहे हैं, जिसका >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, उपचारार्थ पत्रकार सामंत से मिलने उनके निवास पहुंचे, जाना हालचाल



**जगदलपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। दफ्तर से काम खत्म कर घर लौट रहे वरिष्ठ पत्रकार का सप्ताह दिन पहले सड़क एक्सीडेंट में गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। रविवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव उचारार्थ पत्रकार का हाल-चाल जानने उनके अघनपुर स्थित निवाव न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी पहुंचे। श्री देव ने घटना का विवरण जाना और मातारानी को धन्यवाद देते कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी पत्रकार सामंत सकुशल है। भगवान उन्हें लम्बी उम्र दे। उन्होंने पत्रकार के परिजनों से मुलाकात की। धर्मपत्नी को आश्वस्त करते कहा जो भी आवश्यकता होगी उन्हें कभी भी निसंकोच कहे। करीब आधा घण्टे मेल मुलाकात के बाद वे रायपुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान योगेश शुक्ला, योगेश मिश्रा, राधेश्याम पन्द्रे, गोविंद ईनाणी, आशु आचार्य व अन्य साम्मलित थे।

# यूनियन बैंक में लगी आग, मोहल्लेवालों की सजगता से शीघ्र आग पर पाया गया काबू



**जगदलपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। शहर के प्रताप देव वार्ड में स्थित यूनियन बैंक में शनिवार की रात एकाएक आग लग गई। लगभग पौने 11 बजे के आसपास मोहल्ले वालों ने देखा कि यूनियन बैंक से धुआं निकल रहा है। वह सबसे पहले इसकी सूचना बैंक के कर्मचारियों को दिए। इसके बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग को दिए। पुलिस और अग्निशमन वाहन शीघ्र घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। मोहल्ले वालों की सजकता के चलते आंख पर जल्दी काबू पाया गया और अधिक शक्ति नहीं हो पाई। तो आप जानकारी के अनुसार लकड़ी के टेबल और कुछ कागजात के जले हैं। प्रथम दृश्य आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। आग कैसे लगी यह तो पूरी जांच के बाद ही पता चल पाएगा। विदित हो कि इसके पूर्व भी बैंक के पास ही स्थित एक कपड़े की दुकान में भी विद्युत शॉट सर्किट होने के कारण भयंकर आग लगी थी और उससे काफी नुकसान हुआ था।

# भगवान श्रीजगन्नाथ का दर्शन वर्जित, अणसर काल जारी रहेगा 25 जून तक



**जगदलपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। रियासत कालीन बस्तर गोंचा पर्व 2025 देव स्नान चंदन जात्रा पूजा विधान 11 जून बुधवार ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि से प्राराम्भ हो चुका है, शताब्दियों से (617 वर्षों) चली आ रही रियासत कालीन परंपरानुसार 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मणों के द्वारा बस्तर गोंचा पर्व के विविध पूजा विधान संपन्न करवाये जायेंगे। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार चंदन जात्रा पूजा विधान के पश्चात भगवान श्रीजगन्नाथ का 15 दिवसीय अनसर काल की अवधि में भगवान श्रीजगन्नाथ अस्वस्थ होते हैं तथा भगवान के अस्वथता के हालात में दर्शन वर्जित होते हैं। भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा और बलभद्र स्वामी का श्रीमंदिर में इन दिनों अनसर काल आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 25 जून तक जारी रहेगा। इस दौरान भगवान श्रीजगन्नाथ के स्वास्थ्य लाभ के लिए औषधियुक्त भोग का अर्पण 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सेवादारों एवं पंडितों के द्वारा किया जा रहा है। औषधियुक्त भोग के अर्पण के पश्चात इसे श्रृद्धलुओं में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। विशेष औषधियुक्त प्रसाद का पूण्य लाभ श्रृद्धालु अनसर काल के दौरान श्रीजगन्नाथ मंदिर में पहुचकर प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन दर्शन वर्जित होगा।

भगवान जगन्नाथ के अनसर काल की व्याख्या करते हुए 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं भगवान श्रीजगन्नाथ के रियासत कालीन पूजा विधान के जानकार विवेक पांड़े ने बताया कि बस्तर गोंचा पर्व में इन दिनों भगवान श्रीजगन्नाथ का अनसर काल की अवधि 25 जून तक जारी रहेगा। भगवान श्रीजगन्नाथ के 15 दिवसीय अणसर काल मे भगवान श्रीजगन्नाथ भक्तो के स्वास्थ्य के लिए स्वयं अस्वस्थ होते है, अस्वस्थ होने पर भगवान श्रीजगन्नाथ अस्त-व्यस्त अवस्था मे रहते हैं, ऐसी अवस्था मे जगत के पालनकर्ता भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन को शास्त्रो व पौराणिक मान्यताओं के अनुसार दोषपूर्ण माना गया है। इसीलिए भगवान जगन्नाथ के दर्शन 15 दिनों तक अनसर काल के दौरान वर्जित होता है। उन्होने बताया कि भगवान श्रीजगन्नाथ अपने श्रद्धालुओं के वर्ष भर स्वास्थय के आशीष हेतु स्वयं अस्वस्थ होकर सभी के स्वास्थ्य के लिए औषधियुक्त भोग के अर्पण को स्वीकार कर औषधियुक्त प्रसाद उपलब्ध करवाते हैं। जगत के पालनकर्ता भगवान विष्णु स्वरूप श्रीजगन्नाथ स्वामी विश्व के समस्त श्रद्धालुओं के स्वास्थय के लिए आयुर्वेद का औषधियुक्त प्रसाद ग्रहण करने का अवसर प्रदान करते हैं। भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी को अर्पित औषधियुक्त भोग वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मौसम के परिवर्तन के साथ स्वास्थ्य के लिए प्रसाद के रूप में लाभदायी सिद्ध होता है, अर्थात आस्था के प्रसादरूपी औषधि की उपलब्धता हमारे प्राचीन आयुर्वेद की व्यवस्था के आधार को प्रासांगिक बना देता है। ऐसा महात्म्य है, भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी को औषाधियुक्त भोग का अर्पण एवं औषधियुक्त प्रसाद का जिसमे आद्यात्मिक-वैज्ञानिक आयाम इसमें समाहित है।

# छिंदवाली महाकाली मंदिर में 7 दिवसीय रूद्र चंडी महायज्ञ



**जगदलपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। श्री महाकाली मंदिर समिति मोतीतालाब पारा के तत्वावधान में 27 जून से 3 जुलाई तक सात दिवसीय पंच कुंडी रूद्र चंडी महायज्ञ आयोजित किया गया है। रथयात्रा के अवसर पर आयोजित रूद्र चंडी महायज्ञ को संपन्न कराने बाहर से 11 पंडितों को आमंत्रित किया गया है। बताया गया कि श्री महाकाली मंदिर प्रतिस्थापना के 27 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सात दिवसीय पांच कुंडी रूद्र चंडी महायज्ञ का आयोजन मंदिर परिसर में किया जा रहा है। यज्ञ वैदिक आचार्य पंडित हेमंत शर्मा एवं अन्य 11 पंडितों के द्वारा विधि विधान से संपन्न होगा। बताया गया कि 27 जून शुक्रवार को कलश यात्रा आयोजित है। यह कलश यात्रा महादेव घाट से दंतेश्वरी मंदिर होते हुए यज्ञ स्थल मोती तालाब पहुंचेगी। प्रात: 11:36 बजे यज्ञ प्रारंभ होगा तथा दोपहर 3 बजे मंडल पूजन प्रारंभ किया जाएगा। इधर 28 जून से लगातार 2 जुलाई तक मंडल पूजन एवं सामूहिक रुद्राभिषेक प्रात: 11:36 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

**पांच कुंडों में रोज डाली जाएगी आहुतियां**

दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चंडी पाठ तथा शाम 5 बजे से 6 बजे तक नियमित हवन संपन्न होंगे। बताया गया कि 3 जुलाई को मंडल पूजा एवं सामूहिक रुद्राभिषेक 11:36 से दोपहर 2 तक चलेगा। 3 बजे सर्वजन हवन एवं पूर्णाहुति की जाएगी। संध्या 6 बजे से महाप्रसाद भंडारा आयोजित है। मंदिर समिति के अध्यक्ष एमआर निषाद, उपाध्यक्ष मुकुंदनी ठाकुर, सचिव कमल यादव, कोषाध्यक्ष हरीश साहू, संयुक्त सचिव सतीश शाह, कार्यकारिणी की सदस्य विजयलक्ष्मी वर्मा और अविनाश देवांगन ने नगर का समस्त श्रद्धालु जनों को 7 दिवसीय रूद्र चंडी महायुद्ध में शामिल होने की अपील की है। रविवार को मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में संपन्न बैठक में बताया गया कि रूद्र चंडी महायज्ञ की पूरी तैयारी कर ली गई है। नगर में इस वर्ष रथ यात्रा पर दो बड़े आयोजन संपन्न हो रहे हैं। एक तरफ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा तो दूसरी तरफ मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में रूद्र चंडी महायज्ञ अपने आप में महत्वपूर्ण अनुष्ठान है।

## 6 वीं राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप

# छत्तीसगढ़ को 5 स्वर्ण, 16 रजत और 14 काँस्य सहित कुल 35 पदक मिले



- बस्तर की आरवी और युवराज तथा दंतेवाड़ा की टिकेश्वरी के अलावा रायपुर की भार्गवी और प्रवीण, ने छ ग को कुल 5 स्वर्ण दिलाये
- 29 राज्यों के लगभग 1150 खिलाड़ियों ने भाग लिया

**जगदलपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में हरियाणा स्पोर्ट्स म्यू थाई एसोसिएशन के द्वारा राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 9 से 14 जून तक महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के इंडोर स्टेडियम, रोहतक (हरियाणा) में किया गया इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 29 राज्यों के लगभग 1150 खिलाड़ी, अधिकारी भाग लिए। प्रतियोगिता के अन्तिम दिन रायपुर की भार्गवी उइके ने राजस्थान के खिलाड़ी को परास्त कर छ ग को दूसरा स्वर्ण दिलाया। वही रायपुर के ही प्रवीण कृष्ण जायसवाल ने भी असम के खिलाड़ी को फाइनल में हराकर तीसरा स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ को दिलाया। जगदलपुर बस्तर के युवराज ने बिहार के खिलाडी को फाइनल में नॉक आउट कर लगातार छठवीं बार राष्ट्रीय चैंपियन बन छत्तीसगढ़ को चौथा स्वर्ण दिलाया और वाए क्रू इवेन्ट में काँस्य पदक जीत कर दोहरी सफलता हासिल की। छत्तीसगढ़ को पांचवा और अन्तिम स्वर्ण पदक दंतेवाड़ा खेल विभाग की कोच टिकेश्वरी साहू ने वाए क्रू इवेन्ट में मेघालय की खिलाड़ी को परास्त कर दिलाया। फाइनल में छत्तीसगढ़ के 16 खिलाड़ी स्वर्ण से चूके और रजत पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के पदकों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की। वही छत्तीसगढ़ के 14 खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंदियों से से परास्त होकर फाइनल में नही पहुँच सके और काँस्य पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के कुल पदकों की संख्या 35 पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन और पुरुस्कार वितरण की मुख्य अतिथि भारतीय ओलंपिक संघ की संयुक्त सचिव डॉ अलकनन्दा अशोक थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूएमएआई के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में हरियाणा स्पोर्ट्स काँसिल के निर्देशक डॉ अशोक और यूएमएआई के महासचिव श्रीराम चौधरी सहित यूएमएआई के समस्त पदाधिकारी थे। उल्लेखनीय हैं कोच, अब्दुल मोईम, नवीन कुमार के मार्गदर्शन पर इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छ ग का 60 सदस्यीय दल भाग लिया था जिसमे 51 (28 बालक, 23 बालिका) खिलाड़ी और 09 अधिकारी शामिल थे। 29 राज्यो के खिलाड़ियों के बीच पदकों के घमासान में 51 खिलाड़ियों द्वारा 35 पदक प्राप्त करना भी एक प्रशंसनीय उपलब्धि है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि समिति ऑनलाइन योग कांटेस्ट आयोजन करेगा



**जगदलपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। पतंजलि समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग प्रोटोकॉल के रूप में 15 जून से नियमित योगकक्षा में योग का विशेष अभ्यास सत्र रखा है। उक्त कार्यक्रम पतंजलि योग समिति छग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज पाणिग्राही, ज़िला अध्यक्ष इला हरि प्रसाद राव के निर्देशन में संचालित हो रहा है। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी प्रारंभ और इसके पूर्व तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल शिविर लगा कर पूवाभ्यास कराया जा रहा है। योगसत्र के सम्बन्ध में डॉ. मनोज पानीग्राही ने बताया कि योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ थीम पर पूरी विश्व में 11 वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। आज हज़ारों लोग योग कर अनेक साध्य और असाध्य बीमारियों पर लाभ प्राप्त किया है। वहीं संपूर्ण छत्तीसगढ़ के सभी ज़िले तहसील गाँव मुहल्ले में पूज्य योगऋषि स्वामी रामदेव जी द्वारा निर्देशित योग अभ्यास, पतंजलि के नियमित योग कक्षा के द्वारा लाखों योग साधक नियमित योग कर, अपने रोगों पर विजय पाया है। पतंजलि दुर्गा मंदिर शांति नगर में दिनांक 15 जून से प्रात: 6 से 8 बजे तक प्रोटोकॉल शिविर का आयोजन कर रही है। जिसमे कोई भी योगप्रेमी भाग ले सकता है। पतंजलि योग समिति द्वारा आम जनता से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास फोटो प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें सभी लोग नि:शुल्क ऑनलाइन फोटो भेजकर भाग ले सकता है। योग सत्र संचालन में उमेश सोनी, कुसुम पांडेय, फूल सिंग साहू, मुन्नी सिंग, बबीता पांडेय, नीरज कुमार, राकेश समरथ सहित पतंजलि योग परिवार के योग प्रशिक्षकों द्वारा विशेष सहयोग कर रहे है।

**पतंजलि ने 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का कराया पूर्वाभ्यास**

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ली गई पेट्रलिंग पार्टी की बैठक



**भिलाईनगर,** 15 जून (देशबन्धु)। आज पुलिस कण्ट्रोल रूम सेक्टर-6 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा जिले के थाना, चौकियों में कार्यरत पेट्रोलिंग पार्टियों की बैठक लेकर पेट्रोलिंग पार्टी को दैनिक ड्यूटी में सशक्त और त्रिनयन एप को उपयोग में लाने हेतु प्रत्येक पेट्रोलिंग पार्टी को यह निर्देश दिया कि त्रिनयन एप में कैमरा एंट्र के संबंध में उनके क्षेत्र में स्थित सभी निजी और सरकारी सीसीटीवी कैमरों का विवरण त्रिनयन ऐप में दर्ज किया जाय। बैंक, स्कूल, अस्पाताल, पेट्रोल पंप, मोबाइल टॉवर, प्रमुख सार्वजनिक स्थानों आदि महत्वपूर्ण स्थलों को प्राथमिकता दी जाएए। यदि कोई कैमरा एंट्री शेष है तो उसे तुरंत पूर्ण किया जाए व एप में गूगल मैप की सहायता से लोकेशन पिन करें। साइबर प्रहरी मिशन के अंतर्गत साइबर अपराध में जागरूकता लाने हेतु प्रत्येक पार्टी अपने क्षेत्र में साइबर प्रहरी ग्रुप बनाये इस ग्रुप के माध्यम से स्थानीय नागरिक, दुकानदार, ऑटो ड्राइवर, विद्यार्थी, युवा आदि को जोड़ें समय.समय पर इन ग्रुप्स में साइबर अपराध से बचाव के टिप्स देवें। ओ.टी.पी. फॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, बैंकिंग के बारे में जागरूक करें, महत्वपूर्ण हेल्पलाईन नंबर 1930 और साइबर शिकायत पोर्टल की जानकारी साझा करें। सशक्त एप को प्रभावी बनाने हेतु चोरीए लावारिस या शक के आधार पर रोके गये वाहनों को एप के माध्यम से चेक कर चोरीशुदा वाहनों को एप में अपडेट करें।

# बिजली गुल, जनरेटर ठप, टॉर्च की रोशनी में हो रही डिलीवरी क्या यही है, मुख्यमंत्री का सुशासन : झूमूकलाल दीवान

**कोण्डागांव,** 15 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के मातृत्व एवं शिशु अस्पताल की बदहाल स्थिति एक बार फिर सामने आने पर 'मेरा कोंडागांव बदल रहा है' पर किस दिशा में जा रहा यह सोचने का विषय है की बात कहते हुए कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान ने प्रेस के माध्यम से बताया कि बार-बार शिकायत मिलने पर जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर हम टीम के साथ निरीक्षण करने पहुंचे तो जिला अस्पताल में बिजली गुल हो जाने के बाद पूरे परिसर में अंधेरा छा गया था, स्थिति तब और भी चिंताजनक हो गई जब यह पता चला कि अस्पताल का जनरेटर भी काम नहीं कर रहा है। ऐसे में अस्पताल स्टाफ को मजबूरन मोबाइल और टॉर्च की रोशनी में मरीजों का इलाज करना पड़ा। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान को इलाज कराने आए परिजनों ने बताया कि एक गर्भवती महिला की डिलीवरी टॉर्च की रोशनी में की जा रही है। यह सुन कर वे भड़क उठे और उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। श्री दिवान ने कहा च्मेरा कोण्डागांव जिला बदल रहा है, लेकिन किस दिशा में ? यह जिला अस्पताल की व्यवस्था को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है। अगर मातृत्व अस्पताल में टॉर्च से डिलीवरी हो रही है, तो यह सरकार की संवेदनहीनता का घोर प्रमाण है।

**अस्पताल बना रिफर सेंटर, अव्यवस्थाओं का अड्डा**

श्री दिवान ने आरोप लगाया कि जिला अस्पताल अब इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि केवल 'रिफर सेंटर' बनकर रह गया है। गंभीर



मरीजों को तत्काल अन्य बड़े अस्पतालों के लिए भेज दिया जाता है, क्योंकि यहां जरूरी सुविधाएं मौजूद ही नहीं हैं।

**'शौचालय और पेयजल व्यवस्था बदहाल'**

अस्पताल का शौचालय इतना गंदा और जर्जर हालत में है कि मरीजों और परिजनों को बड़ी कठिनाई होती है। नालियों से बदबू फैल रही है और टंकियों में पानी नहीं है। वहीं अस्पताल परिसर में पीने के पानी की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे गर्मी में मरीजों को और परेशानी हो रही है।

**जनरेटर केवल नाम के लिए, नहीं है इमरजेंसी बिजली व्यवस्था**

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि अस्पताल में जनरेटर तो है, लेकिन वह कई बार खराब रहता है या डीज़ल नहीं होने के कारण उपयोग में नहीं लाया जा सकता। ऐसी स्थिति में बिजली गुल होते ही पूरा अस्पताल अंधकार में डूब जाता है।

**बिल्डिंग में स्विच बोर्ड तक खुले हैं**

मातृत्व शिशु अस्पताल में लापरवाही की बात सामने आई है, जिसे कई लोगों ने पुष्टि किया है कि बेड में लगे स्विच बोर्ड खुले हैं, कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित होने की पुरी संभावना है।

**इमरजेंसी में नहीं उठाते जिम्मेदार अधिकारी फोन**

क्षेत्र से जुडी किसी घटना दुर्घटना के समय जिम्मेदार अधिकारियों को फोन लगाया जाता है तो फोन उठाना तक उचित नहीं समझते हैं, अस्पताल अधीक्षक तो स्वयं को अधिकारी शासकीय सेवक नहीं बल्कि नेता या शासक समझते हैं। वे जिस तरिके से मरीज अटेंडर या किसी अन्य के साथ जिस रौब से पेश आते हैं, उसे देखेर नहीं लगता कि अधिकारी हैं या शासकीय सेवक हैं। खबर तो यह भी मिला है कि कोई भी आम व्यक्ति अगर अस्पताल परिसर में अपने मोबाईल फोन से वीडियो बनाते दिख गया, तो उसको बुलाकर जोरदार फटकार लगाते हैं। अधीक्षक को किस राज के खुलासे का डर है, यह बताना होगा।

**'सरकार पर बोला हमला'**

श्री दिवान ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर तीखा हमला करते हुए कहा- च्यह हालत अगर कोंडागांव जिला अस्पताल की है, तो प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों का क्या हाल होगा ? क्या यही है विष्णुदेव साय का सुशासन ?ज्ज उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है और यह भी कहा है कि कार्यवाही में देरी या खानापूर्ति किये जाने पर कांग्रेस पार्टी जिला अस्पताल का घेराव करेगी।

अस्पताल निरीक्षण के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, जिला महामंत्री रितेश पटेल, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, नंदू दीवान, पूर्व पार्षद गोलू पोयाम, आई.टी.सेल अध्यक्ष रविंद्र दीवान मौजूद रहे।

## बीएमएस ने मुख्य महाप्रबंधक प्लेट मिल से की चर्चा



**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने संघ के महामन्त्री चन्ना केशवलू के नेतृत्व में भिलाई स्टील प्लांट प्लेट मिल के सीजीएम कार्तिकेयन बेहरा के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक में श्रमिकों से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे मजदूर हितों की रक्षा और कार्यस्थल की परिस्थितियों में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्य महाप्रबंधक एवं सम्बन्धित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए एवं चर्चा की। कैंटीन में खाद्य पदार्थों की समयावधि में जॉच घटिया पॉम आइल पर कड़ाई से रोक लगाई जाए। साफ-सफाई एवं पीने का पानी की उचित व्यवस्था की जाए। प्लेट मिल में आवश्यक रूप से वेंटिलेशन सुविधा को सुनिश्चित किया जाए। बारिश में शेड में जगह जगह पर फटे होने के कारण पानी गिरने से कर्मचारियों को कार्य स्थल पर परेशानी का सामना करना पड़ता है जिससे टीक किया जाए। फिनिशिंग एरिया में पार्किंग की व्यवस्था की जाए। प्लेट मिल में आवश्यक कार्य स्थल पर टॉयलेट का निर्माण करवाया जाए। रेस्टरूम को व्यवस्थित किया जाए। बैठक मे एआरओ से जुड़े मेडिकल पास प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने की मांग की प्लेट मिल से जुड़े सुरक्षा उपायों, मोटर साइकिल एवं कार रखने के लिए स्टैंड एरेस्ट रूम व टॉयलेट की मूलभूत सुविधाओं की स्थिति, तथा वर्किंग कंडीशंस को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा हुई। ठेका मजदूरों के पेमेंट स्लिप, वेतन भुगतान से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। हाउसकीपिंग विभाग में कार्यरत कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर भी विचार.विमर्श हुआ। मुख्य महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सभी कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को हल किया जाएगा। बैठक में संघ की ओर से उपाध्यक्ष आई पी मिश्रा, डिल्ली राव, संयुक्त महामन्त्री वशिष्ठ वर्मा, प्रदीप पाल, जोगिंदर कुमार, गौरव कुमार, सचिव दीनानाथ जैसवार, भानु प्रताप साहू, अविनाश वेगी, राहुल उपस्थित थे।

## सहायक विकास विस्तार अधिकारी की भर्ती परीक्षा में 6083 अभ्यर्थी हुए शामिल



**जगदलपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा रविवार को शहर के 21 परीक्षा केन्द्रों में सहायक विकास विस्तार अधिकारी की भर्ती परीक्षा आयोजित की गयी। प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक आयोजित इस परीक्षा में पंजीकृत 8050 अभ्यर्थियों में से 6083 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए वहीं 1967 अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए कुल 8050 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन इनमें से केवल 6083 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हो पाये, जबकि 1967 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए सभी केन्द्रों में तैयारियां की गयी थीं साथ ही सुरक्षा की भी व्यवस्था की गयी थी। परीक्षा में बस्तर जिले के दूर-दूर ग्रामीण क्षेत्रों से आये अभ्यर्थी भी शामिल हुए।

## सायबर ठगी के 4 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर** 15 जून (देशबन्धु)। डिजिटल अरेस्ट कर 54,90000 रूपये के सायबर फ्राड करने के चार आरोपियों को लखनऊ उत्तर प्रदेश से पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन एवं आधार कार्ड को जप्त किया गया। जिला पुलिस प्रवक्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पद्मश्री तवर ने बताया कि प्रार्थिया नम्रता चन्द्राकर निवासी प्रगति नगर रिसाली के द्वारा थाना नेवई में 29 अप्रैल को मोबाईल धारक द्वारा स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताकर आवेदिका के पिता को विडियो काल कर उनके नाम का केनरा बैक का खाता को नरेश गोयल को बेचे हो जिसमें 2 करोड़ रू का मनी लांड्रिंग हुआ है, उनका सहयोग करने कहकर सभी सदस्यों की संपत्ति की सारी जानकारी लेकर गिरफ्तारी का भय दिखाकर अलग अलग खातें व किस्तों में 29 अप्रैल से 29 मई 2025 के मध्य 54,90,000 रू छलपूर्वक जमा कराकर ठगी करने के सबंध में पेश किया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना नेवई में धारा 318(4) बीएनएस 67 (डी) आई.टी.एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी मोबाईल धारक एवं लाभार्थी बैक खाता धारक की तकनीकी सहायता से एवं बैक से जानकारी प्राप्त की गई। आरोपी लखनउ का होना पाए जाने पर आरोपी पतासाजी हेतु टीम रवाना की गई। लखनऊ में संदेही दीपक, राजेश, कृष्ण कुमार, शुभम,साजी कर प्रकरण के संबंध में पूछताछ करने पर बताए आरोपी कृष्ण का परिचय, सोहित के माध्यम से शुभम से हुआ, आरोपी दीपक, कृष्ण कुमार का दोस्त है। जिसने बताया कि मोहल्ले का निवासी राजेश का यूनियन बैक शाखा पी.एन. रोड लखनउ में है जिसने फ्राड के रकम के लिये अपने खाता को दिया एवं धोखाधड़ी में सहयोग करने के लिये तैयार हुआ। राजेश के यूनियन बैक खाता में 29 मई को 9 लाख रूपये फ्राड का रकम आया जिसे राकेश द्वारा सेल्फचेक के माध्यम से रकम को निकलकर राजेश और दीपक को शुभम ने कमीशन के तौर पर 36 हजार रूपये दिया और शेष 8 लाख 64 हजार अपने पास रखा और अपने अन्य साथी लाईक, राज, फ्बैलो और उज्जवल को अपना कमीशन लेकर दिया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक आनंद शुक्ला थाना प्रभारी नेवई, उप. निरी. सुरेन्द्र तारम, सउनि रामचंद्र कंवर. प्रआर सूरज पांडेय, आरक्षक रवि बिसाई एवं सायबर टीम का महत्तवपूर्ण योगदान रहा है।

## सूर्या टीआई मॉल में पुलिस ने देर रात मारा छापा



**भिलाईनगर,** 15 जून (देशबन्धु)। सूर्या टीआई मॉल में पुलिस ने कल देर रात छापा मारकर10 लड़कियों, ग्राहक एवं तीन स्पा सेंटर के संचालको को सहित कुल 13 लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया है। मौके से आपत्तिजनक चीजें भी मिली हैं। इस संबंध में स्पा सेंटर संचालकों और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने अपनी टीम के साथ कल रात यह रेड की कार्रवाई की। टीम जब स्पा सेंटर पहुंची तो लगभग सभी ग्राहक मौजूद थे। पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो वहां अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं। ऐसे में पुलिस ने स्पा में काम करने वाली महिलाओं और पुरुषों को पूछताछ के लिए थाना लाया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि टीम ने मॉल में संचालित 8 स्पा सेंटर्स पर छापेमारी की है। उन्हें यहां से कई संदिग्धय अनैतिक चीजों के साथ.साथ रजिस्टर और अन्य साक्ष्य मिले हैं। कार्रवाई में स्मृति नगर चौकी पुलिस और अन्य कई थानों से महिला बल को बुलाया गया था। इन सभी ने स्पा में पकड़े गए लड़के-लड़कियों को गाड़ियों में बैठाया और स्मृति नगर चौकी ले गए। वहां देर रात तक पूछताछ की कार्रवाई चली।

## राजा नहीं संन्यासी का मान होता है छत्तीसगढ़ में : परदेशी

**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से संस्था प्रंगसरोवर की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव में वैराग्य की गाथा भरथरी का मंचन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर म 13 जून की शाम को भी हुआ। लगातार दूसरे दिन भी कला मंदिर का पूरा सभागार खचाखच भरा रहा। प्रख्यात लोक गायिका और भरथरी की पुरोधा स्व. सुरूज बाई खांडे को समर्पित इस मंचीय प्रस्तुति के समापन पर दर्शकों ने कलाकारों का अभिवादन किया। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित वरिष्ठ नाचा कलाकार पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, पंथी नर्तक डा. राधेश्याम बारले, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा और भजन-गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने लोकगायिका स्व. सुरूजबाई खांडे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर ने रंग सरोवर की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि सधी हुई प्रस्तुति बहुत कम अवसर पर होती है। वह स्वयं मंच के कलाकार हैं और भरथरी जैसी उत्कृष्ट प्रस्तुति उन्होंने अपने जीवन में बहुत कम देखी है। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि यह इस मंचीय प्रस्तुति का सम्मोहन है कि वह लगातार दूसरे दिन इसे देखने आए हैं। उन्होंने कहा कि राजा भृतहरि (भरथरी) की कथा अलग-अलग रूप में देश के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित है लेकिन छत्तीसगढ़ में राजा भरथरी के संन्यासी स्वरूप को ही मान मिला। भरथरी की सिद्ध कलाकार स्व. सुरूज बाई खांडे राजा के इसी संन्यासी स्वरूप को देश और दुनिया में घंटो गाकर सुनाती रहीं। क्योंकि छत्तीसगढ़ में राजा नहीं संन्यासी का मान होता है। राजीव लोचन के रूप में छत्तीसगढ़ राजा राम नहीं बल्कि संन्यासी राम की पूजा करता है। भजन-गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने भी बेहतरीन प्रस्तुति के लिए रंग सरोवर की पूरी टीम को बधाई दी। आलेख, गीत, संगीत एवं निर्देशन की जवाबदारी संभालने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी भूपेन्द्र साहू ने सभी उपस्थित लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, डी.पी देशमुख, मणिमय मुखर्जी, सुचेता मुखर्जी, जेपी नायर, विभाष उपाध्याय, अनिता उपाध्याय, गुलाम हैदर मंसूरी, तुलसी साहू, श्रवण, योगेंद्र सिंह, महेश वर्मा और राजेंद्र साहू सहित कला संस्कृति के क्षेत्र के कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।



## सेक्टर-9 अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के अंतर्गत संचालित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 13 और 14 जून को स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने एवं सभी के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष की वैश्विक थीम श्रक्तदान करें। साथ मिलकर जीवन बचाएं को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत 13 जून को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 34 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक खदान बी.के. गिरि ने जेएलएनएच एंड आरसी के ब्लड सेंटर में किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ.एम. रविंद्रनाथ उपस्थित थे। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. उदय कुमार एवं डॉ. सौरव मुखर्जी भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात श्री गिरि ने स्वयं स्वैच्छिक रक्तदान कर इस अभियान में भागीदारी निभाई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकिसालय स्टाफ एवं बीएसपी सामूहिक को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में अधिकतम सहभागिता और पंजीकरण सुनिश्चित कर रक्तदान के सामाजिक महत्व को उजागर किया गया। बी.के. गिरि ने ब्लड सेंटर एवं पैथोलॉजी विभाग द्वारा चलाए जा रहे। इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो देखने में छोटा लगता हैए परंतु यह मानवता के लिए अत्यंत मूल्यवान योगदान सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में ष्दानष् को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है और प्रक्तदानष् वास्तव में ष्महादानष् हैए ऐसा दान जो जीवन देता है। उन्होंने हाल ही में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे का उल्लेख करते हुए यह स्मरण कराया कि ऐसे आपातकालीन अवसरों पर रक्त की उपलब्धता कितनी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि जीवन अत्यंत नाजुक है और रक्तदान जैसे कार्य अनेक जीवनों को बचाने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर पैथोलॉजी एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञों की भी उपस्थिति रहीए जिनमें सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लड सेंटर की प्रभारी डॉ. निली एस.कुजूर, कंसल्टेंट पैथोलॉजी डॉ. राजू भैसारे. उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी पैथोलॉजी डा. गुरमीत सिंह, वरिष्ठ कंसल्टेंट पैथोलॉजी डॉ.प्रिया साहू, कंसल्टेंट पैथोलॉजी डा. प्रतीक शिवप्पा एवं कंसल्टेंट ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन डॉ. दीपक दशमोहरा पात्र प्रमुख रूप से शामिल थे।

## सेक्टर-9 अस्पताल में सुविधा को लेकर लिखा पत्र



**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र को मेडिकल कॉलेज मान्यता देकर छत्तीसगढ़ की शैक्षिक स्वास्थ्य सेवाओं में मदद की अपील करते हुए चिकित्सा संस्थान के विशेषज्ञ डॉक्टरों के वेतन एम्स के समतुला या करने की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री केंद्रीय इस्पात मंत्री भारत शासन केंद्र के विभिन्न समितियां के सदस्य एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल सहित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को पत्र लिखकर चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने की है। ज्ञानचंद जैन ने 2 लाख की आबादी वाले भिलाई विधानसभा क्षेत्र और अंचल की लगभग 15 लाख की जनसंख्या को प्रभावित करने वाले संयंत्र के इस सर्व सुविधायुक्त बृहद अस्पताल की आधुनिक मशीनों एवं केंद्र सरकार के द्वारा उपयोग की गई अरबों रुपए की राशि के समुचित उपयोग की और ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहां है कि भिलाई विधानसभा में सर्व युक्त अस्पताल होने के बाद भी स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निजी चिकित्सा संस्थानों में जाने मजबूर होना पड़ता है और संयंत्र के कर्मचारी एवं अधिकारियों को अन्य राज्यों के अस्पतालों में सेंटर रेफर करता है जिस पर लाखों रुपए की राशि खर्च की जाती है। ज्ञानचंद जैन ने कहा है कि हर मेडिकल संस्थान ने अपने स्वयं के दवाई दुकान के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टर के लिए निशुल्क केबिन उपलब्ध कराकर स्थानीय लोगों को महंगी चिकित्सा लेने बाध्य होना पड़ता है। यदि इस महंगी चिकित्सा व्यवस्था से शहर का आम नागरिक जहां परेशान है वह भिलाई में सब कुछ होने के बाद भी अस्पताल में सुविधाओं का अभाव यहां के नागरिकों को बहुत अधिक परेशान करता है। ज्ञानचंद जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं में की जा रहे विस्तार पर बधाई देते हुए कहा है की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और संयंत्र जिनके नियंत्रण में है उसके इस्पात मंत्री को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना होगा और भिलाई सहित अंचल की 15 लाख की आबादी को विशेष सुविधा देने के लिए सेक्टर-9 को स्थानीय मांग के अनुरूप विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति एम्स के वेतन के करना होगा द्वितीय और तृतीय वर्ग के कर्मचारियों की आवश्यकता इस अस्पताल को लंबे समय से महसूस की जा रही है क्योंकि केंद्र के द्वारा दिया जाने वाला राजस्व आधुनिक मशीनों पर तो खर्च किया जा रहा है लेकिन उन मशीनों के उपयोग नहीं होने से स्थानीय निवासियों को केंद्र की किस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## निर्माण कार्य व सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय नेहरू नगर पूर्व स्थित एस एल आर एम सेंटर के सफाई व्यवस्था का जायजा लेने सुबह 8 बजे अचानक पहुंचे और उपस्थिति पंजी एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण करने लगे। सफाई व्यवस्था में सुधार और अनुपस्थित कर्मचारियों के कटौती के लिए आवश्यक निर्देश दिए। वहां 2.91 करोड़ रुपए लागत से निर्माणाधीन सी एंड डी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट कार्य का निरीक्षण किए। समयावधि के अनुपातिक कार्य की धीमी गति के लिए एजेंसी को नोटिस देने का निर्देश कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा को दिए। स्लॉटर हाउस के समीप निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट को अति शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश उपस्थित अभियंताओं को दिए। मधु कामिनी उद्यान के निरीक्षण के दौरान पुराने एवं जर्जर यूकेलिप्टस पेड़ों की कटाई के संबंध में वन विभाग को पत्राचार करने का निर्देश उद्यान अधिकारी को दिए जिससे निगम की राजस्व में भी वृद्धि होगी। सुपेला फोरलेन के समीप संजय नगर तालाब उद्यान का निरीक्षण के दौरान वहां अधूरे पाथवे एवं अन्य कार्यों के संबंध में जोन आयुक्त को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता श्वेता वर्मा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि विकास कार्यो की गति में तेज लावे क्योंकि बारिश में कार्य प्रभावित न हो सके।

## प्रादेशिकी का शेष...

### शिक्षा व स्वास्थ्य को छोड़...

खामियाजा भोली-भाली जनता को भुगतना पड़ रहा है।

हम मांग करते हैं कि सरकार शराब दुकानें खोलने की नीति को तत्काल रद्द करे और शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में निवेश करे। छत्तीसगढ़ की जनता को शराब की दलदल से निकालकर एक सशक्त और समृद्ध भविष्य की ओर ले जाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध के बीच नया शिक्षा सत्र

**दंतेवाड़ा,** 15 जून (देशबन्धु)। मौसम के तीखे तेवर और शाला प्रवेशोत्सव के बहिष्कार के बीच 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। यह पहला मौका होगा जब सत्र के पहले ही दिन विरोध और हंगामे की स्थिति रहेगी। विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण और सेट अप से छेड़छाड़, विरोध की असली वजह है।

सभी शिक्षक संगठन शुरू से ही सरकार के युक्तियुक्तकरण के खिलाफ थे। इसके बावजूद जून के पहले हफ्ते में आनन-फानन में सभी जिलों में शिक्षा में गुणवत्ता लाने और समावेशी शिक्षा के नाम पर शिक्षकों का नियम विरूद्ध युक्तियुक्तकरण कर दिया। इससे पहले भी जुलाई-अगस्त 2024 में सरकार युक्तियुक्तकरण के लिए आदेश जारी कर चुकी थी। उस दौरान भी चौतरफा विरोध हुआ था। तब सरकार ने मजबूरीवश इसे टाल दिया था। क्योंकि दिसम्बर 2024 में नगरी निकाय और फरवरी 2025 में पंचायत के चुनाव होने वाले थे। यदि जुलाई 2024 में युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही की गई होती तो सरकार की हार निश्चित थी। बदले माहौल का लाभ विपक्ष को मिल जाता। इस वजह से युक्तियुक्तकरण को भाजपा सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया था। अब चूंकि 2028 से पहले कोई चुनाव नहीं है, और सत्तारूढ़ दल को जो चाहिए था। वह हासिल हो गया, इसलिए युक्तियुक्तकरण का जिन भाजपा के बंद बोतल से बाहर आ गया।

वर्तमान में शैक्षणिक संस्थान में कार्यरत शिक्षक संख्या और पोर्टल में दर्ज शिक्षकों के आंकड़े को सत्यापित किए बगैर शिक्षकों की अतिशेष सूची बनाई गई। जूनियर शिक्षक को छोड़ सीनियर को अतिशेष बना दिया। काउंसलिंग में जहाँ भी पद रिक्त हैं, सभी स्कूलों को नहीं दिखाया गया। संलग्न किए गए शिक्षक दूसरे स्कूल में कार्यरत होने के बाद भी मूल संस्था में वापस नहीं किए गए। किसी भी जिले में नियम के तहत युक्तियुक्तकरण नहीं हुई। जहाँ के शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों में नेतर्त्वि की क्षमता थी, वहाँ मामला उजागर हुआ। ठीक उलट कई जिले के पदाधिकारियों ने अपना काम सही ढंग से नहीं किया, वहाँ मामला दब गया।




- काली पट्टी लगाकर विरोध जताएंगे शिक्षक
- राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को पोस्ट कार्ड भेज बताएंगे पीड़ा
- संलग्न शिक्षकों की वापसी के बिना युक्तियुक्तकरण गलत
- राजनीतिक हथकंडे के शिकार हुए कई शिक्षक

सरकार की ओर से 27 मई को प्रदेश के 10 हजार 463 स्कूल को बंद किए जाने का डेटा जारी कर दिया। इसमें बस्तर संभाग के 1 हजार 629 स्कूल शामिल हैं। हालांकि सरकार स्कूलों को बंद किए जाने की बात को अफवाह बता रही है। साथ ही स्पष्ट किया है कि एक ही परिसर में संचालित शालाओ के उचित प्रबंधन और संसाधन के बेहतरी के लिए मर्ज किया गया है। लेकिन शिक्षक संगठन सरकार के इस दावे को सिरे से खारिज कर रहे हैं। एक तरह से देखा जाए तो शिक्षकों की आशंका गलत भी नहीं है। 16 जून से नए सत्र की शुरुआत होने वाली है। इधर सरकार की ओर से मर्ज किए गए स्कूलों की जिलेवार सूची जारी नहीं की जा रही है। सरकार ऐसे स्कूलों का नाम सार्वजनिक नहीं कर है। इसलिए लोगों को संदेह हो रहा है। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में जिस तरह सभी जिले में लापरवाही की शिकायत मिली। ठीक इसी तरह स्कूलों के समायोजन में भी हुआ है, ऐसा शिक्षक संगठनों का मानना है।

शिक्षकों की नाराजगी और विवाद के बीच नया शिक्षा सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इधर शिक्षक संगठन युक्तियुक्तकरण के विरोध में शाला प्रवेशोत्सव के बहिष्कार के अपने पूर्व के निर्णय पर कायम है। ऐसे में सरकारी स्तर पर आयोजित की जाने वाली शाला प्रवेशोत्सव खटाई में पड़ सकता है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि नया शिक्षा सत्र विवादों से घिरा है। बीजापुर जिले में 16 जून को ही सत्र के प्रारंभ में शाला प्रवेशोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। वही 21 को संकुल स्तर, 24 जून को विकास खंड स्तर और 1 जुलाई को जिला मुख्यालय बीजापुर में शाला प्रवेशोत्सव मनाने की तैयारी प्रशासन कर रही है। प्रशासन ने तिथि तो तय कर दी, पर शिक्षकों के बहिष्कार के चलते सफल होगा या नहीं। यह भी एक बड़ा सवाल है। इस साल आज तक स्कूलों को पाठ्यपुस्तक भी उपलब्ध नहीं कराया गया है। जीर्ण- शीर्ण शाला भवनों के बारे में प्रशासन की पहल केवल जानकारी मांगने तक सीमित है। शिक्षक थलेश ठाकुर ने बताया कि शिक्षक साझा मंच के निर्णय के मुताबिक काली पट्टी बाँध कर शाला प्रवेशोत्सव का बहिष्कार करेंगे। यही नहीं विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण के संबंध में देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर मामले से अवगत कराऐंगे।

## शहर को व्यवस्थित सुंदर पर्यटन व व्यापार क्षेत्र में अग्रसर करना पहली प्राथमिकता : लता



**कोण्डागांव,** 15 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव विधायक लता उसेंडी द्वारा कोंडागांव को सुंदर व्यवस्थित बनाने लगातार बैठकें ली जा रही है, इसी क्रम में 15 जून को कोंडागांव विधायक एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने कोंडागांव के फारेस्ट विश्राम गृह में कोंडागांव को व्यवस्थित एवं सुंदर शहर बनाने पर्यटन एवं व्यापार के क्षेत्र में अग्रसर करने के साथ-साथ वर्तमान में शहर के नहरपारा तालाब सौंदर्यीकरण, बंधा तालाब गार्डन सौंदर्यीकरण के किए जा रहे कार्यों जिसमें षहर को सुंदर व आकर्षक बनाने का पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं, आदि जैसे अन्य विषयों पर भी चर्चा किया। वहीं शहर के सभी वार्ड की समस्याओं मुख्यत: सड़क, पेयजल, पानी की निकासी हेतु नाली, स्वच्छता आदि को ध्यान में रखते हुए एवं शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, दिपेश अरोरा, जितेंद्र सुराना, कुलवंत चहल नगर पालिका के सीएमओ, एसडीओ, इंजीनियर एवं टाऊन प्लानर के साथ चर्चा की गई। और चर्चा के दौरान कहा कि कोंडागांव शहर को व्यवस्थित सुंदर पर्यटन एवं व्यापार के क्षेत्र में अग्रसर करना पहली प्राथमिकता है इसलिए विकास में कहीं कोई कमी नहीं आने दिया जाएगा।

## तुलसी मानस प्रतिष्ठान की जिला स्तरीय बैठक बफना में आयोजित



**कोण्डागांव,** 15 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के बफना में तुलसी मानस प्रतिष्ठान की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। जहां जिला अध्यक्ष गुतेश्वर बघेल ने जानकारी दिया कि यह संगठन सम्पूर्ण प्रदेश में है, जिसके संरक्षक स्वयं प्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं मुख्य मंत्री हैं। आज बफना में आयोजित बैठक में जिले भर के मानस प्रेमियों की उपस्थिति में आगामी दिनों बालोद जिले के गुंडरदेही में आयोजित प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जाने के विषय पर चर्चा किया गया तथा संगठन के उद्देश्य रामायण मानस गान के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचकर जनजागरूकता फैलाने के संबंध मे चर्चा किया गया। आज के इस बैठक में मानस मंडली के पदाधिकारी जिला अध्यक्ष गुतेश्वर बघेल, बलराम बड़बसिया, गिरधर पांडे, जितेंद्र सिन्हा, जीवन पांडे, राजेश नेताम, जोहनलाल जैन, हरीलाल बैध, डमरुधर बघेल, रासबिहारी साहू, पुरुषोत्तम नायक, सिकंदर प्रधान, केशवराम कश्यप, राजेश गन्धर्व, मोतीलाल राठौर, राजेश पोया, जे.आर.नाग, लक्ष्मीनाथ नाग, चिराग उपाध्याय, चंद्रप्रकाश कुलदीप, प्रकाश नाग, सैदूराम यादव, किशोर शार्दुल, मोहन यादव सहित भारी संख्या में मानस प्रेमी मौजूद रहे।

## केशकाल बाईपास फोर लेन के लिए 307.96 करोड़ की मंजूरी

**फरसगांव/कोंडागांव,** 15 जून (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर 11.380 किलोमीटर लंबे केशकाल बाईपास को पेव्ड शोल्डर मानक के साथ 4-लेन में अपग्रेड करने के लिए 307.96 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।



**विधायक नीलकंठ टेकाम ने जताया आभार**

केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय परिवहन एवं सड़क मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बस्तर का निरंतर विकास हो रहा है।

**फोर लेन सड़क से यातायात होगा सुगम और सुरक्षित**

इस दौरान विधायक टेकाम ने कहा कि फोर लेन सड़क परियोजनाएं यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। केशकाल की चार लेन सड़कें यातायात को सुगम और सुव्यवस्थित बनाएंगी और यात्रा के समय को कम करेंगी। इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और व्यापार और वाणिज्य को सुविधाजनक बनाएंगी।

**बाईपास से कम होगी भीड़भाड़ और प्रदूषण**

बाईपास के निर्माण से शहरी क्षेत्रों से भारी यातायात को हटाकर, शहरी सड़कों पर भीड़भाड़ कम करने, प्रदूषण के स्तर को कम करने और दुर्घटना के जोखिम को कम करने में मदद मिलेगी, जिससे शहर के भीतर पैदल चलने वालों और मोटर चालकों दोनों के लिए बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर करंजी में विधिक जागरूकता शिविर


**कोण्डागांव,** 15 जून (देशबन्धु)। विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर ग्राम पंचायत करंजी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

15 जून को विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय के कुशल नेतृत्व में सुरेन्द्र भटट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव तथा पैरालीगल वालिंटियर/अधिकार मित्र के द्वारा ग्राम पचांयत करंजी में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उददेश्य वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और भावनात्मक शोषण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना तथा उन्हें उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के दौरान सुरेन्द्र भट्ट ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की आधारशिला हैं और उनका सम्मान तथा संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्हें किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण से मुक्त जीवन जीने का पूरा अधिकार है।




इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों को वरिष्ठ संरक्षण अधिनियम 2007 भरण पोषण संबंधी अधिकार ज्येष्ठ नागरिकों की सम्पत्ति के अधिकार, पॉक्सों अधिनियम 2012, मोटर यान अधिनियम तथा घारेलु हिंसा अधिनियम जैसी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों को यह भी बताया गया कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव से कैसे नि:शुल्क कानूनी सहायता/सलाह प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच विनोद नेताम, सचिव चन्द्रिका नाईक एवं रविन्द्र बघेल, रंजन बैध, पारेश्वर देवांगन, लोकेश यादव अधिकार मित्र तथा स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## दंतेवाड़ा मैदान में 48 लाख का 4 सौ मीटर रनिंग ट्रेक



**दंतेवाड़ा,** 15 जून (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के एक मात्र हाई स्कूल मैदान में रनिंग ट्रेक बनकर तैयार है। लोक निर्माण विभाग ने लगभग 48 लाख की लागत से इसे तैयार किया है। 4 सौ मीटर लंबा यह ट्रेक विभिन्न विभागों की भर्ती में शारीरिक दक्षता की तैयारी में मददगार साबित होगा। अभी यह ट्रेक तो बन गया है लेकिन इसकी सुरक्षा के लिए और भी काम होना है। इस ट्रेक के किनारे-किनारे नालियां बनेगी, जिससे इस पर पानी का जमाव नहीं होगा। पानी भरने से यह ट्रेक खराब हो सकता है। वैसे इस खेल मैदान पर साल-दो साल पहले भी एक बड़ी रकम खर्च की गई थी। इसकी सीढ़ियों और बाउंड्री को उपर उठाकर इसे नया रूप दिया गया। वैसे जानकार यह भी कहते हैं कि इस मैदान पर बिना किसी प्लानिंग के करोड़ों रूपए खर्च किये जा चुके हैं, जिसके कारण इसका फायदा यहां के युवाओं को नहीं मिल रहा है। अभी ट्रेक बनने के बाद मैदान में पर्याप्त रोशनी का इंतजाम किया जाना जरूरी है। अंधेरे की वजह से देर शाम यहां युवा अभ्यास नहीं कर पाते। ट्रेक बनकर तैयार हो गया है, लेकिन कुछ काम बाकि होने के कारण इसके अभी बंद रखा गया है। मैदान के गेट बंद कर दिये गए हैं।

- महत्वपूर्ण खेल मैदान में युवाओं के लिए नई सौगात
- ट्रेक को सुरक्षित रखने कुछ और कार्य शेष
- पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह की सभा की साक्षी है यह मैदान

शहर का यह मैदान काफी प्रसिद्ध है। हर बार दोनों राष्ट्रीय पर्व पर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह का आयोजन यहीं होता है। राजनीतिक दलों के कार्यक्रम भी यहीं होते हैं। अब से 10 साल पहले 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा यहीं हुई थी। हाल ही में बस्तर पंडूम का एक महत्वपूर्ण आयोजन भी इसी मैदान पर हुआ था, जिसमें केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हुए थे। बस्तर पंडूम के आयोजन के दौरान इस मैदान में कुछ तोड़फोड़ भी हुई थी, जिसे ठीक कर दिया गया है। रनिंग ट्रेक को सुरक्षित रखने मार्गदर्शिका बोर्ड भी यहां लगायी जाएगी, जिसमें यह भी बताया जाएगा कि यह ट्रेक केवल दौड़ने के लिए है, इस पर वाहन नहीं चलाना है। बहरहाल एक रनिंग ट्रेक यहां के युवाओं के लिए मिल चुका है, यह कितने दिनों तक सुरक्षित रह पाएगा, यह देखने वाली बात होगी। इस मैदान को सुरक्षित रखने इसे राजनीतिक और गैर खेल आयोजनों से बचाया जाना भी बेहद जरूरी है।

## नक्सल गढ़ कहे जाने वाले माड़ क्षेत्र में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**बीजापुर,** 15 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में भैरमगढ़ ब्लॉक इन्द्रावती नदी पार माड़ क्षेत्र में बरसात को मद्देनजर रखते हुए स्वास्थ्य शिविर एवं बारिश के दौरान होने वाले मौसमी बीमारियों से बचने सतर्कता बरतने सहित जागरुकता लाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर बीआर पुजारी व खण्ड चिकित्सा अधिकारी रमेश तिग्गा के नेतृत्व मे माड़ क्षेत्र मे स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बड़ेपल्ली मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे कुल 100 मरीजों का ईलाज डॉ. रमेश तिग्गा क्रव्व्ह भैरमगढ़ द्वारा किया गया इसके साथ ही पहाड़ क्षेत्र मे नेटवर्क क्षेत्र की पहचान कर कुल 90 हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड बलराम घरत (क्राह्व ),श्रीमिती प्रतीक्षा पटेल (नीति आयोग कोऑर्डिनेटर), श्रीमिती मंजू लता राठौर (रूञ्ज बरियाभूमि), व सुरेश सोढ़ी(छ्व्रष्ठस् वाहन चालक) द्वारा बनाया गया व चिरायु टीम द्वारा कुल 02 आंगनबाडी का विजिट किया गया व स्क्रीनिंग का कार्य किया गया । खण्ड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी बी. आर. कुर्राम द्वारा मौसमी बीमारी से बचाव व उपचार व समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की जानकारी दिया गया शिविर मे समस्त क्राह्व व मैदानी कार्यताओं का विशेष सहयोग रहा।



नेटवर्क के कठिनाइयों के बीच 90 लोगों का सफलतापूर्वक आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया

## जवाहर नवोदय विद्यालय में तनुश्री पटेल का चयन



**कोण्डागांव,** 15 जून (देशबन्धु)। शिक्षण सत्र 2025-26 में जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए परिणाम घोषित हो चुका है, जिसमें कोंडागांव जिले के ग्राम अड़ेंगा निवासी लीलाराम पटेल एवं श्रीमती उमेश्वरी पटेल की पुत्री कुमारी तनुश्री पटेल का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर माता-पिता एवं ग्रामीणों के साथ सामाजिकजनों ने हर्ष जाहिर करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना किया है। तनुश्री पटेल के माता-पिता दोनों ही पेसे से शिक्षक हैं। तनुश्री पटेल गिरिदीप हाई स्कूल केशकाल में कक्षा पांचवी में अध्यनरत थी।

## गजेन्द्र व रमेश यदु के जन्मदिन पर फल वितरण



**फिंगेश्वर,** 15 जून (देशबन्धु)। यादव समाज जिला इकाई गरियाबंद के द्वारा समाज के मुखिया दुर्ग शहर लाडले लोकप्रिय विधायक यादव समाज के गौरव, श्री गजेंद्र यादव जी एवं सर्व यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के जन्म दिन पर यादव समाज के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में मरीजों को फल वितरण किया गया साथ मे स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर, नर्स स्टॉफ एवं चतुर्थ कर्मियों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके मे सर्व यादव ले जिलाध्यक्ष सतीश यादव जी, सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तेजेश यादव, ठेठवार यादव समाज के जिलाध्यक्ष उग्रसेन यादव ज़िला उपध्यक्ष डिगेश्वर यदु, फिंगेश्वर राज सचिव भुनेश्वर यादव, छबि यादव, भागवत यादव,अलोक यदु, एवं ज़िला के यादव समाज जिला गरियाबंद के समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## अंतिम व्यक्ति का कल्याण सरकार का संकल्प : चैतराम

**दंतेवाड़ा,** 15 जून (देशबन्धु)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज विकासखण्ड गीदम के ग्राम पंचायत छिन्दनार में विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी समुदाय के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्रदान करना था। शिविर में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से शासन की योजनाएं अब सीधे गांवों तक पहुंच रही हैं। यह सिर्फ सेवा का नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन का प्रतीक है। आज का शिविर दिखाता है कि जब इच्छाशक्ति और जनभागीदारी मिलती है, तो किसी भी योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। हमारी सरकार का संकल्प है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। शिविर में प्राप्त एवं निराकृत आवेदनों में राशन कार्ड हेतु आवेदन 34, जिनमें से 10 का निराकरण, किसान क्रेडिट कार्ड 37 में से सभी 37 आवेदन स्वीकृत, जाति प्रमाण पत्र- 26 आवेदन प्राप्त, श्रम पंजीयन 18 आवेदन, सभी का त्वरित निराकरण, उद्यान विभाग से संबंधित आवेदन 4, सभी निराकृत, जनधन खाता योजना 15 आवेदन प्राप्त ई-श्रम कार्ड 28 में से सभी 28 आवेदन स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन लिए गए और तत्काल कार्यवाही की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और शासन की विभिन्न सेवाओं के प्रति उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तत्परता से सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में आधार कार्ड अपडेट, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, बैंक खाता खोलने जैसी आवश्यक सेवाएं भी मौके पर प्रदान की गईं। छिन्दनार में आयोजित यह शिविर न केवल शासन की योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू करने का प्रभावशाली उदाहरण बना, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि जब जन प्रतिनिधि, प्रशासन और जनता मिलकर कार्य करते हैं, तो जन कल्याण सुनिश्चित होता है। आगामी दिनों में यह अभियान जिले के अन्य ग्राम पंचायतों में भी आयोजित किया जाएगा, जिससे हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। छिंदनार शिविर में विधायक श्री अटामी के साथ ही जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता मण्डावी, जनपद अध्यक्ष गीदम श्रीमती शकुन्तला भास्कर, जनपद अध्यक्ष दंतेवाड़ा श्रीमती सुनीता भास्कर, जनपद उपाध्यक्ष गीदम दिनेश कौशल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, ग्राम पंचायत छिन्दनार की सरपंच श्रीमती संध्या शुक्ला सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



- जन प्रतिनिधि और प्रशासन मिल जाए तो विकास तय
- छिंदनार में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान
- शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ

## जिला सीईओ ने की, फरसगांव में पीएम आवास योजना की समीक्षा



**फरसगांव**, 15 जून (देशबन्धु)। जनपद पंचायत फरसगांव सभागार में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने सचिव, रोजगार सहायक और आवास मित्रों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पंचायत के लक्ष्य अनुसार 20त्न से कम पूर्ण हुए सचिव/रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु जनपद सीईओ फरसगांव रूपेंद्र नेताम को निर्देशित किया।

**जुलाई तक 50 फीसदी आवास पूर्ण करने के निर्देश**

जिला सीईओ अविनाश भोई ने सभी सचिवों को माह जुलाई अंतिम तक 50त्न आवास को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बरसात के पहले सोकता गड्ढा और नाडेप टैंक को 20 जून तक पूर्ण करना आवश्यक है।

**आगामी शिविर की तैयारी**

इसके अलावा, जिला सीईओ ने आगामी सप्ताह में होने वाले शिविर धरती का आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष को अच्छे से सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस शिविर में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं और इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे।

## उल्टा पुल्टा

मरीज- डॉक्टर साहब, मेरी दायीं टांग में बहोत दर्द रहेता है।
डॉक्टर- ये तो उम्र का तकाजा है।
मरीज- लेकिन मेरी बायीं टांग की भी तो उम्र उतनी ही है फिर दायीं टांग में ही तकलिफ क्यों?

## संपादकीय

### हर बच्चे को मिले शिक्षा

*छत्तीसगढ़ स्कूली शिक्षा बोर्ड का सोमवार से वर्ष 2025-26 का शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो रहा है। युक्तियुक्तकरण के बाद यह पहला सत्र है सो इससे कई तरह की उम्मीदें होनी स्वाभाविक हैं- राज्य सरकार के साथ जनता को भी। शासकीय शालाओं में पढ़ने वाले लाखों छात्र-छात्राओं के पालकों एवं अभिभावकों को आशा है कि इस लिहाज़ से 2025-26 का सत्र अलग होगा कि कोई भी ऐसी स्कूल नहीं होगी जो शिक्षकविहीन हो। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को निर्देश दिये हैं कि कोई भी बच्चा शालेय शिक्षा से वंचित न रहे। उनका सपना है कि व्यवस्था इतनी अच्छी हो कि 12वीं तक शालात्यागी बच्चों की दर शून्य हो। यानी कम से कम इस पायदान तक तो हर बच्चा पहुंचे। प्रदेश का शैक्षिक स्तर सुधारने के लिये यह बहुत ज़रूरी है। फिलहाल राज्य की शिक्षा का स्तर संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।*

*युक्तियुक्तकरण के फैसले से लगभग 10 हजार स्कूल प्रभावित हुए हैं। इसका उद्देश्य हर शाला में शिक्षकों की उपलब्धता तथा नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत राज्य की शिक्षा को बेहतर करना है। सरकार का दावा है कि युक्तियुक्तकरण के बाद कोई भी स्कूल ऐसा नहीं रह जायेगा जिनमें शिक्षक न हो। इससे शिक्षक-छात्र अनुपात भी सुधर सकेगा। अब सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हर स्कूल में सभी विषय पढ़ाने वाले शिक्षक उपलब्ध हों। प्राइमरी कक्षाओं तक तो उतनी दिक्कत नहीं आती क्योंकि ज्यादातर शिक्षक इस स्तर तक के बच्चों को विभिन्न विषय पढ़ा सकते हैं लेकिन ये बच्चे जैसे-जैसे उच्चतर कक्षाओं में जाते हैं, उन्हें विषयानुसार जानकार तथा प्रशिक्षित शिक्षकों की ज़रूरत पड़ती है। विशेष रूप से अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषयों को लेकर यह स्थिति बनती है। 10वीं तथा 12वीं की कक्षाओं में कामचलाऊ शिक्षक नहीं चल सकते। कॉमर्स, विज्ञान और कला विषयों के लिये पृथक शिक्षकों की आवश्यकता होती है वरना बच्चों तथा समग्र रूप से स्कूलों के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।*

*विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान अपने अनुपूरक बजट में राज्य सरकार ने विभिन्न सार्वजनिक संरचनाओं की मरम्मत के लिये बडी राशि आवंटित की थी। उम्मीद है कि स्कूल बन्द होने के बाद से अब तक के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान हर स्कूल को बच्चों के लिये सुविधाजनक बना दिया गया होगा। कई बार छतों एवं दीवारों पर से प्लास्टर उखड़कर बच्चों पर गिरने जैसी घटनाएं होती हैं। छतों से जल रिसाव होने, कक्षाओं में पानी भर जाने, चारदीवारी टूटने जैसी घटनाएं होती हैं जिनसे हादसे होते हैं। आशा है कि टंकी व कूलरों की सफाई, बिजली-पंखे आदि में सुधार जैसे काम भी हो चुके होंगे। शिक्षण सामग्री तथा यूनिफॉर्म आदि का वितरण भी तत्काल किया जाना चाहिये ताकि शिक्षक-विद्यार्थी प्रारम्भ से ही अध्ययन में जुट जायें।*

# एडीईओ परीक्षा में अव्यवस्था, गलत लोकेशन से परीक्षा से वंचित हुए कई अभ्यर्थी



**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। रायपुर के कोलंबिया कॉलेज में एडीईओ परीक्षा के दौरान गलत लोकेशन और अव्यवस्था के चलते दर्जनों अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित हो गए। गूगल मैप में त्रुटि और प्रबंधन की सख्ती से युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया।

छत्तीसगढ़ व्यापम की सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। इस परीक्षा में 200 पदों के लिए 3 लाख 10 हजार कैंडिडेट्स ने आवेदन किया था, जिसमें से 70 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। रायपुर में इसके लिए 95 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे और परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक था।

परीक्षा में कुछ अभ्यर्थी 2 मिनट की देरी से पहुंचने के कारण परीक्षा से वंचित रह गए। हालांकि वे कॉलेज कैंपस के अंदर समय पर पहुंच गए थे। अभ्यर्थियों ने बताया कि इस बार के प्रश्न सरल थे और उन्होंने अच्छे से सवाल हल किए हैं। अब वे अपने रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं ताकि पता चल सके कि उन्हें कितने नंबर मिले हैं और कटऑफ क्या होगा।

**परीक्षा केंद्र बनाने में भारी लापरवाही**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को आयोजित सहायक विकास विस्तार अधिकारी परीक्षा में भारी अव्यवस्था और प्रबंधन की लापरवाही देखने को मिली। राजधानी रायपुर के कोलंबिया कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र की गलत लोकेशन, भ्रमित करने वाली सूचना और केंद्र की सख्ती के चलते दर्जनों अभ्यर्थी परीक्षा देने से वंचित हो गए। इससे बेरोजगार युवाओं में गहरा आक्रोश है।

**गूगल मैप ने बढ़ाई परेशानी**

परीक्षा में शामिल होने पहुंचे कई उम्मीदवारों ने बताया कि कोलंबिया कॉलेज की लोकेशन गूगल मैप पर सही नहीं दिखाई दे रही थी। विधानसभा रोड के आउटर इलाके में स्थित इस कॉलेज को ढूंढने के लिए अभ्यर्थियों को एक-एक घंटे तक भटकना पड़ा। सुबह 10 बजे रिपोर्टिंग का समय था, लेकिन कई अभ्यर्थी 9:55 तक कैंपस के बाहर पहुंचने के बावजूद अंदर नहीं जा सके। उन्हें च्लेटज्ज बताकर गेट से ही लौटा दिया गया।

**शहर में मौजूद कॉलेजों में क्यों नहीं बनाए केंद्र ?**

अभ्यर्थी रवि कुमार साहू ने कहा कि रविवार को शहर के लगभग सभी कॉलेज बंद रहते हैं, ऐसे में परीक्षा केंद्र आउटर इलाके में क्यों बनाया गया ? जब शहर के भीतर तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं, तो परीक्षा जैसी संवेदनशील प्रक्रिया को शहर से दूर भेजना समझ से परे है। उन्होंने इसे 'योजनाबद्ध अव्यवस्था' करार देते हुए जवाबदेही तय करने की मांग की।

**भटकते रहे अभ्यर्थी, नहीं सुनी गई एक भी अर्जी**

कई परीक्षार्थियों ने बताया कि वे रास्ता पूछते-पूछते किसी तरह कॉलेज तक पहुंचे, लेकिन गेट पर खड़े सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें अंदर जाने नहीं दिया। किसी की बात नहीं सुनी गई, किसी की अर्ज़ी नहीं मानी गई। अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रशासन और परीक्षा मंडल की सख्ती के कारण उनके भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है।

**दोबारा परीक्षा की मांग**

आवेदकों ने स्पष्ट आरोप लगाया कि परीक्षा केंद्र की गलत जानकारी, गूगल मैप की अनुपलब्धता और प्रबंधन की संवेदनहीनता ने उनका कीमती साल छीन लिया। कई छात्रों ने इसे च्भविष्य के साथ खिलवाड़ज्ज बताया। परीक्षार्थियों ने व्यावसायिक परीक्षा मंडल ( और कॉलेज प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन सभी अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा कराने की मांग की है जो समय पर पहुंचने के बावजूद अंदर नहीं जा सके।

सरकारी परीक्षाओं में परीक्षा केंद्र की स्पष्ट जानकारी समय रहते देना अनिवार्य होता है। साथ ही यदि कोई तकनीकी या लोकेशन संबंधी समस्या हो तो छात्रों की मदद के लिए हेल्पलाइन या ऑन-ग्राउंड सपोर्ट की व्यवस्था होती है। लेकिन इस परीक्षा में न तो स्पष्ट मार्गदर्शन दिया गया, न ही किसी सहायता काउंटर की व्यवस्था दिखी।

# आज से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत

- प्रदेश के सभी स्कूलों में मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव
- सीएम साय ने जनप्रतिनिधियों को लिखा पत्र



**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में सोमवार से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो रही है। कल प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। सीएम विष्णु देव साय ने सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर सहभागी बनने की अपील की है। इससे पहले की छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की एक व्यापक और सार्थक पहल की है। शिक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और लंबे समय से चली आ रही शैक्षिक विसंगतियों के समाधान का कारगर प्रयास किया गया। युक्तियुक्तकरण से पहले छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण अंचल की शालाओं में शिक्षकों की कमी नगरीय इलाकों और उसके समीप की शालाओं में जरूरत से ज्यादा शिक्षकों की पदस्थपना के कारण शिक्षा प्रभावित हो रही थी और इसका असर बच्चों के परीक्षा परिणाम पर भी पड़ रहा था। राज्य के लगभग 212 प्राथमिक शालाएं और 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं पूरी तरह से शिक्षक विहीन थींए जबकि 6,872 प्राथमिक शालाएं और 255 पूर्व माध्यमिक शालाएं केवल एक शिक्षक के साथ संचालित हो रही थीं। इसके अतिरिक्त 211 शालाएं ऐसी थीं जहाँ छात्र संख्या शून्य थी लेकिन शिक्षक पदस्थ थे। इसके अलावा 166 शालाओं को समायोजित किया गया इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की 133 शालाएं शामिल थीं। इस प्रक्रिया के तहत जिला स्तर पर लगभग 13 हजार 793 शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया। संभाग स्तर पर 863 का और राज्य स्तर पर 105 शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया। युक्तियुक्तकरण अभियान के प्रारंभिक परिणाम अत्यधिक आशाजनक हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शिक्षा विभाग का कहना है कि कोई भी विद्यालय बंद नहीं किया जा रहा है और कोई भी शिक्षक पद समाप्त नहीं हो रहा है। एकल शिक्षकीय शालाओं की संख्या में प्रभावशाली 80 प्रतिशत की कमी आई ह अब लगभग 1 200 शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। एक ही परिसर में स्थित 10 372 विद्यालयों का एकीकरण और 166 ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों का समायोजन पूरा हो चुका है।

# प्रदेश में 211 स्कूल ऐसे थे जहां शिक्षक थे पर छात्र नहीं

**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। प्रदेश के स्कूलों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर युक्तियुक्तकरण क्या शुरू हुआ, एक के बाद एक खुलासे रहे हैं। सेटिंग के चक्कर में कई बीईओ और डीईओ तक सस्पेंड हुए हैं और सेटिंग भी ऐसी वैसी नहीं, बल्कि नेक्स्ट लेवल पर जा चुकी है। प्रदेश में 211 स्कूल ऐसे निकल गए, जहां स्टूडेंट एक भी नहीं थे, लेकिन टीचर पदस्थ थे। ऐसे स्कूल में टीचर या तो नहीं जाते होंगे, या फिर मुँह दिखाई की रस्म करके लौट आते होंगे। युक्तियुक्तकरण और समायोजन से अब इस स्थिति में सुधार शुरू हुआ है, फिर भी कुछ काम बाकी ही है।

**अब हुआ छात्रों और टीचर्स का सही समायोजन**

सरकारी आंकड़े ही बता रहे हैं कि राज्य के लगभग 212 प्राइमरी स्कूल और 48 पूर्व माध्यमिक शालाएं पूरी तरह से शिक्षक विहीन थीं, जबकि 6,872 प्राथमिक शालाएं और 255 पूर्व माध्यमिक शालाएं केवल एक शिक्षक के साथ संचालित हो रही थीं। इसके अलावा 211 शालाएं ऐसी थीं जहाँ छात्र संख्या शून्य थी, लेकिन शिक्षक पदस्थ थे। 166 शालाओं को समायोजित किया गया, इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की 133 शालाएं शामिल थीं, जिनकी दर्ज संख्या 10 से कम थी और दूरी 1 किमी से कम थी, तथा शहरी क्षेत्रों की 33 शालाएं थीं, जिनकी दर्ज संख्या 30 से कम थी और दूरी 500 मीटर से कम थी।

युक्तियुक्तकरण से पहले, छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण अंचल की शालाओं में शिक्षकों की कमी, नगरीय इलाकों और उसके समीप की शालाओं में जरूरत से ज्यादा शिक्षकों की पदस्थपना के कारण शिक्षा प्रभावित हो रही थी और इसका असर बच्चों के परीक्षा परिणाम पर भी पड़ रहा था। इन चुनौतियों के बावजूद, छत्तीसगढ़ का छात्र-अध्यापक अनुपात (पीटीआर) राष्ट्रीय औसत से उल्लेखनीय रूप से बेहतर था, प्राथमिक शालाओं के लिए पीटीआर-20 था, जबकि राष्ट्रीय औसत 29 है और पूर्व माध्यमिक शालाओं के लिए पीटीआर-18 था, जबकि राष्ट्रीय औसत 38 है। हालांकि, वितरण असमान था। राज्य में लगभग 17,000 प्राथमिक शालाएं और लगभग 4,479 पूर्व माध्यमिक शालाएं थीं, जिनका पीटीआर-20 से कम था। अकेले शहरी क्षेत्रों में 527 ऐसे विद्यालय थे, जिनका पीटीआर-10 से कम था, जिनमें 15 या उससे अधिक शिक्षकों वाली 08 प्राथमिक शालाएं, 10-15 शिक्षकों वाली 61 शालाएं और 6-9 शिक्षकों वाली 749 प्राथमिक शालाएं थीं, ये आंकड़े बेहतर संसाधन आवंटन की जरूरत को दर्शाते हैं।

# प्रस्तावित जनगणना में अग्रवाल जाति को अलग से अंकित करने की मांग

**अग्रवाल संगठन ने मुख्यमंत्री के जरिए रजिस्ट्रार जनरल को भेजा पत्र**



**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने आगामी प्रस्तावित जनगणना के प्रपत्र (फार्म) में जातियों की निर्धारित सूची में च्अग्रवाल जातिज्ज को पृथक रूप से अंकित किए जाने की मांग की है। इस संबंध में राष्ट्रीय रजिस्ट्रार जनगणना को संबोधित पत्र ज्ञापन के तौर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सौंपा है।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से कहा कि अग्रवाल जाति के लोग परंपरागत रूप से व्यापार व्यवसाय वाणिज्य में संलग्न रहे हैं।इसलिए इन्हें ब्रिटिश शासन काल के समय से ही बनिया या वैश्य शब्द से संबोधित किया जाता रहा है, और जातिगत कालम में भी यही दोनों शब्द प्रीफिक्स के रूप में उपलब्ध हैं। ब्रिटिश शासन के समय से ही जनगणना में यह त्रुटि चली आ रही है, जिसे अब आगामी जनगणना में सुधारने की अपील है।

प्रांतीय संगठन मंत्री सुनील अग्रवाल बॉबी ने बताया कि भारत सरकार ने आगामी जनगणना के अंतर्गत देश के समस्त नागरिकों की सामाजिक ङ्क आर्थिक स्थिति के साथ ही जाति (कास्ट) की जानकारी एकत्र करने कास्ट सेन्सस की घोषणा की है।अग्रवाल समाज भारत सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के माध्यम से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर आगामी प्रस्तावित जनगणना के प्रपत्र (फार्म) में जातियों की निर्धारित सूची में च्अग्रवाल जातिज्ज को पृथक रूप से अंकित करने मांग की है।

जातिगत जनगणना के मामले पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी सहमति जताते हुए कहा कि वे इसे जरूर अग्रेषित कर अग्रवाल समाज को जाति के रूप में दर्ज करने आग्रह करेंगे।

# बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)।मुख्यमंत्री श विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद एवं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने राजीव शुक्ला का कोसा वस्त्र एवं बेल मेटल से निर्मित स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में क्रिकेट सहित अन्य खेलों को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ में खेल अधोसंरचना के विस्तार एवं खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अवसर दिलाने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

# डुंडा में शराब दुकान का विरोध




**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। पाम मिडास के बाजू फ्रेंड्स क्लब कालोनी के अंदर रिहायशी इलाके में ज़मीन मालिक से बिना अनुमति के अवैध निर्माण कर शराब दुकान खोलने का विरोध शुरू हो गया है। पुराना धमतरी रोड स्थित शासकीय विद्यालय डुंडा के समीप में फ्रेंड्स क्लब, पाम मिडास, ई 3, न्यू स्वागत विहार और आसपास बहुत सारी आवासीय कालोनी में रहने वालों में शराब दुकान खुलने से रोष व्याप्त है। कालोनी और आसपास के रहने वालों ने विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार से कालोनी का माहौल खराब होगा और अपराधियों का वर्चस्व बढ़ेगा। इस पर प्रशासन से तत्काल कार्यवाही कर शराब दुकान को हटाने की मांग की गई है। शराब दुकान खुलने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होगा और आसपास की शान्ति भंग होने की संभावना जताई गई है। जानकारी के अनुसार ये दुकान लगभग 1 माह पहले डुंडा बस्ती में खुली थी लोगो के विरोध के कारण वहां से हटाकर आनन फानन में पुन: रिहायशी स्थान और स्कूल के पास खुलने से बच्चों में इसका विपरीत प्रभाव होगा।

# पोस्टमार्टम से कोर्ट तक लेकिन पेशी से गायब!

**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। अंबेडकर अस्पताल के डॉक्टर इलाज से लेकर ड्यूटी और पोस्टमार्टम में व्यस्त रहते हैं। ऐसे 100 से ज्यादा डॉक्टरों को गिरफ्तारी वारंट मिल चुके हैं। इन्हें किसी अपराध के लिए नहीं बल्कि कोर्ट की पेशी में उपस्थित नहीं होने पर वारंट जारी किया गया है। पिछले दो माह में ऐसे डॉक्टर गिरफ्तारी से बचने के लिए पेशी में जा रहे हैं। अब दूरदराज के कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या वीडियो कॉल से भी पेशी होने लगी है। इससे डॉक्टरों की परेशानी कम हुई है। मेडिको लीगल केस एमएलसी में जांच इलाज पोस्टमार्टम व मुलाहिजा करने वाले डॉक्टर को कोर्ट में पेश होना पड़ता है। डॉक्टरों का कहना है कि इलाज व ऑपरेशन में व्यस्त रहने के कारण वे नहीं जा पाते हैं। इनमें प्रोफेसर से लेकर रेसीडेंट यानी जूनियर डॉक्टर तक भी शामिल होते हैं। कई बार थाने से आए पुलिसकर्मियों को डॉक्टरों को खोजते देखा जा सकता है। दरअसल कई जूडो पास होने के बाद अपने राज्यों में चले जाते हैं। दो बार पेशी में नहीं जाने पर उन्हें तीसरी बार गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाता है।

**आपराधिक मामलों में अहम होते हैं बयान**

सड़क हादसे से लेकर हत्या तक के केस में डॉक्टरों के बयान काफी महत्वपूर्ण हैं। पेशी में जाने वाले डॉक्टर इलाज के साथ ऑपरेशन या मुलाहिजा करने वाले होते हैं। ऐसे में उनका बयान काफी मायने रखता है। मरीज को क्षतिपूर्ति राशि केस जीतने के बाद दिया जाता है। पीड़ित पक्ष के लिए यह काफी महत्वपूर्ण होता है। छोटे से बड़े आपराधिक मामले जिनमें डॉक्टरों की जांच अहम

**100 से ज्यादा डॉक्टरों को गिरफ्तारी वारंट जारी**

कड़ी होती है उन्हें कोर्ट में पेश होना पड़ता है। कई डॉक्टरों को तो पुराने मामले में अब भी भोपालए इंदौरए ग्वालियर रीवा जबलपुर भी जाना पड़ रहा है। यही नहीं डॉक्टरों को रिटायरमेंट व ट्रांसफर के बाद भी पेशी में जाना पड़ता है। वारंट और पेशी को लेकर महिला डॉक्टरों को भी छूट नहीं मिलती है।

**डॉक्टर हैं अहम साक्ष्य पेश होने से केस बढ़ता है आगे**

किसी भी एमएलसी मामलों में डॉक्टर की कोर्ट में पेशी बहुत ही जरूरी है। वे मेडिकल विशेषज्ञ साक्ष्य होते हैं। उनकी रिपोर्ट और बयान केस के लिए काफी महत्व रखते हैं। उनके द्वारा की गई जांच और रिपोर्ट से केस आगे बढ़ता है। जिस डॉक्टर ने क्यूरी रिपोर्ट मुलाहिजा और परीक्षण किया हैए उसका संबंधित मामले में उपस्थित होना अनिवार्य है। उनके पेश न होने से केस पेंडिंग रहता है। कई बार इलाज और ओपीडी में व्यस्त रहने से डॉक्टर समन मिलने पर भी कोर्ट नहीं आ पाते हैं। पहली बार तो समन जारी होता है उसके बाद गैर जमानती वारंट फिर भी पेश नहीं हुए तो कोर्ट गिरतारी वारंट जारी करता है। इसके बाद पुलिस संबंधित को कोर्ट के सामने लेकर आती है। टॉपिक एक्सपर्ट डॉण् आरके सिंह रिटायर्ड डीएमई व फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ।

**नॉन क्लीनिकल को छोड़कर किसी विभाग के डॉक्टर नहीं बच सकते**

मेडिकल कॉलेज व अंबेडकर अस्पताल में ऐसा कोई विभाग नहीं ह जहां के रेसीडेंट से लेकर कंसल्टेंट डॉक्टरों को गैर जमानती और गिरतारी वारंट का सामना न करना पड़ा हो। ऐसे मामलों में आपातकालीन चिकित्सा अधिकारियों सीएमओ को भी दो.चार होना पड़ रहा है। मेडिसिन रेडियो डायग्नोसिस सर्जरी ऑर्थोपीडिक्स न्यूरो सर्जरी प्लास्टिक सर्जरी पीडियाट्रिक सर्जरी ईएनटी नेत्र के साथ अन्य डॉक्टरों को गैरजमानती वारंट मिल चुका है। मारपीट से लेकर सड़क दुर्घटनाए हत्या का प्रयास हत्या रेप के साथ संदेहास्पद मौत समेत मेडिको लीगल केस में डॉक्टरों को कोर्ट जाना पड़ रहा है।

Vardhman
English Medium Hr.Sec. School
Kasar Gali, Satti Bazar, Raipur
Mo. 7222961022
Nursery to XII (All Sub.)
Maths, Bio, Commerce
Vardhman The School
Nahar Road, Krishna Nagar,
Santoshi Nagar, Raipur
Mob.9109329528

# अमित चिमनानी के मेगा मेडिकल कैंप में पहुंचे मुख्यमंत्री साय




**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। झूलेलाल धाम में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमननानी के संयोजन में आयोजित मेगा मेडिकल कैंप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित दिग्गजों ने शिकरत की ,साथ ही हजारों की संख्या में लोगों ने कैंप का लाभ लिया। पूज्य बाबा गुरदास राम साहिब जी के 94वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित इस कैंप में

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपदा है। यदि हम संतुलित आहार लें, नियमित रूप से व्यायाम करें और समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच कराएं, तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है।

पूज्य बाबा गुरुदास राम साहेब जी की 94वीं जयंती के अवसर पर इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पूज्य शदाणी सेवा मंडल, पूज्य बाबा गरीबदास सेवा मंडल, पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत, भारतीय सिंधु सभा तथा पूज्य कंधकोट पंचायत द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराई और आयुष्मान कार्ड भी बनवाए। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज की अनियमित जीवनशैली, मिलावटी खानपान और प्रदूषित वातावरण के कारण बीपी और डायबिटीज जैसी बीमारियाँ अब आम हो चुकी हैं। यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों के मेहनतकश लोग भी अब इन बीमारियों से अछूते नहीं हैं। ऐसे में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन अत्यंत सराहनीय पहल है।

मुख्यमंत्री साय ने सिंधी समाज की सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समाज प्रारंभ से ही सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहा है। उन्होंने स्मरण करते हुए कहा कि जब वे रायगढ़ से सांसद थे, तब से वे सिंधी समाज के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होते रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अंत में स्वास्थ्य शिविर के संयोजक अमित चिमनानी एवं शिविर में सेवा प्रदान करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया।

**कैंप के माध्यम से कई लोगों को अपनी बीमारी का पता चला अब वो बेहतर जीवन जी सकेंगे : डॉ. रमन सिंह**

कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सिंह ने बारीकी से मेडिकल टीम से आने वाले मरीजों का ब्यौरा लिया जिससे पता चला कि 60 से ज्यादा से लोग थे जिन्हें शुगर निकली और उन्हें अपनी बीमारी का पता नहीं था ,कई लोग आंखों गैस और लीवर की बीमारी से ग्रसित थे ऐसे में यह आयोजन उन्हें अपनी सेहत को फिर दुरुस्त करने का मौका दे गया। डॉ रमन ने कार्यक्रम संयोजक अमित चिमनानी सहित पूरी टीम को शानदार आयोजन के लिए बधाई दी।

# अवन्ति विहार कॉलोनी मुख्य मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में अब जलभराव की समस्या नहीं आएगी, नई और चौड़ी पुलिया तैयार

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत अवन्ति विहार कॉलोनी मुख्य मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या दूर करने विगत लगभग 1 माह से यातायात डायवर्ट कर निर्मित की जा रही बहुप्रतीक्षित नई और सुगम निकास हेतु चौड़ी की गयी पुलिया का कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात उसको पार करने रिक्शे पर सवार होकर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने नई पुलिया पर आवागमन का शुभारम्भ नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जल कार्य विभाग अध्यक्ष श्री संतोष सीमा साहू, पार्षद श्री प्रदीप वर्मा, श्री राजेश गुप्ता, जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता श्री पद्माकर श्रीवास सहित गणमान्यजनों, वार्डवासियों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, आमजनों की उपस्थिति में किया। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने वार्ड पार्षदों, आमजनों सहित श्रीफल फोड़कर नवनिर्मित चौड़ी पुलिया का उद्घाटन कर उस पर पुन: आवागमन प्रारम्भ किया। उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नई और चौड़ी पुलिया का निर्माण कर क्षेत्र में छोटी और संकरी पुलिया के कारण हर वर्ष बारिश में मुख्य मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में होने वाली जलभराव की जनसमस्या को दूर करने का कार्य करने हेतु रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप, पार्षदगणों, अधिकारियों, कर्मचारियों को सराहते हुए हार्दिक धन्यवाद दिया। उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने नागरिकों, विशेषकर वहां के रहवासियों को नई चौड़ी पुलिया पर आवागमन का शुभारम्भ होने पर हार्दिक बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि नई और चौड़ी पुलिया बन जाने से अवन्ति विहार कॉलोनी मुख्य मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या दूर हो सकेगी और यहां शीघ्र स्वच्छ और स्वस्थ और सुन्दर वातावरण कायम हो सकेगा।



**बहु प्रतिक्षित नई और चौड़ी पुलिया का विधायक पुरंदर मिश्रा ने रिक्शे पर सवार होकर पुलिया पार किया**

# कार ट्रेजर हंट का आयोजन

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। आज जेसीआई रायपुर कैपिटल द्वारा एक रोमांचक कार ट्रेजर हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसने शहरवासियों को रोमांच, रफ्तार और टीम वर्क के अनूठे अनुभव से जोड़ा। इस आयोजन में रायपुर के विभिन्न हिस्सों से कई टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शहर की गलियों में छुपे सुरागों को ढूंढते हुए अपने कौशल और बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि जे एफ आर राजेश अग्रवाल जी, विशिष्ट अतिथि संजय शर्मा, एआईजी ट्रैफिक कंट्रोल, रायपुर, पूर्व नेशनल ऑफिसर जे एफ एस अमिताभ दुबे, चितरॉक चोपड़ा, संदीप तौरानी, आई पी पी नरेंद्र सिन्हा, अध्यक्षता सिद्धार्थ मुकीम, उपाध्यक्ष प्रोग्राम डायरेक्टर जेसी डॉ. अखिलेश साहू, प्रणेश जैन, दीपक चौरसिया, रविंदर सिंह, यश साहू संग अन्य सदस्य शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और प्रतिभागियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व को रेखांकित किया। श्री शर्मा ने कहा, 'इस तरह के आयोजनों से युवाओं में रचनात्मकता और जागरूकता दोनों का विकास होता है। ट्रैफिक नियमों के पालन के साथ रोमांच का यह मेल सराहनीय है।' कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे वेदा 42 से हुई और प्रतिभागियों को शहर के विभिन्न चिन्हित स्थानों तक सुरागों के आधार पर पहुँचना था। हर सुराग एक नया स्थान और चुनौती लेकर आता रहा, जिससे न केवल प्रतियोगिता में रोमांच बना रहा, बल्कि प्रतिभागियों को रायपुर के विभिन्न हिस्सों की सुंदरता और विशेषताओं से भी रूबरू होने का अवसर मिला। जेसीआई रायपुर कैपिटल के अध्यक्ष ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य सामाजिक जुड़ाव के साथ-साथ युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। आयोजन के अंत में विजेता टीमों को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार ट्रेजर हंट 2025 ने निश्चित रूप से रायपुर के युवाओं में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया ।




**जेसीआई रायपुर कैपिटल द्वारा सफल कार्यक्रम**

# देवेंद्र नगर गुरुद्वारे में श्रद्धापूर्वक मनाई आषाढ़ महीने की संग्रांद

**रायपुर**, 15 जून (देशबन्धु)। देवेंद्र नगर गुरुद्वारे में आषाढ़ महीने की संग्रांद श्रद्धापूर्वक मनाई गई। यह दिन सिख धर्म में एक नए महीने की शुरुआत का प्रतीक है और इस अवसर पर गुरुद्वारे में विशेष प्रार्थनाएँ की गई। वहीं कुछ दिन पहले ग्रैंड न्यूज़ के चेयरमैन गुरुचरण होरा के बड़े भाई सरदार प्रितपाल सिंह होरा का जन्मदिन था। इस उपलक्ष्य में परिवार की ओर से 13 जून से देवेंद्र नगर के गुरुद्वारे में अखंड पाठ का आयोजन किया गया था, जिसका समापन आज किया गया। इस दौरान गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन भी किया गया।

देवेंद्र नगर गुरुद्वारा में आषाढ़ महीने की संक्रांति को संग्रांद के रूप में मनाया गया। यह दिन सिख धर्म में एक नए महीने की शुरुआत का प्रतीक है और इस अवसर पर रायपुर के देवेंद्र नगर गुरुद्वारे में विशेष प्रार्थनाएँ की गई। वहीं देवेंद्र नगर गुरुद्वारा के संयोजन प्रितपाल सिंह होरा के जन्मदिन के अवसर पर अमृतवेले से लेकर दोपहर तक गुरबाणी कीर्तन का पाठ हुआ। जिसमें स्टेशन रोड के राजी सिंह भाई साहब, ओर कुलदीप सिंह जी ने गुरबाणी कीर्तन करके संतो को निहाल किया। गुरुद्वारा देवेंद्र नगर के हेड ग्रंथी सुरजीत सिंह ने अरदास किया, उसके बाद हुकमनामा उपरांत गुरु का लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें होरा फैमिली ने हमेशा की तरह भाग लिया। इस दौरान ग्रैंड ग्रुप के चेयरमैन गुरुचरण सिंह होरा, प्रितपाल सिंह होरा सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस बीच सरदार प्रितपाल होरा ने कहा कि देवेंद्र नगर गुरुद्वारा में 13 जून से अखंड पाठ रखा गया था, जिसका समापन हुआ है, आषाढ़ महीने के पहले दिन में मेरी छोटी बिटिया सिमरन कौर होरा और बड़ी बेटियां राजिंदर कौर होरा सभी का एक सप्ताह में जन्मदिन आता है, जिसके उपलक्ष में आज लंगर का आयोजन किया गया। साथ ही गुरुद्वारे के मुख्य सुरजीत सिंह और ज्ञानी कुलदीप सिंह ने भी वहां पधारे श्रद्धालुओ को विशेष बाते बताई। प्रितपाल होरा ने कहा कि देवेंद्र नगर गुरुद्वारा में 13 जून से अखंड पाठ रखा गया था, जिसका आस समापन हुआ, आज आषाढ़ महीने के पहले दिन के मेरी बिटिया छोटी बिटिया सिमरन कौर होरा और बड़ी बेटियां राजिंदर कौर होरा सभी का एक सप्ताह में जन्मदिन आता है, जिसके उपलक्ष में आज लंगर का आयोजन किया गया।



## रायपुर के जय अग्रवाल ने कोटा में रचा इतिहास

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। रायपुर के जय अग्रवाल पिता विजय अग्रवाल माता श्रीमती प्रीति अग्रवाल, चाचाजी डा. मनोज अग्रवाल (परिध डायबिटीज एण्ड रिसर्च सेंटर) ने अपने पूरे संयुक्त परिवार की मदद से 12वीं बोर्ड में 96 प्रतिशत के साथ ही नीट 225 में 72 में से 65 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 1083 हासिल की है। उन्होंने बताया कि केजी-1 से 12वीं तक हर कक्षा में उन्हें 96 प्रतिशत से 99.91 प्रतिशत परीक्षा परिणाम मिले हैं।



## महेश्वरी माहिला समिति ने बढ़ते कदम को व्हील चेयर प्रदान की

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। माहेश्वरी महिला समिति, गोपाल मंदिर द्वारा कल रविवार को बढ़ते कदम संस्था को 5 व्हील चेयर प्रदान किया गई इस अवसर पर बढ़ते कदम संस्था के संरक्षक एवं संयोजक सी.ऐ इंदु डोडवानी, शंकर असुदानी, अजय खेमनानी, मनोज लखवानी, मनोज अहूजा, प्रभारी एवं विनय नत्थानी ,प्रतिभा नत्थानी,नंदा भट्टड़, अध्यक्ष प्रगति कोठारी सचिव कल्पना राठी, शशि मोहता, मधु राठी, उपस्थित थे।

# महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की सत्र 2025-28 के लिए कार्यकारिणी घोषित

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। आज महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ के मनोनीत अध्यक्ष श्री संजय जादवानी ने सत्र 2025 - 28 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की एवं पदाधिकारियों का आपस में एक दूसरे से परिचय कराया ।

नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए उन्होंने जैन विकास सिपानी महामंत्री, परेश पारेख कोषाध्यक्ष, अमरीक बागल सह-कोषाध्यक्ष, नरेंद्र सलूजा - सह मंत्री, महेश प्रसाद राय - संगठन मंत्री, निर्मल बैंगानी - सह संगठन मंत्री, घनश्याम पोद्दार - वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विजय रमानी, अशोक मलानी, राम घुरीया -उपाध्यक्ष एवं विक्रम सिंह देव, सुरिंदर सिंह, महेंद्र तलरेजा, अशोक छाबड़ा - संरक्षक एवं मनोहर वाधवानी- कार्यकारी अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए। अपनी द्वितीय पारी में मुख्य रूप से किए जाने वाले कार्यों की योजना बताते हुए अध्यक्ष महोदय ने त्रिवार्षिक सदस्यता शुल्क के संग्रहण एवं प्रत्येक व्यापारी सदस्य को सदस्यता सर्टिफिकेट वितरण का कार्य शीघ्रता से संपन्न करने एवं महात्मा गांधी मार्ग की गलियों के नामकरण की योजना सदस्यों की समक्ष रखी।



युवा जोश एवं अनुभवी व्यक्तियों से सजी अपनी कार्यकारिणी सदस्यों को उन्होंने विभिन्न प्रकोष्ठ में नियोजित कर सबकी सहभागिता सुनिश्चित की । नगर निगम प्रकोष्ठ , यातायात प्रकोष्ठ, सुरक्षा व्यवस्था प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रकोष्ठ के निर्माण में स्व स्फूर्त होकर सदस्यों ने अपने नाम लिखे जाने की पहल की।

इस अवसर पर श्री सुरेश वाधवानी, श्री यश नेभानी, श्री शिवम चांदवानी ,श्री सुनील माधवानी ,श्री संकेत साहू, श्री सुशील माखीजा, श्री सुरेश जेठानी ,श्री प्रमोद अग्रवाल, श्री शंकर चक्रवर्ती एवं श्री टीकम होतवानी सहित सभी कार्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का नव मनोनीत महामंत्री श्री जैन विकास सिपानी ने आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने हाल ही में अहमदाबाद में हुई दुखद हवाई दुर्घटना में असमय काल कवलित हुए देशवासियों की आत्मा की शांति एवं उच्च गति की कामना करते हुए मौन श्रद्धांजलि समर्पित की।

# अग्रवाल सभा अध्यक्ष के लिए नहीं बनी सहमति, चुनाव होगा

**विजय अग्रवाल, सुरेश गोयल और रमेश अग्रवाल है दावेदार**

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पर होने वाला चुनाव रोचक हो गया है। सामाजिक स्तर पर यह चर्चा सुनी जा रही थी कि अध्यक्ष पद के लिए विजय अग्रवाल को सर्व सम्मति से चुन लिया जाएगा, लेकिन जब चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई, तब दो अन्य दावेदार मैदान में आ गए। अध्यक्ष पद के लिए अब कुल तीन दावेदार मैदान में हैं, लिहाजा चुनाव पदाधिकारी ने मतपत्र के जरिए निर्णय लिए जाने की घोषणा की है। अध्यक्ष पद पर दावा करने वालों में विजय अग्रवाल, सुरेश गोयल और रमेश अग्रवाल के नाम शामिल हैं।




सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश चंद्र अग्रवाल(अंबिकापुर) ने जानकारी दी कि चुनाव की प्रक्रिया की सूचना 29 अप्रैल को जारी कर दी गई थी। आज अग्रसेन धाम में आयोजित बैठक में विजय अग्रवाल, सुरेश गोयल और रमेश अग्रवाल (समता कॉलोनी) के नाम अध्यक्ष पद के लिए सामने आए है।

**चुनाव कार्यक्रम**- 17 जून से नामांकन फॉर्म की उपलब्धता,19-20 जून को नामांकन दाखिल किए जाएंगे

20 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी।

21 जून नाम वापसी की अंतिम तिथि है।उसी दिन शाम तक प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी।यदि एक से अधिक उम्मीदवार होते हैं, तो 29 जून (रविवार) को मतदान कराया जाएगा। मतदान और मतगणना की प्रक्रिया रायपुर के जवाहर नगर स्थित अग्रसेन भवन में होगी।

जबकि संपूर्ण चुनावी प्रबंधन अग्रसेन धाम परिसर छोकरानाला में किया जाएगा।

**14,500 मतदाता करेंगे चुनाव**

सभा में करीब 14,500 पंजीकृत मतदाता हैं, जो केवल अध्यक्ष पद के लिए मतदान करेंगे। यह पद तीन वर्षों की अवधि के लिए होगा। निर्वाचित अध्यक्ष बाद में अपनी कार्यकारिणी का गठन करेंगे।

## निधन

### अपराजिता गोस्वामी

**रायपुर,** 15 जून। टिकरापारा, आर डी ए कालोनी निवासी श्रीमती अपराजिता गोस्वामी का आज 71 वर्ष की आयु में हृदयाघात से निधन हो गया। वे डाक विभाग से सेवानिवृत समीर कुमार गोस्वामी की पत्नी तथा मांटून गोस्वामी की मां थी। श्रीमती गोस्वामी बहुत मृदुभाषी एवं सामाजिक कार्यों में सदा सक्रिय रहीं। मारवाड़ी शमशान में आज उनका अंतिम संस्कार किया गया।



# अलग-अलग मामलों में 137 पौवा शराब के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 15 जून। रायपुर पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिटए थाना विधानसभा और सिविल लाइंस पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब की बिक्री में लिप्त 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 137 पौवा देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की गई है जिसकी कुल कीमत 14 320 आंकी गई है।

**तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई**

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। शराब तस्करी और अवैध बिक्री की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रायपुर पुलिस द्वारा सूचना तंत्र को सक्रिय कर कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

**थाना विधानसभा क्षेत्र से दो आरोपी गिरफ्तार**

14 जून को एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना विधानसभा की टीम ने सड्डू बाजार के पास दो संदिग्धों जगन्नाथ कुम्हार उर्फसागर ;30 वर्ष निवासी खालबाड़ा सड्डू और कैलाश कुम्हार ;19 वर्ष निवासी बीएसयूपी कॉलोनीए सड्डू को पकड़ा। इन दोनों के पास से 96 पौवा देशी शराब बरामद हुई जिसकी कीमत 9 600 है। दोनों के खिलाफ धारा 34;2द्ध आबकारी एक्ट के तहत थाना विधानसभा में और 295द्25 दर्ज किया गया है।

**थाना सिविल लाइंस क्षेत्र से एक आरोपी गिरफ्तार**

इसी दिन तरुण नगर पंडरी स्थित वर्मा किराना दुकान के सामने से विक्रम वर्मा ;68 वर्ष को अवैध शराब बेचते पकड़ा गया। उसके पास से 41 पौवा देशी व अंग्रेजी शराब जब्त की गईए जिसकी कीमत 4,720 आंकी गई। आरोपी के खिलाफथाना सिविल लाइंस में धारा 34;2 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# रक्षा, एयरोस्पेस और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में निवेश का नया केन्द्र बनने की ओर छत्तीसगढ़

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अब केवल खनिज और कृषि प्रधान राज्य नहीं रह गया है, बल्कि तकनीकी नवाचार और रणनीतिक उद्योगों का नया गढ़ बनकर उभरने की दिशा में अग्रसर है। इस परिवर्तन की आधारशिला मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में रखी गई है, जिन्होंने न केवल राज्य की औद्योगिक नीतियों को समकालीन और रोजगारोन्मुख बनाया, बल्कि रक्षा, एयरोस्पेस और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में इन उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के लिए पृथक औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की गई। यह पैकेज न केवल इन क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए सेवा और रोजगार के अवसरों के नए द्वार भी खोलेगा।

छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत तैयार किया गया यह विशेष पैकेज अत्याधुनिक उद्योगों की स्थापना और विस्तार को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। रक्षा, एयरोस्पेस और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़े उद्यमों को स्थायी पूंजी निवेश के आधार पर 100 प्रतिशत तक की एसजीएसटी प्रतिपूर्ति या वैकल्पिक रूप से पूंजी अनुदान की सुविधा दी जाएगी। 50 करोड़ से लेकर 500 करोड़ से अधिक के निवेश करने वाली इकाइयों के लिए 35 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 300 करोड़ रुपये तक तय की गई है। इसके साथ ही, निवेशकों को ब्याज अनुदान, विद्युत शुल्क में छूट, स्टाम्प और पंजीयन शुल्क में रियायतें, भूमि उपयोग परिवर्तन शुल्क में छूट, रोजगार सृजन पर आधारित प्रोत्साहन, ईपीएफ प्रतिपूर्ति और प्रशिक्षण अनुदान जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी। इस नीति का सबसे प्रभावशाली पहलू यह है कि इसमें स्थानीय युवाओं के लिए स्थायी रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई है। जो उद्योग छत्तीसगढ़ के निवासियों को पहली बार रोजगार देंगे, उन्हें दिए गए वेतन का 20 प्रतिशत तक अनुदान भी मिलेगा। यह राज्य सरकार की उस सोच का परिणाम है, जिसमें 'विकास' केवल आंकड़ों तक सीमित न रहकर आम जनता के जीवनस्तर में वास्तविक सुधार का माध्यम बने।

रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास की स्थापना पर व्यय का 20 प्रतिशत तक अनुदान, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना पर पूंजी निवेश अनुदान तथा ड्रोन प्रशिक्षण केंद्रों के लिए विशेष सहायता जैसी व्यवस्थाएं राज्य को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और अग्रणी बनाएंगी। जो इकाइयां 1000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगी या 1000 से अधिक लोगों को रोजगार देंगी, उन्हें अतिरिक्त औद्योगिक प्रोत्साहन भी मिलेगा। इससे वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर की बड़ी कंपनियों को राज्य में निवेश हेतु प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मानना है कि छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश के नए अवसरों के साथ ही रोजगार, तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार का एक समेकित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया जाए। छत्तीसगढ़ का युवा केवल नौकरी खोजने वाला न बने, बल्कि नौकरी देने वाला भी बने। यह औद्योगिक नीति मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप राज्य को नई पहचान दिलाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। छत्तीसगढ़ अब पारंपरिक उद्योगों से आगे बढ़ते हुए रक्षा और एयरोस्पेस जैसे उच्च तकनीक क्षेत्रों में निवेश का गंतव्य बनता जा रहा है। यह न केवल राज्य की आर्थिक समृद्धि को गति देगा, बल्कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को सपनों की नई ऊंचाई तक ले जाने का मार्ग भी खोलेगा।



# बिना पत्नी अकेले रहकर बच्चों की परवरिश करने वाले 36 पिता सम्मानित

## फादर्स डे पर लाहोटी मित्र मंडल ने आज किया सम्मान

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। फादर्स डे पर रविवार को राजधानी में पहली बार लाहोटी मित्र मंडल की ओर से बिना पत्नी अकेले रहकर अपने बच्चों की सफलतापूर्वक पालन- पोषण कर उन्हें योग्य बनाने वाले 36 एकल पिता को आज वृंदावन हाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया जिनमें 32 विधुर व 04 तलाकशुदा प्राप्त पिता थे।

संस्था के संस्थापक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, संरक्षक छबिलाल सोनी एवं मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने बताया कि सम्मान प्राप्त करने वाले ये ऐसे पिता हैं जिनकी पत्नी असमय दुनिया को छोड़ दी, वहीं कुछ की जीवन संगिनी के साथ किन्हीं कारणवश तलाक हो गया लेकिन ये लोग पत्नी के चले जाने के बाद भी दोबारा विवाह नहीं किया और एकल पिता की जिम्मेदारी निभाते हुए बच्चों की परवरिश कर उन्हें योग्य बनाया।

**सम्मान के दौरान पिता के साथ उनके छोटे बच्चे भी पहुंचे :** सम्मान लेने आए पिता के साथ उनके बच्चे भी साथ आए हुए थे इस दौरान अपनी दास्तां सुनाते हुए कई पिता व उनकी पुत्रियों की आंखें भर आई। एक बिटिया सना सोनम ने कहा कि वह जब छोटी थी तभी उनकी मां चल बसी उसके बाद पिता ने ही उन्हें खाना खाने से लेकर कपड़े पहनने तक



सिखाया उन्होंने अच्छी शिक्षा देकर इस काबिल बनाया कि वे आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय में कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत है। सम्मान में प्रत्येक पिता को फ्रेम किया हुआ अभिनंदन पत्र, स्मृति चिन्ह, भगवान भोलेनाथ की मूर्ति, मोतियों की माला, दुपट्टा, श्रीफल, रुमाल, पेन, थैला, नोटपैड तथा बैच उपहार स्वरूप भेंट किया गया।

### वट वृक्ष की तरह कायम एकल पिता की इच्छाशक्ति होती है मजबूत

**मजबूत इच्छाशक्ति वाले होते हैं एकल पिता :** कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित अरस जग्गी, हीरानंद (पप्पू) दुल्हानी, के.पी. खण्डे, नंद कुमार वर्मा, धर्मेंद्र दुर्घा, श्रीमती सुनीता पाठक, अजंता चौधरी, सुचित्रा वर्धन व दीपिका वैष्णव आदि ने एक स्वर में कहा कि अर्धांगिनी के बिना बच्चों को माता-पिता दोनों का प्यार देने वाले एकल पिता मजबूत इच्छाशक्ति वाले होते हैं जो स्वयं तकलीफो का सामना कर हर समय केवल बच्चों की खुशी व सफलता के लिए उन्हें सही दिशा में ले जाने का प्रयास करते है। वे एक वट वृक्ष की तरह होते हैं जो हर मौसम की सितम झेलकर अपने बच्चों को सुख देता है।

**कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामय उपस्थिति :** समारोह में संस्थापक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, छबिलाल सोनी, जे.एस. ठाकुर, चेतन चंदेल, रवि पंजवानी, देवेंद्र सोनी, आलोक शर्मा, गौरव दुबे, श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा, सीमा कटंकार, हेतल अनीता चौहान, गौरी अवधिया, अरुणा यादव, अंजली देशपांडे, रिया तिवारी, खुशबू शर्मा, शिफा अली, रश्मि जैन, कृष्ण लाहोटी, रंजीता शर्मा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

**इन 36 पिता का हुआ सम्मान :** कार्यक्रम में जिन 36 पिता का सम्मान हुआ उनमें के.पी. खण्डे, प्रेम बघेल, राजीव बुंदेलु, जावेद हसन हैदरी, मारुति शरण गुप्ता, श्याम सुंदर प्रजापति, सागर फरिकार, बंसीलाल गढ़ेवाल, एडवर्ड स्टीफेंस, हीरालाल, भावेश पोमल, शैलेंद्र पटले, दिनेश दुबे, अमित दुबे, ए.डब्लयू. हॉफमैन, सुधीर जोशी, कमलेश श्रीवास, हितेश पारपानी, रामानुज तिवारी, संतोष कुमार सोनी, निर्मल कुमार सोनी, संतोष सारथी, सुरेश महोबिया, सुशांत राय, विजय मिश्रा, अर्जुन लाल स्वर्णकार, पवन अग्रवाल, निहचलदास खूबचंद चंचलानी, जीवनलाल माहेश्वरी, गोकुल सोनी, धनंजय कोटरीवार, प्रशांत डोनगांवकर, विजेंद्र सोनबेर, टी.एस. जब्बल, अनंतधर शर्मा तथा खूबचंद तोलवानी शामिल है।

# स्कूल-कॉलेज के बसों की और चालक परिचालक के स्वास्थ्य की गई जांच



**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। आज रविवार को पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग यातायात विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग रायपुर के द्वारा संयुक्त रूप से पुराना बस स्टैण्ड पंडरी परिवहन कार्यालय रायपुर में छात्र छात्राओं का परिवहन करने वाले शैक्षणिक संस्थानों के स्कूल कॉलेज बसों की जांच एवं चालक परिचारक के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 418 बसें जांच हेतु उपस्थित हुये। उक्त जांच शिविर में उपस्थित रहे बसों का परिवहन निरीक्षक परिवहन उप.निरीक्षकए यातायात निरीक्षक उप निरीक्षक एवं पुलिस वाहन शाखा अमलेश्वर के अधिकारियों द्वारा सभी वाहनों के दस्तावेजों की जांच एवं माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्कूलध्कॉलेज बसों के लिए दिये गये दिशा.निर्देशों के पालन की जांच तथा मैकनिकल जांच किया गया। जिले के 27 शैक्षणिक संस्थानों में कुल 418 बसें जांच हेतु उपस्थित हुये जिसमें से 302 बसें फिट पायी गई एवं 116 बसों में जांच के दौरान खामियां पायी गयीए जिस स्कूल कॉलेज बसों में खामी पाये गये हैं संबंधित संस्था प्रबंधक को खामी को जल्द से जल्द दूरूस्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। वाहन जांच शिविर में चालक एवं परिचालक के नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नारायणा हास्पिटल देवेन्द्र नगर के डॉण् आनंद शुक्लाए डॉण् भावनाए जिला अस्पताल रायपुर एवं एणएसण्जीण् नेत्र चिकित्सालय शंकरनगर के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा 418 वाहन चालकों का रक्तचाप मधुमेह आंखों की दृष्टि क्षमता आंखों में मोतियाबिंद आदि का जांच किया गया जिसमें 26 वाहन चालकों को उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह वाले चालकों को लगातार मेडिसीन का उपयोग करने एवं दृष्टि कमजोर वाले वाहन चालकों को चश्मा लगाने की सलाह दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह ने निर्देश दिए कि जो स्कूल कॉलेज के प्रबंधकध्वाहन स्वामी द्वारा जांच शिविर में वाहन उपलब्ध नहीं कराये गये है उन संस्थानों में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग की टीम संयुक्त रूप से जांच के लिए जाएगी और खामियॉ पाये जाने पर मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही के साथ.साथ वाहन की जब्ती की कार्यवाही करते हुये नियमानुसार शमन शुल्क वसूल किया जावेगा।

# प्रमा फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन





**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। समाजसेवी संस्था प्रमा फाउंडेशन रायपुर पिछले 12 वर्षों से प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में संस्था ने 15 जून 2 को मॉडल ब्लड सेंटर मेकाहारा हॉस्पिटल रायपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संस्था के सचिव राज कुमार मिश्रा ने बताया कि आयोजन में प्रमा फाउंडेशन ने मॉडल ब्लड सेंटर, रायपुर के सहयोग से 35 यूनिट रक्त का संग्रहण किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम राजीव अधीक्षक, सेंट्रल जीएसटी एवं संस्थापक, युवा, रायपुर थे। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से युवा एवं महिलाओं का विशेष सहयोग रहा। संस्था की ओर से गुंजन सिंह, मनीष धुरंधर, उषा साहू, पियूष साहू, राजकुमार मिश्रा, दुर्गेश निषाद, चेतन सिंह राजपूत, सौरभ सेन, दीपेश, नयन वर्मा, भूपेंद्र नायक, प्रवेश पाण्डेय, भोजराज, हेमलता उपस्थित रहें।

# खुफिया अधिकारी बनकर शख्स से ठगी

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर से ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां एक शातिर ठग ने खुद को पुलिस का खुफ्यिा अधिकारी बताकर एक शख्स को झांसे में लिया और उससे 39000 रुपये ऐंठ लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जो अंतर्राज्यीय ठग निकला। आरोपी उत्तर प्रदेश के बोदा जिला का रहने वाला हैए जो वर्तमान में दिल्ली के बलजीन नगर में रह रहा था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क और अन्य साथियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार यह मामला 29 मई 2025 का हैए जब सिलयारी निवासी मोहर दास बंजारे को एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर खुद को पुलिस का खुफिया अधिकारी बताया। उसने झांसा देते हुए कहा कि एक आरोपी को पकड़ने के लिए एक सिविलियन नंबर से उसके खाते में पैसे भेजने की जरूरत है। प्रार्थी ने विश्वास कर दो बार में कुल 39,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने वादा किया था कि वह सिलयारी आकर पैसे वापस करेगा लेकिन न तो कोई आया और न ही



### पुलिस ने अंतर्राज्यीय आरोपी को दिल्ली से किया गिरफ्तार

पैसे लौटाए गए। जिसके बाद प्रार्थी ने इसकी शिकायत धरसींवा थाने में की। मामले में धारा 318ए 319 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी। पुलिस की टीम ने तकनीकी विश्लेषणए बैंक डिटेल्स और कॉल डाटा के आधार पर आरोपी को दिल्ली में ट्रेस किया। जिस पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट व पुलिस चौकी सिलयारी की संयुक्त टीम को दिल्ली भेजा गया। इस दौरान टीम दिल्ली में लगातार कैंप कर आरोपी की पतासाजी करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी बालमीक तिवारी को पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ठगी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया गया है। पुलिस को पता चला है कि आरोपी के बैंक खाते में पिछले 6 माह में करीब 14 लाख रुपये का लेन.देन हुआ है। पुलिस अब इसकी भी जांच कर रही है। इस ठगी मामले में शामिल अन्य आरोपी अभी फरार हैंए जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तारी के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# भीड़ का फायदा उठाकर चोरी

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। राजधानी में गोलबाजार और मौदहापारा थाने की पुलिस ने शहर में भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह को पकड़ लिया है बताया गया कि प्रार्थी आरिफखान ने थाना गोलबाजार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बलौदाबाजार का निवासी है तथा उसका बलौदा बाजार में प्लास्टिक तथा स्टील बर्तन का दुकान है। प्रार्थी अपने बैग में नगदी रकम रखकर दुकान हेतु सामान लेने रायपुर आया था कि वह तेलीबांधा से जय स्तंभ चौक आने हेतु ई.रिक्शा में बैठा उसी समय उस रिक्शे में दो महिलायें भी बैठी तीनों पीछे सीट पर बैठे थे। जय स्तंभ चौक में उतरने के बाद प्रार्थी गोलबाजार पहुंच कर अपने बैग को चेक किया तो बैग में रखा नगदी रकम नहीं था। ई.रिक्शे में सवार दोनों महिलायें प्रार्थी के बैग में रखें नगदी रकम को चोरी कर ले गये कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात महिलाओं के विरूद्ध थाना गोलबाजार में अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार प्रार्थी मुकेश कुमार भोजवानी निवासी तिल्दा नेवरा रायपुर ने थाना मौदहापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने जनरल स्टोर्स का सामान लेने के लिये रायपुर आया था तथा बैग में नगदी



### अंतर्राज्यीय महिला गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

रकम रखा था कि वह शारदा चौक जाने हेतु रेलवे स्टेशन पास स्थित गुरूद्वारा के पास ई रिक्शा में बैठा। जिसमें पहले से दो महिला एवं एक पुरूष रिक्शा के आमने सामने एवं चालक के बगल में एक अन्य सवारी बैठा हुआ था। प्रार्थी मंजू ममता होटल के सामने ई.रिक्शा से उतर कर जनरल स्टोर्स का सामान लेने गया तभी प्रार्थी अपने बैग को चेक किया तो बैग में रखा नगदी रकम नहीं था। ई.रिक्शे में सवार दोनों महिलायें प्रार्थी के बैग में रखें नगदी रकम को चोरी कर ले गये थाना गोलबाजार तथा थाना मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थियों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा प्रार्थियों से महिलाओं के हुलियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के साथ हीए प्रार्थियों द्वारा ई.रिक्शे में जिन मार्गो में सफर किया था उन मार्गो में लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों को भी खंगालकर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करने के साथ ही उनकी पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे थे। प्रकरणों में मुखबीर लगाकर भी टीम के सदस्य अज्ञात महिला आरोपियों की लगातार पतासाजी कर रहे थेए इसी दौरान घटना में संलिप्त महिला आरोपियों की उपस्थिति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा टीम के सदस्यों द्वारा दोनों प्रकरणों में संलिप्त चारों महिला आरोपी मालती शेण्डे प्रिया इंचुरकर शालीता उफाडे एवं संगीता पात्रे को पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उक्त घटनाओं को अंजाम देना बताया गया। जिस पर थाना गोलबाजार के प्रकरण में महिला आरोपी मालती शेण्डे एवं प्रिया इंचुरकर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की नगदी रकम 25 500ध्. रूपये तथा थाना मौदहापारा के प्रकरण में महिला आरोपी शालीता उफाडे एवं संगीता पात्रे को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की नगदी रकम 10 200 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। यह नागपुर महाराष्ट्र का महिला गिरोह है जो रायपुर सहित अन्य जिलो राज्यों में आर्टिफिशियल ज्वेलरी बिक्री करने के नाम से आते है तथा ऐसे सवारी वाहन अथवा भीड़.भाड़ वाले स्थान् को चिन्हांकित करते है जिनमें व्यक्तियों की संख्या अधिक रहती है तथा वे लोग भीड़ का फायदा उठाकर मौका पाकर व्यक्तियों के पर्स नगदी रकम सोने का चैन मोबाईल फोन सहित अन्य कीमती वस्तुओं को चोरी कर फरार हो जाते है।

# संभाग और जिलों में पेंशन कार्यालय खोलकर पेंशनरों को ट्रेजरी में कमीशनखोरी से बचाए : नामदेव

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने राज्य सरकार द्वारा पारदर्शिता, दक्षता और डिजिटलाइजेशन को प्राथमिकता देने के नाम पर मीडिया में डीजीलाकर ऐप जो पहले से मौजूद है उसका अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री से प्रचार कराकर कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ राहत का दिखावा किया जा रहा है। डीजीलाकर ऐप मोबाइल में पहले से वजूद में है जिन बातों का उल्लेख कर रहे हैं जैसे ईपीपीओ (पेंशन भुगतान आदेश) तथा अन्य डिजिटल आदेश डीजी लाकर ऐप में पहले से आन लाइन उपलब्ध है कुछ एक नई चीजें हो सकती हैं। यह योजना अच्छी भी है परंतु ढिंढोरा पीटने जैसा इसमें कुछ नहीं है।

### डीजीलाकर पहले से वजूद में हैं, पेंशनरों को राहत केवल दिखावा

पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश की मांग अनुरूप संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन से पृथक इंद्रावती भवन नया रायपुर में ही पेंशन संचालनालय स्थापित कर दिया गया है। परंतु अकेले पेंशन संचालनालय स्थापित करने से आम पेंशनरों की परेशानी दूर नहीं होने वाला है। पेंशनरों की मूल समस्या संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन और जिला कोषालय से है। जहां के कमीशनखोरी से हर पेंशनर परेशान है और यह बात सबको और सभी उच्चाधिकारियों को भी पता है। परंतु इसे ठीक करने में किसी को कोई रुचि नहीं है क्योंकि सबकी भागीदारी बंधी है इसलिए अब पेंशन संचालनालय के बाद संभाग और जिला में पेंशन कार्यालय खोलकर राज्य में पेंशनरों को सही मायने में राहत प्रदान करना चाहिए। सरकार को डिजी लाकर के दिखावे के स्थान पर धरातल में ईमानदारी दिखानी चाहिए, जो कोष लेखा पेंशन में कही नहीं है।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने दावा किया है सरकार में कोई भी किसी भी स्तर से जांच कर सकते हैं चांवल के एक दाने की तरह किसी भी पेंशनर को पूछ सकते हैं कि उन्होंने ट्रेज़री के नाम पर कमीशन खोरी का कितना भुगतान किया है, पता चल जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया है कि यदि वे पेंशनरों को सचमुच में राहत पहुंचना चाहते है तो दिखावा को छोड़कर तुरंत संभाग और जिलों में पेंशन कार्यालय खोलकर कोष लेखा पेंशन और विभागीय कार्यालय के बीच जो एक रैकेट बना हुआ है इसे तोड़ने में सक्षमता से काम करे।

# 43 बंडल सरिया की चोरी दो शातिर चोर गिरफ्तार



**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। कमल विहार सेक्टर 10 सांई स्टील लोहा सीमेंट का दुकान से कुल 25 बंडल सरिया वजनी 22.80 चिंटल कीमती 85000 एवं 12 जून के दरम्यानी रात को ग्राम दत्तरेंगा वैष्णवी ट्रेडर्स के बाहर से कुल 18 बंडल सरिया छड़ कीमती 80000 रूपये को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था जिस पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। चोरी गये माल की पता तलाश हेतु थाना प्रभारी मुजगहन को निर्देश दिये। अति पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर श्री विवेक शुक्ला व नगर पुलिस अधीक्षक नया कर्ण कुमार उके के मार्गदर्शन में पूर्व में चोरी के आरोपियों बारीकी से पूछताछ किया गया एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पतासाजी किया गया। मुखबीर द्वारा बताये हुलिया के व्यक्ति एवं सीसीटीवी फुटेज में आये संदेही आरोपी भूपेन्द्र साहू पिता शत्रुहन साहू निवासी ग्राम जुलुम से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने ब्यारा में चोरी किये सरिया को वाहन में लोड कर अपने ब्यारा में रखना तथा विनोद यादव पिता स्व रामप्रसाद यादव निवासी अभनपुर के साथ मिलकर चोरी करना बताया है। प्रकरण में चोरी गये माल एवं वाहन आरोपियान से जप्ती किया गया एवं गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# गुरु का सानिध्य भी आसानी से नहीं मिलता : सुधांशु महाराज





**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। सुधांशु महाराज गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर आयोजित प्रवचन व अन्य कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुचे। परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम मे आशीर्वचन सुनने के लिए हजारों की संख्या में शिष्य मौजूद थे।

सुधांशु महाराज ने प्रवचन की शुरुआत करते हुए जीवन में गुरु की महिमा का उल्लेखड्ड करते किया। उन्होंने कहा कि गुरु हमारे जीवन को सुधार सकते है गुरु का सानिध्य भी आसानी से नही मिलता। क्योंकि आसानी से मिली चीज आसानी से चली भी जाती है। गुरु परमात्मा के योजना के अनुसार आते है, परमात्मा अपने कार्य के लिए कुछ आत्मा को चुनकर भेजता है। सुधांशु महाराज ने जीवन को सुधारने के लिए तीन बातों का जिक्र किया जिसमें स्वयं को सुधारने के साथ अपने सेहत का ख्याल रखने और घर में सुख, शांति, प्रेममय वातावरण की बात कही। महाराज ने कहा कि हमें स्वयं को सुधारना है दुसरो को ठीक नही करना। हम स्वयं सुधर जाएंगे तो दूसरे किसी को सुधारने की जरूरत नही पड़ेगी। जीवन के अपने मनोकामना के लिए प्रार्थना करें। सुखी जीवन जीने के लिए कुछ भूलना है, कुछ याद करना है। गुरु मंत्र की महिमा पर प्रकाश डालते हुए सुधांशु महाराज ने कहा कि गुरु मंत्र का जाप कीजिये, कही और भी न जाकर घर मे बैठकर मंत्र जाप करें, कही भी भटकने की जरूरत नही है सोचिए प्रभु गुरु मेरे साथ है आप चेहरे में प्रसन्नता और चमक महसूस करेंगे। महान सेवाओ के लिए तन-मन-धन, हृदय भावना सब भगवान देगा आप गुरु का हाथ पकड़ लीजिये गुरु इस जीवन के साथ, सात जन्मों को सुधार देते है।

### ब्रह्मलोक आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर प्रवचन

सुधांशु महाराज के प्रवचन पश्चात गुरु दर्शन के लिए शिष्यों ने कतारबद्ध होकर पादुका दर्शन कर पुष्प अर्पित किया। ततपश्चात शिष्यों द्वारा गुरु आरती की गई।

इसकेसुधांशु महाराज ने ब्रह्मलोक आश्रम में निर्माणधीन बहुमंजिला कैलाश मानसरोवर के कार्य का अवलोकन भी किया। आश्रम परिसर में कैलाश मानसरोवर निर्माण का कार्य तेज गति से जारी है। जिसमें द्वादश ज्योतिर्लिंग, माता वैष्णोदेवी, माता के नौरूपो की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

# एक से बयाना लेकर दूसरे को मकान बेचा

**रायपुर,** 15 जून (देशबन्धु)। एक से बयााना लेकर दूसरे को मकान बेचने वाले पति पत्नी पर पहले खरीदार ने धोखाधेड़ी का मामला दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार यह धोखाधड़ी छोटा पार। निवासी उषा लोखंडे और राजेश तायवाडे ने की। वह वर्तमान में म न 86 केशरवानी लस्सी के पीछे एम तिग्गा ईटन निवास संजय नगर में रहती है। उषा की पैतृक उत्तराधिकार में प्राप्त स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम छोटापाराए ब्रिस्टल चौकए मौलाना अब्दुल रऊफवार्ड नंबर 41ए स्थित मकान नंबर 36 102 रकबा 1000 वर्गफीट भूमि है। इस पर एक मंजिला पक्का मकान निर्मित हैए जिसे 55 लाख में विक्रय करने का प्रस्ताव राजेश तायवाले ने रमण मंदिर फाफाडीह निवासी और होटल राचालक मी आसिफमेमन को दिया था। आसिफने उतने ही रूपये में क्रय करने तैयार व सहमत होते हुए उक्त संपत्ति का 55,00,000ध्. चुकता में क्रय करने का सौदा कर 5 जुलाई 18 को अग्रिम बयाना 1,00,000 रूपए नगद उमा लोखंडे को अदा किया और 13 जुलाई 18 को मकान के सौदे स्वरूप इकरारनामा आसिफके होटल सिटी स्टार बैजनाथपारा में निष्पादित किया। इकरारनामा के अनुसार दो माह में रजिस्ट्रेशन नानातरण करवाना था परंतु उमा लोखंडे इकरारनामा के पश्चात् सौदे के शेष विक्रय राशि कुल किस्तों में नगद व चेक के माध्यम से कुल 5 लाख रु उमा लोखंडे उर्फउना व उसके पति राजेश तायवाडे द्वारा प्राप्त किया जा चुका है। किंतु 6 माह बाद भी बैनामा पंजीयन न करा नामांतरण की कार्यवाही लंबित होने एवं अतिरिक्त समयावधि लगने की बात कहते रही। वहीं दूसरी ओर छाल एवं कपट पूर्वक मकान मोहम्मद असफाक कुरैशी पिता भी सफीक कुरेशी निवासी 37,198 कलीमी मंजिल बैजनाथपास को 06 जून 22 को 70 लाख रूपये में बेचने करार किया। इसकी शिकायत पर जांच कर मोह अशफाक कुरैशी मोह आशीप्स मेमन के बयानों पर उमा राजेश के विरुद्ध धारा 318 ;4 3 ;5 बीएनएस पंजीबद्ध किया गया।

### धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज

उल्टा पुल्टा

मरीज- डॉक्टर साहब, मेरी दायीं टांग में बहोत दर्द रहेता है।
डॉक्टर- ये तो उम्र का तकाजा है।

मरीज- लेकिन मेरी बायीं टांग की भी तो उम्र उतनी ही है फिर दायीं टांग में ही तकलिफ क्यों?

## संपादकीय

### हर बच्चे को मिले शिक्षा

*छत्तीसगढ़ स्कूली शिक्षा बोर्ड का सोमवार से वर्ष 2025-26 का शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो रहा है। युक्तियुक्तकरण के बाद यह पहला सत्र है सो इससे कई तरह की उम्मीदें होनी स्वाभाविक हैं- राज्य सरकार के साथ जनता को भी। शासकीय शालाओं में पढ़ने वाले लाखों छात्र-छात्राओं के पालकों एवं अभिभावकों को आशा है कि इस लिहाज़ से 2025-26 का सत्र अलग होगा कि कोई भी ऐसी स्कूल नहीं होगी जो शिक्षकविहीन हो। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को निर्देश दिये हैं कि कोई भी बच्चा शालेय शिक्षा से वंचित न रहे। उनका सपना है कि व्यवस्था इतनी अच्छी हो कि 12वीं तक शालात्यागी बच्चों की दर शून्य हो। यानी कम से कम इस पायदान तक तो हर बच्चा पहुंचे। प्रदेश का शैक्षिक स्तर सुधारने के लिये यह बहुत ज़रूरी है। फिलहाल राज्य की शिक्षा का स्तर संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।*

*युक्तियुक्तकरण के फैसले से लगभग 10 हजार स्कूल प्रभावित हुए हैं। इसका उद्देश्य हर शाला में शिक्षकों की उपलब्धता तथा नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत राज्य की शिक्षा को बेहतर करना है। सरकार का दावा है कि युक्तियुक्तकरण के बाद कोई भी स्कूल ऐसा नहीं रह जायेगा जिनमें शिक्षक न हो। इससे शिक्षक-छात्र अनुपात भी सुधर सकेगा। अब सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हर स्कूल में सभी विषय पढ़ाने वाले शिक्षक उपलब्ध हों। प्राइमरी कक्षाओं तक तो उतनी दिक्कत नहीं आती क्योंकि ज्यादातर शिक्षक इस स्तर तक के बच्चों को विभिन्न विषय पढ़ा सकते हैं लेकिन ये बच्चे जैसे-जैसे उच्चतर कक्षाओं में जाते हैं, उन्हें विषयानुसार जानकार तथा प्रशिक्षित शिक्षकों की ज़रूरत पड़ती है। विशेष रूप से अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषयों को लेकर यह स्थिति बनती है। 10वीं तथा 12वीं की कक्षाओं में कामचलाऊ शिक्षक नहीं चल सकते। कॉमर्स, विज्ञान और कला विषयों के लिये पृथक शिक्षकों की आवश्यकता होती है वरना बच्चों तथा समग्र रूप से स्कूलों के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।*

*विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान अपने अनुपूरक बजट में राज्य सरकार ने विभिन्न सार्वजनिक संरचनाओं की मरम्मत के लिये बडी राशि आवंटित की थी। उम्मीद है कि स्कूल बन्द होने के बाद से अब तक के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान हर स्कूल को बच्चों के लिये सुविधाजनक बना दिया गया होगा। कई बार छतों एवं दीवारों पर से प्लास्टर उखड़कर बच्चों पर गिरने जैसी घटनाएं होती हैं। छतों से जल रिसाव होने, कक्षाओं में पानी भर जाने, चारदीवारी टूटने जैसी घटनाएं होती हैं जिनसे हादसे होते हैं। आशा है कि टंकी व कूलरों की सफाई, बिजली-पंखे आदि में सुधार जैसे काम भी हो चुके होंगे। शिक्षण सामग्री तथा यूनिफॉर्म आदि का वितरण भी तत्काल किया जाना चाहिये ताकि शिक्षक- विद्यार्थी प्रारम्भ से ही अध्ययन में जुट जायें।*

# मप्र व छग के बीच चुंगीकर की असमानता दूर की जानी चाहिए : विजय बघेल



■ स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ का प्रादेशिक अधिवेशन

**दुर्ग,** 15 जून (देशबन्धु)। भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ का राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अधिवेशन के द्वितीय दिवस दुर्ग लोक सभा के सांसद विजय बधेल ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता संगठन के लिए समर्पित तथा देश की उन्नति के लिए निष्ठावान होते है। इस अधिवेशन के माध्यम से जानकारी में आया है कि छत्तीसगढ़ में चुँगी क्षतिपूर्ति की राशि 34 रूपया प्रति व्यक्ति के मान से निकायो को भुगतान हो रहा जबकि मध्यप्रदेश में यह राशि 109 रूपया है, इस भिन्नता को समाप्त कर प्रदेश के निकाय को आर्थिक रूप से मजबूत करना चाहिए। विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता अपने शासकीय दायित्व के साथ कर्मचारी हित में भी मजबूती के साथ कार्य करते ह। उन्होने आगे कहा कि चुँगी क्षतिपूर्ति की भिन्नता की जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रख कर समानता का प्रयास किया जाऐगा ।अधिवेशन में उपस्थित दुर्ग निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिवेशन की बधाई प्रेषित की।

अधिवेशन के अन्तिम सत्र में प्रदेश के नवीन कार्यसमिति के लिए संरक्षक विष्णु चन्द्राकर, अध्यक्ष शरद दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल वाचपेयी, महामंत्री अनिल सिंह, संगठन मंत्री अमरनाथ दुबे, संयुक्तमंत्री कृष्णा देशमुख, कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष रामवृक्ष यादव, गोपाल सिन्हा, राम ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# रूद्राभिषेक, भजन संध्या के साथ विधायक यादव का धूमधान से मनाया गया जन्मदिन





दुर्ग, 15 जून (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव का जन्मदिवस आज उनके विद्युत नगर निवास सहित आनंद मंगलम भवन में काफी धूमधाम से मनाया गया।

श्री यादव ने अपनी आज की सुबह माता-पिता व परिवार के बड़े बुजुर्गो का आर्शीवाद लेकर शुरू की। पश्चात मां चंडिका मंदिर व अन्य मंदिरों में जाकर दर्शन किया तथा गौग्रास कराया। इसके बाद पूरे दिन निवास में रहकर आने जाने वालों से मुलाकात कर उनकी शुभकामनाएं स्वीकार करते रहें। शाम को आनंद मंगलम् भवन में रूद्राभिषेक के साथ ही जन्मदिवस का भव्य महोत्सव मनाया गया। दुर्ग जिले के साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्थानों से सांसदों, विधायकों तथा सत्ता, संगठन से जुड़े लोग समारोह स्थल पहुंचकर विधायक श्री यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर अपनी शुभकामनाएं देते रहे।

विधायक गजेन्द्र यादव के जन्मदिन को लेकर आज भाजपा कार्यकर्ताओं, विधायक समर्थकों के साथ ही आम नागरिकों में भी खुशी की लहर देखी गई। सुबह से ही समर्थकगण पुष्पगुच्छ पुष्पहार मिठाई के बाक्स व उपहार लेकर विधायक निवास विद्युत नगर पहुंचते रहे।

श्री यादव ने सभी आगंतुकों का हृदय से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं स्वीकार की। विभिन्न सामाजिक धार्मिक खेल संगठनों के लोग भी उन्हें बधाईयां एवं शुभकामनाएं देने पहुंचे।

शाम को श्री यादव ने आनंद मंगलम भवन में बड़ी संख्या में समर्थकों की उपस्थिति में रूद्राभिषेक किया। पश्चात भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर भगवान शिव की झांकी आकर्षण का विशेष केन्द्र रहीं। समारोह स्थल में प्रथम दौर में पहुंचने वालों में महापौर दुर्ग अलका बाघमार थीं। उन्होंने विधायक श्री यादव को शुभकामनाएं दी। पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने भी पहुंचकर श्री यादव को शुभकामनाएं दी।

# मांगों को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी 18 को कलेक्ट्रेट के सामने करेंगे प्रदर्शन

**दुर्ग,** 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृचीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 जून को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में भोजन अवकाश के समय प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। यह जानकारी छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दुर्ग जिला अध्यक्ष भानुप्रताप यादव ने दी।

श्री यादव ने बताया कि केंद्र एवं मध्य प्रदेश के कर्मचारियों तथा पेंशनरों को वर्तमान में 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदाय किया जा रहा है, केंद्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को 240 दिन के स्थान पर 3 सौ दिन का अवकाश नगदी कारण दिया जा रहा हैए शिक्षक लिपिक सहित विभिन्न संवर्गों के वेतन विसंगति हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन सार्वजनिक किया जावे, प्रदेश के सभी अधिकारी कर्मचारियों को सेवा काल में चार स्तरीय वेतनमान आदेश जारी करन, उत्तर प्रदेश की भाती छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था, सभी संवर्गों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देश जारी करने, संविदा दैनिक अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जावे तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए, शासन द्वारा श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश पुन: सभी विभागों को प्रदान करने हेतु निर्देश दिए जाने, अनुकंपा नियुक्ति से आए लिपिको को पूर्व की भांति कार्यालय प्रमुखों को कौशल परीक्षा हेतु अधिकृत करने, सभी विभागों के आकस्मिक निधि से नियमित सेवा निवृत कर्मचारियों को अवकाश नगदी कारण दिए जाने संबंधी आदेश, शासकीय सेवा में नियुक्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों की नियुक्ति दिनांक से 1 वर्ष के भीतर मृत्यु होने पर भी अनुग्रह अनुदान की भुगतान आदेश जारी किए जाने, संघो को अविभाजित मध्य प्रदेश की भांति स्थाई मान्यता जारी करने तथा शिक्षकों के विसंगति पूर्ण युक्तिकरण पर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने संबंधी मांग शामिल किया गया है।

# विश्व रक्तदाता दिवस : अंजोरा एनसीसी कैडेटस सहित 50 लोगों ने किया रक्तदान




**दुर्ग,** 15 जून (देशबन्धु)। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा स्थित प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी के कैडेट ने विश्व रक्तदाता दिवस पर 50 यूनिट रक्तदान किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटीए दुर्ग एवं जिला चिकित्सालयए दुर्ग के संयुक्त सहयोग से मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से कार्यालय परिसर में ही रक्त संग्रहण किया गया। इस अवसर पर दे आशा देश् थीम पर यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल राहुल दुबे ने आमजनों को भी रक्तदान करने का आव्हान किया। रक्तदान शिविर में लगभग 35 एनसीसी कैडेट के साथ 15 आमजनों द्वारा भी रक्तदान किया गया। कार्यक्रम दुर्ग जिला अस्पताल के ब्लड सेंटर के नोडल डॉ.पीके अग्रवाल, डॉ.फाल्गुनी साहू, डॉ.सूर्यकांत साहू अन्य स्टॉफमें रूपेश सार्पे, टी.एस.एंथोनी, सूरज, हिमान्शु चन्द्राकर, चन्द्रकला, अशोक मानिकपूरी के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में यूनिट के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल डॉ. राहुल दुबे, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.अमन सिंह, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डा.दिलीप चौधरी, कैप्टन राजकुमार गड़पायले, सूबेदार एनके घोष नायब सूबेदार गगनदीप शर्मा, चार्टरमास्टर हरेश पाटिल, शिवदयाल साहू, पवन कुमार साहू, हवलदार महेश कुमार मीणा, हवलदार जादव बोरा, नायक विकास पाटिल, नायक श्रीहरि मुंडे, दुर्गा राजपूत एवं अन्य कर्मचारी शामिल थे। इसके अलावा शैक्षणिक छात्र-छात्रा भी इस आयोजन में शामिल हुए।

# जीवन में कोई सफलता अंतिम नहीं और न ही कोई असफलता अंतिम

## 37 छग बटालियन एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**दुर्ग,** 15 जून (देशबन्धु)। 37 छग बटालियन एनसीसी दुर्ग का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 133 के गतिविधियों का कैम्प कमाण्डेण्ट कर्नल प्रेमजीत व डिप्टी कैम्प कमाण्डेण्ट स्क्वार्डन लीडर एम. जर्रार के कुशल निर्देशन में व सूबेदार मेजर थानेश्वर गुरुंग के दिशा-निर्देश में कुशलता पूर्वक संचालन किया जा रहा है।

कैम्प में कैडेट्स को सेना में रोजगार के अवसर के लिए अग्निवीर भर्ती व स्थायी नियुक्ति के बारे में सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर से सूबेदार रूबेश कुमार, हवलदार अमित व नायक रूप सिंह ने विस्तृत जानकारी दी।

रायपुर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर डी.के. पात्रा के कैम्प विजिट के दौरान कैम्प सीनियर एसयूओ सत्यम के नेतृत्व में कुल आठ कैडेट्स द्वारा सर्वप्रथम उन्हें गॉड ऑफ़ऑनर दिया गया, जिन्हें सी एचएम अमृत थापा के द्वारा प्रशिक्षित किया था। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर डी. के. पात्रा ने उद्बोधन में कैडेट्स से एनसीसी का मोटो तथा एम के बारे में पूछते हुए कैडेट्स से कहा कि जिस प्रकार हम भोजन, स्नान, खेलकूद शिक्षा मनोरंजन व स्नान आदि औरों के लिए न कर स्वयं के लिए करते हैं, उसी प्रकार अपने लिए कम से कम एक हाबी ऐसा निश्चित करें जो आपका अपना स्वयं का हो। जिस प्रकार एक जादुई शब्द है सॉरी, ठीक उसी प्रकार एक और मैजिक वर्ड मैं दे रहा हूं हा यश्।



इस शब्द को आप स्वयं से अपने हर गतिविधि के साथ जोड़ कर देखेंगें आपके जीवन में चमत्कार हो जाएगा। आप जीवन में हार्डवर्क और एक्स्ट्रावर्क करें, जीवन में कभी हार न मानें, जीवन में कोई भी सफ्लता अंतिम नहीं होता है और न कोई भी असफ्लता प्रथम है। अपने जीवन में हिन्दी, अंग्रेजी, मातृभाषा के अलावा एक अन्य भाषा अवश्य सीखें, जो आपको जीवन में कभी न कभी अवश्य लाभ पहुंचाएगा। साथ ही साथ विश्व प्रसिद्ध व्यक्तियों के जीवन का अध्ययन करें, आप पायेंगे कि आज आप जैसे हैं एक समय वे भी आपके जैसे ही एक सामान्य व्यक्ति थे, आपको उनकी जीवनी से प्रेरणा मिलेगा।

आपके अंदर पर्याप्त क्षमता है पर आपका कम्यूनिकेशन कमजोर है इसे बढ़ाइय, इस पर लगातार अभ्यास कीजिए, फिर आपको सफ्लता पाने से कोई नहीं रोक पाएगा। उन्होंने कैम्प एरिया का निरीक्षण भी किया। तत्पश्चात उन्होंने कैम्प कमाण्डेंट कर्नल प्रेमजीत व डिप्टी कैंप कमाण्डेंट स्चार्डन लीडर एम. जर्रार के साथ पीएम श्री नवोदय विद्यालय बोरई के प्राचार्य शंकर प्रसाद को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। अंत में पार्टी के दौरान ग्रुप कमांडर उपस्थित सभी एनसीसी अधिकारी ए पी. आई.स्टाफ व सिविल स्टाफसे मुलाकात किया।

थल सैनिक शिविर हेतु चयनित चौसठ कैडेट्स का सूबेदार एस. आर. कुजूर व राबिन पौडेल ने लिखीत परीक्षा का आयोजन किया। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में कुल 30 से अधिक यूनिट रक्त एनसीसी कैडेट्स, एएनओ व पी.आई. ने रक्तदान किया। दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर.133 के प्रशिक्षण व विभिन्न प्रतियोगिताओं में कैम्प एडजुडेंट कैप्टन सी. के. साहू, एनओ संतोष मिश्रा, संतोष यादव, चीफअफ्सर ए. के. सिंह, थर्ड अफ्सर सरस्वती बंजारे के साथ ट्रेनिंग व लाइजिंग अधिकारी सूबेदार विकास खत्री, बी एचएम दीपक महत, नायक डराडे संतोष, नायक टुक लाल के साथ बारह एएनओ व पी. आई. स्टाफ ने सक्रिय योगदान दिया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ले. डॉ. हरीश कुमार कश्यप के द्वारा दी गई।

# भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन छुट्टियां बढ़ाई जायें : अय्यूब खान



**दुर्ग,** 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सचिव अय्यूब खान ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश को 15 दिन और बढ़ाया जाए तथा स्कूलों को 1 जुलाई से खोला जाए।

अय्यूब खान ने कहा है कि वर्तमान में प्रदेश में तापमान अत्यधिक बढ़ा हुआ है, जिससे स्कूली छात्रों, विशेषकर छोटे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इस गर्मी में बच्चों को स्कूल भेजना न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, बल्कि इससे अन्य कई समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।उन्होंने बताया कि प्रदेश भर के पालक भी अपन-अपने माध्यमों से यही मांग कर रहे हैं कि राज्य सरकार इस विषय को गंभीरता से लेकर जल्द से जल्द निर्णय ले। वर्तमान में बार.बार बिजली कटौती हो रही है, जिससे स्कूलों में पंखे, कूलर आदि उपकरणों का संचालन भी बाधित हो सकता है। साथ हीए स्कूल बसों और अन्य वाहनों में भी अत्यधिक गर्मी के कारण बच्चों को असुविधा हो सकती है।अय्यूब खान ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह इस संवेदनशील विषय पर तुरंत विचार करे और शासकीय एवं निजी दोनों प्रकार के स्कूलों में 15 दिन की अतिरिक्त छुट्टी घोषित करते हुए स्कूलों को 1 जुलाई से शुरू करने का आदेश जारी करें।

# हमारे जीवन के लिए जल को सुरक्षित करना है : डॉ. रमन सिंह



**राजनांदगांव,** 15 जून (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज गांधी सभागृह में आयोजित पानी बचाओ महाभियान, नीर और नारी जल यात्रा में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विगत तीन माह से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए नीर और नारी जल यात्रा का सघन अभियान चलाया गया, जिसका आज समापन है। पद्मश्री फुलबासन बाई यादव के नेतृत्व में बढ़ते हुए तापमान में भी गांव की गलियों तक पहुंचकर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए संघर्षपूर्ण कार्य किया गया। पद्मश्री फुलबासन बाई यादव में ऐसा चमत्कार एवं जीवटता है। उनका नाम राजनांदगांव जिले से जुड़ा है और यहां की मिट्टी से जुड़ा है। गरीबी के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत से समाज के लिए अपनी सेवाएं समर्पित की। यही वजह है कि समाज के लिए उनके कर्तव्य एवं समर्पण से एक विशेष पहचान बनी है। जल संरक्षण के लिए जनजागरण हेतु उनके प्रयास प्रशंसनीय है।उन्होंने कहा कि जल अमूल्य है और जीवन में इसकी अहम भूमिका है।आज के समय में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है और पानी का दुरूपयोग हो रहा है। पानी का जल स्तर 400 फीट तक नीचे चला जा रहा है। राजस्थान जैसी भयावह स्थिति से बचने के लिए हमें जल की चिंता करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर 97 प्रतिशत पानी समुद्र में है, जो खारा पानी है और उसका उपयोग नहीं किया जा सकता। केवल 3 प्रतिशत पानी में से 2.4 प्रतिशत ग्लेशियर के रूप जमा हुआ है एवं 0.6 प्रतिशत पानी नदियों, झीलों एवं तालाबों में है, जिसका उपयोग किया जा सकता है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उपयोग पेयजल के तौर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 100 में से पेयजल के लिए मात्र 0.1 प्रतिशत है। जिसे भी हम प्रदूषित कर रहे हैं। यह 0.1 प्रतिशत पानी ही हम सभी सभी के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे जीवन में जल एवं हवा दोनों महत्वपूर्ण है। पृथ्वी में उपलब्ध 0.1 प्रतिशत जल को हमारे जीवन के लिए सुरक्षित रखना है।

■ विस अध्यक्ष पानी बचाओ महाभियान, नीर और नारी जल यात्रा में हुए शामिल
■ शहरी क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा नीर और नारी जल यात्रा का सघन अभियान
■ जल संरक्षण की दिलाई शपथ

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बताया कि केन्द्रीय मंत्री के रूप में वे ईजराइल भ्रमण पर गये थे, वहां रेत ही रेत है और समुद्र का खारा पानी है। इजराइल में 650 किलोमीटर दूर स्थित जार्डन लेक रिवर से पंप के माध्यम से पानी खींचकर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ईजराइल ही ऐसा देश है, जहां पानी नहीं होने के बावजूद पंप से पानी लेकर खेती की जा रही है। आज ईजराइल दुनिया में एक बड़ा सब्जी का उत्पादक देश है। रिसायकल, रिचार्जिंग के माध्यम से पानी का उपयोग किया जा सकता है। जिले में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जल संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। पद्मश्री फुलबासन यादव एवं उनकी टीम द्वारा जल संरक्षण की संरचना, खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में एवं सघन पौधरोपण के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर नागरिकों की दुखद मृत्यु पर सभी ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सांसद संतोष पाण्डेय ने जिले में लगातार जल स्तर नीचे जाने पर चिन्ता व्यक्ति करते हुए कहा कि पानी बचाओ महाअभियान बहुत जरूरी है। आने वाली पीढियों के लिए जल संरक्षण करना होगा। पानी का संरक्षण मानव के लिए ही नहीं, बल्कि सभी जीव-जन्तु के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढियों के लिए भी चिंता करने हुए भूजल को संरक्षित करने की जरूरत है। साथ ही पौधरोपण भी बहुत जरूरी है। शहर में सुन्दर पौधे लगे है और हम सभी को इसे संवारना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सरोवरों को सम्मान देने के लिए अमृत सरोवर शुरू कीहै। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार जल भराव, जल संचयन, सरोवरों की सौंदर्यीकरण के लिए कार्य कर रही है।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि पानी बचाने के लिए पूरे जिलेभर में पानी बचाओ महाअभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सभी पानी की कीमत को समझते हैं। उन्होंने कहा कि पानी का उत्पादन नहीं किया जा सकता है इसके लिए पानी का संरक्षण बहुत ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ली गई पेट्रोलिंग पार्टी की बैठक



**भिलाईनगर,** 15 जून (देशबन्धु)। आज पुलिस कण्ट्रोल रूम सेक्टर–6 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा जिले के थाना, चौकियों में कार्यरत पेट्रोलिंग पार्टियों की बैठक लेकर पेट्रोलिंग पार्टी को दैनिक ड्यूटी में सशक्त और त्रिनयन एप को उपयोग में लाने हेतु प्रत्येक पेट्रोलिंग पार्टी को यह निर्देश दिया कि त्रिनयन एप में कैमरा एंट्र के संबंध में उनके क्षेत्र में स्थित सभी निजी और सरकारी सीसीटीवी कैमरों का विवरण त्रिनयन ऐप में दर्ज किया जाय। बैंक, स्कूल, अस्पताल, पेट्रोल पंप, मोबाइल टॉवर, प्रमुख सार्वजनिक स्थानों आदि महत्वपूर्ण स्थलों को प्राथमिकता दी जाएए। यदि कोई कैमरा एंट्री शेष है तो उसे तुरंत पूर्ण किया जाए व एप में गूगल मैप की सहायता से लोकेशन पिन करें। साइबर प्रहरी मिशन के अंतर्गत साइबर अपराध में जागरूकता लाने हेतु प्रत्येक पार्टी अपने क्षेत्र में साइबर प्रहरी ग्रुप बनाये इस ग्रुप के माध्यम से स्थानीय नागरिक, दुकानदार, ऑटो ड्राइवर, विद्यार्थी, युवा आदि को जोड़ें समय.समय पर इन ग्रुप्स में साइबर अपराध से बचाव के टिप्स देवें। ओ.टी.पी. फॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, बैंकिंग के बारे में जागरूक करें, महत्वपूर्ण हेल्पलाईन नंबर 1930 और साइबर शिकायत पोर्टल की जानकारी साझा करें। सशक्त एप को प्रभावी बनाने हेतु चोरीए लावारिस या शक के आधार पर रोके गये वाहनों को एप के माध्यम से चेक कर चोरीशुदा वाहनों को एप में अपडेट करें।

# मंत्री ने प्रधानमंत्री की उपलब्धियों की दी जानकारी




**भिलाईनगर,** 15 जून (देशबन्धु)। खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंकराम वर्मा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों को बताया। इस दौरान सांसद विजय बघेल, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा आदि मौजूद थे। मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 11 वर्षों में भारत ने दिखा दिया अब देश विकास भी करता है और दुश्मनों का विनाश भी, क्योंकि यही है सशक्त भारत, सुरक्षित भारत, विकसित भारत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों के नेतृत्व में सशक्त भारत सुरक्षित भारत का सपना साकार हुआ है। जहां आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई की गई है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सामरिक शक्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाकर भारत ने अपनी सुरक्षा को अटूट बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली और सम्मानित सुरक्षा स्तंभ के रूप में स्थापित किया है। यही सशक्त भारत सुरक्षित भारत का सच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। 2019 में भारत ने एंटी सैटेलाइट मिसाइल का सफल परीक्षण कर अंतरिक्ष युद्ध क्षमता में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इससे भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि वह अपने अंतरिक्ष संसाधनों की रक्षा कर सकता है और वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति संतुलन में एक निर्णायक भूमिका निभा सकता है। यह विकसित और सुरक्षित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम था। आकाश, ब्रह्मोस, अग्नि ट और निर्भय जैसे मिसाइलों का सफल परीक्षण भारत की बढ़ती सामरिक ताकत और रक्षा आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। राफेल विमानों के आगमन और की तैनाती से भारत की वायु सुरक्षा अजेय बनी है। यह एक ऐसा भारत है जो न केवल सीमाओं की रक्षा कर सकता है, बल्कि शांति बनाए रखने के लिए सक्षम शक्ति के रूप में भी खड़ा है विकसित तेजस जैसे स्वदेशी लड़ाकू विमानों और भारत के पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत, विक्रांत ने आत्मनिर्भर भारत को नई ऊंचाई दी है। आज भारत न केवल रक्षा उपकरणों का उपभोक्ता है, बल्कि निर्माता और निर्यातक भी बन रहा है। अत्याधुनिक बॉडी आर्मर, ड्रोन और थर्मल इमेजिंग उपकरणों से लैस किया गया है। जिससे सीमाओं की निगरानी और सुरक्षा और अधिक सुदृढ हुई है। साथ ही भार्गवास्त्र जैसे स्वदेशी एंटी ड्रोन सिस्टम से भारत भविष्य के खतरों से निपटने के लिए भी तैयार है।

यमन युद्ध हो या यूक्रेन संघर्ष, अफगानिस्तान संकट हो या प्राकृतिक आपदा मोदी की सरकार ने हर बार तत्परता से ऑपरेशन राहत, गंगा और देवी शक्ति जैसे अभियानों के जरिए भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने यूक्रेन संकट के दौरान ऑपरेशन गंगा चलाकर 22,000 से अधिक भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाया। यह अभियान न केवल सरकार की त्वरित कार्रवाई का उदाहरण था तुर्की के फंसे छात्रों ने भी भारतीय झंडा लगाकर सुरक्षित रास्ता चुना। भारत ने अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर क्वाड के माध्यम से इंडो पैसिफिक क्षेत्र में शांतिए स्थिरता और सुरक्षा को मजबूती दी है। यह मोदी सरकार की वैश्विक रणनीतिक सोच और भारत की बढ़ती भू.राजनीतिक भूमिका का प्रमाण है। भारत ने अरिहंत क्लास न्यूक्लियर और स्कॉर्पीन क्लास कन्वेंशनल पनडुब्बियों का विकास कर समुद्री सुरक्षा में अभूतपूर्व प्रगति की है। इससे हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक पकड़ और प्रतिरोधक क्षमता दोनों को मजबूती मिली है। 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर भारत को वैश्विक अंतरिक्ष शक्तियों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया। श्री मोदी के 11 वर्षों के नेतृत्व में भारत ने साबित किया कि आतंकवाद पर अब कोई समझौता नहीं होगा। ऑपरेशन सिंदूर इसका ताजा और ऐतिहासिक उदाहरण है, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर 100 से अधिक आतंकियों का सफाया कर दिया और उसके एयरबेस ध्वस्त किए। जब पहलगाम में निर्दोषों पर हमला हुआ, भारत ने केवल शोक नहीं जतायाए बल्कि ठोस और सख्त रणनीति अपनाई। प्रधानमंत्री की जीरो टॉलरेंसश् नीति ने आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई को राष्ट्रीय संकल्प बना दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23,622 करोड़ तक पहुँच गया है। साथ ही स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंडश मिसाइल सिस्टम आकाश और ब्रह्मोस का इस्तेमाल कर सेना ने अपने दुश्मनों को तबाह किया है। भारत की जवाबी कार्रवाई न केवल सैन्य बल्कि कूटनीतिक विजय भी थी।

# बीएमएस ने मुख्य महाप्रबंधक प्लेट मिल से की चर्चा



**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने संघ के महामन्त्री चन्ना केशवलू के नेतृत्व में भिलाई स्टील प्लांट प्लेट मिल के सीजीएम कार्तिकेयन बेहरा के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक में श्रमिकों से जुड़े कई गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे मजदूर हितों की रक्षा और कार्यस्थल की परिस्थितियों में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। संघ के प्रतिनिधियों ने मुख्य महाप्रबंधक एवं सम्बन्धित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए एवं चर्चा की । कैंटीन में खाद्य पदार्थों की समयावधि में जॉच घटिया पॉम आइल पर कड़ाई से रोक लगाई जाए । साफ–सफाई एवं पीने का पानी की उचित व्यवस्था की जाए। प्लेट मिल में आवश्यक रूप से वेंटिलेशन सुविधा को सुनिश्चित किया जाए । बारिश में शेड में जगह जगह पर फटे होने के कारण पानी गिरने से कर्मचारियों को कार्य स्थल पर परेशानी का सामना करना पड़ता है जिससे टीक किया जाए। फिनिशिंग एरिया में पार्किंग की व्यवस्था की जाए । प्लेट मिल में आवश्यक कार्य स्थल पर टॉयलेट का निर्माण करवाया जाए । रेस्टरूम को व्यवस्थित किया जाए । बैठक मे एआरओ से जुड़े मेडिकल पास प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने की मांग की प्लेट मिल से जुड़े सुरक्षा उपायों, मोटर साइकिल एवं कार रखने के लिए स्टैंड एरेस्ट रूम व टॉयलेट की मूलभूत सुविधाओं की स्थिति, तथा वर्किंग कंडीशंस को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा हुई। ठेका मजदूरों के पेमेंट स्लिप, वेतन भुगतान से जुड़ी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। हाउसकीपिंग विभाग में कार्यरत कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर भी विचार.विमर्श हुआ। मुख्य महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सभी कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को हल किया जाएगा । बैठक में संघ की ओर से उपाध्यक्ष आई पी मिश्रा, डिल्ली राव, संयुक्त महामन्त्री वशिष्ठ वर्मा, प्रदीप पाल, जोगिंदर कुमार, गौरव कुमार, सचिव दीनानाथ जैसवार, भानु प्रताप साहू, अविनाश वेगी, राहुल उपस्थित थे।

# रेलवे की तत्काल बुकिंग में ओटीपी की अनिवार्यता का स्वागत



**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के पूर्व रेलवे सलाहकार समिति सदस्य एवं आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के अध्यक्ष के. उमाशंकर राव ने हर्ष व्यक्त कर बता मगया कि रेलवे ने तत्काल बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित सत्यापन जरूर माना है। इस बात को तहे दिल से भारत सरकार और यहां रेल मंत्रालय को रेल उपभोक्ताओं की ओर से धन्यवाद व्यक्त किया। इसके अलावा पूरे देश में जहा जहां आरक्षण काउंटर है वहां पर सीसीटीवी कैमरा लगा कर निगरानी की जाती है। उक्त आरक्षण काउंटर पर टिकिट दलालों की सक्रियता बरकरार रहता है। सीसीटीवी के माध्यम से जो लोग बार बार टिकट बुकिंग में जाकर टिकट बनवाते हैं उन पर रेल्वे एक्ट के तहत कारवाही किया जाना अति आवश्यक है। अधिकांश टिकिट दलाल सक्रिय दिखाई देते है। ऐसे में ओटीपी आधारित सत्यापन को भी दलालों द्वारा कहीं ना कहीं नई योजना बनाकर बेहतर तकरीका अपनाकर पुराने ढर्रे पर चलता रहेगा। उन्होने दलाल के खिलाफ शक्ति से कार्रवाई की मांग की है। ताकि आम जनता को आसानी से तत्काल एवं आरक्षण टिकट को आसानी मिल पाएगा। सामान्य एवं स्लीपर बोगियां सभी ट्रेनों में बढ़ाया जाए। मध्यम वर्ग एवं कम आय के लोगों को रेल यात्रा करना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। राव ने बताया कि रेल मंत्रालय द्वारा पूर्व में घोषणा कर कहा कि हर व्यक्ति कन्फर्म टिकट देने वादा किया गया। इस व्यवस्था को शीघ्र लागू कर सामान्य वर्ग के लोगों के लिए बेहतर कार्य किया जाना अति आवश्यक है। यात्रा करना बहुत मुश्किल है।

# सायबर ठगी के 4 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर** 15 जून (देशबन्धु)। डिजिटल अरेस्ट कर 54,90000 रूपये के सायबर फ्राड करने के चार आरोपियों को लखनऊ उत्तर प्रदेश से पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन एवं आधार कार्ड को जप्त किया गया। जिला पुलिस प्रवक्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पद्मश्री तवर ने बताया कि प्रार्थिया नम्रता चन्द्राकर निवासी प्रगति नगर रिसाली के द्वारा थाना नेवई में 29 अप्रैल को मोबाईल धारक द्वारा स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताकर आवेदिका के पिता को विडियो काल कर उनके नाम का केनरा बैक का खाता को नरेश गोयल को बेचे हो जिसमें 2 करोड़ रू का मनी लांड्रिंग हुआ है, उनका सहयोग करने कहकर सभी सदस्यों की संपत्ति की सारी जानकारी लेकर गिरफ्तारी का भय दिखाकर अलग अलग खातें व किस्तों में 29 अप्रैल से 29 मई 2025 के मध्य 54,90,000 रू छलपूर्वक जमा कराकर ठगी करने के सबंध में पेश किया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना नेवई में धारा 318(4) बीएनएस 67 (डी) आई.टी.एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया । विवेचना दौरान आरोपी मोबाईल धारक एवं लाभार्थी बैक खाता धारक की तकनीकी सहायता से एवं बैक से जानकारी प्राप्त की गई। आरोपी लखनउ का होना पाए जाने पर आरोपी पतासाजी हेतु टीम रवाना की गई। लखनऊ में संदेही दीपक, राजेश, कृष्ण कुमार, शुभम,साजी कर प्रकरण के संबंध में पूछताछ करने पर बताए आरोपी कृष्ण का परिचय, सोहित के माध्यम से शुभम से हुआ, आरोपी दीपक, कृष्ण कुमार का दोस्त है। जिसने बताया कि मोहल्ले का निवासी राजेश का यूनियन बैक शाखा पी.एन. रोड लखनउ में है जिसने फ्राड के रकम के लिये अपने खाता को दिया एवं धोखाधड़ी में सहयोग करने के लिये तैयार हुआ। राजेश के यूनियन बैक खाता में 29 मई को 9 लाख रूपये फ्राड का रकम आया जिसे राकेश द्वारा सेल्फचेक के माध्यम से रकम को निकलकर राजेश और दीपक को शुभम ने कमीशन के तौर पर 36 हजार रूपये दिया और शेष 8 लाख 64 हजार अपने पास रखा और अपने अन्य साथी लाईक, राज, फब्बैलो और उज्जवल को अपना कमीशन लेकर दिया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक आनंद शुक्ला थाना प्रभारी नेवई, उप. निरी. सुरेन्द्र तारम, सउनि रामचंद्र कंवर. प्रआर सूरज पांडेय, आरक्षक रवि बिसाई एवं सायबर टीम का महत्तवपूर्ण योगदान रहा है।

# सूर्या टीआई मॉल में पुलिस ने देर रात मारा छापा



**भिलाईनगर,** 15 जून (देशबन्धु)। सूर्या टीआई मॉल में पुलिस ने कल देर रात छापा मारकर10 लड़कियों, ग्राहक एवं तीन स्पा सेंटर के संचालको को सहित कुल 13 लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया है। मौके से आपत्तिजनक चीजें भी मिली हैं। इस संबंध में स्पा सेंटर संचालकों और कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने अपनी टीम के साथ कल रात यह रेड की कार्रवाई की। टीम जब स्पा सेंटर पहुंची तो लगभग सभी ग्राहक मौजूद थे। पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो वहां अनैतिक गतिविधियां चल रही थीं। ऐसे में पुलिस ने स्पा में काम करने वाली महिलाओं और पुरुषों को पूछताछ के लिए थाना लाया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि टीम ने मॉल में संचालित 8 स्पा सेंटर्स पर छापेमारी की है। उन्हें यहां से कई संदिग्धय अनैतिक चीजों के साथ.साथ रजिस्टर और अन्य साक्ष्य मिले हैं। कार्रवाई में स्मृति नगर चौकी पुलिस और अन्य कई थानों से महिला बल को बुलाया गया था। इन सभी ने स्पा में पकड़े गए लड़के–लड़कियों को गाड़ियों में बैठाया और स्मृति नगर चौकी ले गए। वहां देर रात तक पूछताछ की कार्रवाई चली।

# राजा नहीं संन्यासी का मान होता है छत्तीसगढ़ में : परदेशी



**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से संस्था रंगसरोवर की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव में वैराग्य की गाथा भरथरी का मंचन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर म 13 जून की शाम को भी हुआ। लगातार दूसरे दिन भी कला मंदिर का पूरा सभागार खचाखच भरा रहा। प्रख्यात लोक गायिका और भरथरी की पुरोधा स्व. सुरूज बाई खांडे को समर्पित इस मंचीय प्रस्तुति के समापन पर दर्शकों ने कलाकारों का अभिवादन किया। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित वरिष्ठ नाचा कलाकार पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, पंथी नर्तक डा. राधेश्याम बारले, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा और भजन–गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने लोकगायिका स्व. सुरूजबाई खांडे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर ने रंग सरोवर की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि सधी हुई प्रस्तुति बहुत कम अवसर पर होती है। वह स्वयं मंच के कलाकार हैं और भरथरी जैसी उत्कृष्ट प्रस्तुति उन्होंने अपने जीवन में बहुत कम देखी है। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि यह इस मंचीय प्रस्तुति का सम्मोहन है कि वह लगातार दूसरे दिन इसे देखने आए हैं। उन्होंने कहा कि राजा भृतहरि (भरथरी) की कथा अलग–अलग रूप में देश के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित है लेकिन छत्तीसगढ़ में राजा भरथरी के संन्यासी स्वरूप को ही मान मिला। भरथरी की सिद्ध कलाकार स्व. सुरूज बाई खांडे राजा के इसी संन्यासी स्वरूप को देश और दुनिया में घंटो गाकर सुनाती रहीं। क्योंकि छत्तीसगढ़ में राजा नहीं संन्यासी का मान होता है। राजीव लोचन के रूप में छत्तीसगढ़ राजा राम नहीं बल्कि संन्यासी राम की पूजा करता है। भजन–गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने भी बेहतरीन प्रस्तुति के लिए रंग सरोवर की पूरी टीम को बधाई दी। आलेख, गीत, संगीत एवं निर्देशन की जवाबदारी संभालने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी भूपेन्द्र साहू ने सभी उपस्थित लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, डी.पी देशमुख, मणिमय मुखर्जी, सुचेता मुखर्जी, जेपी नायर, विभाष उपाध्याय, अनिता उपाध्याय, गुलाम हैदर मंसूरी, तुलसी साहू, श्रवण, योगेंद्र सिंह, महेश वर्मा और राजेंद्र साहू सहित कला संस्कृति के क्षेत्र के कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# सेक्टर–9 अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर




**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के अंतर्गत संचालित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 13 और 14 जून को स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने एवं सभी के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष की वैश्विक थीम श्रक्तदान करें। साथ मिलकर जीवन बचाएं को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत 13 जून को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 34 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक खदान बी.के. गिरि ने जेएलएनएच एंड आरसी के ब्लड सेंटर में किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ.एम. रविंद्रनाथ उपस्थित थे। उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. उदय कुमार एवं डॉ. सौरव मुखर्जी भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात श्री गिरि ने स्वयं स्वैच्छिक रक्तदान कर इस अभियान में भागीदारी निभाई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकिसालय स्टाफ एवं बीएसपी सामूहिक को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में अधिकतम सहभागिता और पंजीकरण सुनिश्चित कर रक्तदान के सामाजिक महत्व को उजागर किया गया। बी.के. गिरि ने ब्लड सेंटर एवं पैथोलॉजी विभाग द्वारा चलाए जा रहे। इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो देखने में छोटा लगता हैए परंतु यह मानवता के लिए अत्यंत मूल्यवान योगदान सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में ष्दानष् को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है और ष्रक्तदानष् वास्तव में ष्महादानष् हैए ऐसा दान जो जीवन देता है। उन्होंने हाल ही में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे का उल्लेख करते हुए यह स्मरण कराया कि ऐसे आपातकालीन अवसरों पर रक्त की उपलब्धता कितनी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि जीवन अत्यंत नाजुक है और रक्तदान जैसे कार्य अनेक जीवनों को बचाने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर पैथोलॉजी एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञों की भी उपस्थिति रहीए जिनमें सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लड सेंटर की प्रभारी डॉ. निली एस.कुजूर, कंसल्टेंट पैथोलॉजी डॉ. राजू भैसारे. उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी पैथोलॉजी डा. गुरमीत सिंह, वरिष्ठ कंसल्टेंट पैथोलॉजी डॉ.प्रिया साहू, कंसल्टेंट पैथोलॉजी डा. प्रतीक शिवप्पा एवं कंसल्टेंट ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन डॉ. दीपक दशमोहरा पात्र प्रमुख रूप से शामिल थे। विश्व रक्तदाता दिवस प्रतिवर्ष 14 जून को मनाया जाता है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य सुरक्षित रक्त की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नि:स्वार्थ रूप से रक्तदान करने वाले स्वैच्छिक रक्तदाताओं का आभार प्रकट करना है। यह दिवस इस सच्चाई की याद दिलाता है कि रक्तदान एक नि:स्वार्थ कर्म है जो हर वर्ष लाखों लोगों का जीवन बचाता है। चिकित्सा एवं शल्य प्रक्रियाओं को संभव बनाता है तथा स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त करता है। प्रत्येक वर्ष एक विशेष थीम के माध्यम से एक जुटता, आशा और सामुदायिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया जाता है।

# सेक्टर–9 अस्पताल में सुविधा को लेकर लिखा पत्र



**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र को मेडिकल कॉलेज मान्यता देकर छत्तीसगढ़ की शैक्षिक स्वास्थ्य सेवाओं में मदद की अपील करते हुए चिकित्सा संस्थान के विशेषज्ञ डॉक्टरों के वेतन एम्स के समतुला या करने की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री केंद्रीय इस्पात मंत्री भारत शासन केंद्र के विभिन्न समितियां के सदस्य एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल सहित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को पत्र लिखकर चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने की है। ज्ञानचंद जैन ने 2 लाख की आबादी वाले भिलाई विधानसभा क्षेत्र और अंचल की लगभग 15 लाख की जनसंख्या को प्रभावित करने वाले संयंत्र के इस सर्व सुविधायुक्त बृहद अस्पताल की आधुनिक मशीनों एवं केंद्र सरकार के द्वारा उपयोग की गई अरबों रुपए की राशि के समुचित उपयोग की और ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहां है कि भिलाई विधानसभा में सर्व युक्त अस्पताल होने के बाद भी स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निजी चिकित्सा संस्थानों में जाने मजबूर होना पड़ता है और संयंत्र के कर्मचारी एवं अधिकारियों को अन्य राज्यों के अस्पतालों में सेंटर रेफर करता है जिस पर लाखों रुपए की राशि खर्च की जाती है। ज्ञानचंद जैन ने कहा है कि हर मेडिकल संस्थान ने अपने स्वयं के दवाई दुकान के साथ–साथ विशेषज्ञ डॉक्टर के लिए निशुल्क केबिन उपलब्ध कराकर स्थानीय लोगों को महंगी चिकित्सा लेने बाध्य होना पड़ता है। यदि इस महंगी चिकित्सा व्यवस्था से शहर का आम नागरिक जहां परेशान है वह भिलाई में सब कुछ होने के बाद भी अस्पताल में सुविधाओं का अभाव यहां के नागरिकों को बहुत अधिक परेशान करता है। ज्ञानचंद जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं में की जा रहे विस्तार पर बधाई देते हुए कहा है की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और संयंत्र जिनके नियंत्रण में है उसके इस्पात मंत्री को इस विषय पर गंभीरता से विचार करना होगा और भिलाई सहित अंचल की 15 लाख की आबादी को विशेष सुविधा देने के लिए सेक्टर–9 को स्थानीय मांग के अनुरूप विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति एम्स के वेतन के करना होगा द्वितीय और तृतीय वर्ग के कर्मचारियों की आवश्यकता इस अस्पताल को लंबे समय से महसूस की जा रही है क्योंकि केंद्र के द्वारा दिया जाने वाला राजस्व आधुनिक मशीनों पर तो खर्च किया जा रहा है लेकिन उन मशीनों के उपयोग नहीं होने से स्थानीय निवासियों को केंद्र की किस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# निर्माण कार्य व सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 14 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय नेहरू नगर पूर्व स्थित एस एल आर एम सेंटर के सफाई व्यवस्था का जायजा लेने सुबह 8 बजे अचानक पहुंचे और उपस्थिति पंजी एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण करने लगे। सफाई व्यवस्था में सुधार और अनुपस्थित कर्मचारियों के कटौती के लिए आवश्यक निर्देश दिए। वहां 2.91 करोड़ रुपए लागत से निर्माणाधीन सी एंड डी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट कार्य का निरीक्षण किए। समयावधि के अनुपातिक कार्य की धीमी गति के लिए एजेंसी को नोटिस देने का निर्देश कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा को दिए। स्लॉटर हाउस के समीप निर्माणाधीन बैडमिंटन कोर्ट को अति शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश उपस्थित अभियंताओं को दिए। मधु कामिनी उद्यान के निरीक्षण के दौरान पुराने एवं जर्जर यूकेलिप्टस पेड़ों की कटाई के संबंध में वन विभाग को पत्राचार करने का निर्देश उद्यान अधिकारी को दिए जिससे निगम की राजस्व में भी वृद्धि होगी। सुपेला फोरलेन के समीप संजय नगर तालाब उद्यान का निरीक्षण के दौरान वहां अधूरे पाथवे एवं अन्य कार्यों के संबंध में जोन आयुक्त को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता श्वेता वर्मा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि विकास कार्यो की गति में तेज लावे क्योकि बारिश में कार्य प्रभावित न हो सके।

**नए नलकूप खनन में लगाया गया प्रतिबंध अब किया गया शिथिल**

**बालोद,** 15 जून। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर बताया कि बालोद जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भू-गर्भीय जलस्तर नीचे जाने से पेयजल की समस्या के दृष्टिगत नवीन नलकूप खनन में 30 जून 2025 तक प्रतिबंध लगाया गया था।



# महाव्यापारी संघ ने लिया निर्णय, कल प्रदर्शन व आंदोलन

**मगरलोड,** 15 जून (देशबन्धु)। नगर पंचायत मगरलोड महाव्यापारी संघ के पदाधिकारीयो ने आज पुनः बैठक कर बताया कि गत वर्ष से नगर पंचायत मगरलोड का देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान भरदा रोड मगरलोड के मुख्य द्वार के पास निषाद काम्पलेक्स में संचालित हो रहा है। शराब दुकान का उक्त स्थान में संचालित होने के कारण सभी वर्ग के लोगो को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मगरलोड ब्लाक एवं तहसील मुख्यालय होने के कारण हजारों लोगों का आना जाना उक्त मार्ग से रोजाना होता है। कई बार शराबियों के कारण लोगों को हादसा का शिकार होना पड रहा है। स्कूल, कालेज तथा आई. टी. आई. के छात्र-छात्राओं को इन्ही मार्ग से होकर आना-जाना पड़ता है। साथ ही व्यापारी भाईयों को तथा शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी अपने ड्यूटी करके रात्रि तक इसी मुख्य मार्ग से गुजरना पड़ता है। महिला कर्मचारी को भी उक्त मार्ग से शाम रात्रि तक वापीस अपने गंतव्य तक पहुँचना होता है शराबियों के कारण दुर्घटना व लूटपाट होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। परिवार के साथ भी आम एवं गणमान्य नागरिकों को भी इसी मार्ग से आना-जाना पड़ता है। शराब दुकान के पास अत्यधिक भीड़-भाड़ होने के कारण रोज लड़ाई, झगड़ा, मारपीट, लूटपाट आम बात हो गई है। शराब भट्ठी के आसपास पानी पाऊच, बॉटल, झिल्ली तथा अन्य कचरा सामान के कारण आसपास के कृषि भूमि वाले भी परेशान है। नगर पंचायत के मुख्य द्वार में इस तरह के घटनाओं तथा हालात से नगर पंचायत मगरलोड-भैसमुण्डी की छवि धुमिल हो रही है उक्त सभी बातों को सज्ञान में लेते हुए महाव्यापारी संघ नगर पंचायत मगरलोड-भैसमुण्डी के ग्रामीण विकास समिति मगरलोड, बजरंग दल मगरलोड-भैसमुण्डी, विश्वहिन्दु परिषद इकाई मगरलोड, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ता तथा महिला समूहों की



**लिखित कार्रवाई मिलने पर की जाएगी विचार**

**शराब दुकान हटाने एवं गांजा बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार व टीआई को दिया है ज्ञापन**

माँग है कि उक्त देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान को तत्काल अन्यत्र स्थान में दिनांक 16 जून 2025 सोमवार तक स्थानांतरित करने की मांग किया गया था लेकिन आज तक स्थानांतरित नही हुआ है इसलिए मंगलवार दिनांक 17-06-2025 से उपरोक्त सभी संगठनों के द्वारा संयुक्त रुप से अनिश्चितकालीन धरना, प्रदर्शन, चक्काजाम आदि सम्पूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करके किया जायेगा इस संबंध में तत्काल उचित कार्यवाही करने की मांग किया गया है अब व्यापारी संघ लिखित में कार्यवाही चाहता है। इसके साथ ही मौखिक चर्चा पर व्यापारियों ने नगर में नशीली पदार्थ की रोकथाम के लिए, मगरलोड में जगह जगह बिक रहे नशीली पदार्थ गांजा,नशे की गोली, पान ठेलो में बिकने वाली नशीली सनन की गोली बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी थाना प्रभारी से की है शराब दुकान हटाने महाव्यापारी संघ के अध्यक्ष विश्वजीत साहू उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू,सचिव सुखदेव साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू कार्यकारिणी सदस्य मुरली सिन्हा, नेमीचंद हिरवानी, राजू चंद्राकर, भागवत साहू, राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में महा व्यापारियों के पदाधिकारी ने इसकी जानकारी कलेक्टर धमतरी एसडीएम कुरूद,थाना प्रभारी मगरलोड,तहसीलदार मगरलोड एवं नगर पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दी गई है आज पुन: चर्चा में विशेष रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षद सुरेश साहू, यादराम गायकवाड, चेतन बिंझेकर, घनश्याम साहू उपस्थित रहे

**अरुण साहू टीआई** - शराब की दुकान हटाने के लिए, तहसीलदार एवं उच्च अधिकारी को बात कर मार्गदर्शन लिया गया है एवं नशीली पदार्थ गांजा, गोली के लिए घर पकड़ अभियान चलाया जाएगा एवं हमारी टीम लगी हुई है शराब दुकान के आसपास सभी खोमचे को हटा दिए गए हैं और दुकान वाले को समझाइए दी गई है की वहां पर किसी भी प्रकार का डिस्पोजल पानी पाउच ना बेचे विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

# मोहड़ नदी अवैध रेत के गोली कांड का आरोपी अतुल सिंह तोमर मप्र हुआ गिरफ्तार, पहुंचा जेल

**राजनांदगांव,** 15 जून (देशबन्धु)। दिनांक 11/06/2025 को रात्रि 07 से 07/30 बजे के बीच ग्राम मोहड नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुँचा था। जिसे रोकने लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुचे जहां कार में 7-8 लोग उतर कर ग्रामीणो से मारपीट करते हुए फायरिंग किये है। किरिपोर्ट पर थाना बसंतपुर मे अपराध क्रमांक 257/2025 अपराध धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस 25 ,27 आर्मस एक्ट एवं मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना मे लिया गया है। विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी जेसीबी चालक भगवति निषाद पिता परदेशी निषाद उम्र 49 साकिन ग्राम झोला थाना अंडा जिला दुर्ग, संजय रजक पिता शंकर लाल रजक उम्र 48 वर्ष साकिन मोहड़ जिला राजनांदगांव एवं अभिनव तिवारी पिता केशर तिवारी उम्र 42 साल निवासी ग्राम सोमनी थाना सोमनी जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।



प्रकरण के विवेचना के दौरान प्रकरण के अन्य फरार आरोपीयो के पतासाजी हेतु टीम गठित किया गया है। गठित टीम द्वारा प्रकरण के घटना में संलिप्त आरोपी अतुल सिंह तोमर पिता अमूल सिंह तोमर उम्र 24 साल निवासी गायत्री विहार कॉलोनी, पिन्टो पार्क मुरार ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म0प्र0) को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना में शामिल रहकर गोली चलाकर अपराध करना स्वीकार किया। जिसे आज दिनांक 15 .6.2025 को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

मामले से संबंधित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम गठित कर सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा है।

# मुकेश ढीढी को रायपुर जिला सरपंच संघ का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया



**नवापारा राजिम,** 15 जून (देशबन्धु)। अभनपुर के ग्राम पंचायत गोतियारडीह के सरपंच एवं अभनपुर ब्लॉक के सरपंच संघ मुकेश ढीढी को रायपुर जिला सरपंच संघ का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। ढीढी के निर्वाचन से उनके समर्थकों, शुभचिंतकों के साथ जिला सतनामी समाज के लोगों में खासा उत्साह है। सभी ने ढीढी को बधाई प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं ढीढी ने अपने निर्वाचन पर रायपुर जिले के सभी सरपंचों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया है कि वे सरपंचों के हित को प्राथमिकता देते हुए उनके सहयोग के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे। बता दें ढीढी वर्तमान में रायपुर जिला खनिज न्यास समिति के सदस्य भी हैं। मुकेश ढीढी के जिलाध्यक्ष बनने पर सरपंच संघ के पूर्व जिला अध्यक्षएवं जिला पंचायत सभापति अनु तारक ने रविवार को अभनपुर रेस्ट हाउस पहुंचकर श्री ढीढी का पुष्प हार से स्वागत कर उनका मुंह मीठा करा कर रजिस्टर को सौंपते हुए कार्यभार प्रदान किया। इस अवसर पर मुकेश को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, हेमकुमार मार्कण्डेय, भारत बैंस, खेमराज कोसले, महेंद्र खुटियारे जनपद सदस्य, राजू बारले, हिमांशु खरे, कमल तारक, राजा राय, अंकेश बजाज, नेतराम साहू, तुलाराम साहू, मन्नू साहू, संजय बंजारे, बसंत कोसले, पार्षद रूपनारायण साहू, नन्हा ग्रीतलहरे, नरेश बारले, चंदन सोनवानी, भागीरथी बारले, आशीष जोशी, बुद्धेश्वर साहू, राजेंद्र अनेश्वरी, राजेश जोशी, धरम महिलांग, सुरेश भट्ट सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया ईडी का पुतला दहन

**बालोद,** 15 जून (देशबन्धु)। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए बालोद जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को जोरदार प्रदर्शन किया। सुकमा जिला स्थित कांग्रेस भवन को प्रवर्तन निदेशालय ;ईडीद्ध द्वारा अटैच किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन के समक्ष ईडी का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। राजीव भवन से उठी विरोध की आवाज सैकड़ों की संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लगातार ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन के भीतर पुतले को आग के हवाले किया और जैसे ही उसे बाहर लाया गया पुलिस ने रोकने की कोशिश की जिससे स्थिति कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गई। कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में सत्ता पक्ष द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। भाजपा सरकार प्रतिशोध की राजनीति कर रही है जिसे कांग्रेस कभी स्वीकार नहीं करेगी। इसी कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने अहमदाबाद में गुरवार को हुई विमान दुर्घटना पर शोक जताया। मौन रैली के रूप में राजीव भवन से जय स्तंभ चौक तक मार्च निकाला गया जहां मोमबत्तियाँ जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुतला दहन और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में चंद्रेश हिरवानी, डोमेंद्र भेड़िया, भैया राम सिंहा, कृष्णा दुबे, रतिराम कोसमा, प्रेमचंद क्षीरसागर, धीरज उपाध्याय, नरेंद्र सिन्हा, अनिल यादव, अंचल प्रकाश साहू, रवि जायसवाल, दाऊद खान, केणु ईश्वर राव, लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, कमल टूवानी, हरचरण कल्याल, अनिल चेनानी, देवेंद्र साहू, रीता सोनी, चमेली साहू, वैभव साहू, यस परचानी, आबिद खान, सुनील मांडवी, देवेंद्र साहू, पवन साहू, मनोज ठाकुर, निर्देश पटेल, विनोद बंटी शर्मा, सुमित शर्मा, सतीश यादव, कमलेश श्रीवास्तव, नारायण साहू, ऐनु साहू, राजकुमार प्रभाकर, धर्मेंद्र रामटेक, वैभव शर्मा, साजन पटेल, मेघनाथ साहू, लोकनाथ निषाद, दिनेश साहू, चंद्रहास साहू, अनिल सुथार, राकेश उइके सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गजेन्द्र यादव व रमेश यदु के जन्मदिन पर फल वितरण



**फिंगेश्वर,** 15 जून (देशबन्धु)। यादव समाज जिला इकाई गरियाबंद के द्वारा समाज के मुखिया दुर्ग शहर लाडले लोकप्रिय विधायक यादव समाज के गौरव, श्री गजेंद्र यादव जी एवं सर्व यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के जन्म दिन पर यादव समाज के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में मरीजों को फल वितरण किया गया साथ मे स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर, नर्स स्टॉफ एवं चतुर्थ कर्मियों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके मे सर्व यादव ले जिलाध्यक्ष सतीश यादव जी, सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तेजेश यादव, ठेठवार यादव समाज के जिलाध्यक्ष उग्रसेन यादव जिला उपध्यक्ष डिगेश्वर यदु, फिंगेश्वर राज सचिव भुनेश्वर यादव, छबि यादव, भागवत यादव,अलोक यदु, एवं जिला के यादव समाज जिला गरियाबंद के समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## बाराडोली संकुल में समीक्षा बैठक नए शिक्षकों का सम्मान



**सरायपाली,** 15 जून( देशबन्धु)। बाराडोली में संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में संकुल मे आये शिक्षक रमेश कुमार पटेल, किशन चौधरी का स्वागत प्राचार्य गोपाल प्रसाद बरिहा,प्रधान पाठक चन्द्रभानु पटेल द्वारा डायरी और पेन से किया गया। इस समीक्षा बैठक में संकुल प्राचार्य गोपाल प्रसाद बरिहा द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि 16 जून से विद्यालय खुलने वाला है जिसके लिए शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाना है इसकी जानकारी दी गई तथा स्कूल समय सारणी बनाना, शिक्षक डायरी, पाठ्यक्रम विभाजन,शाला समय को 10 से 4 बजे लगाने के बारे में बताया इसी क्रम में संकुल समन्वयक प्रभात मांझी द्वारा भी जाति प्रमाण पत्र,अपार आई डी, शाला अनुदान की राशि का उपयोग कर विद्यालय की स्वच्छता हेतु निर्देश दिए।

# लोहे के फावड़ा से वारकर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**पलारी,** 15 जून (देशबन्धु)। 14 जून को प्रार्थिया वैष्णवी पुरैना निवासी ग्राम कोहरौद द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह अपने पति दिलहरण पुरेना के साथ दिनांक 13.06.2025 को अपने मायके पलारी वार्ड क्रमांक 08 में शासकीय दुकान से चावल लेने आई थी। प्रार्थिया के माता-पिता का पहले से स्वर्गवास हो चुका है, जिनके मकान में आरोपी चाचा धुरेंद्र धृतलहरे एवं चाची रहते हैं, जिनके साथ पैतृक मकान का वाद-विवाद चल रहा है। कि शाम करीबन 04:00 बजे पति दिलहरण पुरैना आरोपी चाचा धुरेंद्र धृतलहरे के घर गए थे। इस दौरान आरोपी धुरेंद्र धृतलहरे एवं उसकी पत्नी द्वारा जान से मारने की नीयत से पति दिलहरण के साथ लोहे के फावडा से सिर में वारकर गंभीर चोट पहुंचाया गया है तथा हाथ मुक्का आदि से मारपीट करने से सिर, गले, कान आदि में भी गंभीर चोट आया है। मारपीट करने पश्चात दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 201/2025 धारा 109,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी चाचा धुरेंद्र धृतलहरे को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पूर्व में चले आ रहे पैतृक मकान विवाद को लेकर अपनी पत्नी के साथ मिलकर प्रार्थिया के पति दिलहरण पुरेना के साथ लोहे के फावडा एवं हाथ मुक्का आदि से मारपीट कर उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी को 14 जून को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में एक आरोपी फरार है जिसकी सरगर्मी से पतातलाश जारी है। प्रकरण विवेचना में है।

# निराश्रित जनों का चरण बंदगी, सम्मान समारोह कार्यक्रम ग्राम साल्हे में आयोजित

**डौण्डी,**15 जून (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत साल्हे में सदगुरु कबीर साहेब जनकल्याण सेवा समिति चिखलाकसा द्वारा आयोजित निराश्रित जनों का चरण बंदगी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि पीयूष सोनी उपस्थित हुए आयोजन समिति के द्वारा समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं तिलक वंदन करके स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि पीयूष सोनी ने कहा की आज हम यहां निराश्रित जनों के सम्मान में एकत्रित हुए हैं। यह एक ऐसा अवसर है जो हमें उनकी स्थिति और उनके प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। निराश्रिता एक ऐसी समस्या है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है, और यह एक ऐसी समस्या है जिसका समाधान करना हम सभी का कर्तव्य है।हम सभी को यह समझना होगा कि निराश्रित लोग भी हमारे समाज का हिस्सा हैं। वे भी सम्मान, गरिमा और बुनियादी मानवीय अधिकारों के हकदार हैं। हमें उनके साथ सहानुभूति और करुणा का व्यवहार करना चाहिए, और उनकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए अंत में सभी निराश्रित जनों को कपड़ा एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कैलाश राजपूत,जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, जनपद सदस्य कुलदीप साहू, सरपंच सुनीता नेताम, दया दास मानिकपुरी, घन्यशाम मानिकपुरी बीरेंद्र तारम, एवं समस्त ग्रामवासी एवं आयोजक समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।



**निराश्रित भी हमारे समाज के हिस्सा वे भी मानवीय अधिकार के हकदार : पीयूष सोनी**

# हरिनभट्ठा में यादव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण में शामिल हुए विधायक संदीप

**पलारी,** 15 जून (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पलारी ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा में यादव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ इस अवसर पर कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे समारोह की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ की गई। इसके बाद विधायक संदीप साहू ने फीता काटकर सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में यादव समाज के नागरिक सहित ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और पंचायत प्रतिनिधि एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे भी उपस्थित रहे।



अपने संबोधन में विधायक संदीप साहू ने कहा कि यह सामुदायिक भवन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर है इससे ग्रामवासियों को सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी उन्होंने आगे कहा इस भवन के निर्माण से समाज को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और ग्रामीणों को एक उपयुक्त मंच प्राप्त होगा जहां वे अपने सामूहिक निर्णय ले सकेंगे और कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे। विधायक श्री साहू ने भवन निर्माण में सहयोग करने वाले सभी जिम्मेदार लोगों एवं समाज को बधाई देते हुए कहा कि वे सदैव क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने विधायक संदीप साहू का पुष्पमाला और शाल-श्रीफल से स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया इस लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर ग्राम में उत्सव का माहौल रहा और यादव समाज के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मप्र व छग के बीच ...

अवतार साहू, अरूण मिश्रा, अरूण सूर्यवंशी, सिद्धार्थ मिश्रा, मंत्री रीता चतुर्वेदी, दुर्गेश गुप्ता, हसीब खान, रामलाल विश्वकर्मा, अनिता कश्यप, उदय राज सिंह भोसले, के साथ ही कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

अधिवेशन में दुर्ग निगम अध्यक्ष संजय मिश्रा, अनिल सिंह, दुर्गेश गुप्ता, रामबिहारी शर्मा, चन्द्रपाल हरमुख, नलनीश मिश्रा, नवीन साहू, लोकेश बया, संतोष पाण्डेय, शालनी गुरव, विवेक रंगनाथ, विजेंद्र परिहार, गिरधर वर्मा, वामन राव, रेखा कुर्रे, यशवंत साहू, शशिकान्त यादव, ओंकार यादव, रोहित बंजारे, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, राजू बक्शी, सत्यनारायण शर्मा, नंदकुमार कुशवाहा, जय प्रकाश दुबे, हरेन्द्र ठाकुर सहित सौकडो संख्या में भारतीय मजदूर संघ से देश एवं प्रदेश पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### हमारे जीवन के लिए...

जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष शहर में 10 हजार से अधिक पौधे रोपण किया जाएगे। जिससे शहर को हराभरा बनाया जाएगा। शहर के सभी घरो में वाटर रिचार्ज सिस्टम बनाने की बात कही। जिससे भू-जल का संचय किया जा सके। उन्होंने सभी को पानी का मूल्य समझते हुए सदुपयोग करने कहा।

पद्मश्री फूलबासन यादव ने बताया कि पानी बचाओ अभियान के तहत जिले में जल यात्रा गांव-गांव के हरेक गलियों में निकाली गई है और नागरिकों को पानी संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि पानी का संरक्षण एवं संवर्धन नहीं करने से आने वाले समय में पेट्रोल से भी महंगा पानी हो सकता है। उन्होंने सभी को जल संरक्षण के कार्य में मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति में जितना पानी की आवश्यकता है उतना ही आक्सीजन की भी जरूरत है। इसके लिए हरियाली यात्रा के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण और सोख्ता गड्ढा बनाया जा रहा है। उन्होंने पानी और हवा को बचाने के लिए सभी को संकल्प लेने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर पद्मश्री फूलबासन यादव को अभियान में भागीदारी के लिए शाल-श्रीफल देकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, आयुक्त नगर निगम अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में हरियाली बहनी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कानून संबंधी विशेष कार्यशाला

**बालोद,** 15 जून (देशबन्धु)। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद के सभागार में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के अध्यक्षता में जिला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी एवं डौंडीलोहारा सुश्री सतप्रीत छाबड़ा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री भारती कुलदीप के द्वारा किशोर न्याय बोर्ड संबंधित जानकारी एवं महिला संबंधी अपराध एवं विवेचना संबंधी तथ्यों में कानून के प्रावधानों के तहत सटीक विवेचना करने अपराधियों को सजा दिलाने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की गई।

डिस्ट्रिक रोल ऑउट मैनेजर टिकेश्वर देशमुख के द्वारा जिले के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को एकीकृत सड़क दुर्घटना एप्लीकेशन का ट्रेनिंग देकर वास्तविक सड़क दुर्घटनाओं को उक्त ऐप एवं वेबसाइट पर एंट्री अपलोड करने हेतु यूजर इंटरफेस बताया गया। प्रदेश में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने तथा दुर्घटनाओं में नियंत्रण हेतु समस्त दुर्घटनाओं के प्रकरणों का विवरण दर्ज करने इस एप्लीकेशन पर अपलोड किये गए डाटा के जरिए संबंधित विभागों ;पुलिस, परिवहन, हाईवे तथा स्वास्थ्यद्ध के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु अत्यंत उपयोगी है। सड़क हादसों में घायलों के ईलाज हेतु योजना के तहत 1.5 लाख तक कैशलेस उपचार के संबंध में बताया गया जिससे पीड़ित

**अवैध अप्रवासी की पहचान कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश**

**सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित को 1.5 लाख तक कैशलैस उपचार योजना के संबंध में दी गई जानकारी**

को उक्त योजना का लाभ मिल सके जिसमें पुलिस की कार्यवाही पर एक्सीडेंट्स की एंट्री करने हेतु ऐप एवं वेब यूजर इन्टरफेस ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में बताया गया। आम जनता को आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की मदद के लिए सरकार द्वाराप्राहवीरष् योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति अगर गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तत्काल गोल्डन आवर के अंदर अस्पताल पहुंचाता है तो ऐसे व्यक्ति को उक्त योजना प्रावधानों के तहत 25 हजार की राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा के प्रावधान से विवेचकों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा वर्कशॉप पश्चात समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त निर्देशों के पालन करने निर्देशों से अवगत कराया गया। गौवंश तस्करों पर प्रभावी कार्यवाही, अवैध अप्रवासी व्यक्तियों की पहचान कर उनपर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। ऑपरेशन तलाश के तहत सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक गुम इंसान दस्तयाबी करने के संबंध में समीक्षा कर उचित दिशा निर्देश दिए गए साथ ही किरायेदारों की सत्यापन की भी जानकारी सभी थाना प्रभारियों से ली गई। वर्कशॉप एवं मीटिंग के दौरान एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, सीएसपी डॉ चित्रा वर्मा, डीएसपी राजेश बागडे, डीएसपी बोनीफास एक्का एवं जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस कार्यालय बालोद के शाखा प्रभारीगण उपस्थित थे।

# सब किसान के पुराने धान के नामो को भूल यादगार बनकर रह गए क्रांति, दुबराज व लुचई धान बीज

**खरोरा,** 15 जून (देशबन्धु)। आज से 20 से 25 साल पहले किसान अपने खेतों में चेपटी, दुबराज, गुमटियां, लुचई आदि धान का बीज खेतों में बोते थे और भाटा टिकरा में टवरधान को बुआई करते थे। आज ये बीज किसानों के लिए मात्र यादगार बनकर रह गये हैं।खरोरा सहित आस पास के गांव के किसानों से पूछने पर उन्होंने बताया कि 20 साल पहले क्या धान की बोआई करते थे, उस धान का नाम भुल गए हैं। ग्राम कोरदा, सारखोर,फरहदा, कोसरंगी के किसानों ने कहा कि पहले के धान और अब के धान बीज में अंतर है। पुराना धान में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मोटा धान की प्रजातियों में अति वृष्टि और जल भराव के बाद भी खुद को बचाने की अद्भुत क्षमता थी। अब वह बीज सिर्फ यादों में रह गया है। मानसून के दिनों में असीमित बारिश से कम फसल होती है। पहले इन बीजों की फसलों पर बीमारी भी नहीं लगती थी। जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाता था। क्रांति, चेपटी और गुमटियां दाना मोटा और वजनदार होता था। चावल के रूप में नियमित सेवन किया जाता था। साथ ही पोहा, मुर्रा के साथ लाई भी बनाई जाती थी। यही वजह थी कि यह देसी प्रजातियां, प्रदेश के हर हिस्से में बोई जाती थी।

## शाला प्रवेश उत्सव

# शिक्षा के नए आरंभ का प्रेरणादायी पर्व

**बेमेतरा,** 15 जून (देशबन्धु)। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण की नींव है। इसी विचार को आत्मसात करते हुए बेमेतरा जिले में कल 16 जून (सोमवार) को ग्राम मोहरेंगा (विकासखंड बेमेतरा, विधानसभा नवागढ़) में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 12ः00 बजे पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में सम्पन्न होगा। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम को और अधिक गौरवमयी बनाएगी।



शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य नन्हें विद्यार्थियों को स्कूल के प्रथम दिन से ही अपनापन, स्नेह और प्रेरणा का अनुभव कराना है। यह अवसर न केवल बच्चों के लिए एक नए जीवन अध्याय की शुरुआत का प्रतीक होता है, बल्कि माता-पिता, शिक्षकों और समाज के लिए भी यह शिक्षा के प्रति संकल्प को दोहराने का क्षण होता है।

इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत उत्सवपूर्वक किया जाएगा। बच्चों को स्कूल बैग, किताबें, कॉपियाँ, स्टेशनरी सामग्री और यूनिफॉर्म जैसी शैक्षिक सामग्रियाँ प्रदान की जाएंगी। ये सामग्री न केवल पढ़ाई की सुविधा बढ़ाएंगी, बल्कि उनके मन में शिक्षा के प्रति रुचि और आकर्षण भी पैदा करेंगी।

कार्यक्रम में बच्चों के लिए विशेष प्रेरणादायी गतिविधियाँ, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, बाल गीत, एवं स्वागत सत्र आयोजित किए जाएंगे।

इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विद्यालय जीवन से जोड़ने और उनमें आत्मविश्वास जगाने का प्रयास किया जाएगा। शिक्षकों द्वारा बच्चों को सरल भाषा में विद्यालय के महत्व और शिक्षा के लाभों की जानकारी दी जाएगी, जिससे बच्चों के मन में कोई झिझक या डर न रहे।

शाला प्रवेश उत्सव सामाजिक समावेशन का भी प्रतीक है। यह सुनिश्चित करता है कि हर वर्ग, हर समुदाय के बच्चे शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहें। यह आयोजन विशेष रूप से बालिकाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होता है।*

सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का प्रभाव दूरगामी होता है। यह न केवल शाला में नामांकन को प्रोत्साहित करता है, बल्कि विद्यालय पर जनविश्वास भी बढ़ाता है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रॉपआउट रेट में कमी आती है और स्कूलों में नामांकन दर में वृद्धि होती है।

कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है, ताकि बच्चों को एक उत्सव का अनुभव हो।

शाला प्रवेश उत्सव वास्तव में शिक्षा का महापर्व है, जो समाज को यह संदेश देता है कि च्च्हर बच्चा पढ़े, आगे बढ़ेज्ज। यह नन्हें कदमों के बड़े सपनों की शुरुआत है जहां एक बच्चा स्कूल का दरवाज़ा खोलता है, वहीं से समाज की उज्ज्वल दिशा तय होती है।

इस तरह, बेमेतरा जिले का यह आयोजन न केवल एक परंपरा का निर्वाहन है, बल्कि शिक्षा के अधिकार को एक जमीनी सच्चाई बनाने की दिशा में सशक्त कदम भी है।

# आबकारी निरीक्षक वीणा भंडारी की कार्यशैली को लेकर विधायक दीपेश साहू को चखना दुकानदारों ने सौंपा ज्ञापन




**बेमेतरा,** 15 जून (देशबन्धु)। बेमेतरा के वार्ड क्रमांक 02 पिकरी क्षेत्र में संचालित चखना सेंटर से जुड़े स्थानीय दुकानदारों ने आबकारी निरीक्षक श्रीमती वीणा भंडारी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इस संबंध में व्यापारियों ने बेमेतरा विधायक दीपेश साहू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और मामले में त्वरित हस्तक्षेप की मांग की।

व्यापारियों का आरोप है कि वे शासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों और दूरी के मापदंडों का पालन करते हुए अपने प्रतिष्ठानों का संचालन कर रहे हैं, इसके बावजूद आबकारी निरीक्षक वीणा भंडारी द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। शिकायत में बताया गया है कि निरीक्षक द्वारा बिना कारण नोटिस देना, बार-बार दुकान में घुसकर कर्मचारियों को डराना-धमकाना, तथा बेवजह चालान किया जाना आम बात हो गई है।इसके अलावा महीने मे दो से तीन बार चालान के रूप मे पैसे का मांग किया जाता है व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मामलों में व्यक्तिगत अपमान तक की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे न केवल उनका मानसिक और सामाजिक जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि आर्थिक रूप से भी वे परेशान हो रहे हैं।

इस विषय पर विधायक दीपेश साहू ने व्यापारियों की बात को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे मामले की निष्पक्ष जांच हेतु संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी व्यापारी को अनावश्यक प्रताड़ना का सामना न करना पड़े।

# जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आज ग्राम मोहरेंगा में आयोजित

**बेमेतरा,** 15 जून (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले में शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं विद्यार्थियों का स्वागत करने हेतु कल 16 जून (सोमवार) को दोपहर 12ः00 बजे ग्राम मोहरेंगा, विकासखंड बेमेतरा (विधानसभा क्षेत्र नवागढ़) में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में सम्पन्न होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत, उन्हें शैक्षिक सामग्री का वितरण, तथा प्राथमिक और पूर्व-प्राथमिक स्तर के बच्चों को स्कूली जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से प्रेरणादायी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना तथा च्च्हर बच्चा स्कूल जाएज्ज के संकल्प को मजबूत करना उद्देश्य है। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

जिला प्रशासन ने जिला शिक्षा अधिकारी को गरिमामय आयोजन की समुचित तैयारियों के निर्देश दिए है । इसके अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व दिए हैं।

# प्रधानपाठक मंच की बैठक श्रीराम मंदिर गुरूर में संपन्न

**गुरूर,** 15 जून (देशबन्धु)। श्रीराम मंदिर गुरूर में प्रधान पाठक मंच की बैठक रखी गई। बैठक में नए कार्यकारिणी का चुनाव मनोनयन सम्पन्न हुआ।

अनिल कुमार साहू प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला टेंगना बरपारा को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। प्रेमलता खोबरागड़े प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला गुरूर एवं दिलीप कुमार सिन्हा प्रधानपाठक प्राथमिक शाला करेंझर को उपाध्यक्ष बनाया गया।

डामन लाल साहू प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला सुर्रा को सचिव बनाए गए। डामन लाल पटेल प्रधानपाठक कोसागोंदी को सहसचिव बनाया गया। लोकराम साहू प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला दर्रा कोषाध्यक्ष बनाए गए। वहीं परभू राम मंडावी प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला दरगहन को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। वे अक्टूबर - 2025 से कोषाध्यक्ष का दायित्व निभाएंगे।

### 29 संकुल से प्रधान पाठकों को मिली जिम्मेदारी

प्रधानपाठक मंच के चम्पेश्वर सिंह राजपूत प्रधानपाठक पीएम स्कूल भिरई संरक्षक होंगे। उनके अलावा जगदीश ताराम प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला सोरर भी संरक्षक होंगे। कार्यकारिणी में 29 संकुल से सक्रिय लोगों को स्थान दिया गया है। लीलाराम साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पीकरीपार; देवेंद्र कुमार साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला तार्री, मंटोरा ठाकुर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला गुरूर, यूरानी साहू प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला छेड़िया, गायत्री साहू प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला कन्हारपुरी, रामचरण फूटान प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला फागुनदाह, बलराम निषाद प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला डढारी, मोहन लाल सिन्हा प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला अरकार, धनेश्वरी मंडावी प्रधान पाठक प्राथमिक शाला धानापुरी, भीषम लाल महमल्ला प्रधान पाठक प्राथमिक शाला दियाबाती, सत्यप्रकाश पंचांगम प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला बोहारा, ओमप्रकाश महेंद्र प्रधान पाठक करियाटोला, सुरेश कुमार साहू प्रधान पाठक गुंडरापारा मोखा, गेश्वरी लावत्रे ठेकवाडीह, शेखर साहू देवकोट, महेंद्र कुमार साहू हसदा, धर्मेंद्र कुमार साहू भुलनडबरी, अरुण कुमार साहू बढ़भूम, लीलाराम भोजवानी पेरपार को कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है।



### 19 जुलाई को फिर से होगी बैठक

आगामी बैठक का तिथि निर्धारण किया गया, जँहा स्वेच्छा से सक्रियता के साथ भाग लेने वालों का नाम जोड़ा जाएगा। 19 जुलाई 2025 को दोपहर 1 बजे श्रीराम मंदिर गुरूर में यह बैठक होगी, जिसमें सभी संकुल से सदस्यता शुल्क जमा किया जायेगा तथा नए प्रधानपाठक फार्म भी जमा करेंगे। सभी प्रधान पाठक को व्हाट्सएप ग्रुप में भी अनिवार्य रूप से जुड़ने का आहवान किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा मंच के वर्ष भर के कार्यों की समीक्षा की गई और कार्यों की सराहना की गई।श्रीराम मंदिर को मंच द्वारा एक पंखा भी दान दिया जायेगा।

16 जून से होने वाले हड़ताल पर सभी से व्हाट्सएप ग्रुप में चर्चाकर निर्णय लिए जाएंगे। इस अवसर पर आय व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष द्वारा दी गई।

### विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

सम्मेलन के लिए जमा राशि को छोड़कर लगभग दस हजार रुपए संगठन के पास सुरक्षित है। इस बैठक में कौशल कुमार सर्वे प्रधान पाठक ओझागहन, रामरतन नेताम प्रधान पाठक खेरथा, प्रहलाद साहू इत्यादि प्रधान पाठक शामिल हुए। प्रधान पाठक मंच ने कई अन्य विषयों पर निर्णय लिए। युक्तियुक्तकरण की कमियों त्रुटियों के विरोध में मंच हमेशा तत्पर रहेगा। वही क्रमोन्नत वेतनमान, महंगाई भत्ता, शाला प्रवेश उत्सव, विकासखंड सत्र पर सामान्य भविष्य निधि पासबुक संधारण इत्यादि विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रधानपाठक मंच ने सभी प्रधान पाठकों से आहवान किया है कि वर्तमान में शिक्षा विभाग में हो रहे परिवर्तन की समस्त जानकारी शाला विकास समिति की बैठक में विस्तार से पालकों व सदस्यों को प्रदान की जाए।

शिक्षा व्यवस्था के निजीकरण करने की साजिश का विरोध होना चाहिए। प्रधान पाठक मंच के संरक्षक चम्पेश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि जिला स्तर पर भी प्रधान पाठक मंच की सक्रियता को लेकर उनकी बैठकें हो रही हैं, जल्द ही बालोद जिला के सभी विकासखंड के प्रधान पाठक एक जगह मिलकर काम करेंगे। राज्य स्तर पर भी प्रधान पाठकों का संगठन कार्यरत है परन्तु वहां प्राथमिक और माध्यमिक के प्रधान पाठक अलग अलग रूप से संगठित हैं। इस संगठन में प्रभारी प्रधान पाठक को भी जोड़ा जायेगा वही दोहरे दायित्व के निर्वहन कर रहे प्रधान पाठकों को अभी मंच की सदस्यता नहीं दी जाएगी। प्रधान पाठक मंच के सभी बैठक शाला समय के बाद और अशासकीय स्थलों पर ही आयोजित होगी। भविष्य में इन बैठकों को सभी क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा।

# जिले में 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर पूर्णता प्रतिबंधित

**खैरागढ़,** 15 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में मछलियों के प्रजनन एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किये गये हैं उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक पूर्णत: निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम -3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान हैं। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं हैं, अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगे।



# राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम की टीम का जिला प्रशासन ने किया सम्मान

**खैरागढ़,** 15 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय दृष्टिहिनता कार्यक्रम जिला केसीजी के अंतर्गत जिले के नेत्र सहायक अधिकारियों के द्वारा अभुतपूर्व लक्ष्य उपलब्धि 2023-24 में राज्य में प्रथम, 2024-25 में राज्य में जिला को द्वितीय स्थान बनाने तथा बैकलॉग मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने जैसे उत्कृष्ट कार्य का आंकलन कर जिले के मुखिया कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल जिला पंचायत के सीईओ प्रेम कुमार पटेल तथा सीएमएचओ डॉ.आशीष शर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी नरेंद्र निषाद साल्हेवारा देवेंद्र साहू मुढीपार, गेमंन देवांगन जालबाँधा, पूर्णिमा चंदेल, विनय रामटेके सीएचसी छुईखदान, नेत्र सहायक अधिकारी एवं जिला सहायक नोडल अधिकारी राष्ट्रीय दृष्टिहिनता कार्यक्रम दुर्गेशनंदिनी श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी एनपीसीबी डॉ.पंकज वैष्णव को ससम्मान स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र भेंट कर टीम के द्वारा प्रसंशनीय कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी। सम्मान के इस कार्यक्रम में खैरागढ़ बीएमओ डॉ.विवेक बिसेन, छुईखदान बीएमओ डॉ.मनीष बघेल, डीपीएम सोनल ध्रुव, डीडीएम खिलेश साहू, डैम नवीन चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारीगण, जिले के समस्त पीएचसी, सीएचसी सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी आरएमए, बीपीएम, बीडीएसहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित हुए थे। सभी ने राष्ट्रीय दृष्टिहिनता टीम के सम्मानित अधिकारी कर्मचारीयों को बधाई दी।




# जिला निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं 'गुहा निषादराज चौक' का लोकार्पण कार्यक्रम आज

**बेमेतरा,** 15 जून (देशबन्धु)। भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त एवं निषाद समाज के आदर्श महाराजा गुहा निषादराज की स्मृति में बेमेतरा जिले में पहली बार 'निषादराज चौक' का निर्माण किया गया है। इस ऐतिहासिक स्थल का लोकार्पण एवं जिला निषाद (केंवट) समाज का वार्षिक सम्मेलन दिनांक 16 जून 2025, सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

**■ विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे कार्यक्रम मे रहेंगे मौजूद**

यह गरिमामयी आयोजन टाउनहॉल (स्टेडियम के सामने ) कन्तेली-बेमेतरा में प्रातः 08 बजे से आरंभ होगा, जिसमें समाज के सैकड़ों प्रतिनिधियों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक दीपेश साहू अति विशिष्ट अतिथि कुंवर सिंह निषाद जी, प्रांतीय अध्यक्ष ङ्क छ.ग. निषाद समाज एवं विधायक गुंडरदेही कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे दिलीप निषाद अध्यक्ष जिला निषाद समाज, बेमेतरा,विशिष्ट अतिथि नेहरू निषाद, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, छ.ग. शासन,श्री भरत मटियारा, अध्यक्ष मछुवारा कल्याण बोर्ड, विजय सिन्हा, अध्यक्ष ङ्क नगर पालिका परिषद, बेमेतरा,मनोहर निषाद, महासचिव ङ्क छ.ग. निषाद समाज

अशोक निषाद, संगठन सचिव ङ्क छ.ग. निषाद समाज,श्री प्रदीप कैवर्त्य, उपाध्यक्ष ङ्क अखिल भारतीय मछुवारा समन्वय समिति,बोधीराम निषाद, पूर्व महासचिव छ.ग. निषाद समाज,राजू साहू, पार्षद वार्ड क्रमांक 05, उपस्थित रहेंगे।

# जिला पंचायत के नवीन कार्यकारिणी की पहली सामान्य सभा की बैठक संपन्न

**बालोद,** 15 जून (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025 के उपरांत गठित नवीन जिला पंचायत कार्यकारिणी की पहली सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्रकार ने की। बैठक के दौरान किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। सदस्यों ने जिले की सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों ;सोसायटीद्ध में समय पर खाद.बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग कीए ताकि किसानों को भटकना न पड़े और निजी दुकानदारों द्वारा अधिक दाम में खाद.बीज की बिक्री रोकी जा सके। किसानों को खेती के पहले ही आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की बात कही गई। सड़क मरम्मत के मुद्दे भी बैठक में छाए रहे। सदस्यों ने ईरागुड़ा से भोथीपार खपरी ;बद्ध, बटरेल से कुथरेल और मूंदेरा मार्ग की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए तत्काल मरम्मत की आवश्यकता बताई। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बटरेल से कुथरेल सड़क के लिए स्वीकृत राशि और टेंडर की स्थिति की जानकारी मांगी गई। मूंदेरा मार्ग के गड्ढों की पेंच मरम्मत शुरू कराने के निर्देश भी दिए गए। चाराचार से पायला मार्ग की मरम्मत के संबंध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता ;ईईद्ध को कार्रवाई हेतु कहा गया।

बैठक में जिले के मर्रामखेड़ा और भैंसमुड़ी क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत खनन का मुद्दा जोर.शोर से उठा। लेकिन बैठक में खनिज अधिकारी ;डीएमओद्ध की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने गहरी नाराजगी जताई। साथ ही जिला आबकारी अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ;पीएचईद्ध के ईई और वन मंडल अधिकारी ;डीएफओद्ध की अनुपस्थिति पर भी नाराजगी जताई गई। सदस्यों ने प्रभारी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ;सीईओद्ध से इन अधिकारियों को नोटिस जारी करने की मांग की। सामान्य सभा की बैठक में आबकारी विभाग के संरक्षण में जगह जगज अवैध शराब बिक्री का मुद्दा जोरो से उठा। सदस्यों से कहा कि आबकारी विभाग इसपर अंकुश नही लगा पा रहा है। खुलेआम ढाबों में शराब परोसे जा रहे है। आबकारी एवं पुलिस विभाग कार्यवाही नही करते और अगर करते भी है तो सिर्फखानापूर्ति कर दी जाती है। वही सदस्यों से जल संसाधन विभाग से जिले में चल रहे कार्यों की और कितने स्थानों में निर्माणधीन लाइनिंग कार्यों की जानकारी मांगी। जिला पंचायत के सामान्य सभा की पहली बैठक के दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने गुरूवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में बड़ी संख्या में लोगों के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने विमान हादसे में दिवंगत हुए लोगों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक सहित विभिन्न समितियों के सभापति जिला पंचायत सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी ने डौंडी ब्लॉक के गावों में एनीमिया की जांच करने पहुची टीम और खनिज न्यास निधि से एनीमिया मुक्त कार्यक्रम के लिए स्वीकृत राशि का मुद्दा उठाया और जांच की मांग की। उन्होंने सीएमएचओ से पूछा कि किस मापदंड के तहत एजेंसी तय हुई है जिसपर सीएमएचओ जवाब नही दे पाए। ग्राम गिधाली में 3 शिक्षक पदस्थ थे जिसमे एक दृष्टिबाधित है और दूसरा पैर से विकलांग है और तीसरा शिक्षक जो कि सामान्य है उसका युक्तियुक्तिकरण के तहत अन्यत्र जगह भेज दिया गया। उस शिक्षक को यथावत रखने कहा गया। इसके अलावा अरमुरककसा में एक शिक्षिका को ग्रामीणों की शिकायत पर हटा दिया गया था लेकिन अभी युक्तियुक्तिकरण के तहत पुनः उसी गांव में उसी शिक्षिका को भेज दिया गया जिसका विरोध किया गया। जिला पंचायत सदस्य मिथलेश ने खाद्य का भी मामला जोरों से उठाया लेकिन बैठक में जिला विपणन अधिकारी ;डीएमओद्ध की उपस्थिति नहीं होने से उन्होंने भारी नाराजगी जाहिर की और जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ को नोटिस जारी करने की बात कही। वही उन्होंने कुछ दिनों पहले ग्राम ओटेबन्द में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में मासूम बच्चों से प्लेट धुलवाने का मुद्दा भी उठाया। जर्जर आंगनबाड़ीयों को बारिश के पहले मरम्मत कार्य करने की बात अधिकारी को कही। इस सामान्य सभा बैठक जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू ने भी कई मुद्दों को उठाया जिसमे युक्तियुक्तकरण पर जाँच कमेंटी बनाने की के सम्बंध मे तथा जर्जर सड़क के सुधार और जगन्नाथपुर सांकरा स्कूल का मुद्दा जल जीवन मिशन के बारे में सामान्य सभा में मुद्दा उठाए।

# उपभोक्ता फोरम बालोद ने किया शिकायत आवेदन को ख़ारिज

**बालोद,** 15 जून (देशबन्धु)। जानकारी के अनुसार जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद के द्वारा पारित आदेशानुसार शिकायतकर्ता टिकेश्वरी कुल्हारे के द्वारा अनावेदक महादेव कंट्रक्शन एंड पार्थ कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध परिवाद प्रस्तुत की थी कि उनके मकान निर्माण में अनावेदक ने सेवा में गंभीर कमी किया है मकान के प्लास्टर उचित नहीं है रो मटेरियल गुणवत्ता हीन है तथा मकान निर्माण अधूरा है इस कारण से पंजीकृत इंजीनियर श्रीवास्तव से उपरोक्त अपूर्ण कार्यों के संबंध में एस्टीमेट बनाए जाने पर 5 लाख रुपया लगभग कि लागत आना बताया गया था इन्हीं आधार पर अनावेदक के विरुद्ध परिवाद फोरम मे पेश की थी। अनावेदक के द्वारा उपरोक्त शिकायत का जवाब पेश करते हुए अधिवक्ता भेष कुमार साहू के द्वारा बताया गया था कि शिकायतकर्ता ने बिना किसी कारण के वर्ष 2020 मे निर्माण कार्य को बंद करा दी थी और बकाया रकम का भुगतान नहीं की थी। कोरोना कल समाप्त होने पर पुन: मकान निर्माण कार्य चालू करने के लिए दबाव बनाने लगी जब तक की बाजार सामान्य होने से मकान निर्माण सामग्री के मूल्य में अत्यधिक वृद्धि हो गई थी उपरोक्त बड़े हुए मूल्य की अतिरिक्त मांग करने पर शिकायतकर्ता द्वारा भुगतान करने से इंकार किया और उल्टा राजमिस्त्री कल्याण संघ बालोद मे शिकायत करने पर एक सलाहनामा तैयार किया गया जिसके अनुसार डेढ़ लाख रुपया शिकयतकर्ता के द्वारा अनावेदक को भुगतान करने पर उनके निर्माण कार्य पूर्ण किया जायेगा इस प्रकार से उभय पक्षकर गण के मध्य लेन देन का विवाद है सेवा मे कमी का कोई विवाद नहीं है। टिकेश्वरी के द्वारा माननीय फोरम बालोद मे परिवाद पेश की थी जिसे न्यायलय ने शिकायत लेन देन से संबंधित होने से फोरम मे चलने योग्य नहीं होना मानते हुए परिवाद को निरस्त की है। उपरोक्त निर्णय पर सिविल कांट्रेक्टर तथा इंजीनियरों ने अधिवक्ता साहू को बधाई प्रेषित किए।

उल्टा पुल्टा

गुरुजी- बच्चो, मुझे बताओ कि पहले जिस जगह का नाम मद्रास था, अब उसे किस नाम से जाना जाता है ?
एक बच्चा- चैन्नई
गुरुजी -बिलकुल सही जवाब।
अब मुझे बताओ कि चैन्नई ये नाम क्यों रखा गया?
बच्चा- सर, वहा के लोग लुंगी पहनते हैं।और लुंगी में पेंट की तरह चैन नही होती, इसलिये (चैन नही) चैन्नई ये नाम रखा गया।

## संपादकीय

# हर बच्चे को मिले शिक्षा

छत्तीसगढ़ स्कूली शिक्षा बोर्ड का सोमवार से वर्ष 2025-26 का शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो रहा है। युक्तियुक्तकरण के बाद यह पहला सत्र है सो इससे कई तरह की उम्मीदें होनी स्वाभाविक हैं- राज्य सरकार के साथ जनता को भी। शासकीय शालाओं में पढ़ने वाले लाखों छात्र-छात्राओं के पालकों एवं अभिभावकों को आशा है कि इस लिहाज़ से 2025-26 का सत्र अलग होगा कि कोई भी ऐसी स्कूल नहीं होगी जो शिक्षकविहीन हो। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को निर्देश दिये हैं कि कोई भी बच्चा शालेय शिक्षा से वंचित न रहे। उनका सपना है कि व्यवस्था इतनी अच्छी हो कि 12वीं तक शालात्यागी बच्चों की दर शून्य हो। यानी कम से कम इस पायदान तक तो हर बच्चा पहुंचे। प्रदेश का शैक्षिक स्तर सुधारने के लिये यह बहुत ज़रूरी है। फिलहाल राज्य की शिक्षा का स्तर संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।

युक्तियुक्तकरण के फैसले से लगभग 10 हजार स्कूल प्रभावित हुए हैं। इसका उद्देश्य हर शाला में शिक्षकों की उपलब्धता तथा नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत राज्य की शिक्षा को बेहतर करना है। सरकार का दावा है कि युक्तियुक्तकरण के बाद कोई भी स्कूल ऐसा नहीं रह जायेगा जिनमें शिक्षक न हो। इससे शिक्षक-छात्र अनुपात भी सुधर सकेगा। अब सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हर स्कूल में सभी विषय पढ़ाने वाले शिक्षक उपलब्ध हों। प्राइमरी कक्षाओं तक तो उतनी दिक्कत नहीं आती क्योंकि ज्यादातर शिक्षक इस स्तर तक के बच्चों को विभिन्न विषय पढ़ा सकते हैं लेकिन ये बच्चे जैसे-जैसे उच्चतर कक्षाओं में जाते हैं, उन्हें विषयानुसार जानकार तथा प्रशिक्षित शिक्षकों की ज़रूरत पड़ती है। विशेष रूप से अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषयों को लेकर यह स्थिति बनती है। 10वीं तथा 12वीं की कक्षाओं में कामचलाऊ शिक्षक नहीं चल सकते। कॉमर्स, विज्ञान और कला विषयों के लिये पृथक शिक्षकों की आवश्यकता होती है वरना बच्चों तथा समग्र रूप से स्कूलों के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान अपने अनुपूरक बजट में राज्य सरकार ने विभिन्न सार्वजनिक संरचनाओं की मरम्मत के लिये बडी राशि आवंटित की थी। उम्मीद है कि स्कूल बन्द होने के बाद से अब तक के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान हर स्कूल को बच्चों के लिये सुविधाजनक बना दिया गया होगा। कई बार छतों एवं दीवारों पर से प्लास्टर उखड़कर बच्चों पर गिरने जैसी घटनाएं होती हैं। छतों से जल रिसाव होने, कक्षाओं में पानी भर जाने, चारदीवारी टूटने जैसी घटनाएं होती हैं जिनसे हादसे होते हैं। आशा है कि टंकी व कूलरों की सफाई, बिजली-पंखे आदि में सुधार जैसे काम भी हो चुके होंगे। शिक्षण सामग्री तथा यूनिफॉर्म आदि का वितरण भी तत्काल किया जाना चाहिये ताकि शिक्षक- विद्यार्थी प्रारम्भ से ही अध्ययन में जुट जायें।

# दिगम्बर जैन शांतिनाथ जिनालय का चल रहा है स्वर्णिम शताब्दी वर्ष, मंदिर को होने वाला अब 100 वर्ष

**नवापारा राजिम,** 15 जून (देशबन्धु)। नगर में श्रीशांतिनाथ जिनालय का स्वर्णिम शताब्दी वर्ष चल रहा है यह मंदिर अब 100 वर्ष पूर्ण करने वाला है। मंदिर का विस्तारीकरण करते हुए मंदिर के ही पीछे वर्णी भवन में दूसरी तथा तीसरी मंजिल में भव्य जिनालय का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रथम मंजिल पर श्री शांतिनाथ भगवान की मूल नायक प्रतिमा विराजमान होगी। तथा दूसरी मंजिल पर भव्य चौबीसी के साथ आदिनाथ भगवान भरत तथा बाहुबली भगवान की प्रतिमा भी स्थापित होगी। परम पूज्य पट्टाचार्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी के दिशा निर्देश से सभी कार्य निर्विघ्न संपन्न हो रहे हैं। समाज का यह सौभाग्य रहा की रजवास मध्य प्रदेश से पधारे हुए प्रतिष्ठाचार्य सनत कुमार तथा विनोद कुमार जी तथा स्थानीय विद्वान ऋषभ शास्त्री जी के मंगल सानिध्य में दूसरी मंजिल में भव्य चौबीसी का शिलान्यास पूरे समाज के मध्य पुण्यार्जक



चल रहा है नये भव्य जिनालय का निर्माण, प्रथम मंजिल पर मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा और दूसरी मंजिल पर भव्य चौबीसी, साथ ही आदिनाथ, भरत तथा बाहुबली भगवान की प्रतिमा भी होगी स्थापित

परिवारों तथा समाज के द्वारा संपन्न कराया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुण्य का अर्जन किया।

यह नवापारा के लोगों का विशेष पुण्य है जो उन्हें प्रतिमा को स्थापित करने जैसा महान कार्य करने का सौभाग्य मिल रहा है, श्री शांतिनाथ जिनालय के शताब्दी वर्ष में आचार्य श्रीविशुद्ध सागरजी महाराज के कर कमल द्वारा भव्य पंचकल्याणक का आयोजन शीघ्र ही होगा। जिस क्षण का पूरी समाज को बेसब्री से इंतजार है। चौबीसी के शिलान्यास कार्यक्रम में श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के संरक्षक रमेश पहाड़िया, उपाध्यक्ष अनिल जैन, सचिव आशीष (गोलू) चौधरी, कोषाध्यक्ष आशीष जैन, सह सचिव आकाश गंगवाल तथा सांस्कृतिक सचिव रवि जैन, किशोर सिंघाई, नीरज गँगवाल, अम्बर सिंघाई, सुधीर सिंघाई, राजकुमार जैन, निर्मल नाहर, पीयूष जैन, गजेंद्र सिंघाई सहित पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही। पूरी समाज ने विधि विधान के साथ भव्य शिलान्यास तथा हवन का कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न किया।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**बलौदाबाजार,** 15 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं न्यूवोको सीमेंट संयन्त्र ग्राम सोनाडीह के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्लांट के कर्मचारियों तथा क्षेत्र के आमजन ने रक्तदान किया जिसमें कुल 194 यूनिट रक्त की प्राप्ति हुई।





**दानदाताओं से मिला 194 यूनिट रक्त**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार रक्तदान शिविर हेतु रक्तदान करने वाले दाताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे लोग रक्तदान हेतु आगे आए।सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार वर्मा के अनुसार रक्तदान एक बड़ी समाज सेवा है क्योंकि इसके माध्यम से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है।18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान से प्राप्त रक्त से प्रसव, दुर्घटना, सर्जरी के साथ-साथ एनीमिया, सिकल सेल, थैलेसीमिया और हीमोफीलिया के मरीजों को भी मदद मिलती है जिन्हें समय-समय पर रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है।

# बास्केटबॉल चैंपियनशिप में दो खिलाड़ी का चयन

**महासमुंद,** 15 जून (देशबन्धु)। अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन कोच्चि केरल में 12 से 15 जून तक आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका टीम में महासमुंद जिले से शुभम तिवारी एवं श्रेया घोष का शामिल है। छत्तीसगढ़ टीम का चयन पंत स्टेडियम भिलाई में 28 मई को आयोजित चयन ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। महासमुंद जिले में बास्केटबॉल खेल का विकास गति पर है जिसमें भारतीय टीम में दिव्या रंगारी का बेहतर प्रदर्शन कर इंडिया टीम के लिए खेलना, साईं सेंटर में चयन, खेल अकादमी में चयन, जिले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन एवं ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, नियमित अभ्यास से खेलों में सुधार होने से खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित होने के साथ ही पदक जीतने में सफल हुए हैं। राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में जिले से शुभम एवं सौम्या का चयन होने पर नुरेन चंद्राकर अध्यक्ष जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, गौरव चंद्राकर चेयरमैन जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, मनीष श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष जिला बास्केटबॉल संघ महासमुंद, बादल मक्कड़, संतोष कुमार सोनी, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, किरण महाडीक, विनोद रंगारी, सुभाष मंडल, विवेक मंडल, लालू सोनवानी, मनीष चंद्राकर, विकास सोनी, पुरन साहू, अभिषेक अंबिलकर, कुलेश्वर चंद्राकर, आकाश सोनी, अजय सिन्हा, राहुल दास, आदित्य पटेल, योजना रंगारी, शिवम, दिव्या, खुशबू साहू, तारणी साहू, सौम्या, सिम्मी चंद्राकर ने शुभकामनाएं दीं।



# मोदी सरकार के 11 साल उपलब्धियों भरा : भाऊराम

**महासमुंद,** 15 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने भाजपा के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने बताया कि 11 सालों में देश कई अहम फैसलों का गवाह रहा। जिसने जनता के मन में मोदी सरकार के प्रति भरोसे को बढ़ाया है। इसका असर बीते लोकसभा चुनावों में भी दिखा और जनता ने बीजेपी को देश की कमान फिर से सौंपने का फैसला सुनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सम्मान व देशवासियों के विकास के लिए दिन रात एक कर मेहनत किया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब आपरेशन सिंदूर के रूप में दिया। मोदी सरकार ने देश व देशवासियों के हित में इन 11 सालों में अनेक निर्णय लिए। वक्फ संशोधन बिल, मध्यम वर्गीय लोगों को टैक्स में राहत, 2026 तक नक्सलवाद के सफाये का दृढ़ संकल्प, तीन नए आपराधिक कानून, एक राष्ट्र, एक चुनाव वन नेशन, वन इलेक्शन, वीनस ऑर्बिटर मिशन के विकास को मंजूरी, वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवर का विस्तार, लद्दाख के लिए नए जिले, आईएनएस अरीघाट भारतीय नौसेना में शामिल किया। मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश ने बड़े फैसले लेकर राष्ट्र को मजबूत बनाया। जिससे उनकी लोकप्रियता आज शिखर पर है।



# बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील बने युवा : माधुरी

**धमतरी,** 15 जून (देशबन्धु)। पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला धमतरी के अध्यक्ष होरीलाल साहू ने बताया कि हेल्पज इंडिया के द्वारा विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर डॉ. सी.वी. रमन आडिटोरियम पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर में एक कार्यक्रम रिपोर्ट विमोचन एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन हेल्पज इंडिया द्वारा विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर पीढ़ियों को जोड़ना भविष्य को संवारना विषय पर एक जन जागरूकता कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय रिपोर्ट विमोचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गौतम माधुरी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने युवाओं को बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील बने सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाने की



आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित रविशंकर शुकल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने की, जिन्होंने युवाओं को नदी की विपरीत दिशा में चलकर सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। विशेष अतिथि आर. जे. अनिमेष में पीढ़ियों के बीच संवाद हीनता को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. फालेंद्र द्वारा कुशल मंच संचालन किया गया। हेल्प एज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभंकर विश्वास ने अंडरस्टैंडिंग इंटर्जेनरेशनल डायनॉमिक्स पर आधारित 2025 रिपोर्ट का विमोचन किया और पांच प्रमुख निष्कर्ष साझा किया। इस अवसर पर सौमिक साह एनसीसी अजय कुमार सेक्रेटरी कल्याणी सोशल वेलफेयर यमला साहू उपाध्यक्ष एस्कॉन सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। सीवी रमन ऑटो थोरियम की व्यवस्था हेतु डॉक्टर एसएलएस गजपाल एवं डॉक्टर कलोल कुमार घोष का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में सीनियर सिटीजन संगठन के कृष्ण कुमार तिवारी, बसाकू राम साहू, पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला धमतरी के अध्यक्ष होरीलाल साहू एवं युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली, जिन्होंने संवाद और अभियान गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में अजय सिंह हेल्प एज इंडिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

धन्यवाद प्रस्ताव के पश्चात सभी प्रतिभागियों नेसके साथ हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान हेतु अपना संकल्प दोहराया।

# राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष अभियान

**बलौदाबाजार,** 15 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के दिशा निर्देश में गठित जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा जिले में बाल सह किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन एवं पुनर्वास हेतु सघन अभियान का संचालन 10 जून से प्रारंभ किया गया है। इस दौरान जनसमुदाय को बालश्रम एवं नशे का बालकों पर पड़ रहे दूरगामी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी टिचेन्द्र जाटवर के मार्गदर्शन में 10 जून से 13 जून तक संयुक्त टीम के द्वारा पलारी, सिमगा, बलौदाबाजार एवं भाटापारा विकासखण्ड में भ्रमण कर जनसमुदाय को बालश्रम एवं नशे का बालकों पर पड़ रहे दूरगामी दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान टीम ने 3 बच्चों का चिन्हांकन किया जिन्हे समझाईश देकर परिवार के सुपुर्द किया गया साथ ही समुदाय को जागरूक किया गया एवं चिन्हित बच्चों को आवश्यक सहायता प्रदान की गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास ने




बताया कि किसी संकटमय परिस्थितियों के कारण काम मांगने आने वाले बालक को कम पारिश्रमिक में नियोजित करना परिवार की मदद करना नही है वह बालकों का शोषण ही है। भिक्षावृत्ति कर रहे बालको, अपशिष्ट संग्रहण करने वाले बालकों एवं कार्य मांगने आने वाले बच्चों की सच्ची सहायता चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 में उनकी जानकारी देकर की जा सकती है। संयुक्त टीम द्वारा चारों विकासखण्डों में बाल श्रमिक नियोजित नही करने संबंधित पोस्टरों का अवलोकन भी विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशनो में किया गया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे ऐसे सामाजिक अपराधों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# अवैध शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी,** 15 जून (देशबन्धु)। बिरेझर चौकी को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम नवागांव स्थित सरार तालाब के पास दबिश दी गई, जहां आरोपी सफेद प्लास्टिक बोरी में शराब रखकर बिक्री करते पाया गया। मौके पर मौजूद खरीदार पुलिस को देखकर फरार हो गए। आरोपी के पास से जप्त शराब के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए बिरेझर पुलिस ने आरोपी भागवत यादव पिता गजानंद यादव उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम नवागांव चौकी बिरेझर थाना कुरूद जिला धमतरी को मौके पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 33 पौवा देशी मसाला शराब (प्रत्येक 180 द्वद्य, कुल 5.940 बल्क लीटर) जिसकी अनुमानित कीमत 3,300 तथा शराब बिक्री से प्राप्त नकद रकम 170, कुल 3,470 की सामग्री जप्त की गई।



पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध थाना कुरूद में धारा 34 (2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया एवं आरोपी को धारा 187 बी.एन.एस.एस. के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड लेकर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में चौकी बिरेझर से प्रआर. शेषनारायण पांडेय, महेश पटेल, हेमु साहू, आर. मिथिलेश डहरिया सैनिक गोवर्धन लहरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शहर के सभी वार्डों में पार्षद रोपेंगे 50-50 पौधे



**नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई समस्त पार्षदों की बैठक**

**महासमुंद,** 15 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में रविवार को समस्त पार्षदों की बैठक अध्यक्ष कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें शहर विकास के लिए सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए रूपरेखा तैयार की गई। नगर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने बैठक में पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने वार्डों के संभावित विकास कार्यों का प्लान तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें। मूलभूत से लेकर निर्माण तथा जीर्णोद्धार संबंधित कार्य तत्काल कराए जाएंगे। इस अवसर पर सभी वार्डों में 50-50 पौधे लगाने की जिम्मेदारी वार्ड पार्षदों को दी गई। श्री साहू ने कहा कि हम सभी की संयुक्त पहल हरियर महासमुंद बनाने की दिशा में बेहतर प्रयास हो सकता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद गण जय देवांगन, राहुल आवड़े, बबलू सूरज नायक, ओमीन कागजीए, कल्पना सूर्यवंशी, ईश्वरी भोई, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, भाऊ राम साहू, पीयूष साहू, गुलशन साहू, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, रिंकु चंद्राकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# धीवर समाज का लोकार्पण एवं आमसभा 19 जून को



**राजिम,** 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ धीवर समाज परगना आमापरा राजिम परिक्षेत्र जिला गरियाबंद के तत्वाधान में 19 जून गुरुवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आतिथ्य में लोकार्पण कार्यक्रम एवं वार्षिक आम सभा संपन्न होना है। कार्यक्रम के अध्यक्षता रोहित साहू विधायक राजिम अतिविशिष्ट अतिथि चंदूलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद, रूप कुमार चौधरी सांसद महासमुंद लोकसभा, अमितेश शुक्ला पूर्व विधायक राजिम, मछुवा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भारत मटियारा, महेश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, एवं सभी सामाजिक परिक्षेत्र के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष पदाधिकारी गण एवं कार्यकारिणी पंचगण एवं सभी सामाजिक भाई बहन उपस्थित रहेंगे यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश धीवर ने दिया।

# जिले के जनजातीय बाहुल्य 46 गांव में विशेष शिविर शुरू

**बलौदाबाजार,** 15 जून (देशबन्धु)। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जनजातीय बाहुल्य गांव में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांवों में विशेष शिविर का आयोजन 15 जून से प्रारम्भ किया गया है। विशेष शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी में पात्र लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।




कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार विशेष शिविर की निगरानी के लिए विकासखंड स्तर पर मॉनिटरिंग कमिटी का गठन किया गया है। इसके साथ ही निरीक्षण हेतु तिथि व ग्राम का भी निर्धारण किया गया है। अभियान के तहत जिले के विकासखण्ड कसडोल के 21 गांव, बलौदाबाजार के 13, भाटापारा के 10 एवं विकासखंड सिमगा के 2 जनजातीय बाहुल्य गांव शामिल हैं। 15 जून से 30 जून तक चलने वाले अभियान में हितग्राहियों को पात्रातानुसार सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। शिविरों में राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वयोवृद्ध कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पीएम उज्जवला गैस कनेक्शन, जनधन खाता, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृ एवं शिशु कल्याण, टीकाकरण, आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी।

## खितिपति साहू कबड्डी के राष्ट्रीय निर्णायक बने

**सरायपाली,** 15 जून। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कलेंडा में पदस्थ खेल शिक्षक खितिपति साहू कबड्डी के राष्ट्रीय निर्णायक बने। विगत माह में राजस्थान के जयपुर में एकेएफआई की परीक्षा आयोजित की गयी थी जिसमें सरायपाली विकासखंड से खितिपति साहू उत्तीर्ण होकर राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी प्रतियोगिता के लिए निर्णायक बने।



# महाव्यापारी संघ ने लिया निर्णय, कल प्रदर्शन व आंदोलन

**मगरलोड,** 15 जून (देशबन्धु)। नगर पंचायत मगरलोड महाव्यापारी संघ के पदाधिकारीयो ने आज पुन: बैठक कर बताया कि गत वर्ष से मगरलोड का देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान भरदा रोड मगरलोड के मुख्य द्वार के पास निषाद काम्पलेक्स में संचालित हो रहा है। शराब दुकान का उक्त स्थान में संचालित होने के कारण सभी वर्ग के लोगो को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मगरलोड ब्लाक एवं तहसील मुख्यालय होने के कारण हजारों लोगों का आना जाना उक्त मार्ग से रोजाना होता है। कई बार शराबियों के कारण लोगों को हादसा का शिकार होना पड रहा है। स्कूल, कालेज तथा आई. टी. आई. के छात्र-छात्राओं को इन्ही मार्ग से होकर आना-जाना पड़ता है। साथ ही व्यापारी भाईयों को तथा शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी अपने ड्यूटी करके रात्रि तक इसी मुख्य मार्ग से गुजरना पड़ता है। महिला कर्मचारी को भी उक्त मार्ग से शाम रात्रि तक वापीस अपने गणतव्य तक पहुँचना होता है शराबियों के कारण दुर्घटना व लूटपाट होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। परिवार के साथ भी आम एवं गणमान्य नागरिकों को भी इसी मार्ग से आना-जाना पड़ता है। शराब दुकान के पास अत्यधिक भीड़-भाड़ होने के कारण रोज लड़ाई, झगड़ा, मारपीट, लूटपाट आम बात हो गई है। शराब भट्टी के आसपास पानी पाऊच, बॉटल, झिल्ली तथा अन्य कचरा सामान के कारण आसपास के कृषि भूमि वाले भी परेशान है। नगर पंचायत के मुख्य द्वार में इस तरह के घटनाओं तथा हालात से नगर पंचायत मगरलोड-भैसमुण्डी की छबि धुमिल हो रही है।उक्त सभी बातों को सज्ञान में लेते हुए महाव्यापारी संघ नगर पंचायत मगरलोड-भैसमुण्डी के ग्रामीण विकास समिति मगरलोड, बजरंग दल मगरलोड-भैसमुण्डी, विश्वहिन्दु परिषद इकाई मगरलोड, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ता तथा महिला समूहों की



**लिखित कार्रवाई मिलने पर की जाएगी विचार**

**शराब दुकान हटाने एवं गांजा बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार व टीआई को दिया है ज्ञापन**

माँग है कि उक्त देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान को तत्काल अन्यत्र स्थान में दिनांक 16 जून 2025 सोमवार तक स्थानांतरित करने की मांग किया गया था लेकिन आज तक स्थानांतरित नही हुआ है इसलिए मंगलवार दिनांक 17-06-2025 से उपरोक्त सभी संगठनों के द्वारा संयुक्त रुप से अनिश्चितकालीन धरना, प्रदर्शन, चक्काजाम आदि सम्पूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करके किया जायेगा इस संबंध में तत्काल उचित कार्यवाही करने की मांग किया गया है अब व्यापारी संघ लिखित में कार्यवाही चाहता है। इसके साथ ही मौखिक चर्चा पर व्यापारियों ने नगर में नशीली पदार्थ की रोकथाम के लिए मगरलोड में जगह जगह बिक रही नशीली पदार्थ गांजा,नशे की गोली, पान ठेलो में बिकने वाली नशीली सनन की गोली बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी थाना प्रभारी से की है शराब दुकान हटाने महाव्यापारी संघ के अध्यक्ष विश्वजीत साहू उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू,सचिव सुखदेव साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू कार्यकारिणी सदस्य मुरली सिन्हा, नेमीचंद हिरवानी, राजू चंद्राकर, भागवत साहू, राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में महा व्यापारियों के पदाधिकारी ने इसकी जानकारी कलेक्टर धमतरी एसडीएम कुरूद,थाना प्रभारी मगरलोड,तहसीलदार मगरलोड एवं नगर पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दी गई है आज पुन: चर्चा में विशेष रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षद सुरेश साहू , यादराम गायकवाड, चेतन बिंझेकर, घनश्याम साहू उपस्थित रहे

**अरुण साहू टीआई** - शराब की दुकान हटाने के लिए तहसीलदार एवं उच्च अधिकारी को बात कर मार्गदर्शन लिया गया है एवं नशीली पदार्थ गांजा, गोली के लिए घर पकड़ अभियान चलाया जाएगा एवं हमारी टीम लगी हुई है शराब दुकान के आसपास सभी खोमचे को हटा दिए गए हैं और दुकान वाले को समझाइए दी गई है की वहां पर किसी भी प्रकार का डिस्पोजल पानी पाउच ना बेचे विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

# कैरियर गाइडेंस में वक्ताओं ने छात्र छात्राओं को दिए सफल होने के टिप्स

**आरंग,** 15 जून (देशबन्धु)। काफी लंबे समय के बाद आरंग में हरदेव लोधी समाज द्वारा समाज के छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा, आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह,लक्ष्य संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री पूरन सिंह पटेल,प्रदेश महामंत्री अशोक वर्मा,बिहार में अपनी सेवाएं दे रहे प्रोफेसर डॉ. गिरधारी लाल लोधी ने कैरियर गाइडेंस में उपस्थित छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों को मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को खुद ही तय करना चाहिए कि उन्हें क्या बनना है बचपन से देखे हुए सपने को पूरे होते है। जीवन में असफलता से नहीं डरना चाहिए, हर असफलता आपको पहले से बेहतर बनाता है।एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा ने बच्चों के परिजनों से अपने बच्चों को तैयार करके उनका डर निकालने की सलाह दी है।वही आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने कहा कि परिवार की स्थिति को देखकर अपना लक्ष्य तय करें, आज के समय में प्रतिस्पर्धा ज्यादा है। मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है। सफल बनने के लिए खुद के साथ ईमानदारी करने की जरूरत है। लक्ष्य के राष्ट्रीय महामंत्री पूरन सिंह पटेल ने सभी बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के साथ ही मुख्य परीक्षाओं की तैयारी कैसे करना चाहिए उसके बारे में बताया। उन्होंने जीवन में सफल बनने के टिप्स बच्चों को दिए।लक्ष्य के प्रदेश महामंत्री अशोक वर्मा ने कहा कि जितनी अच्छी मेहनत होगी उतना अच्छा उसका फल मिलता है।छात्र जीवन में कई चुनौतियां आती है,जो छात्र चुनौतियों का सामना करता है वही जीवन में आगे बढ़ता है। प्रोफेसर डॉ गिरधारी लाल लोधी ने बच्चों को कई विषयों की जानकारी दी और उनकी समस्याओं को दूर किया। वक्तव्य के बाद सभी अतिथियों को लोधी समाज द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में महासमुंद एवं बलौदाबाजार जिले के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्री हरदेव लोधी समाज द्वारा आयोजित कैरियर गाइडेंस में लोधी समाज के संरक्षक लक्ष्मीनारायण लोधी,अध्यक्ष शैलेन्द्र लोधी,उपाध्यक्ष टुकेश्वर लोधी,सचिव संजय लोधी,सहसचिव कुबेर लोधी,कोषाध्यक्ष शांतिलाल लोधी,सलाहकार कैलाश लोधी,गजानंद लोधी,सूरज लोधी,विभिन्न इकाइयों के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,समाज सेवक तुलसी लोधी सहित सामाजिक जन उपस्थित रहे।



लोधी समाज द्वारा आयोजित कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में पहुंचे आरंग एसडीएम और थाना प्रभारी

# मुकेश ढीढी को रायपुर जिला सरपंच संघ का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया



**नवापारा राजिम,** 15 जून (देशबन्धु)। अभनपुर के ग्राम पंचायत गोतियारडीह के सरपंच एवं अभनपुर ब्लॉक के सरपंच संघ मुकेश ढीढी को रायपुर जिला सरपंच संघ का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है । ढीढी के निर्वाचन से उनके समर्थकों, शुभचिंतकों के साथ जिला सतनामी समाज के लोगों में खासा उत्साह है । सभी ने ढीढी को बधाई प्रेषित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है । वहीं ढीढी ने अपने निर्वाचन पर रायपुर जिले के सभी सरपंचों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया है कि वे सरपंचों के हित को प्राथमिकता देते हुए उनके सहयोग के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे । बता दें ढीढी वर्तमान में रायपुर जिला खनिज न्यास समिति के सदस्य भी हैं । मुकेश ढीढी के जिलाध्यक्ष बनने पर सरपंच संघ के पूर्व जिला अध्यक्षएवं जिला पंचायत सभापति अन्नू तारक ने रविवार को अभनपुर रेस्ट हाउस पहुंचकर श्री ढीढी का पुष्प हार से स्वागत कर उनका मुंह मीठा करा कर रजिस्टर को सौंपते हुए कार्यभार प्रदान किया । इस अवसर पर मुकेश को बधाई देने वालों का ताता लगा रहा । बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, हेमकुमार मार्कण्डेय, भारत बैंस, खेमराज कोशले, महेंद्र खुटियारे जनपद सदस्य, राजू बारले, हिमांशु खरे, कमल तारक, राजा राय, अंकेश बजाज, नेतराम साहू, तुलाराम साहू, मन्नू साहू, संजय बंजारे, बसंत कोशले, पार्षद रूपनारायण साहू, नन्हा ग्रीतलहरे, नरेश बारले, चंदन सोनवानी, भागीरथी बारले, आशीष जोशी, बुद्धेश्वर साहू, राजेंद्र अनेश्वरी, राजेश जोशी, धरम महिलांग, सुरेश भट्ट सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# आज जामपाली में होगा धरती आबा शिविर

**बिलाईगढ़,** 15 जून (देशबंधु)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 30 जून के मध्य जिले के 17 गांवों में शिविर का आयोजन किया जाना है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर ग्राम पंचायत तिलाईदरहा क्षेत्र के गांव जामपाली में 16 जून को, खम्हारडीह और झींकीपाली में 17 जून को, अमलीडीपा और ग्राम पंचायत घोघरा क्षेत्र के गांव सोनबला में 18 जून को, खर्री और करपी क्षेत्र के परधियापाली में 19 जून को, परसापाली क्षेत्र के गांव भोगडीह और गारडीह में 20 जून को, बघमल्ला और बोडाडीह में 23 जून को, पिरदा और चारपाली में 24 जून को, सलिहा और सुरगुली क्षेत्र के दयालपुर गांव में 25 जून को, खुरदरहा में 26 जून को और तेंदूदरहा में 30 जून को शिविर आयोजित किए जाएंगे। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सारंगढ़ ब्लॉक के 4 गांव, बरमकेला ब्लाक के 3 गांव, बिलाईगढ़ ब्लॉक के 10 ग्राम शामिल है। इस आयोजन के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी इंद्रजीत बर्मन, सीईओ जिला पंचायत हैं, वहीं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी सारंगढ़ और बरमकेला ब्लॉक के लिए एसडीएम सारंगढ़ और बिलाईगढ़ ब्लॉक के लिए एसडीएम बिलाईगढ़ नियुक्त किए गए हैं।

**17 गांवों के लिए धरती आबा शिविर की तिथि निर्धारित**

**सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे ने शिविर की तैयारी का लिया जायजा**

धरती आबा अभियान के नोडल विभाग आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे ने 16 जून को आयोजित होने वाले शिविर की तैयारी व्यवस्था के लिए सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम जामपाली का दौरा किए, जहां भगतु सिदार सहित अन्य ग्रामीणों से मिलकर उन्हें राज्य शासन के जनमन और मोर दुआर साय सरकार पॉम्पलेट का वितरण किया गया। मोर दुआर साय सरकार पॉम्पलेट में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई है।सहायक आयुक्त ने शिविर की सूचना के लिए सरपंच को मुनादी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी देवराम यादव सहित आदिम जाति विकास विभाग के विमल अजगल्ले, छात्रावास अधीक्षक आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आदिवासी समुदायों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए धरती आबा अभियान संचालित किया गया है। सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका जनजातीय क्षेत्रों एवं समुदायों का समग्र विकास करना है। जनजातीय बाहुल्य गांव में सभी शासकीय योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार पहुंचाया जाएगा।

# गजेन्द्र यादव व रमेश यदु के जन्मदिन पर फल वितरण



**फिंगेश्वर,** 15 जून (देशबन्धु)। यादव समाज जिला इकाई गरियाबंद के द्वारा समाज के मुखिया दुर्ग शहर लाडले लोकप्रिय विधायक यादव समाज के गौरव, श्री गजेंद्र यादव जी एवं सर्व यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के जन्म दिन पर यादव समाज के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में मरीजों को फल वितरण किया गया साथ मे स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर, नर्स स्टॉफ एवं चतुर्थ कर्मियों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस मौके मे सर्व यादव ले जिलाध्यक्ष सतीश यादव जी, सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तेजेश यादव, ठेठवार यादव समाज के जिलाध्यक्ष उग्रसेन यादव ज़िला उपध्यक्ष डिगेश्वर यदु, फिंगेश्वर राज सचिव भुनेश्वर यादव, छबि यादव, भागवत यादव,अलोक यदु, एवं ज़िला के यादव समाज जिला गरियाबंद के समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## बाराडोली संकुल में समीक्षा बैठक नए शिक्षकों का सम्मान



**सरायपाली,** 15 जून( देशबन्धु)। बाराडोली में संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में संकुल मे आये शिक्षक रमेश कुमार पटेल, किशन चौधरी का स्वागत प्राचार्य गोपाल प्रसाद बरिहा,प्रधान पाठक चन्द्रभानु पटेल द्वारा डायरी और पेन से किया गया। इस समीक्षा बैठक में संकुल प्राचार्य गोपाल प्रसाद बरिहा द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि 16 जून से विद्यालय खुलने वाला है जिसके लिए शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाना है इसकी जानकारी दी गई तथा स्कूल समय सारणी बनाना, शिक्षक डायरी, पाठ्यक्रम विभाजन,शाला समय को 10 से 4 बजे लगाने के बारे में बताया ।इसी क्रम में संकुल समन्वयक प्रभात मांझी द्वारा भी जाति प्रमाण पत्र,अपार आई डी, शाला अनुदान की राशि का उपयोग कर विद्यालय की स्वच्छता हेतु निर्देश दिए।

# लोहे के फावड़ा से वारकर गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**पलारी,** 15 जून (देशबन्धु) । 14 जून को प्रार्थिया वैष्णवी पुरैना निवासी ग्राम कोहरौद द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह अपने पति दिलहरण पुरेना के साथ दिनांक 13.06.2025 को अपने मायके पलारी वार्ड क्रमांक 08 में शासकीय दुकान से चावल लेने आई थी। प्रार्थिया के माता-पिता का पहले से स्वर्गवास हो चुका है, जिनके मकान में आरोपी चाचा धुरेंद्र धृतलहरे एवं चाची रहते हैं, जिनके साथ पैतृक मकान का वाद-विवाद चल रहा है। कि शाम करीबन 04ः00 बजे पति दिलहरण पुरैना आरोपी चाचा धुरेंद्र धृतलहरे के घर गए थे। इस दौरान आरोपी धुरेंद्र धृतलहरे एवं उसकी पत्नी द्वारा जान से मारने की नीयत से पति दिलहरण के साथ लोहे के फावडा से सिर में वारकर गंभीर चोंट पहुंचाया गया है तथा हाथ मुक्का आदि से मारपीट करने से सिर, गले, कान आदि में भी गंभीर चोंट आया है। मारपीट करने पश्चात दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 201/2025 धारा 109,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी चाचा धुरेंद्र धृतलहरे को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पूर्व में चले आ रहे पैतृक मकान विवाद को लेकर अपनी पत्नी के साथ मिलकर प्रार्थिया के पति दिलहरण पुरेना के साथ लोहे के फावडा एवं हांथ मुक्का आदि से मारपीट कर उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। कि प्रकरण में आरोपी को 14 जून को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में एक आरोपी फरार है जिसकी सरगर्मी से पतातलाश जारी है। प्रकरण विवेचना में है।

# सब किसान के पुराने धान के नामो को भूल यादगार बनकर रह गए क्रांति, दुबराज व लुचई धान बीज

**खरोरा,** 15 जून (देशबन्धु)। आज से 20 से 25 साल पहले किसान अपने खेतों में चेपटी, दुबराज, गुमटियां, लुचई आदि धान का बीज खेतों में बोते थे और भाटा टिकरा में टवरधान को बुआई करते थे। आज ये बीज किसानों के लिए मात्रा यादगार बनकर रह गये हैं।खरोरा सहित आस पास के गांव के किसानों से पूछने पर उन्होंने बताया कि 20 साल पहले क्या धान की बोआई करते थे, उस धान का नाम भुल गए हैं। ग्राम कोरदा, सारखोर,फरहदा, कोसरंगी के किसानों ने कहा कि पहले के धान और अब के धान बीज में अंतर है। पुराना धान में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मोटा धान की प्रजातियों में अति वृष्टि और जल भराव के बाद भी खुद को बचाने की अद्‌भुत क्षमता थी। अब वह बीज सिर्फ यादों में रह गया है। मानसून के दिनों में असीमित बारिश से कम फसल होती है। पहले इन बीजों की फसलों पर बीमारी भी नहीं लगती थी। जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाता था। क्रांति, चेपटी और गुमटियां दाना मोटा और वजनदार होता था। चावल के रूप में नियमित सेवन किया जाता था। साथ ही पोहा, मुर्रा के साथ लाई भी बनाई जाती थी। यही वजह थी कि यह देसी प्रजातियां, प्रदेश के हर हिस्से में बोई जाती थी।



**गुणवत्ता रहती थी बरकरार**

लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सक है कि पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य प्राथमिकता के आधार पर इन प्रजातियों की उपज की खरीदी करते थे। किसानों ने बताया कि मानसून के दिनों में अतिवृष्टि या परिप्वक्ता अवधि पूरी कर लेने के दौरान और खेतों में जल मराव ऐस पूरी कर लेने के द स्थिति में भी किसान बेफिक्र होते थे। क्योंकि यह प्रजाति अतिवृष्टि या जल भराव जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी खुद को बचा लेने भी सक्षम थी। उत्पादन का मानक स्तर और गुणवत्ता भी बरकरा रहती थी। यह धान कमजोर तना, मानक से ज्यादा ऊंचाई, तेज हवा के प्रति असहनशीलता ही विधाई कारण बनी, तो गंगई जैसे घातक कीटों का प्रवेश इन देसी प्रजातियों की बोनी से किनारा करने के लिए किसानों को मजबूर किया। यह पांचों आज इसलि याद किए जा रहे हैं कि जब मौसम खराब होता है लगातार बारिश होती है और फसल बर्बाद होने का डर किसानों को सताने लगता है।

# हरिनभट्टा में यादव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण में शामिल हुए विधायक संदीप

**पलारी,** 15 जून (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पलारी ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरिनभट्टा में यादव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ इस अवसर पर कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे समारोह की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ की गई। इसके बाद विधायक संदीप साहू ने फीता काटकर सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में यादव समाज के नागरिक सहित ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और पंचायत प्रतिनिधि एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे भी उपस्थित रहे।



अपने संबोधन में विधायक संदीप साहू ने कहा कि यह सामुदायिक भवन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर है इससे ग्रामवासियों को सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी उन्होंने आगे कहा इस भवन के निर्माण से समाज को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और ग्रामीणों को एक उपयुक्त मंच प्राप्त होगा जहां वे अपने सामूहिक निर्णय ले सकेंगे और कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे। विधायक श्री साहू ने भवन निर्माण में सहयोग करने वाले सभी जिम्मेदार लोगों एवं समाज को बधाई देते हुए कहा कि वे सदैव क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने विधायक संदीप साहू का पुष्पमाला और शाल-श्रीफल से स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया इस लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर ग्राम में उत्सव का माहौल रहा और यादव समाज के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सरकार व ईडी का कांग्रेस ने फूंका ...

शासन एवं शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष,निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष,अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष,हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष,सूरज नायक पार्षद,देवेंद्र चंद्राकर सरपंच,कुणाल चंद्राकर,भरत ठाकुर अधिवक्ता,सुनील चंद्राकर, तुलसी साहू,हर्षित चंद्राकर,मेहुल सूचक,देवेश शर्मा, तबरेज खान,मनोहर ठाकुर,नितेंद्र बैनर्जी, दशोद ध्रुव पूर्व पार्षद,सोनम रामटेके,सुरेंद्र सिंह ठाकुर, टोमन सिंग कागजी,आकाश निषाद,सन्नी महानंद,राजू बुंदेला रवि ध्रुव, गोपीचंद तारक,कैलाश बघेल, भानु सोनी आदि शामिला थे।

### नशे में दो युवकों ने अस्पताल कर्मचारी के साथ...

चमेली सिंह, डिंपल विनायक, निवेदिता महिपाल, संतोषी बंजारे, फागू राम साहू, एमएस पाल, रामावतार यदु, ललिता गोस्वामी, देवकी साहू, तिलेश्वरी साहू, महेंद्र साहू, रेवाराम ध्रुव, दुष्यंत साहू, पीयूष राजपूत, रजत कंसारी, कुंवर ध्रुव, महेंद्र दीवान, गिरधारी ध्रुव, लता बघेल, जानकी साहू, विमला देवांगन, चित्ररेखा मेश्राम, चांदनी यादव, गायत्री पात्रे आदि उपस्थित थे।

दोनों आरोपी हुए गिरफ्तार-थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ऐसैय्या ने बताया कि वार्ड बॉय के साथ मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों का जुलूस भी निकाला है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं, डॉक्टरों की मांग पर सुरक्षा के मद्देनजर अस्पताल में एक कांस्टेबल तैनात किया जाएगा।

### मोबाईल मेडिकल यूनिट बस...

चुनौतियों के लिए ठोस कार्रवाई की जरूरत को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व की छत्तीसगढ़ सरकार ने यह योजना को लागू किया है। इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिलना चाहिए। इस दौरान डॉ जी एस दीवान, लैब टेक्नीशियन प्रमिला राना, मनीषा साहू, फार्मेसिक पवन साहू व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ...

निर्धारित समयसीमा 60 एवं 90 दिवस के भीतर प्रकरण में संपूर्ण विवेचना कार्य पूर्ण कर तथा आरोपियों की गिरफ्तारी आदि की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। क्षेत्र अंतर्गत गुंडाध्निगरानी बदमाशों की नई फाइलें खोलने के लिए प्रस्ताव तैयार कर अविलंब पुलिस कार्यालय भेजने हेतु निर्देशित किया गया।

समस्त प्रकरणों में घटना स्थल का अनिवार्य रूप से ई-साक्ष्य लेने हेतु हिदायत दिया गया है। जिले में अनाधिकृत व्यक्तियों की चेकिंग को और अधिक कारगर करते हुए चेकिंग अभियान में और तेजी लाकर अधिक से अधिक लोगों के फिंगरप्रिंट लिया जाए, इसके लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 30 जून 2025 तक की समयसीमा निर्धारित की गई है। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में लगातार चालानी कार्रवाई करने एवं जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटना के सभी प्रकरणों में लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी अनिवार्य रूप से किया जाए। इस दौरान समीक्षा बैठक में श्री अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, श्री हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, श्री तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा, श्री अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, श्री राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय उप पुलिस अधीक्षक अजाक, श्री तुलसी लेकाम उप पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी गण, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

इस दौरान बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में संचालित समाधान शिकायत हेल्पलाइन में आपराधिक गतिविधियों की सूचना देकर अपराधों के रोकथाम में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। सांथ ही बेहतर पुलिसिंग, अपराधियों की धरपकड़, यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा अभी हाल ही में नशे एवं यातायात जागरूकता हेतु आयोजित वालीबाल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता के कुशल संचालन में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले निम्नांकित अधिध्कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है-अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक रितेश मिश्रा थाना प्रभारी सिमगा, निरीक्षक केसर पराग बंजारा थाना प्रभारी सुहेला, निरीक्षक के.सी.दास थाना प्रभारी हथबंद, उप निरीक्षक प्रियेश जॉन प्रभारी यातायात बलौदाबाजार, आरक्षक अभिनव चौबे पुलिस सहायता केंद्र दामाखेड़ा, प्रधान आरक्षक दिनेश कुर्रे यातायात भाटापारा, आरक्षक मनीष बंजारे यातायात बलौदाबाजार, आरक्षक देवेन्द्र पुरैना यातायात बलौदाबाजार, आरक्षक बसंत कौशिक यातायात बलौदाबाजार, आरक्षक मोहन जांगड़े थाना सिटी कोतवाली, आरक्षक अश्विनी पैकरा थाना सिटी कोतवाली शामिल है। समाधान शिकायत हेल्पलाइन के माध्यम से अपराधों के रोकथाम में सूचना देकर अपना अमूल्य योगदान देने वाले नागरिकों के नाम सोना राम पुनेश्वर नाथ मिश्रा हैं।

# नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर संकल्प से सिद्धि तक की कार्यशाला

**पिथौरा,** 15 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश आह्वान पर पूरे देश में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर संकल्प से सिद्धि तक की कार्यशाला भाजपा मंडल पिथौरा में आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुवात पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा शंकर अग्रवाल,कार्यशाला की मुख्य वक्ता पूर्व जनपद पंचायत बागबाहरा की अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर,मंडल अध्यक्ष भाजपा आशीष शर्मा,अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा देवेश निषाद,भाजपा मंडल अध्यक्ष बागबाहरा सुश्री डिंपल धुर्व ने भारत माता,भाजपा के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी,दीनदयाल उपाध्याय तथा अटल बिहारी वाचपेयी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किए। स्वागत भाषण देते हुए मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा की आज मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने पर यह कार्यशाला हमारे पिथौरा मंडल में आज संपन्न हो रही है आप पधारे सभी अतिथियों का एवं पूरे उनचास बूथ से पहुँचे कार्यकर्ता साथियों का हार्दिक स्वागत अभिनंदन करता हूँ जैसा की पिथौरा मंडल की परंपरा रही है यहाँ हर कार्यक्रम समय से पूर्ण होते है आप सभी से आग्रह है की इस कार्यकम को भी शक्तिकेंद्र से बूथ तक सफल बनाना है मोदी सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक लेके जाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने कहा की मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने पर जो कार्यक्रम हमको प्रदेश से जिले से मिले है उन सभी कार्यक्रमों को शत प्रतिशत मंडल में फिर शक्तिकेंद्रों में तथा बूथ में जाकर मानना है संगठन से आए सभी कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए पूरा करना हम सबका दायित्व है मोदी सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का कार्य हम सब को करना है हमको आम जानता को बताना है मोदी सरकार आपके लिए क्या क्या कर रही है।कार्यक्रम की मुख्यवक्ता के रूप में पधारी पूर्व जनपद अध्यक्ष बागबाहरा स्मिता चंद्राकर ने कहा कि मैं बहुत सौभाग्यशाली हूँ जो मुझे पिथौरा मंडल में आने का मौका मिला है इस मंडल में हर कार्यक्रम हमेशा से ही समय पर पूरे होते है उन्होंने ने भी सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया की मोदी सरकार की योजनाओं तथा विष्णु देव साय सरकार को योजनाओ को जन जन तक हमको सब को पहुंचाना होगा योजनाओं का लाभ तो लोगो को मिल ही रहा है लेकिन उनको ये अभी भी बताने की जरूरत है की कौन दे रहा है आप सभी बूथ तक जाये समाज के अंतिम व्यक्ति तक जाये उनको बताए की मोदी सरकार आपने लिए क्या क्या कर रही है अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है मोदी सरकार के आने से गरीब व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आई है किसान खुश है व्यापारी खुश है आम जनता खुश है ये है हमारी मोदी सरकार की उपलब्धि।




श्रीमती चंद्राकर ने आगे कहा कि आपरेशन सिंधुर के बारे में सभी महिलाओं को बताना होगा की कैसे आतंकियों द्वारा पहलगांव में हम बहनों के सिंधुर को मिटाने का कार्य करने वालो का मोदी सरकार ने क्या अंजाम किया पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को समाप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन युवा भाजपा नेता विक्की सलूजा एवं आभार प्रदर्शन मंडल कोषाध्यक्ष राजेश चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल के महामंत्री जतीन ठक्कर,मंडल महामंत्री श्रीमती किरन दुलीकेशन साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता रैदास गोयल,वेदप्रकाश गोयल,वरिष्ठ भाजपा नेता सीता राम सिन्हा,महिला मोर्चा की मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती मधूरिमा पांडे,मंडल उपाध्यक्षश्री मति पदमिनी चौधरी,पार्षद मन्नू लाल ठाकुर,पार्षद श्रीमति राम कंवर सिन्हा, पूर्व महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा श्री मति उषा श्रीवास्तव,श्रीमति स्वेता प्रसाद, वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू,डॉ संजय गोयल,मंडल के उपाध्यक्ष पंचराम मटियारा,सुधीर प्रधान,जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा दूलीकेशन साहू,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक,युवा मोर्चा मंडल महामंत्री दुर्गेश सिन्हा,बबलू सोनी, शिवचरण नायक,प्रेम प्रधान, जीतेंद्र गुप्ता, प्रियांशु दीक्षित पुष्पराज गजेंद्र, बरेकेल सोसाइटी अध्यक्ष शिवकुमार पटेल, गया राम धिवर, नारायण पटेल,रामो साहू, रेखचंद देवांगन, सरपंच जुगेशवर बरिहा, राजकुमार प्रधान मंडल मंत्री गोविंद प्रधान कन्हैया प्रधान हरेराम प्रधान महेंद्र पटेल गजराज बारीक प्रकाश विशाल , जगन्नाथ साहू,सुकांत सोनी,राम प्रसाद बारिक, प्रेम शंकर प्रधान, राजेश अग्रवाल जीतू, संतोष ,श्याम , फिरोज, नारायण, राकेश मरावी, देव कुमार सिंह सुमित सिंघल बिट्टू सुशील भाई मनहरण यादव सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गरियाबंद में भण्डारगृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू और नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, विधायक रोहित साहू का आत्मीय स्वागत

**गरियाबंद,** 15 जून (देशबन्धु)। शनिवार को गरियाबंद नगर के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे छत्तीसगढ़ राज्य भण्डारगृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव और राजिम विधायक रोहित साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह दातार राइस मिल में आयोजित किया गया। जहां पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में राइस मिल एसोसिएशन, जनरल एवं किराना व्यापारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों का शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ से आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू, रामकुमार साहू भी मौजूद थे।

इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने कहा कि राज्य सरकार ने खाद्य विभाग के अंतर्गत दो अत्यंत महत्वपूर्ण संस्थाओं की जिम्मेदारी ऐसे नेताओं को सौंपी है जो न केवल जमीनी अनुभव रखते हैं, बल्कि जनसेवा के प्रति पूर्ण समर्पण भाव भी रखते हैं। उन्होंने कहा कि चंदूलाल साहू का कुशल प्रबंधन क्षमता तथा संजय श्रीवास्तव का प्रशासनिक अनुभव दोनों के समन्वय से राज्य की खाद्य आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था पहले से अधिक प्रभावशाली होगी। इनके नेतृत्व से न केवल विभागीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आएगी, बल्कि गरीबों तक समय पर खाद्यान्न की पहुंच सुनिश्चित होगी और पूरी खाद्य श्रृंखला सशक्त बनेगी।



**व्यापारी संगठनों ने किया सम्मान, पूर्व नपा अध्यक्ष मेमन बोले दोनों नेताओं के अनुभव से मजबूत होगी खाद्य व्यवस्था**

विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार गरीब, किसान और व्यापारी हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं लेकर आई है और भविष्य में भी इसी दिशा में काम करेगी।

इस अवसर पर राइस मिल एसोसिएशन एवं व्यापारी संगठनों की ओर से हाजी अलारख मेमन, दिनेश सांखला, राकेश शर्मा, अरुण मिश्रा, ललित पारख, राजेश पाण्डेय, रिजवान मेमन, हरीश साहू, हुसैन मेमन, आमीन मेमन, विकास साहू, आबिद मेमन, आबिद ढेबर, अमित अवस्थी, पंकज सिन्हा, निखिल साहू, राहुल कुकरेजा, रमीज राजा रहमान, नुरुल खान, व्यापारी संघ से चेंबर अध्यक्ष प्रकाशचंद रोहरा, हरीश भाई ठक्कर, अजय दासवानी, इस्माइल मेमन, संजू सोनी के अलावा सुरेंद्र सोनटेके, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, सागर मयाणी, सुमित पारख, खेम सिंह बघेल, प्रतीक सिंह, इमरान मेमन, सोहेल मेमन, अमान मेमन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

# स्कूल पालकों ने एक जुलाई से सत्र शुरू करने की मांग की

**नवापारा राजिम,** 15 जून (देशबन्धु)। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच 16 जून से स्कूल का नया सत्र शुरू हो रहा है पर इस भीषण गर्मी को देखते हुए पालकों का कहना है कि ऐसे में छोटे छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ सकता है। जिसके कारण स्कूल पालकों ने स्कूल एक जुलाई से शुरू करने की मांग की है।



**नगर सहित अंचल में पड़ रही है भीषण गर्मी और उमस, जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल**

फिलहाल छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूल खुलने के नये नियम जारी किए हैं मगर पालकों गर्मी के कारण वह समय भी नही जम रहा है। सरकार ने जो सरकारी और निजी स्कूलों के लिए जो समय जारी किए हैं उसके अनुसार सरकारी स्कूलों के लिए, एक पाली वाले स्कूल सुबह 10 से शाम 4 बजे तक खुलेंगे, जबकि दो पाली वाले स्कूल सुबह 7.30 से 11.30 और दोपहर 12 से 4 बजे तक खुलेंगे।

निजी स्कूलों के लिए, प्ले ग्रुप सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 से दोपहर 12.20 बजे तक खुलेंगे, जबकि नर्सरी से क्लास टू तक सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8.30 से दोपहर 12.20 बजे तक खुलेंगे। तीसरी से 12वीं तक के स्कूल सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 7.30 बजे से 1.40 बजे तक खुलेंगे और शनिवार को सुबह 7.30 से 11 बजे तक खुलेंगे। पालकों ने इस भीषण गर्मी को देखते हुए 30 जून तक बच्चों की छुट्टी बढ़ाए जाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि इन दिनों नगर सहित अंचल में भीषण गर्मी और उमस पड़ रहीं है। जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। यहां सुबह आठ बजे से ही धूप तेज हो जाने के कारण कामकाजी लोग भी जल्दी अपना काम निपटा कर दोपहर अपने घरों में बिता रहे है। जबकि इस बीच गर्मी काफी तेज हो जाने के कारण पंखा और कूलर भी जवाब दे जा रहा है। लोग पिछले महीने 25, 26 मई के आंस पास मौसम को देखकर अनुमान लगा रहे थे कि इस वर्ष मानसून जल्दी दस्तक दे रहा है और अब बारिश हो जाएगी तो गर्मी से राहत मिलेगी। अब तक मानसून का कोई पता नहीं है। जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार है। भीषण गर्मी पड़ने से दोपहर में यहां की सड़के सुनी हो जा रही है। लोगों का कहना है कि इतनी भीषण गर्मी के बीच 16 जून से स्कूल का नया सत्र शुरू हो रहा है जिसमें बच्चों को स्कूल भेजने सोचना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि भेजते है तो इस भीषण गर्मी में बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है और स्कूल नहीं भेजते है तो बच्चा पढ़ाई में पिछड़ जाएगा।

# योग संघ के प्रतिनिधि मंडल ने किया योग आयोग अध्यक्ष सिन्हा से मुलाकात

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के नव प्रतिनिधि मंडल ने आज छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा से विशेष मुलाकात किया। जहां उन्हे पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर खोमेश साहू ने कहा कि राज्य में 35 से 40 हजार योग-योग्यताधारी है, लेकिन शासकीय सेवाओं के अवसर अल्प होने के कारण योग में निराशा व्याप्त हो रही है, जिस कारण योग रोजगार हेतु व्यापक पहल की आवश्यकता हैं। इस पर रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि आगामी योग के शासकीय भर्तियों में योग-योग्यताधारियों को ही पहली प्राथमिकता तथा आगामी समय में योग के हीं स्कूल और महाविद्यालय स्थापित करने हेतु भी विशेष पहल किया जाएगा। हॉस्पिटल, जेल, दिव्यांग स्कूलों आदि में आगामी समय में योग शिक्षकों की विभिन्न भर्तियां व राज्य में आम नागरिकों को योग के प्रति जागरूक करने के लिए योग के गोठ जैसे कार्यक्रम भी संचालित किये जाएगे। अध्यक्ष के आगामी संचालित योग के विविध कार्यक्रमों की जानकारी से छत्तीसगढ़ राज्य के सभी योग-योग्यताधारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस मुलाकात में योग संघ के नव-निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष खोमेश साहू, उपाध्यक्ष ज्योति साहू, महासचिव नवीन पटेल, संयुक्त सचिव योगेश साहू, सह सचिव नितेश पटेल तथा योग आयोग से रविकांत कुम्भकार, प्रभारी अधिकारी गौरव, अधिकारी राकेश साहू, निज सचिव व अन्य सदस्य उपस्थित रहें।



# संभागायुक्त कावरे ने कसेकेरा में शाला प्रवेश उत्सव तैयारी का लिया जायजा

**बागबाहरा,** 15 जून (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत कसेकेरा में आज 15 जून को संभागायुक्त महादेव कावरे का आगमन हुआ। जहाँ अधिकारियों, नागरिकों, ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने पुष्पहार से जोशीला स्वागत किया। जिससे उच्च अधिकारी खुश नजर आए। इस दौरान शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को लेकर सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। ताकि शासन के योजनाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जा सके।





रायपुर संभाग आयुक्त एम डी कावरे ने शाला प्रवेश उत्सव 2025 के पूर्व विद्यालय की तैयारी देखने बागबाहरा ब्लॉक के शासकीय हाईस्कूल, उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय कसेकेरा का अवलोकन किया गया। प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश की तैयारी के कक्षा प्रबंधन बैठक व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने मिडिल स्कूल के अवलोकन मे प्रधान पाठक डॉ. विजय शर्मा द्वारा विद्यालय खुलने के पूर्व की तैयारी की जानकारी दी गई। आई सी टी कक्षा स्मार्ट क्लास, बालिकाओं के लिए विशेष रेस्ट रूम, सामुदायिक सहयोग की पुस्तकालय, पोषण वाटिका, लर्निंग स्टेशन, नर्सरी, पहाड़ी पर चल रहे पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के लिए विद्यालय मे चल रहे गतिविधियों की जानकारी ली। इस क्षेत्र के पहाड़ी इलाके का अवलोकन भी किया। विद्यालय मे उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए जनसमुदाय को जोड़ने कहा। उन्होंने मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, शौचालय, स्वच्छ्ता एवं गणवेश की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया गया।

हायर सेकेण्डरी विद्यालय बकमा एवं कसेकेरा मे पाठ्य पुस्तक स्कैनिंग की जानकारी प्राचार्य पवन चक्रधारी एवं कुशकुमार साहू से पुस्तक स्कैनिंग की जानकारी प्राप्त किए। संकुल मे पाठ्यपुस्तक, गणवेश वितरण एवं विद्यालय व्यवस्था के संबंध में संकुल समन्वयक मनीष अवसरिया ने जानकारी दी। प्राथमिक विद्यालय कसेकेरा मे बच्चो के अध्यापन के लिए टी एल एम के प्रयोग के बारे मे प्रधान पाठक अर्चना चंद्राकर से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि आज 16 जून से कक्षा प्रारम्भ करने समय सारणी, दैनंदिनी एवं सभी रिकार्ड दुरुस्त हो और कक्षा संचालन सुचारु रूप से हो। संभागायुक्त के साथ बागबाहरा के अनुविभागीय अधिकारी उमेश कुमार साहू, कोमाखान तहसीलदार हरीशकांत ध्रुव, डी एम सी रेखराज शर्मा, बीईओ के के वर्मा, एबीओ रामता प्रसाद डे, बीआरसी भूपेंश्वरी साहू सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण का 11 साल : इन्द्रकुमार

**नवापारा-राजिम,** 15 जून (देशबन्धु)। चम्पारण मंडल के तत्वावधान में भारतीय जनता पार्टी के संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम का संकल्प सभा के रूप में ग्राम कुम्हारी में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र कुमार साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज भारत केन्द्र में भाजपा सरकार के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास कर रहा है जिसका श्रेय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। विकासशील से विकसित भारत की ओर अग्रसर यह हमारा देश दूनिया में शिखर की ओर आगे बढ़ रहा जो हम सब भारतीयों के लिए गर्व की बात है। चाहे वह आर्थिक मामला हो या विदेश नीति या फिर सामाजिक, सांस्कृतिक या धार्मिक क्षेत्र सभी क्षेत्रों में विकास और सफलता ही नजर आता है जो मोदीजी के नेतृत्व में संभव हुआ है। सेवा सुशासन गरीब कल्याण का ग्यारह साल नवभारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।




**भारत की संस्कृति, राष्ट्रवाद, देश की एकता व अखंडता और हिंदूत्व सांस्कृतिक विरासत एवं प्राचीन भारत की विचारधारा को बचाये रखना : टीकम साहू**

वहीं दूसरे वक्ता के रुप में क्षेत्र के भाजपा नेता टीकम चन्द साहू ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सन् 1951में डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जन संघ की स्थापना एक राजनीतिक दल के रूप में की जो आरएसएस के विचार धारा से प्रभावित था। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत की संस्कृति, राष्ट्रवाद, देश की एकता व अखंडता और हिंदूत्व सांस्कृतिक विरासत एवं प्राचीन भारत की विचारधारा को बचाये रखना था तथा अन्त्योदय के सिद्धांत को लागू करना था। जिस पर प्रतिबंध के चलते सन 1977 में जनता पार्टी में विलय फिर सन 1980 को मुंबई के राष्ट्रीय अधिवेशन में अटल बिहारी वाजपेयी के अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। जो कश्मीर में धारा 370को हटाने, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण तथा सीएए के साथ समान नागरिक संहिता को लागू करने के संकल्प के साथ आविर्भाव हुआ। जो आज संकल्प से सिद्धी तक हम सबके सम्मुख मोदी जी के इन ग्यारह सालों में प्रतिलक्षित हो रहा है। जनपद पंचायत आरंग उपाध्यक्ष रविन्द्र रिंकू चन्द्राकार ने भी अपने विचार रखें। संकल्प सभा का संचालन मंडल अध्यक्ष तोषन साहू एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री टीकाराम साहू ने किया। इस अवसर पर मंच में पुर्व मंडल अध्यक्ष नारायण यादव जनपद सदस्य कृष्ण कुमार साहू ब्रह्मानंद साहू, सरपंच मोतीलाल जगतपाल, नीलकंठ निर्मलकर सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी बलराम, गौतम, लीलू राम प्रहलाद साहू रानी पटेल, कविता साहू, निर्मल, किशोर, आशाराम, धनेश, माखन, महावीर, गैंदराम, गोबिंद, अश्वनी साहू, रूपेश निर्मलकर, सोहन, मीलू राम साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला व पुरुष जन उपस्थित थे।

# आयुष औषधालय में 5 दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर आयोजित

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 15 जून (देशबन्धु)। ग्यारहवां विश्व योग दिवस 21 जून की तैयारीयों में जुटे प्रशासन और जिला आयुष विभाग द्वारा जहां-जहां योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गई है। वहाँ 17 से 21 जुन तक पांच दिवसीय निशुल्क रोगानुसार योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी बलौदाबाजार आयुष अधिकारी डा. गोदावरी पैंकरा और आयुष चिकित्सा अधिकारी डा. रितु रानी वर्मा ने दी। इन्होने बताया कि इस वर्ष का थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए है जो कि योग केवल शारीरिक रूप से ही फिट नहीं बनाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी स्थिर करता है। आरोग्य मंदिर रावन के तत्वाधान में योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा के सानिध्य में प्रोटोकॉल के नुसार आंगनबाड़ी रावन सेक्टर के पाक्षिक बैठक के उपरांत पर्यवेक्षक चित्रलेखा सिरमौर, उमा वर्मा, संतोषी वर्मा, अनिता ध्रुव, केंवरा बाई, उर्मिला वर्मा, संतोषी वैष्णव, केकती साहू, योगेश्वरी साहू, अमृत वर्मा, बेनबाई वर्मा, कुंज बाई साहु, और गिरिजा साहू सहित इत्यादि महिलाओं को रोगानुसार योग की जानकारी बारिकियों से दी गई।



# एडीईओ भर्ती परीक्षा में 5491 अभ्यर्थी हुए सम्मिलित



**बलौदाबाजार,** 15 जून (देशबन्धु)। व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती परीक्षा 15 जून 2025 को जिले में सम्पन्न हुई। भर्ती परीक्षा हेतु जिले में कुल 26 केंद्र बनाए गये थे जिसमें 5491 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 2415 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि एडीईओ भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन प्रथम पाली में प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 12:15 बजे तक किया गया। परीक्षा के लिए कुल 7906 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था। परीक्षा एक ही पाली में आयोजित था जो शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। परीक्षा केन्द्रों का जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय एवं अन्य अधिकारियों ने भी सतत निरीक्षण किया।

# सर्व समाज जिला अध्यक्ष बने सोमनाथ

**राजिम,** 15 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व समाज रायपुर संभाग का बैठक अभनपुर में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य रूप से सतनामी, धीवर, कुर्मी, यादव, देवांगन, सेन आदि समाजो के प्रमुख ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से सर्व समाज के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, संयोजक ब्रह्मदेव पटेल, महासचिव लखन साहू, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कि कुमार पाटिल, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, रायपुर संभाग के अध्यक्ष ईश्वर पटेल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित हुए।



**राजिम के पूरन यादव बने रायपुर संभाग के संगठन सचिव राजेश धीवर बने**

गरियाबंद जिला सर्व समाज के जिला अध्यक्ष के रूप में सोमनाथ पटेल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही रायपुर संभाग के संगठन सचिव राजीम निवासी पूरन लाल यादव और साथ ही राजेश धीवर को संभाग सदस्य मे मनोनीत किया गया। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बने 25 वर्ष हो गया है, किंतु आज भी छत्तीसगढ़िया लोगों को वह स्थान नहीं मिल पा रहा है जिसका वह हकदार है, उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी के आन बान और सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ के 36 कुलो के लोगों को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। साथ ही सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को शपथ दिलाया गया।

उक्त अवसर पर बधाई देने वालों में महेश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम, श्रीमती अंजू नायक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गरियाबंद, शरद पारकर अध्यक्ष गरियाबंद जिला एथलेटीक्स संघ, भाजपा नेता संजीव साहू, प्रदीप जैन, पूर्व पार्षद भुखन पटेल, पटेल समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, भाजपा नेता ईश्वर साहू, नारायण साहू, लिकेश्वर साहू, राज सचिव नारायण पटेल, राजकोट से अध्यक्ष कैलाश पटेल, राज उपाध्यक्ष दामोदर पटेल, आदि ने बधाई शुभकामनाएं दिया।

# आदिवासी नगार्ची समाज का दो दिवसीय अधिवेशन




**कुरुद,** 15 जून (देशबन्धु)। कुरूद के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आदिवासी नगार्ची समाज के दो दिवसीय अधिवेशन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ज्योति चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, अध्यक्षता के रूप देवनाथ नेताम, रामनारायण नागर्ची प्रदेशाध्यक्ष नगार्ची समाज, विशिष्ट अतिथि के रूप में रविकांत चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, , भानु चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि एवं नगार्ची समाज के पदाधिकारीगणो के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ, इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर एवं भानू चन्द्राकर ने समाज जनों को कुरूद के पावन धरा में सम्मेलन करने के लिए प्रदेश भर से आये नगार्ची समाज के बंधुओं का स्वागत अभिनंदन किया।

समाज के मांगो को हमारे विधायक अजय चन्द्राकर एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के माध्यम से पुरा करने का भरोसा भी दिलाया है, आप समस्त समाजजनों का हमें आतिथ्य सम्मान देने के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते है।